"अथवा च्छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४, ४६)।
"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं देशभाषया। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १, ४, ५०)।
"तते णं से मेहे कुमारे ...... अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए ...... होत्था", "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा.. ...... अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८, ९२)।
"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णाम गणिया होत्था.. ...अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।
'तए णं दढपइण्णे दारए ...... अट्ठारसदेसीभासाविसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०९)।
"तए णं से दढपतिण्णे दारए.. ...... अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)।

४ "सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृतं त्रेधा त्रिप्रकारं भवति—संस्कृतयोनि ...... ,संस्कृतसमं .. ,देशीप्रसिद्धं तच्चेद हर्षितं = ल्हसिअं"(प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

[illegible] उल्लेख किया है वहाँ भी, देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रदेशों [illegible] भाषाएँ थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक [illegible] था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश [illegible] था उनमें से जिन भिन्न-भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृतसाहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं [illegible] देशी या देश्य शब्द।

[illegible] इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के [illegible] तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किए हैं। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी [illegible] केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप से उल्लेख किया है, यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही [illegible]। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप से निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा [illegible] संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न भिन्न देशों की द्राविड़, मुण्डा [illegible] भाषाओं से लिए गए हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-[illegible] का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो [illegible] शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं, तबतक 'ये देशी शब्द और धातु प्रादेशिक आर्य [illegible] गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दो एक देश्य शब्द और [illegible] भी ये अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिए गए हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं [illegible] शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गए हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान [illegible] हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही [illegible] आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिलित हो गई हैं तब कोई कोई [illegible] शब्द और धातु [illegible] भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

[illegible] (P. [illegible] II) [illegible] के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविड़ीय भाषाओं [illegible] है। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविड़ीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह [illegible] साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविड़ीय भाषा से गृहीत हुए हैं' [illegible] की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिए गए हैं' यह अनुमान ही [illegible] प्रतीत होता है।

[illegible] देशी भाषाओं में से ये सब देशी शब्द प्राकृत साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाओं के [illegible] और उनकी समसामयिक हैं। खिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी के पहले ये सब [illegible] भाषाएँ प्रचलित थीं। इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

[illegible] स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से

[illegible] व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की [illegible] शास्त्रों के टीकाकारों ने भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित

[illegible] देशीशब्द के १२७, १२२, १३८, १४६, १३९, १४१, १७४ संख्यक सूत्र और चतुर्थ पाद [illegible] ३०, ३१, ३२ संख्यक सूत्र।

[illegible]

'तत्' शब्द का सम्बन्ध संस्कृत से लगाकर इस मत का अनुसरण किया है[1]। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है —

'प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।

'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते' (प्राकृतसर्वस्व)।

'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्' (प्राकृतचन्द्रिका)।

'प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता' (षड्भाषाचन्द्रिका)।

'प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः' (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तियों का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इसलिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है[2] और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा[3] जन साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में 'प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' अथवा 'प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्' यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में यह व्युत्पत्ति[4] लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषाएँ हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इसलिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसंग में उस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत दोनों ही उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्तिसंगत है। आजकल के भाषा तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के

---

१. 'प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्' (वाग्भटालंकारटीका २, २), 'संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्' (काव्यादर्श की प्रेमचन्द्र-तर्कवागीश-कृत टीका १, ३३)।

२. 'प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिंगेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्ययात् पूर्विकायां च' (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

३. 'स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च॥ (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
'यत् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः' (अ० चि० ३, ३७८ की टीका)।

४. कोई कोई आधुनिक विद्वान् प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो 'पाली-प्रकाश' का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

[illegible] का मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत [illegible]। [illegible] के एक श्लोक की व्याख्या में [illegible] की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन-विद्वान् नमिसाधु [illegible] —

"[illegible] सकलो वचनव्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। आरि-[illegible] वचनमुच्यते। [illegible] विशेषान् [illegible] निभेदानाप्नोति। अत एव शास्त्रकृता [illegible] समस्तरणात् [illegible]।"

इस [illegible] का सारांश यह है कि—'प्रकृति' शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक [illegible] प्राकृत। अथवा 'प्राक् कृत' पद से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। [illegible] ग्रन्थों की भाषा आर्ष वचन में—सूत्र में अर्धमागधी कही गई है जो [illegible] और [illegible] भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, [illegible] संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि [illegible] अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से [illegible] संस्कृत आदि बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताए हुए नियमों के [illegible]।

"[illegible]" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

"[illegible] गीयते।" (हेमचन्द्र-काव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

[illegible] सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी [illegible] 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जनसाधारण की मातृभाषा होने के [illegible] और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

---

१. [illegible] शौरसेनी च।

[illegible]" (काव्यालंकार २, १२)।

[illegible] (प्रकरण) से, [illegible] भाषा में था। यह बहुत काल से लुप्त हो [illegible] है।

[illegible] ॥१४॥

[illegible] गुणैर्नाभिभाविता ॥१५॥

[illegible]" (काव्यादर्श पृ० ६८-६६)।

२. [illegible]॥"

(आचारांगसूत्र [illegible] प्राचीन गाथा)।

"[illegible] प्राकृत [illegible]॥"

[illegible] और [illegible] की टीका पृ० १ में आचार्य हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत [illegible]।

[illegible]" (काव्या[illegible])। [illegible] प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत [illegible] क्योंकि [illegible] प्राकृत [illegible] की गई है और [illegible] कि व्याकरण-[illegible] और [illegible] काव्यानुशासन में प्रति-[illegible] की [illegible] प्रमाण [illegible]।

[illegible]।

केवल जैन विद्वानों मे ही यह मत प्रचलित न था, खिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य मे इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों मे व्यक्त किया है '—

"[१]सयलाम्रो इम वाया विसति एत्तो य णेंति वायाम्रो ।
एंति समुद्द् चिय णेंति सायराम्रो च्चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा मे सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषाएँ निर्गत हुई हैं, जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र मे ही (वाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि सस्कृत आदि सब भाषाएँ प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

खिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपने 'बालरामायण' मे नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है —

"यद् योनि किल सस्कृतस्य सुदृशा जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणा रस' ।
गद्य चूर्णपद पद रतिपतेस्तत् प्राकृत यद्वचस्ताँल्लाटाल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों मे भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति सस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक सस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक सस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने मे आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक सस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी सभव नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं। इससे यह अनुमान करना किसी तरह असगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता मे कोई सदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य

१. प्राकृत मे अनेक जगह सस्कृत ऋकार के स्थान मे उकार होता है, जैसे—वृन्द = वुन्द, ऋतु = उउ, पृथिवी = पुहवी, वैदिक साहित्य मे भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत = कुठ (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२ प्राकृत मे सयुक्त वर्णवाले कई स्थानों मे एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ = दूलह, विश्राम = वीसाम, स्पर्श = फास, वैदिक भाषा मे भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ = दूळभ (ऋग्वेद ४, ९, ८), दुर्णाश = दूणाश (शुक्लयजु प्रातिशाख्य ३, ४३)।

३. सस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत मे सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत् = ताव, यशस् = जस, वैदिक साहित्य मे भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात् = पश्चा (अथर्वसहिता १०, ४, ११), उच्चात् = उच्चा (तैत्तिरीयसहिता २, ३, १४), नीचात् = नीचा (तैत्तिरीयसहिता १, २, १४)।

४ प्राकृत मे संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ = पगब्भ, श्यामा = सामा, वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ = अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसहिता ४, ५, ६१), त्र्यच = त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५ प्राकृत मे सयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र = पत्त, रात्रि = रत्ति, साध्य = सज्झ इत्यादि, वैदिक भाषा मे भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा = रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र = अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६. प्राकृत मे सस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड = डण्ड, दंस = डंस, दोला = डोला, वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं है, जैसे—दुर्दभ = दूडभ (वाजसनेयसंहिता ३, ३६), पुरोदास = पुरोडाश (शुक्ल-यजु प्रातिशाख्य ३, ४४)।

---

१. सकला इद वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाच । आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥९३॥

[illegible] प्राकृत में [illegible] होता है, यथा—बहिर = बहिर [illegible] = बाह. वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, [illegible] (तैत्तिरीय [illegible] २, ८)।

८. प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट = किलिट्ठ, [illegible] = [illegible]। वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं हैं, यथा—सहस्र्य = सहस्रिय, स्वर्ग = सुवर्ग [illegible]) तन्व = तनुव स्व = सुव (तैत्तिरीयआरण्यक ७ २२, १, ६, २, ७)।

[illegible] प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि. [illegible] प्रथमा के एकवचन में कहीं-कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, [illegible] १९०, [illegible])।

१०. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि [illegible]। वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभि, गम्भीरेभि, ज्येष्ठेभि आदि रूप मिलते हैं।

[illegible] प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है[1]।

[illegible] प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं, वैदिक साहित्य में भी इसी प्रकार के [illegible] प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

[illegible] प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है. वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग [illegible]—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ [illegible]' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ द्वौ' के स्थल में 'नरा द्वे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत [illegible] जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कही गई है उसीसे हुई है। इससे [illegible] आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त [illegible] 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह [illegible]। [illegible] 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द [illegible] संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। [illegible] इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या [illegible]। इससे यहाँ पर 'तद्भव' शब्द का वैज्ञानिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से [illegible]' समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद

[illegible] के अनुसार [illegible] वैदिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और [illegible] संस्कृत [illegible] समस्त प्राकृत भाषाओं में [illegible] है, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं [illegible] उसी साहश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो [illegible] में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक [illegible] वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ [illegible] अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी [illegible] है।

[illegible] साहित्य में [illegible] स्थान पाया है उनके [illegible] अनुसार [illegible] तीन मुख्य काल विभागों में बाँटे [illegible] ([illegible]), (३) शेष युग [illegible]

[1] [illegible]

प्रथम युग (ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १००)

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।
(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)

(क) त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषाएँ।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषाएँ।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)

भिन्न-भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषाएँ।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि, (२) पैशाची, (३) चूलिकापैशाची, (४) अर्धमागधी, (५) जैन महाराष्ट्री, (६) अशोकलिपि, (७) शौरसेनी, (८) मागधी, (९) महाराष्ट्री, (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है[1]। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी'[2]। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग ग्रन्थों में भी पाया जाता है[3]। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गाँवों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों की तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त

निर्देश और व्युत्पत्ति

---

१ "पङ्क्ति = पक्ति = पति = पटिट = पटि = पलि = पल्लि = पालि, अथवा पङ्क्ति = पत्ति = पट्टि = पल्लि = पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ९)।

२ "सेतुस्सि तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ९९६)।

३ देखो, विपाकश्रुत (पत्र ३८, ३९)।

[illegible] से इस भाषा की तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा[1] को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना [illegible] हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-[illegible] नहीं मालूम पड़ता।

[illegible] भाषा समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक साहश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद है। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई [illegible] नहीं है। डॉ॰ कोनो (Dr. Konow) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ साहश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डॉ॰ कोनो के मत से पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन [illegible] '[illegible] उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है, वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोंकण-[illegible] इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ उसने पालि भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गुजरात-[illegible] गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न [illegible] में सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से [illegible] गिरनार-शिलालेख के साथ साहश्य और पूर्व-प्रान्त स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है—

संस्कृत	पालि	गिरनारशिला॰	धौलिशिला॰
[illegible]	[illegible], [illegible]	राञो	लजिने
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

[illegible] मुनि [illegible] चटर्जी का कहना है कि 'बुद्धदेव[2] के समस्त उपदेश मागधी भाषा में [illegible] के समय [illegible] शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही [illegible] सौ वर्ष में पालि-भाषा के [illegible]। [illegible] पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही [illegible] साहश्य है, जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
[illegible]	[illegible]	[illegible]	० ([illegible])	० ([illegible])
[illegible]	ग ([illegible])	ग ([illegible])	० ([illegible])	० ([illegible])
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	० ([illegible])
[illegible]	[illegible]	ज ([illegible])	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	र ([illegible])	ल ([illegible])

1 [illegible]

2 [illegible] (ध[illegible], पृ॰ [illegible])।

3 [illegible] Vol. I, p. 57.

4 [illegible]

5 [illegible]

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	श (शालश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
स्[1] (वृक्ष.)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय खिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की समसामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। सम्भवतः यह भाषा खिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषाएँ ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इसलिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

(२) पैशाची

निदर्शन

गुणाढ्य ने [2]बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा [3]काव्यानुशासन में, मोहराज-पराजय नामक नाटक में और दो-एक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती [4]रुद्रट, [5]केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को [6]'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

विनियोग

[7]वाग्भट तथा [8]केशवमिश्र ने क्रम से भूत और पिशाच-प्रभृति पात्रों के लिए और [9]षड्भाषा-चन्द्रिकाकार ने राक्षस, पिशाच और नीच पात्रों के लिए इसका विनियोग बतलाया है।

---

१. पुंलिंग में प्रथमा के एक वचन का प्रत्यय।

२. आचार्य उद्द्योतन की कुवलय माला मे, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित मे, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता मे और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रंथो मे इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न-भिन्न अंशो के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियो की कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रंथो की रचना की गई है।

३. पृष्ठ २२९, २३३।

४. काव्यालंकार २, १२।

५. 'संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा' (अलङ्कार शेखर, पृष्ठ ५)।

६. 'संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्' (वाग्भटालङ्कार २, १)।

७ 'यद् भूतैरुच्यते किञ्चित् तद्भौतिकमिति स्मृतम्' (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

८. 'पैशाचीं तु पिशाचाद्याः प्राहुः' (अलङ्कारशेखर, पृष्ठ ५)।

९. रक्षःपिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत् ॥३५॥' (षड्भाषा-चन्द्रिका, पृष्ठ ३)।

[illegible] प्राकृतचन्द्रिकाकार पिशाच-देशों की भाषा को ही पैशाची कहते हैं और पिशाच-देशों के निर्देश के लिए नीचे [illegible] के श्लोकों को उद्धृत करते हैं —

'[illegible] [illegible]नेपाल[illegible]तथा ।
[illegible] [illegible]नाम्नथा ।
[illegible] पिशाचदेशा [illegible]'

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के

'काञ्चीदेशीयपाण्ड्ये च पाञ्चाल गौड-मागधम् ।
व्राचड दाक्षिणात्य च शौरसेन च कैकयम् ॥
शाबरं द्राविडं चैव एकादश पिशाचजाः ।'

इस वचन को उद्धृत कर ग्यारह प्रकार की पैशाची का उल्लेख किया है परन्तु बाद में इस मत का खण्डन करके [illegible] में इन तीन प्रकार की पैशाची का ग्रहण किया है, यथा—'कैकय शौरसेन च पाञ्चालमिति च त्रिधा पैशाच्य'।

[illegible] और मार्कण्डेय ने जिन प्राचीन वचनों का उल्लेख किया है उनमें पाण्ड्य, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेश [illegible] दूरवर्ती प्रान्तों में अवस्थित हैं। इतने दूरवर्ती प्रदेश एकदेशीय भाषा के उत्पत्ति-स्थान कैसे हो सकते हैं? [illegible] पैशाची भाषा किसी प्रदेश की भाषा न हो कर भिन्न भिन्न प्रदेशों में रहनेवाली किसी जाति विशेष की भाषा हो तो [illegible] इस तरह हो भी सकता है कि पूर्वकाल में किसी एक देश विशेष में रहनेवाली पिशाच-प्राय मनुष्य-जाति [illegible] भिन्न भिन्न देशों में फैली हुई वहाँ अपनी भाषा को ले गई हो। मार्कण्डेय-निर्दिष्ट तीन प्रकार की पैशाची परस्पर [illegible] प्रदेशों की भाषा है, इससे यह भी संभव है कि यह पहले कैकय देश में उत्पन्न हुई हो और बाद में उसी के [illegible] शूरसेन और पञ्चाल तक फैल गई हो। मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची और पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति जो कैकय-पैशाची कही है इससे [illegible] भी हो सकता है। सर ग्रियर्सन के मत में पिशाच-भाषा-भाषी लोगों का आदिम वास-स्थान [illegible] अफगानिस्थान का प्रान्त प्रदेश है और बाद में वहाँ से ही संभवत उसका अन्य देशों में [illegible] है। किन्तु डा. होर्नले का इस विषय में और ही मत है। उनका कहना यह है कि अनार्य जाति के लोग [illegible] भाषा का [illegible] रूप से उच्चारण करते थे वही पैशाची भाषा है, अर्थात् इनके मत से पैशाची भाषा [illegible] भाषा है और न वह वास्तव में भिन्न भाषा ही है। हमें सर ग्रियर्सन का मत ही प्रामाणिक [illegible] मार्कण्डेय के मत के साथ अनेकांश में मिलता जुलता है।

[illegible] शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन [illegible] भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को [illegible] है। पाञ्चाल पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके [illegible]) के जो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल [illegible] कैकय पैशाची से [illegible] और [illegible] के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां [illegible] पाञ्चाल पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय-पैशाची ही हो सकती है।

[illegible] कि मार्कण्डेय ने [illegible] उन पर से शौरसेन पैशाची का

[illegible] प्रदेश का नाम कैकय, [illegible] का नाम [illegible] प्रदेश का नाम [illegible], [illegible]

[illegible]

[illegible]

शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संवन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने वतलाए हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इनको शोरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभाँति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, सस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग मे उस प्रदेश मे प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल सस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग मे भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

प्रथम युग का पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवत इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा मे रची गई थी, किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य मे पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते है वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा खिस्त की द्वितीय शताब्दी से पॉचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

समय।

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस-जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों मे वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

लक्षण

वर्ण-भेद

१. ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान मे ञ्ञ होता है, यथा—प्रज्ञा = पञ्ञा; ज्ञान = ञ्ञान, कन्यका = कञ्ञका, अभिमन्यु = अभिमञ्ञु, पुण्य = पुञ्ञ।

२. ण और न के स्थान मे न होता है, जैसे—गुण = गुन, कनक = कनक।

३ त और द की जगह त होता है, जैसे—भगवती = भगवती, शत = सत, मदन = मतन, देव=तेव।

४. लकार ळ मे वदलता है, यथा—सील=सीळ, कुल = कुळ।

५ ट्ठ की जगह ट्ठ और तु होता है, जैसे—कुटुम्वक, कुटुम्वक, कुतुम्वक।

६. महाराष्ट्री के लक्षण मे असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंकवाले जो नियम वतलाए गए हैं वे शौरसेनी भाषा मे लागू होते है, किन्तु पैशाची में नहीं, यथा—लोक = लोक; शाखा = साखा, भट = भट, मठ = मठ, गरुड = गरुड, प्रतिभास = पतिभास, कनक = कनक, शपथ = सपथ, रेफ = रेफ, शवल = सवळ, यशस् = यस, करणीय = करणीय, अगार = इंगार, दाह = दाह।

७. यादृश आदि शब्दों का दृ परिणत होता है ति में, यथा—यादृश = यातिस, सदृश = सतिस।

नाम-विभक्ति

१ अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है, जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात

१ शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते, रमति, रमते।

२ भविष्य-काल मे स्सि के वदले एय्य होता है, जैसे—भविष्यति = हुवेय्य।

३ भाव और कर्म मे ईअ तथा इज्ज के स्थान मे इय्य होता है, यथा—पठ्यते = पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त

१ त्वा प्रत्यय के स्थान मे कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते है, यथा पठित्वा = पठितून, गत्वा = गन्तून, नष्ट्वा = नत्थून, नद्धून, तष्ट्वा = तत्थून, तद्धून।

(३) चूलिकापैशाची

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पण्डित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीरमदमर्दन नामक नाटक में और दो-एक छोटे-छोटे षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

[illegible] प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरः प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है, अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं॰ लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिए हैं वे [illegible] वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किए हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उन वैयाकरणगण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि नामक संस्कृत कोष ग्रन्थ के "भाषा षड् [illegible] (काण्ड २,१९९) इस वचन की 'संस्कृत-प्राकृत-मागधी-शौरसेनी-[illegible]' यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस [illegible] पैशाची भाषा के [illegible] प्रकरण में कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ आचार्य हेमचन्द्र ने और [illegible] पं॰ लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिए हैं वे नीचे उद्धृत किए जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

लक्षण

१. वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है[1], यथा—नगर = नकर, [illegible] = [illegible], राजा = राचा, निर्झर = निच्छर, तडाग = तटाक, ढक्का = ठक्का, मदन = मतन, मधुर = मथुर, [illegible] = [illegible], भगवती = फकवती।
२. र के स्थान में विकल्प से ल होता है, यथा—रुद्र = लुद्द, रुद्द।

(४) अर्धमागधी

भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे[2]। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक [illegible] अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी[3]। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गए थे, [illegible] परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत में ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गए हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् विक्रमाब्द ५१० में वलभी (वर्तमान वळा, [illegible]) में श्री देवर्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किए। उस समय [illegible] [illegible] आदि प्रारम्भ हुई। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु शताब्दियों [illegible] [illegible] जैन मुनियों ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ द्वारा करीब एक हज़ार वर्ष तक [illegible]। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब ज़ोर दिया [illegible] [illegible] का विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। फिर भी सूत्र-[illegible] [illegible] यह मानना ही पड़ेगा कि भगवान् महावीर के समय की अर्ध-

---

[1] [illegible] (हे॰ प्रा॰ ४, ३२५)।

[2] [illegible]।

[illegible]

[3] [illegible]

मागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान है। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिये ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे[1] और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ-साथ अवश्य होनेवाले परिवर्तन का प्रभाव कण्ठ-पाठ के रूप मे स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्तत: उस-उस समय के लोंगो को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान् महावीर के निर्वाण से करीब दो सो वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल मे मगध देश मे बारह वर्षो[2] का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) मे जाना पड़ा था। उस समय वे सूत्र ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हे भूल से गए थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस-जिस साधु को जिस-जिस अङ्ग ग्रन्थ का जो-जो अश जिस-जिस आकार मे याद रह गया था, उस उस से उस-उस अङ्ग ग्रन्थ के उस-उस अश को उस-उस रूप में प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया[3]। इस घटना से जैसे अङ्गग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ मे आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा मे, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशो की भाषाओं की तुलना मे दूरवर्ती महाराष्ट्रप्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश मे प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश मे ही गए थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नही है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योकि उसके विना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमे से कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुन सकलन मे उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश मे स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा मे जैन ग्रन्थों को लिपि बद्ध करने के लिए मुनि-समेलन किए गए थे, क्योंकि इन सूत्र ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गए थे उनका भी क्रमश. विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव मे सत्य था। संभवत: इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशो मे विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या मे आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों मे योग-दान किया था। भिन्न-भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनियों से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अश जिस रूप मे प्राप्त हुआ उसी रूप मे वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनियों के भिन्न-भिन्न प्रदेशों मे चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों की भिन्न-भिन्न भाषाओं का,

---

१. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंत।
थीबालवायणत्थं पाययमुइय जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर मे श्रीवर्धमानसूरि द्वारा उत्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणा नृणा चारित्रकाङि्क्षणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञै सिद्धान्त प्राकृत कृत ॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका मे और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन मे उद्धृत प्राचीन श्लोक)।

२. देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1898 मे डॉ. हॉर्नलि का लेख।

३. "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीर नीरनिधेर्ययौ ॥५५॥
अगुण्यमान तु तदा साधूना विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीत धीमतामपि ॥५६॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे ॥५७॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्त च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन् ॥५८॥
नेपालदेशमार्गस्थ भद्रबाहु च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघ समाह्वातुं तत प्रैषीन्मुनिद्वयम् ॥५९॥
(स्थविरावलीचरितं, सर्ग ९)।

[illegible] प्राकृत भाषाओं के [illegible] धर्म-ग्रन्थों की भाषा [illegible] अंग-ग्रन्थों में, [illegible] ग्रन्थ के भिन्न भिन्न अंशों में और कहीं कहीं तो [illegible] परस्पर भाषा भेद नजर आता है। सम्भवतः भिन्न भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के [illegible] विक्रम की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथ-[illegible] यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा परिवर्तन के उक्त [illegible] की भाषा में, पाटलिपुत्र के सम्मेलन के बाद से, आमूल या [illegible] भाषा-भेद हुआ है और सेकड़ों की तादाद में उसके प्राचीन [illegible] सूत्रों के [illegible] उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-ग्रन्थ [illegible] पाटलिपुत्र के सम्मेलन के बाद निर्मित या दृढ़ किया गया था।

[illegible] उचित प्रतीत होता है कि [1]समवायांग सूत्र में निर्दिष्ट अंग-ग्रन्थ-[illegible] कहीं-कहीं जो थोड़ा-बहुत [illegible] बिगाड़ और ह्रास पाया जाता है [illegible] घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका [illegible] घटनाओं में [illegible] जाता है।

[illegible] सूत्र, [illegible] औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में [illegible] किया गया है, [illegible] और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा [illegible] गया है और [illegible] पर से [illegible] आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा को 'आर्ष' [illegible] (ऋषियों की भाषा) [illegible] वह वस्तुतः एक ही भाषा है, अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न-भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और [illegible] जैन सूत्रों की भाषा यही अर्ध-[illegible]। आचार्य हेमचन्द्र ने [illegible] प्राकृत व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण

[1] [illegible] १२५।

[illegible] पृष्ठ १, १—पत्र १६)।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

बताए हैं उनसे तथा 'अत एत् सौ पुंसि मागध्याम्'[1] (हे० प्रा० ४, २८७) इस सूत्र की व्याख्या में जो "यदपि[2] "पोराणमद्धमागहभासानियय हवइ सुत्तं[3]" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कहकर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत 'कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कहकर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है।[5] डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण मे डॉ जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनो मे परस्पर भेद नहीं है, एव प्राचीन जैन सूत्रो की—गद्य और पद्य दोनों की भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है[6]। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थो की भाषा अल्पाश मे अर्धमागधी की और अधिकाश मे महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है, परन्तु प्राचीन जैन सूत्रो की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओ की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतो से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत मे दृष्टिगोचर नहीं होती है, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नही दिया जा सकता।

पडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत-व्याकरण की प्रस्तावना मे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को[7] प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ गए है, क्योंकि डॉ जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री बताते हैं तब पडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवाह न रखकर, अर्वाचीन महाराष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे है। पडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन मे जो दलीलें पेश की है वे अधिकाश मे भ्रान्त सस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का साराश यह है—(१) अर्धमागधी मे महाराष्ट्री से मात्र दो चार रूपों की ही विशेषता, (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग-अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत मे ही इसको अन्तर्गत करना, (३) इसमे मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव, (४) निशीथचूर्णिकार के अर्धमागधी के दोनो मे एक भी लक्षण की इसमे असगति, (५) प्राचीन जैन ग्रन्थो मे इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश, (६) नाट्य-शास्त्र मे और प्राकृत-व्याकरणों मे निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है

---

१. मागधी भाषा मे अकारान्त पुलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन मे 'ए' होता है।

२. इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यो ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा मे नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्राय मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जानेवाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

३. इसी वचन के आधार पर डॉ. हॉर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) मे यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत मे 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नही।

४. आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला० पु० फ० पत्र ६२८) मे यह सपूर्ण गाथा इस तरह है —
"पुव्वावरसजुत्त वेरग्गकरं सततमविरुद्ध। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

५ Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

६ Grammatik dei Prākrit-Sprachen, 16-17

७ जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण मे महाराष्ट्री भाषा के अर्थ मे प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के अर्थ मे ही प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है, वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डॉ. बनारसीदास की 'अर्धमागधी रीडर', मुनि रत्नचन्द्रजी की 'जैन सिद्धान्त कौमुदी' और डॉ. पिशल का 'प्राकृत व्याकरण' मौजूद है, जिनमें प्रचुर [illegible] संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के 'आर्षम्' सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक व्याख्या से और जगह-जगह किए हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अन्य भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषताओं को लेकर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न-भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण के द्वारा प्रकारान्तर से अत्यन्त स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है, जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सरल और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार द्वारा बताए हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और इसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर आर्षमागधी के सूत्र की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों के द्वारा जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालूम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिजर्व कर रखा है, वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकर्रर किया हुआ समझ बैठे हैं[3]। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा – लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। खिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में—

'शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येव व्यवहारेषु संनिधिम्॥' (१, ३५)।

इन सुस्पष्ट शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रंथों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा को [illegible] 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है[4]। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से [illegible] प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़कर केवल [illegible] शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी से पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि [illegible] से लेकर [illegible] आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पणी में [illegible] है [illegible] होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही [illegible] है, क्योंकि वररुचि ने तो 'शेषं महाराष्ट्रीवत्' (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस [illegible] में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में 'पाइमाहि [illegible] (१, १) के [illegible] का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्द लगाकर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण

१. [illegible] । आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते' (हे० प्रा० १, ३)।

२. [illegible] १, ४६, १, ५७, १, ७९, १, ११८, १, १२१, १, १५१, १, १७७, १, २२८, १, [illegible] २, ८९, २, १०१, २, १०४, २, १४६, २, १७४, २, १६२, और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

३. [illegible] 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना [illegible] आवे छे, अने [illegible] महाराष्ट्री नहीं।' (प्राकृ- [illegible] ।

४. 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः' (काव्यादर्श १, ३४)।

लोक-भाषा के ही अर्थ मे ही किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर[1], ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु[2], उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति[3] प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ मे प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से लेकर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणत. सभी और विशेषत. कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों द्वारा भगवान् महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय मे प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान् महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान् महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते है इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-सगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते, तो हमारा यह विश्वास है कि वे कम से कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के सम्पूर्ण स्वर-प्रकरण को अनुयोगद्वार-सूत्र मे उद्धृत किया गया है जिसमे वह गाथा भी शामिल है। वह सम्पूर्ण गाथा इस तरह है :—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमडलम्मि गिज्जते पसत्था इसिभासिता॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषाएँ कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यत: गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार युक्त भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा इन दो मुख्य विभागों मे किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामन्य रूप से निर्देश कर बाद मे इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न लेकर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं मे गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या सस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी सभावित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के "पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप मे बताया है। इससे पडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है, जो उनसे सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया गया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों मे निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

---

१. 'परुसो सक्कअ बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो' (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

२. 'सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंश' (काव्यालङ्कार-टिप्पण २, १२)।

३. 'सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां'—(काव्यादर्श-टीका १, ३३), 'तादृशीरयनेन देशनामोपलक्षिता सर्वा एव भाषा' प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्' (काव्यादर्श-टीका १, ३५)।

सोरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषा ।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।
पालि से सिंहली और माल्दीवन।
टाकी अथवा ढाकी से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाकी-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण नागर-अपभ्रंश के प्रधान लक्षण ये हैं —

वर्ण-परिवर्तन

१. भिन्न-भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं, यथा—कृत्य = कच्च, काच्च, वचन = वेण, वीण, बाहु = वाह, बाहा, बाहु, पृष्ठ = पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि, तृण = तण, तिण, तृण, सुकृत = सुकिद, सुकृद, लेखा = लिह, लीह, लेह।
२ स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्राय क्रमश ग, घ, द, ध, व और भ होता है, यथा—विच्छेदकर = विच्छोहगर, सुख = सुघ, कथित = कधिद, शपथ = शवध, सफल = सभल।
३ अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है, यथा—कमल = कवँल, कमल, भ्रमर = भवँर, भमर।
४. संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है, यथा—प्रिय = पिय, प्रिय, चन्द्र = चन्द, चन्द्र।
५. कहीं-कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है, जैसे—व्यास = व्रास, वास, व्याकरण = व्रागरण, वागरण।
६. महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं, यथा— ग्रीष्म = गिम्भ, गिम्ह, श्लेष्म = सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति

१ विभक्ति के प्रसंग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्राय होता है, यथा—श्यामल = सामल., खड्गाः = खग्ग, दृष्टि = दिट्ठि, पुत्री = पुत्ति।
२. साधारणत सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गए हैं।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात विभक्ति

		एकवचन	बहुवचन
१.	१ पु०	उ	हुं
	२ पु०	हि	हु
	३ पु०	इ, ए	हिं

२. मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु = करि, करु, करे।
३ भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है, यथा—भविष्यति = होसइ।

कृदन्त

१. तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउ, एव्वउ और एवा होता है, यथा—कर्तव्य = करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।
२ त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु, होते हैं, यथा—कृत्वा = करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु करेवि, करेविणु।
३ तुम्-प्रत्यय की जगह एव, अण अणह, अणहिं एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कर्तुम् = करेव, करण, करणह करणहिं करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
४. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है, जैसे—कर्तृ = करणअ, मारयितृ = मारणअ।

तद्धित

१ त्व और ता के स्थान में प्पण होता है, यथा—देवत्व = देवप्पण, महत्व = वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा में वर्ण लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाएँ यद्यपि महाराष्ट्रीके बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन-माँस पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में इसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान देकर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन

प्राकृत पर संकृत का प्रभाव

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को लिपिबद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नया साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध-धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा है। परन्तु ये दो साहित्य-भाषाएँ और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भाषाएँ संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी है। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्य-सूत्र नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रंथों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगा-कर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गए हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित-प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रंथों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रंथों की भाषा को 'गाथा' न कहकर 'प्राकृत-मिश्र-संस्कृत' या 'संस्कृत मिश्र-प्राकृत' अथवा संक्षेप में मिश्र-भाषा ही कहना उचित है।

गाथा-भाषा

डॉ. बर्नफ और डॉ राजेन्द्र लाल मित्र का मत है कि, 'संस्कृत भाषा, क्रमश परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा भाषा के रूप में और बाद के पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती

होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।' यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रखकर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें सन्देह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहाँ उद्धृत किया जाता है —

"अध्रुव त्रिभव शरदभ्रनिभ, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसम लघुशीघ्रजव, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥'
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणा, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभासममा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनै ॥ १ ॥" (पृष्ठ २०४, २०६)।

बुद्धदेव और इसके सारथी की आपस में बातचीत —

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूत, क्षीणेन्द्रिय सुदुःखितो बलवीर्यहीन।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूत, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि सचिन्तयिष्ये॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्म, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्त नहि अन्यगतिर्जनस्य॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्त्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं, इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं, इससे उन्होंने (देशी शब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषाएँ उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू), मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुल्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गल्ल (गण्ड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेवाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडकिका (लघुद्वार, भाषा मे खिडकी), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन) वगैरह शब्द प्राकृत

से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और सारिप (मार्द), जहिप्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवीमि), निकृन्तन (निकर्तन), लटभ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिए गए हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड़कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। इसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमश. कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषाएँ भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न-भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषाएँ भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चलीं तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषाएँ उस उस युग की साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिए जिनकी बदौलत ही ये उस-उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतना ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न-भिन्न काल में भिन्न-भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी नयी साहित्य भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमश लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा में लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुख-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषाएँ भी जब व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौन-सा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत साहित्य-भाषाओं को पराजय कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं ? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्टसाध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-

स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन वर्ण बैठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषाएँ भी प्राकृत भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुईं। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के सम्बन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किए जाते हैं —

[1]"अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ? ॥ (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती ?

'[2]उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो ॥' (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है, संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

'[3]णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण बंधमिह णवर पययम्मि ॥' (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आजतक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचनावाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

'[4]हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो मुहो य हिययस्स विप्फुरइ ॥' (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढ़ने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखे एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

'[5]परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतर तेत्तिअमिमाण ॥' (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है।

---

१ अमृतं प्राकृतकाव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्य तत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ? ॥

२ उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभावः ॥

३. नवमार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते ॥

४ हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति ॥

५ परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः ॥

'गिर श्रव्या दिव्या प्रकृतिमधुरा प्राकृतगिर ।
सुभव्योऽपभ्रंश सरसरचनं भूतवचनम् ।' (राजशेखर का बालरामायण १, ११) ।

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

'[1]सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीया ।
सव्वाणवि सुह-बोह तेणेम पाययं रइय ॥
गूढत्थ-देसि-रहिय सुललिय-वन्नेहिं विरइयं रम्म ।
पायय-कव्व लोए कस्स न हियय सुहावेइ ?॥ (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य) ।

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता ?

'[2]उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्व च निम्मिय जेण ।
वस-हर व पलित्त तडयडतट्टत्तणं कुणइ ॥'
(वज्जालग्ग (?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता०, पृष्ठ ७६ में उद्धृत) ।

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत काव्य की रचना की उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड़ तड़ तट्ट' आवाज करता है—श्रुतिकटु लगता है।

"[3]पाइअ-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं ।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तित्तिं न वच्चामो ॥
ललिए महुरक्खरए जुवई-यण-वल्लहे स-सिंगारे ।
सते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउ ? ॥" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, वासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतियों को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजूद है तब संस्कृत पढ़ने को कौन जाता है ?

---

१ संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धय । सर्वेषामपि सुखबोध तेनेद प्राकृत रचितम् ॥
गूढार्थदेशीरहित सुललितवर्णैर्विरचित रम्यम् । प्राकृतकाव्य लोके कस्य न हृदय सुखयति ? ॥

२ उज्झयता संस्कृतकाव्य संस्कृतकाव्य च निर्मित येन । वंशगृहमिव प्रदीप्त तडतडतट्टत्वं करोति ॥

३ प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितै । उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्ति न व्रजाम ॥
ललिते मधुराक्षरे युवतिजनवल्लभे सशृङ्गारे । सति प्राकृतकाव्ये क शक्नोति संस्कृतं पठितुम् ? ॥

इस कोष में स्वीकृत पद्धति

१. प्रथम काले टाइपो में क्रम से प्राकृत शब्द, उसके बाद सादे टाइपो मे उस प्राकृत शब्द के लिङ्ग आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) मे काले टाइपो मे प्राकृत शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द, उसके अनन्तर सादे टाइपो मे हिन्दी भाषा मे अर्थं और तदनन्तर सादे टाइपो मे ब्राकेट मे प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२. शब्दो का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है —अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना सस्कृत-कोषो की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान मे न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व मे ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत मे[1] व्याकरण की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान मे अनुनासिक का होना कही भी अनिवार्य नही है और प्राचीन हस्त लिखित पुस्तको मे प्राय सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

३. प्राकृत शब्द का प्रयोग विशेष रूप से आर्ष (अर्धमागधी) और महाराष्ट्री भाषा के अर्थ मे और सामान्य रूप से आर्ष से लेकर अपभ्रंश भाषा तक के अर्थ मे किया जाता है। प्रस्तुत कोष के 'प्राकृत-शब्द-महार्णव' नाम मे प्राकृत-शब्द सामान्य अर्थ मे ही गृहीत है। इसमे यहाँ[2] आर्ष, महाराष्ट्री, शौरसेनी, अशोक-शिलालिपि, देश्य, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची तथा अपभ्रंश भाषाओ के शब्दो का संग्रह किया गया है। परन्तु प्राचीनता और साहित्य की दृष्टि से इन सब भाषाओ मे आर्ष और महाराष्ट्री का स्थान ऊँचा है। इससे इन दोनो के शब्द यहाँ पूर्ण रूप से लिए गये हैं और शौरसेनी आदि भाषाओ के प्राय उन्ही शब्दो को स्थान दिया गया है जो या तो प्राकृत (आर्ष और महाराष्ट्री) से विशेष भेद रखते है अथवा जिनका प्राकृत रूप नही पाया गया है, जैसे—'य्येव', 'विध्रुव', 'सपाद-इत्तअ', 'सभावीअदि' वगैरह। इन भेद की पहिचान के लिए प्राकृत से इतर भाषा के शब्दो और आख्यात-कृदन्त के रूपो के आगे सादे टाइपो मे कोष्ठ मे उस उस भाषा का सक्षिप्त नाम-निर्देश कर दिया गया है, जैसे[3] '(शौ)', '(मा)' इत्यादि। परन्तु सौरसेनी आदि मे भी जो शब्द या रूप प्राकृत के ही समान है वहाँ ये भेद-दर्शक चिह्न नही दिए गए हैं।

   (क) आर्ष और महाराष्ट्री से सौरसेनी आदि भाषाओ के जिन शब्दो मे सामान्य (सर्व-शब्द-साधारण) भेद है उनको इस कोष मे स्थान देकर पुनरावृत्ति-द्वारा ग्रन्थ के कलेवर को विशेष वढाना इसलिए उचित नही समझा गया है कि वह सामान्य भेद प्राकृत-भाषाओ के साधारण अभ्यासी से भी अज्ञात नही है और वह उपोद्घात मे भी उस उस भाषा के लक्षण-प्रसङ्ग मे दिखा दिया गया है जिससे वह सहज ही ख्याल मे आ सकता है।

   (ख) आर्ष और महाराष्ट्री मे भी परस्पर उल्लेखनीय भेद है। तिस पर भी यहाँ उनका भेद-निर्देश न करने का एक कारण तो यह है कि इन दोनो मे इतर भाषाओ से अपेक्षा-कृत समानता अधिक है, दूसरा, प्रकृति की अपेक्षा प्रत्ययो मे ही विशेष भेद हैं जो व्याकरण से सम्बन्ध रखता है, कोष से नही, तीसरा, जैन ग्रथकारो ने महाराष्ट्री-ग्रथो मे भी आर्ष प्राकृत के शब्दो का अविकल रूप मे अधिक व्यवहार कर उनको महाराष्ट्री का रूप दे दिया है[4]।

४. प्राकृत मे यश्रुतिवाला[5] नियम खूब ही अव्यवस्थित है। प्राकृत-प्रकाश, सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और प्राकृतपिंगल आदि मे इस नियम का एकदम अभाव है जबकि आर्ष, जैन महाराष्ट्री तथा गउडवहो-प्रभृति ग्रन्थो मे इस नियम का हद से ज्यादा आदर देखा जाता हैं, यहाँ तक कि एक ही शब्द मे कही तो यश्रुति है और कही नही, जैसे 'पअ' और 'पय', 'लोअ' और 'लोय'। इस कोष मे ऐसे शब्दो की पुनरावृत्ति न कर कोई भी (यश्रुतिवाले 'य', से रहित या सहित) एक ही शब्द लिया गया है। इससे क्रम तथा इतर समान शब्द की

---

१. देखो प्राकृतप्रकाश, सूत्र ४, १४, १७, हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, २५, और प्राकृतसर्वस्व, सूत्र, ४, २३ आदि।

२ प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १-३) आदि मे इनसे अतिरिक्त और भी प्राच्या, शाकारि आदि अनेक उपभेद बताए गए हैं, जिनका समावेश यहाँ सौरसेनी आदि इन्ही मुख्य भेदो मे यथास्थान किया गया है।

३. इन सक्षिप्त नामो का विवरण सकेत-सूची मे देखिए।

४. इसी से डा. पिशल् आदि पाश्चात्य विद्वानो ने आर्ष-भिन्न जैन प्राकृत-ग्रथो की भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। देखो डा. पिशल् का प्राकृतव्याकरण और डा. टेसेटोरी की उपदेशमाला की प्रस्तावना।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण का सूत्र १, १८०।

तुलना की सुविधा के लिए आवश्यकतानुरूप कहीं कहीं रेफरेंसवाले शब्द के 'अ' के स्थान में 'य' और 'य' की जगह 'अ' किया गया है।

आर्ष ग्रन्थों में यश्रुतिवाले 'य' की तरह 'त' का प्रयोग भी बहुत ही पाया जाता है, जैसे 'अय' (अज) के स्थान में 'अत', 'अईअ' (अतीत) की जगह 'अतीय' आदि। ऐसे शब्दों की भी इस कोष में बहुधा पुनरावृत्ति न करके त-वर्जित शब्दों को ही विशेष रूप से स्थान दिया गया है।

६ संयुक्त शब्दों को उनके क्रमिक स्थान में अलग न देकर मूल (पूर्व भागवाले) शब्द के भीतर ही उत्तर भागवाले शब्द अकारादि क्रम से काले टाइपों में दिए गए हैं और उसके पूर्व ° (ऊर्ध्व बिन्दी) का चिह्न दिया गया है। ऐसे शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द भी काले टाइपों में ° चिह्न दे कर दिए गए हैं। विशेष स्थानों में पाठकों की सुगमता के लिए संयुक्त शब्द उसके क्रमिक स्थान में अलग भी बतलाये गए हैं और उसके अर्थ तथा रेफरेंस के लिए मूल शब्द में जहाँ वे दिए गए हैं, देखने की सूचना की गई है।

(क) इन संयुक्त शब्दों में जहा 'देखो°——' से जिस शब्द को देखने को कहा गया है वहा उस शब्द के उसी मूल शब्द के भीतर देखना चाहिए न कि अन्य शब्द के अन्दर।

७ त, त्तण (त्व), आ, या (तल्), अर, यर, तराग (तर), अम, तम (तम) आदि सुगम और सर्वत्र-साधारण प्रत्ययवाले शब्दों में प्रत्ययों को छोडकर केवल मूल शब्द ही यहाँ लिए गए हैं। परन्तु जहाँ ऐसे प्रत्ययों में रूप आदि की विशेषता है वहा प्रत्यय-सहित शब्द भी लिए गए हैं।

८ धातुओं के सब रूप सादे टाइपों में और कृदन्तों के रूप काले टाइपों में धातु के भीतर दिए गए हैं।

(क) भाव तथा कर्म-कर्तरि रूपों का निर्देश भी धातु के भीतर 'कर्म—' से ही किया गया है।[1]

(ख) भूत कृदन्त के रूप तथा अन्य आख्यात तथा कृदन्त के विशिष्ट रूप बहुधा अलग अलग अपने क्रमिक स्थान में दिए गए हैं।

९. जिन सस्करणों से शब्द संग्रह किया गया है उनमें रही हुई संपादन की या प्रेस की भूलों को सुधार कर शुद्ध शब्द ही यहा दिए गए हैं। पाठकों के ज्ञानार्थ साधारण भूलों को छोडकर विशेष भूलवाले पाठ रेफरेंस के उल्लेख के अनन्तर पूर्व में ज्यों के त्यों उद्धृत भी किये गए हैं और भूलवाले भाग की शुद्धि कोस में '?' (शङ्काचिह्न) के बाद बतला दी गई है, जैसे देखो **क्षोभ, वब्भ** आदि शब्द।

(क) जहाँ भिन्न भिन्न ग्रंथों में या एक ही ग्रंथ के भिन्न भिन्न स्थानों में या सस्करणों में एक ही शब्द के अनेक संदिग्ध रूप पाये गए हैं और जिनके शुद्ध रूप का निर्णय करना कठिन जान पडा है वहाँ पर ऐसे रूपवाले सब शब्द इस कोष में यथास्थान दिए गए हैं और तुलना के लिए ऐसे प्रत्येक शब्द के अन्त भाग में 'देखो—' लिख कर इतर रूप भी सूचाया गया है, जैसे देखो '**पुक्खलच्छिभय, पोक्खलच्छिलय**' '**पेसल, पेसलेस**, '**भयालि, सयालि**' आदि शब्द।

१०. एक ही ग्रंथ के एक या भिन्न भिन्न सस्करणों के अथवा भिन्न भिन्न ग्रंथों के पाठ-भेदों के सभी शुद्ध शब्द इस कोष में यथास्थान दिए गए हैं, जैसे—**परिज्झुसिय** (भगवतीसूत्र २५—पत्र ९२३) और **परिझुसिय** (भग २५ टी—पत्र ९२५), **णिव्विदेज्ज** (भी. मा. का सूत्रकृताग १, २, ३, १२) और **णिव्विदेज्ज** (आ स. का सूत्रकृताग १, २, ३, १२), **पविरल्लिय** (आ. स. का प्रश्नव्याकरण १, ५—पत्र ९१) और **पवित्थरिल्ल** (अभिधानराजेंद्र का प्रश्नव्याकरण १, ५), **सामकोट्ठ** (समवायाग-सूत्र, पत्र १५३) और **सामिकुट्ठ** प्रवचनसारोद्धार, द्वार ७) प्रभृति।

११. संस्कृत की तरह प्राकृत में भी कम से कम शब्द के आदि के 'व' तथा 'ब' के विषय में गहरा मत-भेद है। एक की शब्द कहीं वकारादि पाया जाता है तो कहीं बकारादि। जैसे भगवतीसूत्र मे 'वत्थि' है तो विपाकश्रुत मे बत्थि' छपा है। इससे ऐसे शब्दों को दोनों स्थानों में न देकर जो 'ब' या 'व' उचित जान पडा है उसी एक स्थल में वह शब्द दिया गया है और उभय प्रकार के शब्दों के रेफरेंस भी वहाँ ही दिये गये हैं। हाँ, जहाँ दोनों अक्षरों के अस्तित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख पाया गया है वहाँ दोनों स्थलों में वह शब्द दिया गया है, जैसे '**बप्फाउल**' और '**वप्फाउल**'[1] आदि।

१२ लिङ्गादि-द्योतक संक्षिप्त शब्द प्राकृत शब्द से ही संबन्ध रखते हैं, संस्कृत-प्रतिशब्द से नहीं।

(क) जहाँ अर्थ भेद में लिङ्ग आदि का भी भेद है वहाँ उस अर्थ के पूर्व में ही भिन्न लिंग आदि का सूचक शब्द दे दिया गया है। जहा ऐसा भिन्न शब्द नहीं दिया है वहाँ उसके पूर्व के अर्थ या अर्थों के समान ही लिंग आदि समझना चाहिए।

---

१ देशीनाममाला ६, ९२ का टीका।

(ख) प्राकृत मे लिंग-विधि खूब ही अनियमित है। प्राकृत वैयाकरणो ने भी कुछ अति सक्षिप्त परन्तु [1]व्यापक सूत्रो के द्वारा इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है । प्राचीन ग्रंथो मे एक ही शब्द का जिस-जिस लिंग मे योग जहाँ तक हमे दृष्टिगोचर हुआ है, उस-उस लिंग का निर्देश इस कोष मे उस शब्द के पास कर दिया गया है। जहाँ लिंग मे विशेष विलक्षणता पाई गई है वहाँ उस ग्रंथ का अवतरण भी दे दिया गया है ।

(ग) जहाँ स्त्रीलिंग का विशेष रूप पाया गया है वहाँ उस अर्थ के बाद 'स्त्री—' निर्देश करके रेफरेंस के साथ दिया गया है ।

(घ) प्राकृत मे अनेक ग्रंथो मे अव्यय के बाद विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है। इससे ऐसे स्थानो मे अव्यय-सूचक 'अ' के बाद प्राय लिंग बोधक शब्द भी दिया गया है, जैसे 'वला' के बाद 'अ. स्त्री' = (अव्यय तथा स्त्रीलिंग) ।

१३. देश्य शब्दो के संस्कृत प्रतिशब्द के स्थान मे केवल देश्य का सक्षिप्त रूप 'दे' ही काले टाइपो मे कोष्ठ मे दिया गया है ।

(क) जो धातु वास्तव मे देश्य होने पर भी प्राकृत के प्रसिद्ध-प्रसिद्ध व्याकरणो मे संस्कृत धातु के आदेश कह कर तद्भव बतलाये गये हैं उनके संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान मे 'दे' न देकर प्राचीन वैयाकरणो की मान्यता बतलाने के उद्देश्य से वे वे आदेशि सस्कृत रूप ही दिये गये हैं। इससे सस्कृत से बिलकुल विसदृश रूपवाले इन देश्य धातुओ को वास्तविक तद्भव समझने की भूल कोई न करे ।

(ख) जो धातु तद्भव होने पर भी प्राकृत व्याकरणो मे उसको अन्य धातु का आदेश बतलाया गया है उस धातु के व्याकरण-प्रदर्शित आदेशि सस्कृत रूप के बाद वास्तविक सस्कृत रूप भी दिखलाया गया है यथा पेच्छ के [दृश्, प्र + ईक्ष्] आदि ।

(ग) प्राचीन ग्रंथो मे जो शब्द देश्य रूप से माना गया है परन्तु वास्तव मे जो देश्य न होकर तद्भव ही प्रतीत होता है, ऐसे शब्दो का सस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है और प्राचीन मान्यता बतलाने के लिए सस्कृत प्रतिशब्द के पूर्व मे 'दे' दिया गया है ।

(घ) जो शब्द वास्तव मे देश्य ही है, परन्तु प्राचीन व्याख्याकारो ने उसको तद्भव बतलाते हुए उसके जो परिमार्जित—छिल-छाल कर बनाये हुए संस्कृत—रूप अपने ग्रंथो मे दिये है, परन्तु जो सस्कृत-कोषो मे नही पाये जाते हैं, ऐसे सस्कृत-प्रतिरूपो को यहाँ स्थान न देते हुए केवल 'दे' ही दिया गया है ।

(ङ) जो शब्द देश्य रूप मे सदिग्ध है उसके प्रतिशब्द के पूर्व मे 'दे' भी दिया है ।

१४. प्राचीन व्याख्याकारो के दिये हुए सस्कृत-प्रतिशब्द से भी जो अधिक समानतावाला संस्कृत प्रतिशब्द है वही यहाँ पर दिया गया है, जैसे 'एहाणिय' के प्राचीन प्रतिशब्द 'स्नापित' के बदले 'स्नानित' ।

१५. अनेक अर्थवाले शब्दो के प्रत्येक अर्थ १, २, ३ आदि अको के बाद क्रमश दिये गये हैं और प्रत्येक अर्थ के एक या अनेक रेफरेंस उस अर्थ के बाद सादे ब्राकेट मे दिये हैं।

(क) धातु के भिन्न-भिन्न रूपवाले रेफरेंसो मे जो-जो अर्थ पाये गये हैं वे सब १, २, ३ के अको से देकर क्रमश धातु के आख्यात तथा कृदन्त के रूप दिये गये हैं और उस-उस रूपवाले रेफरेंस का उल्लेख उसी रूप के बाद ब्राकेट मे कर दिया गया है ।

(ख) जिस शब्द का अर्थ वास्तव मे सामान्य या व्यापक है, किन्तु प्राचीन ग्रथो मे उसका प्रयोग प्रकरण-वश विशेष या संकीर्ण अर्थ मे हुआ है, ऐसे शब्द का सामान्य या व्यापक अर्थ ही इस कोष मे दिया गया है, यथा—'हत्थिच्चग' का प्रकरण-वश होता 'हाथ के योग्य आभूषण' यह विशेष अर्थ यहाँ पर न देकर 'हाथ सम्बन्धी' यह सामान्य अर्थ ही दिया गया है। 'णक्खत्त (नाक्षत्र)' आदि तद्धितान्त शब्दो के लिए भी यही नियम रखा गया है।

१६. शब्द-रूप, लिंग, अर्थ की विशेषता या सुभाषित की दृष्टि से जहाँ अवतरण देने की आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर वह, पर्याप्त अश मे, अर्थ के बाद और रेफरेंस के पूर्व मे दिया गया है ।

(क) अवतरण के बाद कोष्ठ मे जहाँ अनेक रेफरेंसो का उल्लेख है वहाँ पर केवल सर्व-प्रथम रेफरेंस का ही अवतरण से सबन्ध है, शेष का नही ।

१७. एक ही ग्रथ के जिन अनेक सस्करणो का उपयोग इस कोष मे किया गया है, रेफरेंस मे साधारणत सस्करण-विशेष का उल्लेख न करके केवल ग्रथ का ही उल्लेख किया गया है । इससे ऐसे रेफरेंसवाले शब्द को सब सस्करणो का या सस्करण-विशेष का समझना चाहिए ।

---

१. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, ३३ से ३५ ।

(क) जहाँ पर संस्करण-विशेष के उल्लेख की खास आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर रेफरेंस की संकेत-सूची में दिये हुए संस्करण के १, २ आदि अंक रेफरेंस के पूर्व में दिये हैं, जैसे पेसल और पेसलेस शब्दों के रेफरेंस 'आचा' के पूर्व में '२' का अंक आगमोदय-समिति के संस्करण का और '३' का अंक प्रो० रवजी भाई के संस्करण का बोधक है।

१८. जहाँ कहीं प्राकृत के किसी शब्द के रूप की, अर्थ की अथवा संयुक्त शब्द आदि की समानता या विशेषता के लिये प्राकृत के ही ऐसे शब्दान्तर की तुलना बतलाना उपयुक्त जान पड़ा है वहाँ पर रेफरेंस के बाद 'देखो—' से उस शब्द को देखने की सूचना की गई है।

१९. जहाँ कहीं 'देखो' के बाद काले टाइपों में दिये हुए प्राकृत शब्द के अनन्तर सादे टाइपों में लिंगादि बोधक या संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है वहाँ उसी लिंग आदिवाले या संस्कृत प्रतिशब्दवाले ही प्राकृत शब्द से मतलब है, न कि उसके समान इतर प्राकृत शब्द से। जैसे अ शब्द के 'देखो च अ' के च से पुंलिंग च को छोड़कर दूसरा ही अव्यय-भूत च शब्द, और ओसार के 'देखो ऊसार=उत्सार' के 'ऊसार' से तीसरा ही ऊसार शब्द देखना चाहिए, पहले, दूसरे और चौथे ऊसार शब्द को नहीं।

उक्त नियमों से अतिरिक्त जिन नियमों का अनुसरण इस कोष में किया गया है वे आधुनिक नूतन पद्धति के संस्कृत आदि कोषों के देखनेवालों से परिचित और सुगम होने के कारण खुलाने की जरूरत नहीं रखते।

पाइअ-सद्द-महण्णवो ।

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

णासिअ-दोस समूहं, भासिअणेगतवाय-ललिअत्थं ।
पासिअ-लोआलोअं, वंदामि जिणं महावीरं ॥ १ ॥

निक्कित्तिम-साउ-पयं, अइसइअ सयल-वाणि-परिणमिरं ।
वाय अवाय-रहिअं, पणमामि जिणिंद-देवाण ॥ २ ॥

पाइअ-भासामइअं, अवलोइअ सत्थ सत्थमइविउलं ।
सद्द महण्णव-णामं, रएमि कोसं स-वण्ण-कमं ॥ ३ ॥

अ

अ पु [अ] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम अक्षर (हे १, १, प्रामा) । २ विष्णु, कृष्ण (से १, १) ।

अ देखो च अ (श्रा १४, जी २, पउम ११३, १४, कुमा) ।

अ [दे] देखो इव, 'चदो अ' (प्राकृ ७६) ।

अ° अ [अ] निम्न-लिखित अर्थों में से, प्रकरण के अनुसार, किसी एक को बतलानेवाला अव्यय—१ निषेध, प्रतिषेध, 'अहमरण' (सुर ७, २४८), 'सव्वनिसेहे मओऽकारो' (विसे १२३२) । २ विरोध, उल्टापन, 'अधम्म' (गाया १, १८) । ३ अयोग्यता, अनुचितपन, 'अयाल' (पउम २२,८५) । ४ अल्पता, थोडापन, 'अधण' (गउड), 'अचेल' (सम ४०) । ५ अभाव, अविद्यमानता, 'अगुण' (गउड) । ६ भेद, भिन्नता, 'अमणुस्स' (णंदि) । ७ सादृश्य, तुल्यता, 'अचक्खुदसण' (सम १५) । ८ अप्रशस्तता, बुरापन, 'अभाइ' (चारु २६) । ९ लघुपन, छोटाई, 'अतड' (बृह १) ।

अ पु [क] १ सूर्य, सूरज (से ७, ६३) । २ अग्नि, आग । ३ मयूर, मोर (से ६,४३) । ४ न पानी, जल (से १,१) । ५ शिखर, टोच (से ६,४३) । ६ मस्तक, सिर (से ६,१८) ।

°अ वि [°ज] उत्पन्न, जात (गा ६७१) ।

अअंख वि [दे] स्नेह-रहित, सूखा (दे १, १३) ।

अअर देखो अवर (पि १६५) ।

अअर देखो आयर (पि १६५) ।

अइ अ [अयि] १-२ सभावना और आमत्रण अर्थ का सूचक अव्यय (हे २, २०५, स्वप्न ५८) ।

अइ अ [अति] यह अव्यय नाम और धातु के पूर्व मे लगता है और नीचे के अर्थों मे से किसी एक को सूचित करता है—१ अतिशय, अतिरेक, 'अइउण्ह', 'अइभत्ति', 'अइचिंतत' (श्रा १४, रभा, गा २१४) । २ उत्कर्ष, महत्त्व, 'अइवेग' (कप्प) । ३ पूजा, प्रशसा, 'अइजाय' (ठा ४) । ४ अतिक्रमण, उल्लघन, 'अइउक्कसो' (दस ५,४,४२) । ५ ऊपर, ऊंचा, 'अइमच', 'अइपडागा' (औप, णाया १,१) । ६ निन्दा, 'अइराडिय' (बृह १) ।

अइ अ [अति] सामर्थ्य-सूचक अव्यय, 'अइवहइ' (सूअ १, २, ३, ५) ।

अइ सक [आ + इ] आगमन करना, आ गिरना, 'अइति नाराया' (स ३८३) ।

अइइ स्त्री [अदिति] पुनर्वसु नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (सुज्ज १०) ।

अइइ सक [अति+इ] १ उल्लघन करना । २ गमन करना । ३ प्रवेश करना । वकृ अइंत (से ६, २६, कप्प) । सकृ अइच्च (सूअ १, ७, २८) ।

अइउट्ट वि [अतिवृत्त] अतिगत, प्राप्त (सूअ १, ५, १, १२) ।

अइंच सक [अति + अञ्च्] १ अभिषेक करना, स्थानापन्न करना । २ उल्लघन करना । ३ अक दूर जाना (से १३, ८, ८६) ।

अइंचिअ वि [अत्यञ्चित] १ अभिषिक्त, स्थानापन्न किया हुआ (से १३,८) । २ उल्लघित, अतिक्रान्त (से १३,८) । ३ दूर गया हुआ (से १३, ८६) ।

अइछ देखो अइच (से १३, ८) ।

अइछिअ देखो अइचिअ (से १३, ८) ।

अइछण न [अत्यञ्चन] १ उल्लघन (से १३, ३८) । २ आकर्षण, खीचाव (से ८ ६४) ।

अइंत देखो अइइ = अति + इ ।

अइंत वि [अनायत्] १ नहीं आता हुआ। २ जो जाना न जाता हो, 'गाहाहि पणइणीहि य खिज्जइ चित्तं अइंतीहिं' (वज्जा ४)।

अइंदिय वि [अतीन्द्रिय] इन्द्रियों से जिसका ज्ञान न हो सके वह (विसे २८१८)।

अइंमुत्त देखो अइमुत्त (प्राकृ ३२)।

अइक्कम अक [अतिक्रम्] गुजरना, बीतना, 'देवधणस्स समम्रो अइकमइ दुद्धरस्स रायस्स' (सम्मत्त १७४)। देखो अइक्कम = अति + क्रम्।

अइकाय पु [अतिकाय] १ महोरग—जातीय देवों का एक इन्द्र (ठा २)। २ रावण का एक पुत्र (से १६, ५६)। ३ वि बडा शरीरवाला (णाया १, ८)।

अइक्कंत वि [अतिक्रान्त] १ अतीत, गुजरा हुआ, 'अइक्कंतजोव्वणा' (ठा ५)। २ तीर्ण, पार पहुँचा हुआ (आव)। ३ जिसने त्याग किया हो वह, 'सव्वसिणेहाइक्कंता' (औप)।

अइक्कम सक [अति + क्रम्] १ उल्लंघन करना। २ व्रत-नियम का आंशिक रूप से खण्डन करना, 'अइक्कमइ' (भग)। वकृ अइक्कमंत, अइक्कममाण (सुपा २३८, भग)। कृ अइक्कमणिज्ज (सूत्र, २,७)।

अइक्कम पु [अतिक्रम] १ उल्लंघन (गा ३४८)। २ व्रत या नियम का आंशिक खण्डन (ठा ३, ४)।

अइक्कमण न [अतिक्रमण] ऊपर देखो (सुपा २३८)।

अइक्ख वि [अतीक्ष्ण] तीक्ष्णतारहित, 'अइक्खा वेयरणी' (तदु ४६)।

अइक्ख वि [अनीक्ष्य] अदृश्य, 'अइक्खा वेयरणी' (तदु ४)।

अइगच्छ } अक [अति + गम्] १ गुजरना,
अइगम } बीतना। २ सक. पहुँचना। ३ प्रवेश करना। ४ उल्लंघन करना। ५ जाना, गमन करना। वकृ अइगच्छमाण (णाया १,१)। संकृ अइगम्म (आचा), 'अइगतूण अगोग' (विसे ६०८)।

अइगम पु [अतिगम] प्रवेश (विसे ३८६)।

अइगमण न [अतिगमन] १ प्रवेश-मार्ग (णाया १, २)। २ उत्तरायण, सूर्य का उत्तर दिशा में जाना (भग)।

अइगय वि [दे] १ आया हुआ। २ जिसने प्रवेश किया हो वह (दे १,५७), 'ससुरकुलम्मि अइगओ, दिट्ठा य सगउरव तत्थ' (उप ५६७ टी)। ३ न मार्ग का पीछला भाग (दे १, ५७)।

अइगय वि [अतिगत] अतिक्रान्त, गुजरा हुआ, 'हिंडतस्स अइगय वरिसमेग' (महा, से १०, १८, विसे ७ टी)।

अइगय वि [अतिगत] प्राप्त, 'एवं बुद्धिमइगओ गब्भे सवसइ दुक्खिओ जीवो' (तदु १३)।

अइचिर अ [अतिचिरम्] बहुत काल तक (गा ३४६)।

अइच्च देखो अइइ = अति + इ।

अइच्छ सक [गम्] जाना, गमन करना। अइच्छइ (हे ४,१६२)।

अइच्छ सक [अति+क्रम्] उल्लंघन करना। अइच्छइ (ओघ ५१८)। वकृ अइच्छंत (उत्त १८)।

अइच्छा स्त्री [अदित्सा] १ देने की अनिच्छा। २ प्रत्याख्यान विशेष (विसे ३५०४)।

अइच्छिय वि [गत] गया हुआ, गुजरा हुआ (पउम ३, १२२, उप पृ १३३)।

अइच्छिय वि [अतिक्रान्त] अतिक्रान्त, उल्लंघित (पाअ, विसे ३५८२)।

अइजाय पुं [अतिजात] पिता से अधिक संपत्ति को प्राप्त करनेवाला पुत्र (ठा ४)।

अइट्ठ वि [अदृष्ट] १ जो न देखा गया हो वह। २ न कर्म, दैव, भाग्य (भवि)। °उव्व, °पुव्व वि [°पूर्व] जो पहले कभी न देखा गया हो वह (गा ४१४, ७४८)।

अइट्ठ वि [अदृष्ट] जो देखा न गया हो वह (हास्य १४६)।

अइट्ठ वि [अनिष्ट] १ अप्रिय। २ खराब, दुष्ट, 'जो पुण खलु खुद्दु अइट्ठसग्गु, तो किमब्भत्थउ देइ अग्गु' (भवि)।

अइट्ठा सक [अति + स्था] उल्लंघन करना। संकृ अइट्ठिय (उत्त ७)।

अइट्ठिय वि [अतिष्ठित] अतिक्रान्त, उल्लंघित (उत्त ७)।

अइण न [दे] गिरि-तट, तराई, पहाड का निम्न भाग (दे १, १०)।

अइण न [अजिन] चर्म, चमडा (पाअ)।

अइणिय वि [दे अतिनीत] आनीत, लाया हुआ (दे १,२४)।

अइणिय } वि [अतिनीत] १ फेंका हुआ (से
अइणीय } ६, ५६)। २ जो दूर ले जाया गया हो (प्राप)।

अइणीअ वि [अतिगत] गत, गया हुआ (सुख २,१३)।

अइणीय वि [दे अतिनीत] आनीत, लाया हुआ (महा)।

अइणु वि [अतिनु] जिसने नौका का उल्लंघन किया हो वह, जहाज से उतरा हुआ (षड्)।

अइतह वि [अवितथ] सत्य, सच्चा (उप १०३१ टी)।

अइतेया स्त्री [अतितेजा] पक्ष की चौदहवी रात (सुज्ज १०,१४)।

अइदंपज्ज न [ऐदंपर्य] तात्पर्य, रहस्य, भावार्थ (उप ८६८, ८७६)।

अइदुसमा } स्त्री [अतिदुष्षमा] देखो दुस्स-
अइदुस्समा } मदुस्समा (पउम २०, ८३,
अइदूसमा } ६०, उप पृ १४७)।

अइदंपज्ज देखो अइदंपज्ज (पंचा १४)।

अइधाडिय वि [अतिधाटित] फिराया हुआ, घुमाया हुआ (पण्ह १,३)।

अइनिट्ठुहावण वि [अतिविष्टम्भन] स्तब्ध करनेवाला, रोकनेवाला (कुमा)।

अइन्न न [अजीर्ण] १ बदहजमी, अपच। २ वि जो हजम न हुआ हो वह। ३ जो पुराना न हुआ हो, नूतन (उव)।

अइन्न वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ। °याण न [°दान] चोरी (आचा)।

अइपंडुकंबलसिला स्त्री [अतिपाण्डुकम्बलशिला] मेरु पर्वत पर स्थित दक्षिण दिशा की एक शिला (ठा ४)।

अइपडाग पु [अतिपताक] १ मत्स्य की एक जाति (विपा १, ८)। २ स्त्री पताका के ऊपर की पताका (णाया १, १)।

अइपरिणाम वि [अतिपरिणाम] आवश्यकता न रहने पर भी अपवाद-मार्ग का ही आश्रय लेनेवाला, शास्त्रोक्त अपवादों की मर्यादा का उल्लंघन करनेवाला,

'जो दव्वखेत्तकालभावकयं जं जहिं जया काले। तल्लेसुस्सुत्तमई, अइपरिणाम वियाणाहि' (बृह १)।

अइपाइअ वि [अतिपातिक] हिंसा करनेवाला (सूअ २, १, ५७)।

अइपास पुं [अतिपार्श्व] भगवान् अरनाथ के समकालिक ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर-देव (तित्थ)।

अइपास सक [अति+दृश्] अतिशय देखना, खूब देखना। अइपासइ (सूअ १, १, ४, ६)।

अइप्पगे अ [अतिप्रगे] पूर्व-प्रभात, बडी सवेर (सुर ७, ७८)।

अइप्पमाण वि [अतिप्रमाण] १ तृप्त न होता हुआ भोजन करनेवाला। २ न. तीन वार से अधिक भोजन (पिंड ६४७)।

अइप्पसंग पु [अतिप्रसङ्ग] १ अतिपरिचय (पञ्चा१०)। २ तर्क-शास्त्र मे प्रसिद्ध अति-व्याप्ति-नामक दोष (स १६६, उवर ४८)।

अइप्पसंगि वि [अतिप्रसङ्गिन्] अतिप्रसंग दोषवाला (अज्झ १०)।

अइप्पहाय न [अतिप्रभात] बडी सवेर (गा ६८)।

अइबल वि [अतिबल] १ बलिष्ठ, शक्ति-शाली (औप)। २ न अतिशय बल, विशेष सामर्थ्य। ३ बडा सैन्य (हे ४, ३५४)। ४ पु एक राजा, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्वीय चतुर्थ भव मे पिता या पितामह था (आचू)। ५ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (ठा ८)। ६ भरत क्षेत्र मे आगामी चौवीसी मे होनेवाला पाँचवा वासुदेव (सम ५)। ७ रावण का एक योद्धा (पउम ५६, २७)।

अइभद्दा स्त्री [अतिभद्रा] भगवान् महावीर के प्रभास नामक ग्यारहवें गणधर की माता (आचू)।

अइभूइ पु [अतिभूति] एक जैन मुनि, जो पंचम वासुदेव के पूर्व-जन्म मे गुरु थे (पउम २०, १७६)।

अइभूमि स्त्री [अतिभूमि] १ परम प्रकर्ष। २ बहुत जमीन (से३, ४२)। ३ गृहस्थों के घर का वह भाग, जहाँ साधुओं का प्रवेश करने की अनुज्ञा न हो, 'अइभूमिं न गच्छेज्जा, गोयरग्गगओ मुणी' (दस ५, १, २४)।

अइमट्टिया स्त्री [अतिमृत्तिका] कीचवाली मट्टी (जीव ३)।

अइमत्त } **अइमाय** } वि [अतिमात्र] बहुत, परिमाण से अधिक (उव ठा ९)।

अइमुंक, **अइमुंत**, **अइमुंतय**, **अइमुत्त**, **अइमुत्तय** } पु [अतिमुक्त, °क] १ स्वनाम ख्यात एक अन्तकृद् (उसी जन्म मे मुक्ति पानेवाला) जैन मुनि, जो पोलासपुर के राजा विजय का पुत्र था और जिसने बहुत छोटी ही उम्र मे भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अन्त)। २ कंस का एक छोटा भाई (आव)। ३ वृक्ष-विशेष (पउम ४२, ८)। ४ माधवी लता (पाअ, स ३५)। ५ न अन्तगडदसा नामक अंग-ग्रन्थ का एक अध्ययन (अन्त)। (हे १, २६,१७८, पि २४६)।

अइय वि [अतिग] अतिक्रान्त, 'अव्वो अइअ-म्मि तुमे, णवरं जइ सा न जूरिहिइ' (हे २, २०४)। २ करनेवाला, 'ठाणाइय' (औप)।

अइय वि [अतिग] प्राप्त (राय १३४)।

°अइय वि [दयित] १ प्रिय, प्रीतिपात्र। २ दया-पात्र, दया करने योग्य (से ९, ३१)।

अइयच्छ देखो **अइगच्छ**।

अइयण न [अत्यदन] बहुत खाना, अधिक भोजन करना (वव २)।

अइयय वि [अतिगत] गया हुआ (स ३०३)।

अइयर सक [अति+चर्] १ उल्लंघन करना। २ व्रत को दूषित करना। वक्र अइयरत (सुपा ३५४)।

अइया सक [अति+या] जाना, गुजरना (उत्त २०)।

अइया स्त्री [अजिका] बकरी, छागी (उप २३७)।

°अइया स्त्री [दयिता] स्त्री, पत्नी (से ९, ३१)।

अइयाण न [अतियान] १ गमन, गुजरना। २ राजा वगैरह का नगर आदि मे धूम-धाम से प्रवेश करना (ठा ४)।

अइयाय वि [अतियात] गया हुआ, गुजरा हुआ (उत्त २०)।

अइयार पु [अतिचार] उल्लंघन, अतिक्रमण (भवि)। २ गृहीत व्रत या नियम मे दूषण लगाना (श्रा ६)।

अइर अ [अचिर] जल्दी, शीघ्र (स्वप्न ३७)।

अइर न [अजिर] आंगन, चौक (पाअ)।

अइर पु [दे] आयुक्त, गांवका राज-नियुक्त मुखिया (दे १, १६)।

अइर न [दे अंतर] देखो **अयर**=अंतर (सुपा ३०)।

अइर वि [दे] अतिरोहित (पिंड ५६०, ५६१)।

अइरजुवइ स्त्री (दे) नई वहू, दुलहिन (दे १, ४८)।

अइरत्त पु [अतिरात्र] अधिक तिथि, ज्योतिष की गिनती से जो दिन अधिक होता है वह (ठा ६)।

अइरत्त वि [अतिरक्त] १ गाढा लाल। २ विशेष रागी। °**कंबलसिला**, °**कंबला** स्त्री [°कम्बलशिला, कम्बला] मेरु पर्वत के पाडुक वन मे स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवो का जन्माभिषेक किया जाता है (ठा २ ३)।

अइरा अ [अचिरात्] शीघ्र, जल्दी (से ३, १५)।

अइरा } **अइराणी** } स्त्री [अचिरा] पाँचवें चक्रवर्ती और सोलहवे तीर्थंकर-देव की माता (सम १५२, पउम २०, ४२)।

अइराणी स्त्री [दे] १ इन्द्राणी। २ सौभाग्य के लिए इन्द्राणी-व्रत करनेवाली स्त्री (दे १,५८)।

अइरावण पु [ऐरावण] इन्द्र का हाथी(पाअ)।

अइरावय पु [ऐरावत] इन्द्र का हाथी(भवि)।

अइराहा स्त्री [अचिराभा] बिजली, चपला (दे १, ३४ टी)।

अइरि न [अतिरि] धन या सुवर्ण का अति-क्रमण करनेवाला, धनाढ्य (षड्)।

अइरिप पु [दे] कथाबन्ध, बातचीत, कहानी (दे १,२६)।

अइरित्त वि [अतिरिक्त] १ बचा हुआ, अवशिष्ट (पउम ११८,११६)। २ अधिक, ज्यादा (ठा २, १), 'पवड्ढमाणाइरित्तगुणनिलओ' (मार्व ६३)। °सिज्जासणिय वि [शय्यासनिक] लम्बी-चौडी शय्या और आसन रखनेवाला (साधु) (आचा)।

अइरूव वि [अतिरूप] १ सुरूप, सुडौल (पउम २०,११३)। २ पु भूत-जातीय देवविशेष (पराग १)।

अइरेइय वि [अतिरेकित] अतिरेक-युक्त, अतिप्रभूत (राय ७८ टी)।

अइरेग पु [अतिरेक] १ आधिक्य, अधिकता, 'माइरेगअट्ठवासजायय' (णाया १, ५)। २ अतिशय (जीव ३)।

अइरेण } अ [अचिरेण] जल्दी, शीघ्र (गा
अइरेण } १३५, पउम ६२, ४, उवर ४०)।

अइरेय देखो अइरेग (णाया १, १)।

अइव अ [अतीव] अतिशय, अत्यन्त,
'रिन्न अइव महत,
चिट्ठइ मज्झम्मि तस्स भवणस्स।
ता त सव्व सुपुरिस।
अप्पायत्त करेजासु॥' (महा)।

अइवट्टण न [अतिवर्त्तन] उल्लघन, अतिक्रमण (आचा)।

अइवत्त सक [अति + वृत्] अतिक्रमण करना। अइवत्तइ (आचा)।

अइवत्तिय वि [अतिव्रतिक] १ जिसका उल्लघन किया गया हो वह। २ प्रधान, मुख्य। ३ उल्लंघन करनेवाला (आचा)।

अइवय सक [अति + वृत्] उल्लंघन करना। सइ अइवइत्ता (सूअ २, २, ६५)।

अइवय सक [अति + व्रज्] १ उल्लघन करना। २ संमुख जाना। ३ प्रवेश करना। अइवयति (पराह १,८)। वकृ 'नियगवयए अइवयन गयं सुमिणे पासित्ताणं पडिबुद्धा' (णाया १, १, कप्प)।

अइवय सक [अति + पत्] उल्लघन करना। २ सम्मुख करना। ३ प्रवेश करना। ४ भव करना। ५ गिर जाना, 'भवरे रण-भीम-सद्द-सद्दा मगाम्मि अइवयति' (पराह १, ३), 'नोमपया ममार अइवयंति' (पराह १,५)। वकृ जरं वा मरीररूव-विणासिणि मरीर वा अइवयमाणि निवारेसि' (णाया १, ८), अइवयत (कप्प)। प्रयो अइवाएमाण (आचा, ठा ७)।

अइवह सक [अति + वह्] वहन करने मे समर्थ होना। अइवहइ (सूअ १, २, ३, ५)।

अइवाइ वि [अतिपातिन्] १ हिंसक (सूअ १, ५)। विनश्वर (विसे १५७८)।

अइवाइत्तु वि [अतिपातयितृ] मारनेवाला (ठा ३, २)।

अइवाइय वि [अतिपातिक] ऊपर देखो (सूअ २, १)।

अइवाएत्तु देखो अइवाइत्तु (ठा ७)।

अइवाएमाण देखो अइवय = अति + पत्।

अइवाय पु [अतिपात] १ हिंसा आदि दोष (ओव ४६)। २ विनाश, 'पाणाइवाएण' (णाया १, ५)।

अइवाय पु [अतिवात] १ उल्लघन। २ भयकर पवन, तूफान (उप ७६८ टी)।

अइवाह सक [अति + वाहय्] बीताना, गुजारना, 'सो अइवाहेइ दुन्नि दिणे' (धर्मवि ३३)।

अइविरिय वि [अतिवीर्य] १ बलिष्ठ, महापराक्रमी। २ पु इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ५)। ३ नन्दावर्त नगर का एक राजा (पउम ३७, ३)।

अइविसाल वि [अतिविशाल] १ बहुत बडा, विस्तीर्ण। २ स्त्री यमप्रभ नामक पर्वत के दक्षिण तरफ की एक नगरी (दीव)।

अइस [अप] वि [ईदृश] ऐसा, इस तरह का (हे ४, ४०३)।

अइसइ वि [अतिशयिन्] अतिशय वाला, विशिष्ट, आश्चर्य-कारक (सुपा २५७)।

अइसइअ वि [अतिशयित] ऊपर देखो (पाअ)।

अइसयण देखो अइसधाण, 'भिनगाणतिसयण न कायव्व' (पचा ७, २१)।

अइसंधाण [अतिसधान] ठगाई, वचना, 'भियगाणइसधाण सामयवुड्ढी य जयणा य' (पचा ७)।

अइसक्कणा स्त्री [अतिष्वष्कणा] उत्तेजना, प्रेरणा, बढावा (निसी)।

अइसय सक [अति + शी] मात करना। वकृ 'परबलम् अइसयतो' (पउम ६०, १८)।

अइसय पु [अतिशय] १ श्रेष्ठता, उत्तमता (कुमा १, ५)। २ महिमा, प्रभाव, 'नयणाइसओ' (महा)। ३ बहुत, अत्यन्त (सुर, १२, ८१)। ४ चमत्कार (उर १, ३)। °भरिय वि [°भृत] पूर्ण, पूरा भरा हुआ (पाअ)।

अइसरिय न [ऐश्वर्य] वैभव, सपत्ति, गौरव (हे १, १५१)।

अइसाइ वि [अतिशायिन्] १ श्रेष्ठ (धम्म ६ टी)। २ दूसरे को मात करनेवाला। स्त्री °णी (सुपा ११४)।

अइसायण न [अतिशायन] उत्कृष्टता, उत्कर्ष (चेइय ७३३)।

अइसार पु [अतिसार] सग्रहणी रोग, जठर की व्याधि-विशेष (लहुअ १५)।

अइसेस पु [अतिशेष] १ महिमा, प्रभाव, आध्यात्मिक सामर्थ्य (सम ५६)। २ बचा हुआ, अवशिष्ट (ठा ४, २)। ३ अतिशय वाला (विसे ५७२)।

अइसेसि वि [अतिशेषिन्] १ प्रभावशाली, महिमान्वित। २ समृद्ध (राज)।

अइसेसि वि [अतिशेषिन्] १ महिमान्वित। २ समृद्ध, ज्ञान आदि के अतिशय से सम्पन्न (सट्ठि ४२ टी)।

अइसेसिय वि [अतिशेषित] ऊपर देखो (ओघ ३०)।

अइसेसिय वि [अतिशेषित] ज्ञात, जाना हुआ (वव १)।

अइहर पु [अतिभर] हद, अवधि, मर्यादा, 'सत्तीय को अइहरो ?' (अच्चु २३)।

अइहारा स्त्री [दे] बिजली, चपला (दे १, ३४)।

अइहि पु [अतिथि] जिसके आने की तिथि नियत न हो वह, पाहुन, यात्री, भिक्षुक, साधु (आचा)। °सविभाग पु [°सविभाग] साधु को भोजन आदि का निर्दोष दान (धर्म ३)।

अई सक [गम्] जाना, गमन करना। अईइ (हे ४, १६२, कुमा), अइति (गउड)।

अईअ पु [अतीत] १ भूतकाल (पच६०)। २ वि जो बीत चुका हो, गुजरा हुआ, 'जे अ अईआ सिद्धा' (पडि)। ३ अतिक्रान्त (सूअ

१, १०, सार्ध ४, विसे ८०८)। ४ जो दूर हो गया हो (उत्त १५)।

अईअ } अ [अतीव] बहुत, विशेष, अत्यन्त
अईव } (भग ७, १, पण्ह १, २)।

अईसंत वि [अ + दृश्यमान] जो दिखता न हो (से १, ३५)।

अईसय देखो अइसय (पउम ३,१०५, ७५, २६)।

अईसार पु [अतीसार] रोग-विशेष, संग्रहणी रोग (सुख १,३)।

अईसार पु [अतीसार] १ संग्रहणी रोग। २ इस नाम का एक राजा (ठा ५,३)।

अउ देखो आउ = स्त्री, 'उल्लमिश्रो तमरूवो वलयागारो अउक्काश्रो' (पव २५५)।

अउअ न [अयुत] १ दस हजार की संख्या। २ 'अउअंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)।

अउअंग न [अयुताङ्ग] 'अच्छणिउर' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)।

अउंठ वि [अकुण्ठ] निपुण, कार्य-दक्ष (गउड)।

अउचित्त न [औचित्य] उचितपन (प्राकृ १०)।

अउज्झ वि [अयोध्य] १ युद्ध में जिसका सामना न किया जा सके वह (सम१३७)। २ जिस पर रिपु-सैन्य आक्रमण न कर सके ऐसा किला, नगर आदि (ठा ४)।

अउज्झा स्त्री [अयोध्या] नगरी-विशेष, इक्ष्वाकुवंश के राजाओं की राजधानी, विनीता, कोसला, साकेतपुर आदि नामोंसे विख्यात नगरी, जो आजकल भी अयोध्या नाम से ही प्रसिद्ध है (ठा २)।

अउण वि [एकोन] जिसमें एक कम हो वह। यह शब्द बीस से लेकर तीस, चालीस आदि दहाई संख्या के पूर्व में लगता है और जिसका अर्थ उस संख्या से एक कम होता है। °ट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९ (कप्प)। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] उनसत्तर, ६९ (कप्प) °त्तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] उनतीस, २९ (णाया १, १३)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९ (कप्प)। °पन्न, °वन्न स्त्रीन [°पञ्चाशत्] उनपचास, ४९ (जी ३९, पउम १०२, ७०)। देखो एगूण।

अउणतीसइ स्त्री देखो अउण-त्तीस (उत्त ३६, २४०)।

अउणप्पन्न देखो अउणापन्न (जीवस २०८)।

अउणासट्ठि देखो अउण-सट्ठि (सुज्ज ६)।

अउणोणिव्वित्ति स्त्री [अपुनर्निवृत्ति] अन्तिम निवृत्ति, मोक्ष (अच्चु १०)।

अउण्ण } न [अपुण्य] १ पाप (सुर ६,
अउन्न } २०)। २ त्रि अपवित्र। ३ पुण्य-रहित, पापी (पउम २८, ११२, सुर २, ५१)।

अउम देखो ओम (सुभा १४)।

अउमर वि [अद्मर] खानेवाला, भक्षक (प्राकृ २८)।

अउल वि [अतुल] असाधारण, अद्वितीय (उप ७२८ टी, पण्ह १, ४)।

अउलीन वि [अकुलीन] कुल-हीन, कुजाति, संकर (गा २५३)।

अउव्व वि [अपूर्व] अनोखा, अद्वितीय (गा ११६)।

अउस पु [दे] उपासक, पूजारी (प्रयौ ८२)।

अए अ [अये] आमन्त्रण-सूचक अव्यय (कप्पू)।

अओ अ [अतस्] १ यहां से लेकर (सुपा ४७८)। २ इसलिए, इस कारण से (उप ७३०)।

अओ° [अयस्°] लोह। °घण पु [घन] लोहे का हथौडा, 'सीसंपि भिंदंति अओघणेहिं' (सूअ १, ५, २, १४)। °मय वि [°मय] लोहे की बनी हुई चीज (सूअ २, २)। °मुह पु [°मुख] १-२ इस नाम का अन्तर्द्वीप और उसके निवासी (ठा ५)। ३ वि लोहे की माफिक मजबूत मुंह वाला, 'पक्खीहिं खज्जंति अओमुहेहिं' (सूअ १, ५, २, ४)। °मुही स्त्री [°मुखी] एक नगरी (उप ७६४)।

अओग्ग वि [अयोग्य] नालायक (स ७६४)।

अओज्झा देखो अउज्झा (प्रति ११५)।

अं अ [दे] स्मरण-द्योतक अव्यय, 'अं दट्ठव्वा मालइलआ' (प्राकृ ८०)।

अंक पु [अङ्क] १ उत्संग, कोला (स्वप्न २१६)। २ रत्न की एक जाति (कप्प)। ३ नौ की एक संख्या, 'कासी विक्कमवच्छरम्मि य गए बाणंकसुन्नोडुवे' (सुर १६, २४९)। ४ संख्या-दर्शक चिह्न, १, २, ३ (पण्ण २)। ५ नाटक का एक अंश, 'सुरगणा मणुस्सभवणाडएसु निज्झाइआ अंका' (धण ४५)। ६ सफेद मणि की एक जाति (उत्त ३४)। ७ चिह्न, निशान (चंद २०)। ८ मनुष्य के बत्तीस प्रशस्त लक्षणों में से एक (पण्ह १, ४)। ९ आसन-विशेष (चंद ४)। °कण्ड पुन. [°काण्ड] रत्नप्रभा पृथ्वी के खर-काण्ड का एक हिस्सा, जो अंक रत्नों का है (ठा १०)। °करेल्लुग, °करेल्लुअ पुं [°करेल्लुक] पानी में होनेवाली एक जाति की वनस्पति (आचा)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] अंक रेखाओं की विचित्र स्थापना, ६४ कलाओं में एक कला (कप्प)। °धर पु [°धर] चन्द्रमा (जीव ३)। °धाई स्त्री [°धात्री] पांच प्रकार की धाई-माताओं में से एक, जिसका काम बालक को उत्संग में ले उसका जी बहलाना है (णाया १, १)। °लिवि स्त्री [°लिपि] अठारह लिपियों में की एक लिपि, वर्णमाला-विशेष (सम ३५)। °वणिय पु [°वणिक्] अंक-रत्नों का व्यापारी (राय)। °वालि, °वाली स्त्री [°पालि, °पाली] आलिंगन (काप्र १९४)। °हर देखो °धर (जीव ३)।

अंक [दे अङ्क] निकट, समीप, पास (दे १, ५)।

अंक पुन [अङ्क] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)।

अंककरेलुअ, °ग देखो अंक-करेल्लुअ (आचा २, १, ८, ५)।

अंकण न [अङ्कन] १ चिह्नित करना (आव)। २ बैल आदि पशुओं को लोहे की गरम सलाई आदि से दागना (पण्ह १,१)। ३ वि अंकित करनेवाला, गिनती में लानेवाला, 'अंकण जोइसस्स सूर' (कप्प)।

अंकणा स्त्री [अङ्कना] ऊपर देखो (णाया १, १७)।

अंकदास पु [अङ्कदास] बालक को उत्संग में लेकर उसका जी बहलानेवाला नौकर (सम्मत्त २१७)।

अंकवाणिय देखो अंक-वणिय (राय १२६)।

अकार पु [दे] सहायता, मदद (दे १,६)।

अंकावई स्त्री [अङ्कावती] १ महाविदेह क्षेत्र के रम्य नामक विजय की राजधानी (ठा २)। मेरु की पश्चिम दिशा मे बहती हुई शीतोदा महानदी की दक्षिण दिशा मे वर्तमान एक वक्षस्कार पर्वत (ठा ४, २)।

अकिअ न [दे] आलिंगन (दे १,११)।

अकिअ वि [अङ्कित] चिह्नित, निशानवाला (ओप)।

अकिइल्ल पु [दे] नट, नर्तक, नचवैया (णाया १, १)।

अकुडग पु [अड्कुटक] नागदन्तक, खूँटी ताव (ज १)।

अकुर पु [अड्कुर] प्ररोह, फुनगी (जी ६)।

अकुरिय वि [अड्कुरित] अकुर-युक्त, जिसमे अकुर उत्पन्न हुए हों वह (उवा)।

अकुस पु [अड्कुश] १ आकडी, लोहे का एक हथियार, जिससे हाथी चलाये जाते हैं, 'अकुसेण जहा णागो धम्मे सपडिवाइओ' (उत्त २२)। २ ग्रह-विशेष (ठा २, ३)। ३ सीता का एक पुत्र, कुस (पउम ६७, १६)। ४ नियन्त्रण करनेवाला, काबू मे रखनेवाला (गउड)। ५ एक देव-विमान (राज)। ६ पुन गुरु-वन्दन का एक दोष (पव २)।

अकुस पुन [अड्कुश] १ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४०)। २ पु अकुशाकार खूँटी (राय ३७)।

अकुसइय न [दे अकुशित] अकुश के आकार-वाली चीज (दे १, ३८, से ६, ६३)।

अकुसय पु [अड्कुशक] देखो अकुस। २ सन्यासी का एक उपकरण, जिससे वह देव-पूजा के वास्ते वृक्ष के पल्लवो को काटता है (ओप)।

अंकुसा स्त्री [अड्कुशा] चौदहवें तीर्थंकर श्री अनन्तनाथ भगवान् की शासन-देवी (पव २८)।

अकुसिअ वि [अड्कुशित] अकुश की तरह मुडा हुआ (से १४, २६)।

अकुसी स्त्री [अड्कुशी] देखो अकुसा (सति १०)।

अकूर देखो अकुर, 'मा पुण विरतमित्ता निबंकुरे विसेसेइ' (सुपानि ६१ टी)।

अकेल्लण न [दे] घोडा आदि को मारने का चाबुक, कोडा, ओंगी (ज ४)।

अकेल्लि पु [दे] अशोक-वृक्ष (दे१, ७)।

अकोल्ल पु [अङ्कोठ] वृक्ष-विशेष (हे १,२००)।

अफुड वि [अस्फुट] अस्पष्ट, अव्यक्त (सुर ३ १०६, २१३, गा २६६, उप ७२८ टी)।
अफुडिअ वि [अस्फुटित] अखण्डित, नही टूटा हुआ (कुमा)।
अफुस वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य (भग)।
अफुसिय वि [अभ्रान्त] भ्रम-रहित (कुमा)।
अफुस्स देखो अफुस (ठा ३, २)।
अबभ न [अब्रह्म] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (पण्ह १ ४)। °चारि वि [°चारिन्] ब्रह्मचर्य नही पालनेवाला (पि ४०५, ५१५)।
अबद्धिय पु [अबद्धिक] 'कर्मो का आत्मा से स्पर्श ही होता है, न कि क्षीर-नीर की तरह ऐक्य' ऐसा माननेवाला एक निह्नव—जैनाभास। २ न उसका मत (ठा ७, विसे)।
अबल वि [अबल] बल रहित, निर्बल (पउम ४८, ११७)।
अबला स्त्री [अबला] स्त्री, महिला, जनाना (पाअ)।
अबस पु [अबश] वडवानल (से १, १)।
अबहिट्ठ न [दे अवहित्थ] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (सूत्र १, ६)।
अबहिम्मण वि [अबहिर्मनस्क] धर्मिष्ठ, धर्म-तत्पर (आचा)।
अबहिल्लेस) वि [अबहिलेश्य] जिसकी अबहिल्लेस्स) चित्त-वृत्ति बाहर न घूमती हो, सयत (भग, पण्ह २, ५)।
अबाधा देखो अबाहा (जीव ३)।
अबाह पु [अबाह] देश-विशेष (इक)।
अबाहा स्त्री [अबाधा] १ बाध का अभाव (ओघ ५२ भा, भग १४, ८)। २ व्यवधान, अन्तर (सम १६)। ३ बाध-रहित समय (भग)।
अबाहिर अ [अबहिस्] बाहर नही, भीतर (कुमा)।
अबाहिरय वि [अबाह्य] भीतरी, आभ्यन्तर (वव १)।
अबाहिरिय वि [अबाहिरिक] जिसके किले के बाहर वसति न हो ऐसा गाँव या शहर (बृह १)।
अबीय देखो अबीय (कप्प)।
अबुज्झ अ [अबुद्ध्वा] नही जान कर, 'केमिचि तक्काइ अबुज्झ भाव' (सूत्र १, १३, २०)।
अबुद्ध वि [अबुध] १ अजान, मूर्ख। (दस २)। २ अविवेकी (सूत्र °, ११)।
अबुद्धिय) वि [अबुद्धिक] बुद्धि-रहित, मूर्ख अबुद्धीय) (णाया १, १७, सूत्र १, २,१, पउम ८, ७४)।
अबुह वि [अबुध] १ अजान। (सूत्र १, २, १, जी १)। २ मूर्ख, बेवकूफ (पण्ह १, १)।
अबोह वि [अबोध] १ बोध-रहित, अजान। २ पु ज्ञान का अभाव (धर्म १)।
अबोहि पुस्त्री [अबोधि] १ ज्ञान का अभाव (सूत्र २,६)। २ जैन धर्म की अप्राप्ति। ३ बुद्धि-विशेष का अभाव (भग १, ६)। ४ मिथ्या-ज्ञान, 'अबोहिं परियाणामि बोहिं उवसप-ज्जामि' (आव ४)। ५ वि बोधि-रहित (भग)।
अबोहिय न [अबोधिक] ऊपर देखो (दस ६, सूत्र १, १ २)।
अब्° स्त्री व [अप्°] पानी, जल (श्रा २३)।
अब्बभ देखो अबभ (सुपा ३१०)।
अब्बभण्ण) न [अब्रह्मण्य] ब्रह्मण्य का अब्बम्हण्ण) अभाव (नाट, प्रयो ७६)।
अब्बीय देखो अबीय (चेइय ७३८)।
अब्बुद्धसिरी स्त्री [दे] इच्छा से भी अधिक फल की प्राप्ति (दे १, ४२)।
अब्बुय पु [अर्बुद] पर्वत-विशेष, जो आज-कल 'आबू' नाम से प्रसिद्ध है (राज)।
अब्बुय न [अर्बुद] जमा हुआ शुक्र और शोणित (तदु ७)।
अब्भ न [अभ्र] १ आकाश। (राय, पाअ)। २ मेघ, बादल (ठा ४, ४, पाअ)।
अब्भ सक [आ + भिद्] भेदन करना। अब्भे (आचा १, १, २, ३)।
अब्भग सक [अभि + अञ्ज्] तेल आदि से मर्दन करना, मालिश करना। अब्भंगइ, अब्भगेइ (महा)। सक्र अब्भगिउ, अब्भं-गेत्ता, अब्भगित्ता (ठा ३, १, पि २३४)। हेक्र अब्भगेत्तए (कस)।
अब्भग पु [अभ्यङ्ग] तेल-मर्दन, मालिश (निचू ३)।
अब्भगण न [अभ्यञ्जन] ऊपर देखो (णाया १, १, महा)।
अब्भगिएल्लय) वि [अभ्यक्त] तेलादि से अब्भगिय) मर्दित, मालिश किया हुआ (ओघ ८२, कप्प)।
अब्भतर न [अभ्यन्तर] १ भीतर, मे (गा ६२३)। २ वि भीतर का, भीतरी (राय, महा)। ३ समीप का, नजदीक का (सम्बन्धी) (ठा ८)। °ठाणिज्ज वि [°स्थानीय] नजदीक के सम्बन्धी, कौटुम्बिक लोग (विपा १, ३)। °तव पुं [°तपस्] विनय, वेया-वृत्य, प्रायश्चित्त, स्वाध्याय, ध्यान और कायो-त्सर्ग रूप अन्तरग तप (ठा ६)। °परिसा स्त्री [°परिषद्] मित्र आदि समान जनो की सभा (राय)। °लद्धि स्त्री [°लब्धि] अवधि-ज्ञान का एक भेद (विसे)। °सबुका स्त्री स्त्री [°शम्बूका] भिक्षा की एक चर्या, गति-विशेष (ठा ६)। °सगडुद्धिया स्त्री [°शक-टोर्द्धिका] कायोत्सर्ग का एक दोष (पव ५)।
अब्भतर वि [अभ्यन्तर] भीतरी, भीतर का (ज ७, ठा २, १, पण्ण ३६)।
अब्भसि वि [अभ्रंशिन्] १ भ्रष्ट नही होने-वाला (नाट)। २ अनष्ट (कुमा)।
अब्भक्खइज्ज देखो अब्भक्खा
अब्भक्खण न [दे] अकीर्त्ति, अपयश (दे १, ३१)।
अब्भक्खा सक [अभ्या + ख्या] झूठा दोष लगाना, दोषारोप करना। अब्भक्खाइ (भग ५, ७)। क्र. अब्भक्खइज्ज (आचा)।
अब्भक्खाण न [अभ्याख्यान] झूठा अभि-योग, असत्य दोषारोप (पण्ह १,२)।
अब्भट्ठ देखो अब्भत्थिय, 'उ(?अ)ब्भट्ठपरि-न्नाय' (पिंड २८१)।
अब्भड अ [दे] पीछे जाकर (हे ४, ३६५)।
अब्भणुजाण सक [अभ्यनु + ज्ञा] अनुमति,

देना, सम्मति देना। अब्भणुजाणिम्मदि (शौ) (पि ५३४)।

अब्भणुण्णा [अभ्यनुज्ञा] अनुमति, सम्मति (राज)।

अब्भणुण्णाय वि [अभ्यनुज्ञात] अनुमत समत (ठा ५, १)।

अब्भणुन्ना देखो अब्भणुण्णा।

अब्भणुन्नाय देखो अब्भणुण्णाय (णाया १, १, कप्प, सुर ३, ८८)।

अब्भण्ण न [अभ्यर्ण] १ निकट, नजदीक। २ वि समीपस्थ (पउम ९८ ६८)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ८८, ५८)।

अब्भत्त वि [अभ्यक्त] १ तेलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ। २ सिक्त, सींचा हुआ, 'दिमि-दिमि चब्भत्तभूरिकेयारो, पत्तो वासारत्तो' (सुर २ ७८)।

अब्भत्थ वि [अभ्यस्त] पठित, शिक्षित (सुपा ६७)।

अब्भत्थ सक [अभि + अर्थय] १ सत्कार करना। २ प्रार्थना करना। अब्भत्थम्ह (पि ४७०)। सक्त अब्भत्थइअ, अब्भत्थिअ (नाट)। कृ अब्भत्थणीय (अभि ७०)।

अब्भत्थण न [अभ्यर्थन] १ सत्कार। २ प्रार्थना (कप्पू, हे ४, ३८४)।

अब्भत्थणा } स्त्री [अभ्यर्थना] १ आदर,
अब्भत्थणिया } सत्कार (से ४, ४८)। २ प्रार्थना, विज्ञप्ति (वा ११, सुर १, १६), 'न सहेइ अब्भत्थणियं, असइ
गयाणवि पिट्ठिमसाइ।
दट्ठूण भासुरमुहं खलसीहं
को न बीहेइ' (वज्जा १२)।

अब्भत्थिय वि [अभ्यर्थित] १ आदृत, सत्कृत। २ प्रार्थित (सुर १, २१)।

अब्भन्न देखो अब्भण्ण (पाअ)।

अब्भपडल न [दे] उपधातु-विशेष, भोडल, अभ्रक अबरक (उत्त ३६, ७५)।

अब्भपिसाअ पु [दे अभ्रपिशाच] राहु (दे १, ४२)।

अब्भय पु [अर्भक] बालक, बच्चा (पाअ)।

अब्भय पु [अभ्रक] अबरख (जी ४)।

अब्भरहिय वि [अभ्यर्हित] सत्कार-प्राप्त, गौरवशाली (बृह १)।

अब्भवहरिय वि [अभ्यवहृत] भुक्त (सुख २, १७)।

अब्भवहार पु [अभ्यवहार] भोजन, खाना (विसे २२१)।

अब्भवालुया स्त्री [दे] अभ्रक का चूर्ण (उत्त ३६ ७५)।

अब्भव्व देखो अभव्व, 'अब्भव्वाण सिद्धा णंतगुणा णंतया भव्वा' (पंच ८४)।

अब्भस सक [अभि + अस्] सीखना, अभ्यास करना। वकृ अब्भसंत (स ६०६)। कृ अब्भसियव्व (सुर १४, ८५)।

अब्भसण न [अभ्यसन] अभ्यास (दसनि १)।

अब्भसिय वि [अभ्यस्त] सीखा हुआ (सुर १, १८० ६, १६)।

अब्भहर पु [दे] अभ्रक (पव ३, ३०)।

अब्भहिय वि [अभ्यधिक] विशेष, ज्यादा (सम २ सुर १ १७०)।

अब्भाअच्छ वि [अभ्या + गम्] समुख आना, सामने आना। अब्भाअच्छइ (षट्)।

अब्भाइक्ख देखो अब्भक्ख। अब्भाइक्खइ, अब्भाइक्खेज्जा (आचा)।

अब्भागम पु [अभ्यागम] १ समुपागमन। २ समीप स्थिति (निचू ७)।

अब्भागमिय } वि [अभ्यागत] १ समु-
अब्भागय } पागत। २ पु आगन्तुक, पाहुन, अतिथि (सूअ १,२,३ सुपा ५)।

अब्भायत्त } वि [दे] प्रत्यागत, वापस आया
अब्भायत्थ } हुआ (दे १, ३१)।

अब्भास पु [अभ्यास] गुणकार (अणु ७४, पिंड ५५५)।

अब्भास न [अभ्यास] १ निकट, नजदीक (से ६, ६०, पाअ)। २ वि समीपवर्ती, पार्श्व-स्थित (पाअ)। ३ पु शिक्षा, पढाई, सीख। ४ आवृत्ति (पाअ, बृह १)। ५ आदत (ठा ४, ४)। ६ आवृत्ति से उत्पन्न संस्कार (धर्म २)। ७ गणित का संकेत-विशेष (कम्म ४, ७८, ८३),

अब्भास सक [अभि + अस्] अभ्यास करना, आदत डालना,
'जं अब्भासइ जीवो, गुणं च दोसं च
एत्थ जम्मम्मि।
तं पावइ परलोए, तेण य
अब्भास-जाएण' (धर्म २, भवि)।

अब्भाहय वि [अभ्याहत] आघात-प्राप्त (महा)।

अब्भिग देखो अब्भग = अभि+अञ्ज्। प्रयो अब्भिगावेइ (पि २३४)।

अब्भिग देखो अब्भग = अभ्यग (णाया १, १८)।

अब्भिगण देखो अब्भगण (कप्प)।

अब्भिगिय देखो अब्भगिय (कप्प)।

अब्भितर देखो अब्भतर (कप्प, स ७, पण्ह ३ ५, णाया १, १३)।

अब्भितरओ अ [अभ्यन्तरतस] १ भीतर से। २ भीतर में (आवम)।

अब्भितरिय वि [आभ्यन्तरिक] भीतर का, अन्तरग (सम ६७, कप्प, णाया १, १)।

अब्भितरुद्धि पु [अभ्यन्तरोर्ध्विन्] कायोत्सर्ग का एक दोष, दोनो पैर के अगूठो को मिलाकर और पृष्णियो को बाहर फैलाकर किया जाता ध्यान-विशेष (चेइय ४८७)।

अब्भिट्ठ वि [दे] सगत, सामने आकर भिडा हुआ, 'हत्थी हत्थीण समं अब्भिट्टो रहवरो सह रहेण' (पउम ६, १८२, ८८, २७)।

अब्भिड सक [सं+गम्] सगति करना, मिलना। अब्भिडइ (कुमा, हे ४ १६४)। अब्भिडसु (सुपा १५२)।

अब्भिडिअ वि [संगत] सगत युक्त (पाअ, दे १, ७८)।

अब्भिडिअ वि [दे] सार, मजबूत (दे १, ७८)।

अब्भिण्ण वि [अभिन्न] भेदरहित (धर्म २)।

अब्भुअअ देखो अब्भुदय (से १५, ६५, स ३०)।

अब्भुक्ख सक [अभि + उक्ष्] सीचना करना। वकृ अब्भुक्खत (वज्जा ८६)।

अब्भुक्खण न [अभ्युक्षण] सिंचन करना, छिडकाव (स ५७६)।

अब्भुक्खणीया स्त्री [अभ्युक्षणीया] सीकर, आसार, पवन से गिरता जल (बृह १)।

अब्भुक्खिय वि [अभ्युक्षित] सिक्त (स ३४०)।

अब्भुगम पु [अभ्युद्गम] उदय, उन्नति (सूत्र १,१४)।

अब्भुग्गय वि [अभ्युद्गत] १ उन्नत। २ उत्पन्न (णाया १, १)। ३ ऊँचा किया हुआ, उठाया हुआ (ओप)। ४ चारो तरफ फैला हुआ (सद १८)।

अब्भुग्गय वि [अभ्रोद्गत] ऊँचा उन्नत (णा १२, ५)।

अब्भुच्चय पु [अभ्युच्चय] समुच्चय (भास ६५)।

अब्भुज्जय वि [अभ्युद्यत] १ उद्यत, उद्यम-युक्त (णाया १, ५)। २ तैयार (णाया १, १, सुपा २२२)। ३ पु एकाकी विहार (पव्व १२ टी)। ४ जिनकल्पिक मुनि (पचव ४)।

अब्भुट्ठ उभ [अभ्युत्+स्था] १ आदर करने के लिए खड़ा होना। २ प्रयत्न करना। ३ तैयारी करना। अब्भुट्ठेइ (महा)। वकृ अब्भुट्ठमाण (स ८१६)। संकृ अब्भुट्ठित्ता (भग)। हेकृ अब्भुट्ठित्तए (ठा २, १)। कृ अब्भुट्ठेयव्व (ठा ८)।

अब्भुट्ठण न [अभ्युत्थान] आदर के लिए खड़ा होना (से १०,११)।

अब्भुट्ठा देखो अब्भुट्ठ।

अब्भुट्ठाण देखो अब्भुट्ठण (सम ५१ सुपा ३७६)।

अब्भुट्ठिय वि [अभ्युत्थित] १ सम्मान करने के लिए जो खड़ा हुआ हो (णाया १, ८)। २ उद्यत, तैयार, 'अब्भुट्ठिएसु मेहेसु' (णाया १, १, पडि)।

अब्भुट्ठेत्तु [अभ्युत्थातृ] अभ्युत्थान करने-वाला (ठा ५, १)।

अब्भुण्णय वि [अभ्युन्नत] १ उन्नत, ऊँचा (पण्ह १, ४)।

अब्भुण्णयत वकृ [अभ्युन्नयत्] १ ऊँचा करता हुआ। २ उत्तेजित करता हुआ, 'तीएवि जलंति दीवत्तिमब्भुण्णमंतीए' (गा २६४)।

अब्भुत्त अक [स्ना] स्नान करना। अब्भुत्तइ (हे ४, १४)। वकृ अब्भुत्तंत (कुमा)।

अब्भुत्त अक [प्र+दीप्] १ प्रकाशित होना। २ उत्तेजित होना। अब्भुत्तइ (हे ४ १५२)। अब्भुत्तए (कुमा)। प्रयो अब्भुत्तेति (से ५, ५९)।

अब्भुत्तिअ वि [प्रदीप्त] १ प्रकाशित। २ उत्तेजित (से १५, ३८)।

अब्भुत्थ वि [अभ्युत्थ] उत्पन्न, 'पुव्वभवब्भु-त्थसिणेहाओ' (महा)।

अब्भुत्थ } देखो अब्भुट्ठा। वकृ अब्भुत्थत
अब्भुत्था } (से १२, १८)। संकृ अब्भु-त्थित्ता (काल)।

अब्भुदय पु [अभ्युदय] १ उन्नति, उदय (प्रयौ २६), 'अब्भुदयभूयब्भुदय लद्धूण नरभव मुदीहद्ध' (उप ७६८ टी)।

अब्भुद्धर सक [अभ्युद्+धृ] उद्धार करना। अब्भुद्धरामि (भवि)।

अब्भुद्धरण न [अभ्युद्धरण] १ उद्धार (स ६४३)। २ वि. उद्धार-कारक (हे ४,३३४)।

अब्भुन्नय देखो अब्भुण्णय (णाया १, १)।

अब्भुब्भड वि [अभ्युद्भट] अत्युद्भट विशेष उद्धत (भवि)।

अब्भुय न [अद्भुत] १ आश्चर्य विस्मय (उप ७६८ टी)। २ वि आश्चर्य-कारक (राय, सुपा, ३५)। ३ पु साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध रसो मे से एक,

'विम्हयकरो अपुव्वो, अभूयपुव्वो य जो
रसो होइ।
हरिसविसाउप्पत्तो, लक्खणओ अब्भुओ नाम'
(अणु)।

अब्भुवगच्छ सक [अभ्युप+गम्] १ स्वीकार करना। २ पास जाना। प्रयो सकृ अब्भुवगच्छाविय (पि १६३)।

अब्भुवगच्छाविअ वि [अभ्युपगमित] स्वीकार कराया हुआ, 'ताहे तेहिं कुमारेहि सवो मज पाएत्ता अब्भुवगच्छाविओ विगयमओ चिंतेइ' (आक पृ ३०)।

अब्भुवगम पु [अभ्युपगम] १ स्वीकार, अङ्गीकार (सम १४५, स १७०)। २ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध सिद्धान्त-विशेष (बृह १, सूत्र १, १२)।

अब्भुवगमणा स्त्री [अभ्युपगमना] स्वीकार, अङ्गीकार (उप ८०९)।

अब्भुवगय वि [अभ्युपगत] १ स्वीकृत (सुर ६, ५८)। २ समीप मे गया हुआ (आचा)।

अब्भुववण्ण वि [अभ्युपपन्न] अनुग्रह-प्राप्त, अनुगृहीत (नाट, पि १६३ २७६)।

अब्भुववत्ति स्त्री [अभ्युपपत्ति] अनुग्रह, मेहरबानी (अभि १०४)।

अब्भुवे सक [अभ्युप+इ] स्वीकार करना। अब्भुवेजामि (णाया १ १६ टी, पत्र २०५)।

अब्भो देखो अब्बो (षड्)।

अब्भोक्खिय वि [अभ्युक्षित] सिक्त सींचा हुआ (सुर ६ १६१)।

अब्भोज्ज वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य (पिंड १६०)।

अब्भोय (अप) देखो आभोग (भवि)।

अब्भोवगमिय वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत। °ा स्त्री [°ा] स्वेच्छा से स्वीकृत तपश्चर्यादि की वेदना (ठा ४, ३)।

अब्हिड देखो अब्भिड। अब्हिडइ (षड्)।

अब्हुत्त देखो अब्भुत्त अब्हुत्तइ (षड्)।

अभग्ग वि [अभग्न] १ अखण्डित, अत्रुटित (पडि)। २ इस नाम का एक चोर (विपा १, १)।

अभत्त वि [अभक्त] १ भक्ति नही करनेवाला (कुमा)। २ न भोजन का अभाव (वव ७)। °ट्ठ पु [°ार्थ] उपवास (आचू, पडि, सुपा ३१७)। °ट्ठिय वि [°ार्थिक] उपोषित, जिसने उपवास किया हो वह (पचव २)।

अभय न [अभय] १ भय का अभाव, धैर्य (राय)। २ जीवित, मरण का अभाव (सूत्र १,६)। ३ वि भय-रहित, निर्भीक (आचा)। ४ पु राजा श्रेणिक का एक विख्यात पुत्र और मन्त्री, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु १, णाया १, १)। °कुमार पु [°कुमार] देखो अनन्तरोक्त अर्थ (पडि)। °दय वि [°दय] भय-विनाशक, जीवित-दाता (पडि)। °दाण न [°दान] जीवित-दान (पण्ह २, ४)। °देव पु [°देव] कईएक विख्यात जैनाचार्य और ग्रन्थकारो का नाम (मुणि १०८७४, गु १४, ती ४०, सार्ध ७३)। °प्पदाण न [°प्रदान] जीवित का दान (सूत्र १,६)। °वत्त न [°वत्त्व] निर्भयता,

अभय (सुपा १८)। °सेण पुं [°सेन] एक राजा का नाम (पिंड)।

अभयकर वि [अभयकर] अभय देनेवाला, अहिंसक (सूअ १, ६, २८)।

अभयकरा स्त्री [अभयकरा] भगवान् अभिनन्दन की दीक्षा-शिविका (विचार १२६)।

अभया स्त्री [अभया] १ हरीतकी, हर्रे, हरड़ई (निचू १५)। २ राजा दधिवाहन की स्त्री का नाम (ती ३५)।

अभयारिट्ठ न [अभयारिष्ट] मद्य-विशेष (सूअ १ ८)।

अभवसिद्धिय } पु [अभवसिद्धिक, अभव्य, अभवसिद्धीय } मुक्ति के लिये अयोग्य जीव (ठा २, २ णंदि ठा १)।

अभविय } वि [अभव्य] १ असुन्दर अचारु अभव्व } (विसे)। २ पु मुक्ति के लिये अयोग्य जीव (विसे कम्म ३,२३)।

अभाअ वि [अभाग] अस्थान, अयोग्य स्थान (से ८,८२)।

अभाइ वि [अभागिन्] अभागा, हत-भाग्य कमनसीब (चारु २६)।

अभागधेज्ज वि [अभागधेय] ऊपर देखो (पउम २८ ८६)।

अभाव पु [अभाव] १ ध्वंस नाश (बृह १)। २ अविद्यमानता, असत्त्व (पंचा ३)। ३ असम्भव (दस १)। ४ अशुभ परिणाम (उत्त १)।

अभाविअ वि [अभावित] अयोग्य, अनुचित (ठा १०, बृह १)।

अभावुग वि [अभावुक] जिसपर दूसरे के संग की असर न पड सके वह, 'विसहरमणी अभावुगदव्वं जीवो उ भावुग तम्हा' (सुपा १७५, ओघ ७७३)।

अभासग } वि [अभाषक] १ बोलने की अभासय } शक्ति जिसको उत्पन्न न हुई हो वह। २ नहीं बोलनेवाला। ३ पु केवल त्वग्-इन्द्रियवाला एकेन्द्रिय जीव। ४ मुक्त आत्मा (ठा २, ४; भग; अणु)।

अभासा स्त्री [अभाषा] १ असत्य वचन। २ सत्य-मिश्रित असत्य वचन (भा २५, ३)।

अभि अ [अभि] निम्न-लिखित अर्थों में से किसी एक को बतलानेवाला अव्यय—१ समुख, सामने, 'अभिमुहणाय' (ओघ)। २ चारो ओर, समन्तात्, 'अभिदो' (स्वप्न ४२)। ३ बलात्कार 'अभिओग' (धर्म २)। ४ उल्लघन, अतिक्रमण 'अभिकंत' (आचा)। ५ अत्यन्त ज्यादा 'अभिदुग्ग' (सूअ १, ५, २)। ६ लक्ष्य 'अभिमुह'। ७ प्रतिकूल, 'अभिवाय' (आचा)। ८ विकल्प। ९ सभावना (निचू १)। १० निरर्थक भी इस अव्यय का प्रयोग होता है, 'अभिमतिय' (सुर १६, ६२)।

अभिअण पु [अभिजन] १ कुल। २ जन्म-भूमि (नाट)।

अभिआवण्ण वि [अभ्यापन्न] समुख-आगत (सूअ १, ४, २)।

अभिइ स्त्री [अभिजित्] नक्षत्र-विशेष (ठा २, ३)।

अभिइ सक (अभि + इ] सामने जाना, समुख जाना। वकृ अभितंत (उत्त १८२ टी)।

अभिउज देखो अभिजुज। सकृ. अभि-उंजिय (ठा ३, ४, दस १०)।

अभिओअ } पुं [अभियोग] १ आज्ञा, अभिओग } हुकुम (ओप ठा १०)। २ बलात्कार, 'अभिओगे अ निओगे' (आ ५)। ३ बलात्कार से कोई भी कार्य में लगाना (धर्म २)। ४ अभिभव, पराभव (आव ५)। ५ कार्मण-प्रयोग, वशीकरण, वश करने का चूर्ण या मन्त्र-तन्त्रादि,

'दुविहो खलु अभिओगो, दव्वे भावे य
होइ नायव्वो।
दव्वम्मि होइ जोगो विज्जा मंता य भावम्मि'
(ओघ ५६७)।

६ गर्व, अभिमान (आव ५)। ७ आग्रह, हठ (नाट)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] विद्या-विशेष (गाया १,१६)। देखो अहिओय।

अभिओग पु [अभियोग] उद्यम, उद्योग (सिरि ५८)।

अभिओगी स्त्री [आभियोगी] भावना-विशेष, ध्यान-विशेष, जो अभियोगिक देव-गति (नौकर-स्थानीय देव-जाति) मे उत्पन्न होने का हेतु है (बृह १)।

अभिओयण न [अभियोजन] देखो अभि-ओग (आव; पएण २०)।

अभिगण } देखो अहंगण (नाट, रत्ना)।
अभिजण }

अभिकंख सक [अभि + काङ्क्ष्] इच्छा करना, चाहना। अभिकंखेज्जा (आचा)। वकृ अभिकखमाण (दस ६, ३)।

अभिकखा स्त्री [अभिकाङ्क्षा] अभिलाषा, इच्छा (आचा)।

अभिकखि } वि [अभिकाङ्क्षिन्] अभि-अभिकखिर } लाषी, इच्छुक (पि ४०५, सुपा १२६)।

अभिकंत वि [अभिक्रान्त] १ गत, अति-क्रान्त, 'अणभिकंतं च वयं सपेहाए' (आचा)। २ समुख गत। ३ आरब्ध। ४ उल्लघित (आचा सूअ २, २)।

अभिक्कम सक [अभि + क्रम्] १ जाना, गुजरना। २ सामने जाना। ३ उल्लघन करना। ४ शुरू करना। वकृ. अभिक्कममाण (आचा)। सकृ अभिक्कम्म (सूअ १,१,२)।

अभिक्कम पु [अभिक्रम] १ उल्लघन। २ प्रारम्भ। ३ समुख-गमन। ४ गमन, गति (आचा)।

अभिक्खं } अ [अभीक्ष्ण] बारबार (उप अभिक्खण } १४७ टी, ठा २,४, वव ३)।

अभिक्खा स्त्री [अभिख्या] नाम (विसे १०४८)।

अभिगच्छ सक [अभि + गम्] प्राप्त करना। अभिगच्छइ (दस ४, २१, २२, ६, २, २)।

अभिगच्छ सक [अभि + गम्] सामने जाना। अभिगच्छति (भग २, ९)।

अभिगच्छणया स्त्री [अभिगमन] समुख-गमन (ओप)।

अभिगच्छणा देखो अभिगच्छणया (वव १)।

अभिगज्ज अक [अभि + गर्ज्] गर्जना, खूब जोर से आवाज करना। वकृ अभि-गज्जंत (गाया १, १८, सुर १३, १८२)।

अभिगम देखो अभिगच्छ। कृ अभिगम-णीय (उ ६७९)।

अभिगम पुं [अभिगम] १ प्राप्ति, स्वीकार (पक्खि)। २ आदर, सत्कार (भग २, ५)। ३ (गुरु का) उपदेश, सीख (गाया १, १)।

४ ज्ञान, निश्चय (पव १४६)। ५ सम्यक्त्व का एक भेद (ठा २, १)। ६ प्रवेश (से ८, ३३)।

अभिगमण न [अभिगमन] ऊपर देखो (स्वप्न १६, णाया १, १२)।

अभिगमि वि [अभिगमिन्] १ आदर करने वाला। २ उपदेशक। ३ निश्चय-कारक। ४ प्रवेश करने वाला ५ स्वीकार करने वाला, प्राप्त करने वाला (पण्ण ३४)।

अभिगअ वि [अभिगत] १ प्राप्त। २ सम्मुख। ३ उपदिष्ट। ४ प्रविष्ट (बृह १)। ५ ज्ञात, निश्चित (णाया १, १)।

अभिगहिय न [अभिग्रहिक] मिथ्यात्व-विशेष (कम्म ४, ५१)।

अभिगिज्झ अक [अभि + गृध्] अति लोभ करना, आसक्त होना। वकृ अभिगिज्झंत (सूत्र २, २)।

अभिगिण्ह } सक [अभि + ग्रह्] ग्रहण करना, स्वीकारना। अभि-
अभिगिन्ह }
गिण्हह (कप्प)। संकृ अभिगिन्हित्ता, अभिगिज्झ (पि ५८२, ठा २ १)।

अभिग्गह पु [अभिग्रह] १ प्रतिज्ञा, नियम। (ओघ ३)। २ जैन साधुओं का आचार-विशेष (बृह १)। ३ प्रत्याख्यान, (नियम-विशेष) का एक भेद (आव ६)। ४ कदाग्रह, हठ (ठा २, १)। ५ एक प्रकार का शारीरिक विनय (वव १)।

अभिग्गहणी स्त्री [अभिग्रहणी] भाषा का एक भेद, असत्य-मृषा वचन (सबोध २१)।

अभिग्गहिय वि [अभिग्रहिक] अभिग्रह वाला (ठा २, १, पव ६)।

अभिग्गहिय वि [अभिगृहीत] १ जिसके विषय में अभिग्रह किया गया हो वह (कप्प, पव ६)। २ न अवधारण, निश्चय (पण्ण ११)।

अभिघट्ट सक [अभि + घट्ट] वेग से जाना। कवकृ अभिघट्टिज्जमाण (राय)।

अभिघाय पु [अभिघात] प्रहार, मार पीट, हिंसा (पण्ह १, १, बृह ४)।

अभिचंद पु [अभिचन्द्र] १ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी (अंत ३)। २ इस नाम का एक कुलकर पुरुष (पउम ३, ५५)। ३ मुहूर्त-विशेष। (सम ५१)।

अभिजण देखो **अभिअण** (स्वप्न २६)।

अभिजस न [अभियशस्] इस नाम का एक जैन साधुओं का कुल (एक आचार्य की संतति) (कप्प)।

अभिजाइ स्त्री [अभिजाति] कुलीनता, खानदानी (उत्त ११)।

अभिजाण सक [अभि + ज्ञा] जानना। वकृ **अभिजाणमाण** (आचा)।

अभिजात पु [अभिजात] पक्ष का ग्यारहवाँ दिन (सुज्ज १०,१४)।

अभिजाय वि [अभिजात] १ उत्पन्न, 'अभिजायसड्ढो' (उत्त १४)। २ कुलीन (राज)।

अभिजुंज सक [अभि + युज्] १ मन्त्र-तन्त्रादि से वश करना। २ कोई कार्य में लगाना। ३ आलिंगन करना। ४ स्मरण कराना, याद दिलाना। संकृ **अभिजुंजिय, अभिजुंजियाण, अभिजुंजित्ता** (भग २, ५ सूत्र १ ५ ७ आचा भग ३, ५)।

अभिजुत्त वि [अभियुक्त] १ व्रत-नियम में जिसने दूषण न लगाया हो वह (णाया १, १४)। २ जानकार, पण्डित (णदि)। ३ दुश्मन से घिरा हुआ (वेणी १२०)।

अभिज्झा स्त्री [अभिध्या] लोभ, लोलुपता, आसक्ति (सम ७१, पण्ह १, ५)।

अभिज्झिअ वि [अभिध्यित] अभिलषित, वाञ्छित (पण्ण २८)।

अभिट्टिअ वि [अभीष्ट] अभिलषित (वज्जा १६४)।

अभिट्ठुय वि [अभिष्टुत] वर्णित, श्लाघित, प्रशंसित (आव २)।

अभिडुय देखो **अभिदूद्रुय** (सूत्र १, २, ३)।

अभिणअत } देखो **अभिणी**
अभिणइज्जत }

अभिणंद सक [अभि + नन्द्] १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। २ आशीर्वाद देना। ३ प्रीति करना। ४ खुशी मनाना। ५ चाहना, इच्छा करना। ६ बहुमान करना, आदर करना। अभिणंदइ (स १६३)। वकृ **अभिणंदंत** (ओप, णाया १, १, पउम ५, १३०)। कवकृ **अभिणंदिज्जमाण** (ठा ६, णाया १, १)।

अभिणंदिय वि [अभिनन्दित] जिसका अभिनन्दन किया गया हो वह (सुपा ३१०)।

अभिणंदण न [अभिनन्दन] १ अभिनन्दन। २ पु वर्तमान अवसर्पिणीकाल के चतुर्थ जिनदेव (सम ८३)। ३ लोकोत्तर श्रावणमास। (सुज्ज १०)।

अभिणय पु [अभिनय] शारीरिक चेष्टा के द्वारा हृदय का भाव प्रकाशित करना, नाट्य-क्रिया (ठा ४, ४)।

अभिणव वि [अभिनव] नूतन, नया (जीव ३)।

अभिणिक्खंत वि [अभिनिष्क्रान्त] दीक्षित, प्रव्रजित (स २७८)।

अभिणिगिण्ह सक [अभिनि + ग्रह्] रोकना, अटकाना। संकृ **अभिणिगिज्झ** (पि ३३१, ५९१)।

अभिणिचारिया स्त्री [अभिनिचारिका] भिक्षा के लिए गति-विशेष (वव ४)।

अभिणिपया स्त्री [अभिनिप्रजा] अलग-अलग रही हुई प्रजा (वव ९)।

अभिणिबुज्झ सक [अभिनि + बुध्] जानना, इन्द्रिय आदि द्वारा निश्चित रूप से ज्ञान करना। अभिणिबुज्झए (विसे ८१)।

अभिणिबोह पु [अभिनिबोध] ज्ञान-विशेष, मति-ज्ञान (सम्म ८६)।

अभिणियट्टण न [अभिनिवर्त्तन] पीछे लौटना, वापस जाना (आचा)।

अभिणिविट्ठ वि [अभिनिविष्ट] १ तीव्र रूप से निविष्ट। २ आग्रही (उत्त १४)।

अभिणिवेस पु [अभिनिवेश] आग्रह, हठ (णाया १, १२)।

अभिणिवेसि वि [अभिनिवेशिन्] कदाग्रही (अज्झ १५७)।

अभिणिवेह पु [अभिनिवेध] उलटा मापना (आवम)।

अभिणिव्वागड वि [दे अभिनिर्व्याकृत] भिन्न परिधि वाला, पृथग्भूत (घर वगैरह) (वव १, ६)।

अभिणिव्वट्ट सक [अभिनि + वृत्] रोकना, प्रतिषेध करना, 'से मेहावी अभिणिव्वट्टेज्जा कोहं च माणं च मायं च लोभं च पेज्जं च दोसं च मोहं च गब्भं च जम्मं च मारं च नरयं च तिरियं च दुक्खं च' (आचा)।

अभिणिव्वट्ट सक [अनिर् + वृत्] १ संपादित करना, निष्पन्न करना। २ उत्पन्न करना। संकृ—अभिणिव्वट्टित्ता, (भग ५, ८)।

अभिणिव्वट्ट वि [अभिनिर्वृत्त] १ निष्पन्न। २ उत्पन्न 'इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूआ अभिसंजाया अभिणिव्वट्टा अभिसंवुड्ढा अभिसंबुद्धा अभिनिक्खंता अणुपुव्वेण महामुणी' (आचा)।

अभिणिव्वुड वि [अभिनिर्वृत्त] १ मुक्त, मोक्ष-प्राप्त (सूअ १, २, १)। २ शान्त, अकुपित (आचा)। ३ पाप से निवृत्त (सूअ १, ३, १)।

अभिणिसज्जा स्त्री [अभिनिषद्या] जैन साधुओं के रहने का स्थान-विशेष (वव १)।

अभिणिसट्ठ देखो अभिणिसिट्ठ (सुज्ज ६)।

अभिणिसिट्ठ वि [अभिनिसृष्ट] बाहर निकला हुआ (जीव ३)।

अभिणिसेहिया स्त्री [अभिनैषेधिकी] जैन साधुओं के स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष (वव १)।

अभिणिस्सव अक [अभिनिर् + स्रु] निकलना। अभिणिस्सवंति (राय ७८)।

अभिणी सक [अभि + नी] अभिनय करना, नाट्य करना। वकृ अभिणअंत (मै ७५)। कवकृ अभिणइज्जंत (सुपा ३५६)।

अभिणूम न [अभिनूम] माया, कपट (सुअ १, २, १)।

अभिण्ण वि [अभिज्ञ] जानकार, निपुण (उप ५८०)।

अभिण्ण वि [अभिन्न] १ अत्रुटित, अविदारित, अखण्डित (उवा, पचा ११)। २ भेदरहित, अपृथग्भूत (बृह ३)।

अभिण्णपुड पु [दे] खाली पुड़िया, लोगों को ठगने के लिए लड़के जिसको रास्ता पर रख देते हैं (दे १, ८८)।

अभिण्णाण न [अभिज्ञान] निशानी, चिह्न (श्रा १४)।

अभिण्णाय वि [अभिज्ञात] जाना हुआ, विदित (आचा)।

अभितज्ज सक [अभि + तर्ज्] तिरस्कार करना, ताडन करना। वकृ अभितज्जेमाण (णाया १, १८)।

अभितत्त वि [अभितप्त] १ तपाया हुआ, गरम किया हुआ (सूअ १, ८, १, २७)।

अभितव सक [अभि + तप्] १ तपाना। २ पीड़ा करना, 'चत्तारि अगणिओ समारभित्ता जेहिं कूरकम्मा भितविंति, बाल' (सूअ १, ५, १, १३)। कवकृ अभितप्पमाण, 'ते तत्थ चिट्ठंतिभितप्पमाणा मच्छा व जीवंतुवजोतिपत्ता' (सूअ १, ५, १, १३)।

अभिताव सक [अभि + तापय्] १ तपाना, गरम करना। २ पीडित करना। अभितावयंति (सूअ १, ५, १, २१, २०)।

अभिताव पु [अभिताप] १ दाह। २ पीडा (सूअ १, ५, १, २, ६)।

अभितास सक [अभि + त्रासय्] त्रास उपजाना, भयभीत करना। वकृ अभितासेमाण (णाया १, १८)।

अभित्थु सक [अभि + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना, वर्णन करना। अभित्थुणंति, अभित्थुणामि (पि ४९४, विसे १०५४)। वकृ अभित्थुणमाण (कप्प)। कवकृ अभित्थुव्वमाण (रयण ९८)।

अभित्थुय वि [अभिष्टुत] स्तुत, श्लाघित (सथा)।

अभिथु देखो अभित्थु। वकृ. अभिथुणंत (णाया १, १)। कवकृ अभिथुव्वमाण (कप्प, ठा ६)।

अभिदुग्ग वि [अभिदुर्ग] १ दुःखोत्पादक स्थान। २ अतिविषम स्थान (सूअ १, ५, १, १७)।

अभिदो (शौ) अ [अभित.] चारों ओर से (स्वप्न ४२)।

अभिद्दव सक [अभि + द्रु] पीड़ा करना, दुःख उपजाना, हैरान करना, 'नुदंति वायाहिं अभिद्दव णरा' (आचा २, १६, २)।

अभिद्दविय वि [अभिद्रुत] उपद्रुत, हैरान किया हुआ (सुर १२, ६७)।

अभिद्दुय देखो अभिद्दविय (णाया १, ९; स ५६)।

अभिधाइ वि [अभिधायिन्] वाचक, कहनेवाला (विसे ३८७२)।

अभिधार सक [अभि + धारय्] १ चिन्तन करना। २ स्पष्ट करना। अभिधारए (दस ५, २, २५; उत्त २, २१), अभिधारयामो (सूअ २, ६, १६)। वकृ अभिधारयंत (उत्तनि ३)।

अभिधारण न [अभिधारण] धारणा, चिन्तन (बृह ३)।

अभिधेज्ज } पु [अभिधेय] अर्थ, वाच्य,
अभिधेय } पदार्थ (विसे १ टी)।

अभिनंद देखो अभिणंद। वकृ अभिनंदमाण (कप्प)। कवकृ अभिनंदिज्जमाण (महा)।

अभिनंदण देखो अभिणंदण (कप्प)।

अभिनंदि स्त्री [अभिनन्दि] आनन्द, खुशी, 'पावेउ अ नंदिसेणमभिनंदिं' (अजि ३७)।

अभिनिक्खंत देखो अभिणिक्खंत (आचा)।

अभिनिक्खम अक [अभिनिर् + क्रम्] दीक्षा (संन्यास) लेना, दीक्षा लेने की इच्छा करना गृहवास से बाहर निकलना। वकृ अभिनिक्खमंत (पि ३९७)।

अभिनिगिण्ह देखो अभिणिगिण्ह (आचा)।

अभिनिबुज्झ देखो अभिणिबुज्झ। अभिनिबुज्झइ (विसं ९८)।

अभिनिवट्ट देखो अभिणिवट्ट। संकृ अभिनिवट्टित्ताण (पि ५८३)।

अभिनिविट्ठ देखो अभिणिविट्ठ (भग)।

अभिनिवेस सक [अभिनि + वेशय्] १ स्थापन करना। २ करना। अभिनिवेसए (दस ८, ५९)।

अभिनिवेसिय न [अभिनिवेशिक] मिथ्यात्व का एक प्रकार, सत्य वस्तु का ज्ञान होने पर भी उसे नहीं मानने का दुराग्रह (श्रा ६, कम्म ४, ५१)।

अभिनिव्वट्ट देखो **अभिणिव्वट्ट** (कप्प, आचा)।

अभिनिव्वट्ट अक [अभिनि + वृत्] पृथक् होना। वकृ. **अभिनिव्वट्टमाण** (सूत्र २, ३, २१)।

अभिनिव्वट्ट सक [अभिनिर् + वृत्] जीतना। सकृ 'कोसाओ असि अभिनिव्वट्टित्ता (सूत्र २, १, १६)।

अभिनिव्वागड वि [अभिनिर्व्याकृत] विभिन्न द्वार वाला (मकान)। (वव १ टी)।

अभिनिव्विट्ठ वि [अभिनिर्विष्ट] सजात, उत्पन्न (कप्प)।

अभिनिव्वुड देखो **अभिणिव्वुड** (पि २१९)।

अभिनिसढ वि [अभिनि सट] जिसका स्कन्ध प्रदेश बाहर निकल आया हो वह (भग १५, पत्र ६६६)।

अभिनिस्सव देखो **अभिणिस्सव** अभिनिस्सवति (राय ७५)।

अभिनिस्सव अक [अभिनि + स्रु] टपकना, झरना। अभिनिस्सवइ (भग)।

अभिन्न देखो **अभिण्ण** (प्राप्र)।

अभिन्नाण देखो **अभिण्णाण** (ओघ ४३९, सुर ७, १०१)।

अभिन्नाय देखो **अभिण्णाय** (कप्प)।

अभिपज्झाणिय वि [अभिपर्याणित] अध्यारोपित, ऊपर रखा हुआ (कुमा)।

अभिपवुट्ठ वि [अभिप्रवृष्ट] बरसा हुआ (आचा २, ३, १, १)।

अभिपाइय वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय सम्बन्धी, मन कल्पित (अणु)।

अभिप्पाय पु [अभिप्राय] आशय मन-परिणाम (आचा, स ३४, सुपा २६२)।

अभिप्पेय वि [अभिप्रेत] इष्ट, अभिमत (स २३)।

अभिभव सक [अभि + भू] पराभव करना, परास्त करना। अभिभवइ (महा)। सकृ. **अभिभविय, अभिभूय** (भग ६, ३३, पण्ह १, २)।

अभिभव पुं [अभिभव] पराभव, पराजय, तिरस्कार (आचा, दे १, ५७)।

अभिभवण न [अभिभवन] ऊपर देखो (सुपा ४७९)।

अभिभास सक [अभि + भाष्] सभाषण करना। अभिभासे (पि १६६)।

अभिभूइ स्त्री [अभिभूति] पराभव, अभिभव (द्र ३०)।

अभिभूय वि [अभिभूत] पराभूत, पराजित (आचा, सुर ४, ७९)।

अभिमजु देखो **अभिमण्णु** (हे ४, ३०५)।

अभिमत सक [अभि + मन्त्रय्] मंत्रित करना, मन्त्र से सस्कारना। सकृ. **अभिमतिऊण, अभिमतिय** (निचू १, आवम)।

अभिमंतिय वि [अभिमन्त्रित] मन्त्र से सस्कारित (सुर १६, ६२)।

अभिमन्न सक [अभि + मन्] १ अभिमान करना। २ सम्मत करना। अभिमन्नइ (विसे २१९०, २६०३)।

अभिमय वि [अभिमत] इष्ट, अभिप्रेत (सूत्र २, ४)।

अभिमाण पु [अभिमान] अभिमान, गर्व (निचू १)।

अभिमार पु [अभिमार] वृक्ष विशेष (राज)।

अभिमुह वि [अभिमुख] १ समुख, सामने स्थित। २ क्रिवि सामने (भग)।

अभिमुहिय वि [अभिमुखित] समुख किया हुआ (सूअनि १४६)।

अभियागम पु [अभ्यागम] समुख आगमन (सूत्र १, १, ३, २)।

अभियावन्न वि [अभ्यापन्न] संमुख प्राप्त (सूत्र १, ४, २, २८)।

अभिरइ स्त्री [अभिरति] १ रति, सभोग। २ प्रीति, अनुराग, (विसे ३२२३)।

अभिरम अक [अभि + रम्] १ क्रीडा करना, सभोग करना। २ प्रीति करना। ३ तल्लीन होना, आसक्ति करना। अभिरमइ (महा)। वकृ. **अभिरमत, अभिरममाण** (सुपा १२०, णाया १, २, ४)।

अभिरमिय वि [अभिरमित] अनुरक्त किया हुआ, 'अभिरमियकुमुयवणसड ससिमडल पलोयइ' (सुपा ३४)।

अभिरमिय वि [अभिरमित] सभुक्त, 'जेणाभिरमिय परकलत्त' (धर्मवि १२८)।

अभिरमिय, अभिरय वि [अभिरत] १ अनुरक्त (सुपा ३४)। २ तल्लीन, तत्पर, 'साहू तवनियमसजमाभिरया' (पउम ३७, ६३, स १२२)।

अभिराम वि [अभिराम] सुन्दर, मनोहर (णाया १, १३, स्वप्न ४५)।

अभिराम सक [अभि + रामय्] तत्परता मे कार्य मे लगाना। अभिरामयति (दस ६, ४, १)।

अभिरुइय वि [अभिरुचित] पसद, मन का अभिमत (णाया १, १, उत्रा, सुपा ३४४, महा)।

अभिरुय सक [अभि + रुच्] पसंद पडना, रुचना। अभिरुयइ (महा)।

अभिरूयसि वि [अभिरूपिन्] सुन्दर रूप वाला, मनोहर (आचा २, ४, २, १)।

अभिरुह सक [अभि + रुह्] १ रोकना। २ ऊपर चढना, आरोहना। सकृ

'चत्तारि साहिए मासे बहवे
पाणजाइया आगम्म।
अभिरुज्झ काय विहरिसु,
आरुहिया ण तत्थ हिंसिसु'
(आचा)।

अभिरोहिय वि [अभिरोधित] चारो ओर से निरुद्ध, रोका हुआ (णाया १, ९)।

अभिरोहिय वि [अभिरोहित] ऊपर देखो, 'परचक्करायाभिरोहिया', ('परचक्रराजेनापरसैन्यनृपतिनाभिरोहिता सर्वत कृतनिरोधा या सा तथा' टी) (णाया १, ९)।

अभिलघ सक [अभि + लङ्घ्] उल्लघन करना। वकृ **अभिलंघमाण** (णाया १, १)।

अभिलप्प वि [अभिलाप्य] कथन-योग्य निर्वचनीय (आचू १)।

अभिलस सक [अभि + लष्] चाहना, वाञ्छना। अहिलसइ (उव)।

अभिलाअ, अभिलाव पु [अभिलाप] १ शब्द, ध्वनि (ठा ३, १, भास २७)। २ सभाषण (णाया १,८, विसे)।

अभिलास पु [अभिलाष] इच्छा, चाह (णाया १,९, प्रयौ ६१)।

अभिलासि, अभिलासिण वि [अभिलाषिन्] चाहने वाला, इच्छुक (वसु, स ६५४, पउम ३१, १२८)।

अभिलासुग वि [अभिलाषुक] अभिलाषी (उप ३५७ टी)।

अभिलोयण न [अभिलोकन] जहाँ खडे रह कर दूर की चीज देखी जाय वह स्थान (पण्ह २, ४)।

अभिलोयण न [अभिलोचन] ऊपर देखो (पण्ह २, ८)।

अभिवंद सक [अभि + वन्द्] नमस्कार करना, प्रणाम करना। वकृ अभिवंदत (पउम ७३, ६), कृ 'जे माहुणो ते अभिवंदियव्वा' (गोय १४), अभिवंदणिज्ज (निसे २६८३)।

अभिवंदणा स्त्री [अभिवन्दना] प्रणाम, नमस्कार (चेइय ६३६)।

अभिवंदय वि [अभिवन्दक] प्रणाम करने वाला (ओप)।

अभिवड्ढ अक [अभि + वृध्] वढना, बडा होना, उन्नत होना। अभिवड्ढामो, भूका. अभिवड्ढित्था (कप्प)। वकृ अभिवड्ढेमाण (ज ७)।

अभिवड्ढि देखो अभिवुड्ढि (इक)।

अभिवड्ढि देखो अहिवड्ढि (सुज १० १२ टी)।

अभिवड्ढिय वि [अभिवर्धित] १ वढाया हुआ। २ अधिक मास। ३ अधिक मासवाला वर्ष (सम ५६, चन्द ११)।

अभिवड्ढे सक [अभि + वर्धय्] वढाना। अभिवड्ढेति (सुज ६)। वकृ अभिवड्ढेमाण (सुज ६)। सकृ अभिवड्ढेत्ता (सुज ६)।

अभिवत्त वि [अभिव्यक्त] आविर्भूत (धर्मसं ८८)।

अभिवत्ति स्त्री [अभिव्यक्ति] प्रादुर्भाव (उप २८५)।

अभिवय सक [अभि + व्रज्] सामने जाना। वकृ अभिवयत (णाया १, ८)।

अभिवाइय वि [अभिवादित] प्रणत, नमस्कृत (सुपा ३१०)।

अभिवात पु [अभिवात] १ सामने का पवन। २ प्रतिकूल (गरम या रूक्ष) पवन (आचा)।

अभिवाद } सक [अभि + वादय्] प्रणाम
अभिवाय } करना, नमस्कार करना। अभिवाएइ (महा)। अभिवादये (विसे १०५४)। वकृ अभिवायमाण (आचा)। कृ अभिवायणिज्ज (सुपा ५६८)।

अभिवाय देखो अभिवात (आचा)।

अभिवायण न [अभिवादन] प्रणाम, नमस्कार (आचा, दसचू)।

अभिवाहरण न [अभिव्याहरण] बुलाहट, पुकार (पंचा २)।

अभिवाहार पु [अभिव्याहार] प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब (विसे ३३६६)।

अभिविहि पुस्त्री [अभिविधि] मर्यादा, व्याप्ति (पंचा १५, विसे ८७८)।

अभिवुट्ठि स्त्री [अभिवृष्टि] वृष्टि, वर्षा (पव ४०)।

अभिवुड्ढ देखो अभिवड्ढ। सकृ अभिवुड्ढित्ता (सुज १)।

अभिवुड्ढि स्त्री [अभिवृद्धि] १ वृद्धि, वढाव। २ उत्तरभाद्रपद नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (ज ७)।

अभिवुड्ढे देखो अभिवड्ढे। सकृ अभिवुड्ढेत्ता (सुज ६)।

अभिवेदणा स्त्री [अभिवेदना] अत्यन्त पीडा (सूअ १, ५, १, १६)।

अभिव्वंजण न [अभिव्यञ्जन] देखो अभिवत्ति (सूअ १, १, १)।

अभिव्वाहार देखो अभिवाहार (विसे ३४१२)।

अभिसंकण न [अभिशङ्कन] शंका, वहम (मवोध ८६)।

अभिसंका स्त्री [अभिशङ्का] संशय, संदेह (सूअ १, ६, १, १४)।

अभिसंकि वि [अभिशङ्किन्] १ संदेह करनेवाला। २ भीरु, डरनेवाला, 'उज्जु मारा-भिसंकी मरणा पमुच्चति' (आचा, णाया १, १८)।

अभिसंग पु [अभिष्वङ्ग] आसक्ति (ठा ३, ४)।

अभिसंजाय वि [अभिसंजात] उत्पन्न (आचा)।

अभिसंथुण सक [अभिसं + स्तु] स्तुति करना, वर्णन करना। वकृ अभिसंथुणमाण (णाया १, ८)।

अभिसंधारण न [अभिसंधारण] पर्यालोचन, विचारना (आचा)।

अभिसंधि पुस्त्री [अभिसंधि] आशय, अभिप्राय (उप २११ टी)।

अभिसंधिय वि [अभिसंहित] गृहीत, उपात्त (आचा)।

अभिसंभूय वि [अभिसंभूत] उत्पन्न, प्रादुर्भूत (आचा)।

अभिसंबुद्ध वि [अभिसंबुद्ध] ज्ञान-प्राप्त, बोध-प्राप्त (आचा)।

अभिसंवुड्ढ वि [अभिसंवृद्ध] वढा हुआ, उन्नत अवस्था को प्राप्त (आचा)।

अभिसमण्णागय } वि [अभिसमन्वागत]
अभिसमन्नागय } १ अच्छी तरह जाना हुआ, सुनिर्णीत (भग ५, ४)। २ व्यवस्थित (सूअ २,१)। ३ प्राप्त, लब्ध (भग १५, कप्प, णाया १, ८)।

अभिसमागम सक [अभिसमा + गम्] १ सामने जाना। २ प्राप्त करना। ३ निर्णय करना, ठीक-ठीक जानना। सकृ अभिसमागम्म (आचा, दस ५)।

अभिसमागम पु [अभिसमागम] १ सम्मुख गमन। २ प्राप्ति। ३ निर्णय (ठा ३, ४)।

अभिसमे सक [अभिसमा+इ] देखो अभिसमागम = अभिसमा + गम्। अभिसमेइ (ठा ३, ४)। सकृ अभिसमेच्च (आचा)।

अभिसर सक [अभि + सृ] प्रिय के पास जाना। वकृ अभिसरत (मोह ६१)।

अभिसरण न [अभिसरण] १ सामने जाना, सम्मुख गमन (पण्ह १, १)। २ प्रिय के पास जाना (कुमा)।

अभिसव पु [अभिषव] १ मद्य आदि का अर्क। २ मद्य मांस आदि से मिश्रित चीज (पव ६)।

अभिसारिआ देखो अहिसारिआ (गा ८७१)।

अभिसिंच सक [अभि + सिच्] अभिषेक करना। अभिसिंचति (कप्प)। कवकृ. अभिसिंचमाण (कप्प)। प्रयो, हेकृ अभिसिंचावित्तए (पि ५७८)।

अभिसित्त वि [अभिषिक्त] जिसका अभिषेक किया गया हो वह (आवम)।

अभिसेअ } पुं [अभिषेक] १ राजा, आचार्य
अभिसेग } आदि पद पर आरूढ करना (सथा, महा)। २ स्नान-महोत्सव, 'जिणाभिसेगे' (सुपा ५०)। ३ स्नान (औप, स ३२)। ४ जहां पर अभिषेक किया जाता है वह स्थान (भग)। ५ शुक्र शोणित का संयोग, 'इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसभूया' (आचा १, ६, १)। ६ वि आचार्य आदि पद के योग्य (बृह ३)। ७ अभिषिक्त (निचू १५)।

अभिसेगा स्त्री [अभिषेका] १ साध्वी, संन्यासिनी (निचू १५)। २ साध्वियों की मुखिया, प्रवर्तिनी (धर्म ३, निचू ६)।

अभिसेज्जा स्त्री [अभिशय्या] देखो अभिणिसज्जा (वव १)। २ भिन्न स्थान (विसे ३४६१)।

अभिसेवण न [अभिषेवण] पूजा, सेवा, भक्ति (पउम १४, ४६)।

अभिसेवि वि [अभिषेविन्] सेवा कर्ता (सूअ २, ६, ४४)।

अभिस्सग पु [अभिष्वङ्ग] आसक्ति (विसे २६६७)।

अभिहट्टु अ [अभिहृत्य] बलात्कार करके, जबरदस्ती करके (आचा, पि ५७७)।

अभिहड वि [अभिहृत] १ सामने लाया हुआ (पचा १३)। २ जैन साधुओं की भिक्षा का एक दोष (ठा ३, ४)।

अभिहण सक [अभि+हन्] मारना, हिंसा करना (पि ४६६)। वकृ. **अभिहणमाण** (ज ३)।

अभिहणण न [अभिहनन] अभिघात, हिंसा (भग ८, ७)।

अभिहय वि [अभिहत] मारा हुआ, आहत (पडि)।

अभिहा स्त्री [अभिधा] नाम, आख्या (सण)।

अभिहाण न [अभिधान] १ नाम, आख्या (कुमा)। २ वाचक, शब्द (वव ६)। ३ कथन, उक्ति (विसे)।

अभिहाण न [अभिधान] १ उच्चारण (सूअनि १३८)। २ कथन, उक्ति (धर्मसं ११११)। ३ कोशग्रन्थ (चेइय ७४)।

अभिहिय वि [अभिहित] कथित, उक्त (आचा)।

अभिहेअ वि [अभिधेय] वाच्य, पदार्थ (विसे ८४१)।

अभीइ } स्त्री [अभिजित्] १ नक्षत्र-
अभीजि } विशेष (सम ८, १५)। २ पु. एक राजकुमार (भग १३, ६)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी (अनु)।

अभीरु वि [अभीरु] १ निडर, निर्भीक (आचा)। २ स्त्री मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)।

अभेज्झ देखो अभिज्झ (पण्ह १, ३)।

अभोज्ज वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य (णाया १, १६)। °घर न [°गृह] भिक्षा के लिए अयोग्य घर, धोबी आदि नीच जाति का घर (बृह १)।

अम सक [अम्] १ जाना। २ आवाज करना। ३ खाना। ४ पीडना। ५ अक रोगी होना, 'अम गत्याईसु' (विसे ३४५३), 'अम रोगे वा' (विसे ३४५४)। अमइ (विसे ३४५३)।

अमग्ग पु [अमार्ग] १ कुमार्ग, खराब रास्ता (उव)। २ मिथ्यात्व, कषाय आदि हेय पदार्थ, 'अमग्गं परियाणामि मग्गं उवसंपज्जामि' (आव ४)। ३ कुमत, कुदर्शन (दस)।

अमग्घाय पु [अमाघात] १ द्रव्य का अहरण। २ मारिनिवारण, अभय घोषणा (पचा ६)।

अमच्च पु [अमात्य] मन्त्री, प्रधान (औप, सुर ४, १०४)।

अमच्च पु [अमर्त्य] देव, देवता (कुमा)।

अमज्झ वि [अमध्य] १ मध्य रहित, अखण्ड (ठा ३, २)। २ परमाणु (भग २०, ६)।

अमण न [अमन] १ ज्ञान, निर्णय (ठा ३, ४)। २ अन्त अवसान (विसे ३४५३)।

अमण } वि [अमनस्क] १ अप्रीतिकर,
अमणक्ख } अभीष्ट (ठा ३, ३)। ३ मनरहित (आव ४, सूअ २, ४, २)।

अमणाम वि [अमनआप] अनिष्ट, अमनोहर (सम १४६, विपा १, १)।

अमणाम वि [अमनोम] ऊपर देखो (भग, विपा १, १)।

अमणाम वि [अवनाम] पीड़ा-कारक, दुःखोत्पादक (सूअ २, १)।

अमणुस्स पुं [अमनुष्य] १ मनुष्य भिन्न देव आदि (णदि)। २ नपुंसक (निचू १)।

अमत्त न [अमत्र] भाजन, पात्र (सूअ १,६)।

अमम वि [अमम] १ ममता-रहित, निःस्पृह (पण्ह २, ५, सुपा ५००)। २ पु आगामी काल में होने वाले एक जिनदेव का नाम (सम १५३)। ३ युग्म रूप में होने वाले मनुष्यों की एक जाति (ज ४)। ४ दिन के २५ वां मुहूर्त का नाम (चंद १०)। °त्त वि [°त्व] निःस्पृह, ममता-रहित (पचव ४)।

अमय वि [अमत्र] विकार-रहित,

'अमओ य होइ जीवो, कारणविरहा जहेव आगासं।

समयं च होअनिच्चं, मिम्मयघडतंतुमाईयं'

(विसे)।

अमय न [अमृत] १ अमृत, सुधा (प्रासू ६६)। २ क्षीर समुद्र का पानी (राय)। ३ पु मोक्ष, मुक्ति (सम्म १६७, प्रासू)। ४ वि नहीं मरा हुआ, जीवित, 'अमओ ह नय विमुआमि' (पउम ३३, ८२)। °कर पु [°कर] चन्द्र, चन्द्रमा (उप ७६८ टी)। °किरण पुं [°किरण] चन्द्र (सुपा ३७७)। °कुंड पुं [°कुण्ड] चन्द्र, चाँद (श्रा २७)। °घोस पुं [°घोष] एक राजा का नाम (सथा)। °फल न [°फल] अमृतोपम फल (णाया १, ६)। °मइय—°मय वि [°मय] अमृत-पूर्ण (कुमा, सुर ३, १२१, २३३)। °मऊह पु [°मयूख] चन्द्र (मै ६८)। °ल्लरि, °वल्लरी स्त्री [°वल्लरि, °री] अमृतलता, वल्ली-विशेष, गुडूची। °वल्लि, °वल्ली स्त्री [°वल्लि, °ल्ली] वल्ली-विशेष, गुडूची (श्रा २०, पव ४)। °वास पु [°वर्ष] सुधा-वृष्टि (आचा)। देखो अमिय = अमृत।

अमय पु [दे] १ चन्द्र, चन्द्रमा (दे १, १५)। २ असुर, दैत्य (षड्)।

अमयघडिअ पु [दे. अमृतघटित] चन्द्रमा, चाँद (कुप्र २१)।

अमयणिग्गम पु [दे. अमृतनिर्गम] १ चन्द्र, चन्द्रमा (दे १, १५)।

अमर वि [आमर] दिव्य, देव-सम्बन्धी, 'अमरा आउहमेया' (पउम ६१, ४६)।

अमर पु [अमर] १ देव, देवता (पात्र)। २ मुक्त आत्मा (औप)। ३ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र (राज)। ४ अनन्तवीर्य नामक भावी जिनदेव के पूर्वजन्म का नाम (ती २१)। ५ वि मरणरहित, 'पावंति अविग्घेण जीवा अयरामरं ठाणं' (पडि)। °कंका स्त्री [°कङ्का] एक नगरी का नाम (उप ६४८ टी)। °केउ पु [°केतु] एक राजकुमार (दंस)। °गिरि पुं [°गिरि] मेरु पर्वत (पउम ९५, ३७)। °गेह न [°गेह] स्वर्ग (उप ७२८ टी)। °चन्दण न [°चन्दन] १ हरि-चन्दन वृक्ष। २ एक प्रकार का सुगन्धित काष्ठ (पात्र)। °तरु पु [°तरु] कल्पवृक्ष (सुपा ४४)। °दत्त पु [°दत्त] एक श्रेष्ठि-पुत्र का नाम (धम्म)। °नाह पु [°नाथ] इन्द्र (पउम १०१, ७५)। °पुर न [°पुर] स्वर्ग (पउम २ १४)। °पुरी स्त्री [°पुरी] स्वर्गपुरी, अम-रावती (उप पृ १०५)। °पभ पु [°प्रभ] वानर-द्वीप का एक राजा (पउम ६, ६९)। °वइ पु [°पति] इन्द्र (पउम १०१, ७०, सुर १, १)। °वहू स्त्री [°वधू] देवी (महा)। °सामि पु [°स्वामिन्] इन्द्र (विसे १४३९ टी)। °सेण पु [°सेन] १ एक राजा का नाम (दंस)। २ एक राज-कुमार का नाम (णाया १, ८)। °लय त्रि [°लय] स्वर्ग, 'चविउममरालयाए' (उप ७२८ टी, सुपा ३५)। °वई स्त्री [°वती] १ देव-नगरी, स्वर्ग-पुरी (पात्र)। २ मर्त्य लोक की एक नगरी, राजा श्रीसेन की राजधानी (उप ९८६ टी)।

अमरंगणा स्त्री [अमराङ्गना] देवी (श्रा २७)।

अमरिंद पु [अमरेन्द्र] देवों का राजा, इन्द्र (भवि)।

अमरिस पु [अमर्ष] १ असहिष्णुता (हे २, १०५)। २ कदाग्रह (उत्त ३४)। ३ क्रोध, गुस्सा (पण्ह १, ३, पात्र)।

अमरिसण न [अमर्षण] १—३ ऊपर देखो। ४ वि असहिष्णु, क्रोधी (पण्ह १,४)। ५ सहिष्णु, क्षमाशील (सम १५३)।

अमरिसण वि [अमसृण] उद्यमी, उद्योगी (सम १५३)।

अमरिसिय वि [अमर्षित] १ मत्सरी, असहिष्णु (आवम, स ५९५)।

अमरी स्त्री [अमरी] देवी (कुमा)।

अमरीस पु [अमरेश] इन्द्र (चेइय ३१०)।

अमल वि [अमल] १ निर्मल, स्वच्छ (उत्र, सुपा ३४)। २ पु भगवान् ऋषभदेव के एक पुत्र का नाम (राज)।

अमला स्त्री [अमला] शक्र की एक अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष (ठा ८)।

अमवस्सा देखो **अमावस्सा** (पचा १९, २०)।

अमाइ } वि [अमायिन्] निष्कपट, सरल
अमाइल्ल } (आचा, ठा १०, द्र ४७)।

अमाघाय देखो **अमग्घाय** (उवा)।

अमाण वि [अमान] १ गर्वरहित, नम्र (कप्प)। २ असंख्य, 'ठाणट्ठाणविलोइज्जमाणमाणोसहिसमूहो' (उत्र ६ टी)।

अमाय वि [अमात] नहीं समाया हुआ, 'सुमाहुवग्गस्स मणे अमायां' (सत्त ३५)।

अमाय वि [अमाय] निष्कपट, सरल (कप्प)।

अमायि देखो **अमाइ** (भग)।

अमारि स्त्री [अमारि] हिंसा-निवारण, जीवित-दान (सुपा ११२)। °घोस पु [°घोष] अहिंसा की घोषणा (सुपा ३०९)। °पडह पु [°पटह] हिंसा निषेध का डिंडिम, 'अमारिपडहं च घोसावेइ' (रयण ९०)।

अमावसा } स्त्री [अमावास्या] तिथि
अमावस्सा } विशेष, अमावस (कप्प, सुपा
अमावासा } २२६, णाया १, १०, चंद १०)।

अमिज्ज वि [अमेय] माप करने के लिए अशक्य, असंख्य (कप्प)।

अमिज्झ न [अमेध्य] १ अशुचि वस्तु 'भरियममिज्झस्स दुरहिगंधस्स' (उप ७२८ टी)। २ विष्ठा (सुपा ३१३)।

अमित्त पुन [अमित्र] रिपु, दुश्मन (ठा, ४, ४, से ५, १७)।

अमिय देखो **अमय**=अमृत (प्रासू १, गा २, विसे, आवम, पिंग)। °कुंड न [°कुण्ड] नगर विशेष का नाम (सुपा ५७८)। °गइ स्त्री [°गति] एक छन्द का नाम (पिंग)। °णाणि पुं [°ज्ञानिन्] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव का नाम (सम १५३)। °भूय वि [°भूत] अमृत तुल्य (आउ)। °मेह पु [°मेघ] अमृतवर्षा (ज ३)। °रुइ पु [°रुचि] चन्द्र, चन्द्रमा (श्रा १६)।

अमिय वि [अमित] परिमाण रहित, असंख्य, अनन्त (भग ५, ४, सुपा ३१, श्रा २७)। °गइ पु [°गति] दक्षिण दिशा के एक इन्द्र का नाम, दिक्कुमारों का इन्द्र (ठा २, ३)। °जस पु [°यशस्] एक चक्रवर्ती राजा का नाम (महा)। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] १ सर्वज्ञ (विसे)। २ ऐरवत क्षेत्र के एक जिन-देव का नाम (सम १५३)। °तेय पु [°तेजस्] एक जैन मुनि का नाम (उप ७६८ टी)। °बल पु [°बल] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५,४)। °वाहण पु [°वाहन] दिक्कुमार देवों के एक इन्द्र का नाम (ठा २, ३)। °वेग पु [°वेग] राक्षस वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, २६१)। °ासणिय वि [°ासनिक] एक स्थान पर नहीं बैठनेवाला, चंचल (कप्प)।

अमिल न [दे] ऊन का बना हुआ वस्त्र (श्रा १८)। २ पुं मेष, भेड (ओघ ३६८)।

अमिल वि [दे आमिल] अमिल देश में बना हुआ (आचा २, ५, १ ५)।

अमिला स्त्री [अमिला] १ बीसवें जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२)। २ पाडी, छोटी भैंस (बृह १)।

अमिलाण } वि [अम्लान] १ म्लान-
अमिलाय } रहित, ताजा, हृष्ट (सुर ३,६५, भग ११,११)। २ पु कुरण्टक वृक्ष। ३ न कुरण्टक वृक्ष का पुष्प (दे १,३७)।

अमु स [अदस्] वह, अमुक (पि ४३२)।

अमुअ स [अमुक] वह, कोई, अमका ढमका (ओघ ३२ भा, सुपा ३१४)।

अमुअ देखो **अमय**=अमृत (प्रासू ५१, गा ६७६)।

अमुअ देखो **अमय**=अमय (काप्र ७७७)।

अमुअ वि [अस्मृत] स्मरण में नहीं आया हुआ (भग ३, ६)।

अमुइ वि [अमोचिन्] नहीं छोडनेवाला (उव)।

अमुग देखो **अमुअ**=अमुक (कुमा)।

अमुगत्थ वि [अमुत्र] अमुक स्थान में (सुपा ६०२)।

अमुण वि [अज्ञ] अजान, मूर्ख (बृह १)।

अमुणिय वि [अज्ञात] अविदित (सुर ४, २०)।

अमुणिय वि [अज्ञान] मूर्ख, अजान (पण्ह १, २)।

अमुत्त वि [अमुक्त] अपरित्यक्त (ठा १०)।

अमुत्त वि [अमूर्त्त] रूपरहित, निराकार (सुर १४, ३६)।

अमुदग्ग } न [अमुदग्र] १ अतीन्द्रिय
अमुयग्ग } मिथ्याज्ञान विशेष, जैन देवताओं के पुद्गलरहित शरीर को देखकर जीव का शरीर पुद्गल से निर्मित नहीं है ऐसा निर्णय (ठा ७)।

अमुस वि [अमृष] सच्चा, सत्य, 'अमुसे वरे' (सूत्र १, १०, १२)।

अमुसा स्त्री [अमृषा] सत्यवचन (सूत्र १, १०)। °**वाइ** वि [°वादिन्] सत्यवादी (कुमा)।

अमुह वि [अमुख] निरुत्तर (वव ६)।

अमुहरि वि [अमुखरिन्] अवाचाल, मित-भाषी (उत्त १)।

अमूढ वि [अमूढ] अमुग्ध, विचक्षण (णाया १, ६)। °**णाण** न [°ज्ञान] सत्य ज्ञान (आवम)। °**दिट्ठि** स्त्री [°दृष्टि] १ सम्यग्दर्शन (पव ६)। २ अविचलित बुद्धि (उत्त २)। ३ वि अविचलित दृष्टि वाला, सम्यग्दृष्टि (गच्छ १)।

अमूस वि [अमृष] सत्यवादी (कुमा)।

अमेज्ज देखो **अमिज्ज** (भग ११,११)।

अमेज्झ देखो **अमिज्झ** (महा)।

अमोल्ल वि [अमूल्य] जिसकी कीमत न हो सके वह, बहुमूल्य (गउड, सुपा ५१६)।

अमोसलि न [दे. अमुशलि] वस्त्रादि निरीक्षण का एक प्रकार (ओघ २६५)।

अमोसा देखो **अमुसा** (कुमा)।

अमोह वि [अमोघ] १ अवन्ध्य, सफल (सुपा ८३, ५७५)। २ पु सूर्य के उदय और अस्त के समय किरणों के विकार से होने वाली रेखा विशेष (भग ३, ६)। एक यक्ष का नाम (विपा १,४)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] १ ठीक-ठीक देखनेवाला (दस ६)। २ न. उद्यान-विशेष। ३ पु. यक्ष-विशेष (विपा १, ३)। °**पहारि** वि [°प्रहारिन्] अचूक प्रहार करनेवाला, निशानबाज (महा)। °**रह** पु [°रथ] इस नाम का एक रथिक (महा)।

अमोह पु [अमोह] १ मोह का अभाव, सत्य-ग्रह (विसे)। २ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। ३ वि मोहरहित, निर्मोह (सुपा ८३)।

अमोह पु [अमोघ] १ सूर्य-बिम्ब के नीचे कभी-कभी दीखती श्याम आदि वर्णवाली रेखा (अणु १२१)। २ पुन. एक देवविमान (देवेन्द्र १४४)।

अमोहण न [अमोहन] १ मोह का अभाव (वव १०)। २ वि. मुग्ध नहीं करनेवाला (कप्प)।

अमोहा स्त्री [अमोघा] १ एक जम्बूवृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है (जीव ३)। २ एक पुष्करिणी (दीव)।

अम्म देखो **अंब**=आम्ल (उर २, ६)।

अम्मएव पुं [आम्रदेव] एक जैन आचार्य (पव २७६, गा ६०६)।

अम्मगा देखो **अम्मया** (उवा)।

अम्मच्छ वि [दे] असंबद्ध (षड्)।

अम्मड देखो **अंबड** (औप)।

अम्मडी (अप) स्त्री [अम्बा] माता, माँ (हे ४, ४२४)।

अम्मणुअचिय न [दे] अनुगमन, अनुसरण (दे १, ४६)।

अम्मधाई देखो **अंबधाई** (विपा १, ६)।

अम्मया स्त्री [अम्बा] १ माता, जननी (उवा)। २ पाचवें वासुदेव की माता का नाम (सम १५२)।

अम्महे (शौ) अ हर्ष-सूचक अव्यय (हे ४, २८४)।

अम्मा स्त्री [दे अम्बा] माता, माँ (दे १, ५)। °**पिइ**, °**पिउ**, °**पियर**, °**पीइ** पु ब [°पितृ] माँ-बाप, माता-पिता (वव ३, कप्प, सुर ३, ८३, ठा ३,१, सुर ३,८८, ७,१७०)। °**पेइय** वि [°पैतृक] माँ-बाप-सबन्धी (भग १, ७)।

अम्माइआ स्त्री [दे] अनुसरण करने वाली स्त्री, पीछे-पीछे जानेवाली स्त्री (दे १,२२)।

अम्मो अ [?] १ आश्चर्य-सूचक अव्यय (हे २, २०८, स्वप्न २६)। २ माता का संबोधन, हे माँ (उवा, कुमा)।

अम्मोगइया स्त्री [दे] संमुख-गमन, स्वागत करने के लिए सामने जाना, 'राया सयमेव अम्मोगइयाए निग्गओ' (सुख २, १३)।

अम्मोस वि [अमर्ष्य] अक्षम्य, क्षमा के अयोग्य (सुपा ४८७)।

अम्ह स [अस्मद्] हम, निज, खुद (हे २, ६६, १४२)। °**केर**, °**क्केर**, °**च्चय** वि [°ीय] अस्मदीय, हमारा (हे २, ६६, सुपा ४६६)।

अम्हत्त वि [दे] प्रमृष्ट, प्रमार्जित (षड्)।

अम्हार } (अप) वि [अस्मदीय] हमारा
अम्हारय } (षड्, कुमा)।

अम्हारिच्छ वि [अस्मादृक्ष] हमारे जैसा (प्रामा)।

अम्हारिस वि [अस्मादृश] हमारे जैसा (हे १, १४२, षड्)।

अम्हेच्चय वि [अस्माक] अस्मदीय, हमारा (कुमा, हे २, १४९)।

अम्हो अ [अहो] आश्चर्य-सूचक अव्यय (षड्)।

अय पु [अग] १ पहाड़, पर्वत। २ साँप, सर्प। ३ सूर्य, सूरज (श्रा २३)।

अय पु [अज] १ छाग, बकरा (विपा १,४)। २ पूर्वभाद्रपद नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३)। ३ महादेव। ४ विष्णु। ५ रामचन्द्र। ६ ब्रह्मा। ६ कामदेव (श्रा २३)। ८ महाग्रह-विशेष (ठा ६)। ९ बीजोत्पादक शक्ति से रहित धान्य (पउम ११, २५)। °**करक** पु [°करक] एक महाग्रह का नाम (ठा २, ३)। °**वाल** पु [°पाल] आभीर (श्रा २३)।

अय पु [अय] १ गमन, गति (विसे २७६३, श्रा २३)। २ लाभ, प्राप्ति। ३ अनुभव (विसे)। ४ न पुण्य (ठा १०)। ५ भाग्य, नसीब (श्रा २३)।

अय न [अक] १ दु ख। २ पाप (श्रा २३)।

अय न [अयस्] लोहा, लोह (ओघ ६२)। °आगर पु [°आकर] १ लोहे की खान (निचू ५)। २ लोहे का कारखाना (ठा ८)। °कंत, °क्खंत पु [°कान्त] लोह-चुम्बक (आवम)। °कडिल्ल न [दे °कडिल्ल] कटाह (ओघ)। °कुंडी स्त्री [°कुण्डी] लोहे का भाजन-विशेष (विपा १,६)। °कोट्ठय पु [°कोष्ठक] लोहे का कुशूल लोहे का गोला, 'पोट्ट अयकोट्ठओ व्व वट्ट' (उवा)। °गोलय पु [°गोलक] लोहे का गोला (आ १९)। °दव्वी स्त्री [°दर्वी] लोहे की कडछी या करछुल, जिससे दाल, कढी आदि हिलाया जाता है (दे २, ७)। °पाय न [°पात्र] लोहे का भाजन। °सलागा स्त्री [°शलाका] लोहे की सलाई (उप २११ टी)।

अय सक [अय्] १ गमन करना, जाना। २ प्राप्त करना। ३ जानना। वकृ **अयमाण** (सम ९३)।

अयच्छ सक [कृष्] १ खींचना। २ जोतना, चास करना। ३ रेखा करना। अयच्छइ (हे ४, १८७)।

अयच्छिर वि [कर्षिन्] कर्षणशील, खींचनेवाला (कुमा)।

अयड पु [अकाण्ड] १ अनुचित समय (महा)। २ अकस्मात्, हठात् (पउम ५,१६४, से ४४, गउड)। ३ क्रिवि अनधारित, अतर्कित (पाअ)।

अयत वकृ [आयत्] आता हुआ, प्रवेश करता हुआ (आवम)।

अयन्तिअ वि [अयन्त्रित] अनादरणीय (उत्त २०, ८२)।

अयपिर वि [अजल्पितृ] नहीं बोलनेवाला, मौनी (पि २९६, ५९६)।

अयपुल पु [अयपुल] गोशालक का एक शिष्य (भग ८, ५)।

अयस पु [आदर्श] दर्पण, काँच। °मुह पुं [°मुख] १ इस नाम का एक द्वीप। २ द्वीप-विशेष का निवासी (इक)।

अयसंधि वि [इदसंधि] उपयुक्त कार्य को यथासमय करनेवाला (आचा)।

अयकरय पु [अयकरक] एक महाग्रह (सुज २०)।

अयक्क } पु [दे] दानव, असुर (दे १,६)।
अयग }

अयगर पु [अजगर] अजगर, मोटा साँप (पण्ह १, १, पउम ६३, ५४)।

अयड पु [दे अवट] कूप, कुंआ (दे १,१८)।

अयण न [अतन] सतत होना, निरन्तर होना (विसे ३५७८)।

अयण न [अयन] १ गमन। २ प्राप्ति, लाभ (विसे ८३)। ३ ज्ञान, निर्णय (विसे ८३)। ४ गृह, मन्दिर, 'चंडियायण' (स ४३५)। ५ वि प्रापक, प्राप्त करनेवाला (विसे ९६०)। ६ पुन वर्ष का आधा भाग, जिसमें सूर्य दक्षिण से उत्तर में या उत्तर से दक्षिण में जाता है (ठा २, ४),

'एक्के अअणे दिअहा, बीए रअणीओ
　　होंति दीहाओ।
विरहाअणो अउव्वो, इत्थ दुवे च्चेअ वड्ढंति'
　　(गा ८४६)।

अयण न [अदन] १ भक्षण। २ खुराक, भोजन (स १३०, उर ८, ७)।

अयणु वि [अज्ञ] अजान, मूर्ख (सुर ३, १९६)।

अयणु वि [अतनु] स्थूल, मोटा, महान् (सण)।

अयतच्चिअ वि [दे] पुष्ट, उपचित (दे १, ४७)।

अयर वि [अजर] वृद्धावस्थारहित 'अयरामर ठाण' (पडि, उव)।

अयर पुन [अतर] १ सागर, समुद्र (द २८)। २ समय का मान विशेष, सागरोपम (सग २१,२५, धण ४३)। ३ वि तरने के अशक्य (बृह १)। ४ असमर्थ, अशक्त (निचू १)। ५ ग्लान, बीमार (बृह १)।

अयरामर वि [अजरामर] १ जरा और मरण से रहित (नव २)। २ न मुक्ति, मोक्ष (पउम ८, १२७)।

अयल देखो अचल = अचल (पाअ, गउड, उप पृ १०५, अत ३, पउम ८५,४, सम ८८, कप्प, सम १६)।

अयला देखो अचला (पउम १२०, १५६)।

अयस देखो अजस (गउड, प्रासू २३, १५३, गा १७८)।

अयंसि वि [अयशस्विन्] अजसी, यशोरहित, कीर्ति शून्य (गउड)।

अयसि } स्त्री [अतसी] धान्य-विशेष, अलसी,
अयसी } तीसी (भग, ठा ७, णाया १, ५)।

अया स्त्री [अजा] १ बकरी। २ माया, अविद्या। ३ प्रकृति, कुदरत (हे ३, ३२ षड्)। °किवाणिज्ज पुं [°कृपाणीय] न्याय-विशेष, जैसे बकरी के गले पर अनवारी छुरी पडती है उस माफिक अनधारा किसी कार्य का होना (आचा)। °पाल पु [°पाल] आभीर, बकरी चरानेवाला (स २६०)। °वय पु [°व्रज] बकरी का वाडा (भग १६,३)।

अयागर देखो अय-आगर (ठा ८)।

अयाण न [अज्ञान] ज्ञान का अभाव (सत्त ६३)।

अयाण वि [अज्ञ, अज्ञान] अजान, अज्ञानी, मूर्ख (ओघ ७४, पउम २२, ८३, गा २७५, दे ७, ७३)।

अयाणअ वि [अज्ञायक] ऊपर देखो (पाअ, भवि)।

अयाणंत देखो अजाणंत (ओघ ११)।

अयाणमाण देखो अजाणमाण (नव ३९)।

अयाणिय देखो अजाणिय (उप ७२८ टी)।

अयाणुय देखो अजाणुय (सुर ३,१९८, सुपा ५४३)।

अयार पु [अकार] 'अ' अक्षर (विसे ४७८)।

अयाल पु [अकाल] अयोग्य समय, अनुचित काल (पउम २२, ८५)।

अयालि पु [दे] दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस (दे १, १३)।

अयालिय वि [अकालिक] आकस्मिक, अकाण्डोत्पन्न, 'पडउ पडउ एयस्स हत्थतले अयालिया विज्जू' (रंभा)।

अयि देखो अइ = अयि (हे २, २१७)।

अयुजरेवइ स्त्री [दे] अचिर-युवति, नवोढा, दुलहिन (षड्)।

अयोमय देखो अओ-मय (अंत १६)।

अय्यावत्त (शौ) पु [आर्यावर्त] भारत, हिन्दुस्तान (कुमा)।

अय्युण (मा) देखो अज्जुण (हे ४, २९२)।

अर पु [अर] १ धुरी, पहिये के बीचका काष्ठ। २ अठारहवाँ जिनदेव और सातवाँ

चक्रवर्ती राजा, 'सुमिणे अर महरिह पासइ जणणी अरो तम्हा' (आव २, सम ५३, उत्त १८)। ३ समय का एक परिमाण, कालचक्र का बारहवाँ हिस्सा। (ती २१)।

°अर पु [°कर] १ किरण। गा ३४३, से १, १७)। २ हस्त, हाथ (से १, २८)। ३ शुल्क, चुगी (से १, २८)।

अरइ स्त्री [अरति] अर्श, मसा (आचा २, १३, १)।

अरइ स्त्री [अरति] १ बेचैनी। (भग, आचा, उत्त२)। °कम्म न [°कर्मन्] अरति का हेतुभूत कर्मविशेष (ठा ६)। °परिसह, °परीसह पु [°परिषह, °परीषह] अरति को सहन करना (पच ८)। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] अरति का उत्पादक कर्म-विशेष (कम्म १)। °रइ स्त्री [°रति] सुख दुःख (ठा १)।

°अरग देखो तरग (से २, २६)।

अरजर पुन [अरञ्जर] घडा, जल-घट (ठा ४, ४)।

°अरक्ख देखो वरक्ख (से ६, ४४)।

अरक्खरी स्त्री [अराक्षरी] नगरी-विशेष (आक)।

अरग देखो अर (पण्ह २, ४, भग ३, ५)।

अरज्झिय वि [अरहित] निरन्त, रसतत, 'अरज्झियाभितावा' (सूअ १, ५, १)।

अरड्डु पु [अरट्टु] वृक्ष-विशेष (उप १०३१ टी)।

अरण न [अरण] हिंसा (उव)।

अरणि पु [अरणि] १ वृक्ष-विशेष। २ इस वृक्ष की लकडी, जिसको घिसने पर अग्नि जल्दी पेदा होती है (आवम, णाया १, १८)।

अरणि पुस्त्री [दे] १ रास्ता, मार्ग। २ पक्ति, कतार। (पड्)।

अरणिया स्त्री [अरणिका] वनस्पति-विशेष (आचा)।

अरणेट्टय पु [दे अरणेटक] पत्थरो के टुकडो से मिली हुई सफेद मिट्टी (जी ३)।

अरण्ण वि [आरण्य] जगल मे रहने वाला (सूअ १, १, १, १६)।

अरण्ण न [अरण्य] वन, जगल (हे १, ६६)। °वडिंसग न [°ावतंसक] देवविमान विशेष (सम ३६)। °साण पुं [°श्वन्] जंगली कुत्ता (कुमा)।

अरण्णय वि [आरण्यक] जगली, जगल-वासी (अभि ५२)।

अरत्त वि [अरक्त] राग-रहित, नीराग (आचा)।

अरन्न देखो अरण्ण (कप्प, उव)।

अरवाग पु [दे] एक अनार्य देश, अरब देश (पव २७४)।

अरमतिया स्त्री [अरमन्तिका] अरमणता, कार्य मे अतत्परता (उवा)।

अरय देखो अर (खेत्त १०८)।

अरय वि [अरजस्] १ रजोगुण-रहित (पउम ६, १४६)। २ एक महाग्रह का नाम (ठा २, ३)। ३ वि धूलीरहित, निर्मल (कप्प)। ४ न पाचवें देव लोक का एक प्रतर (ठा ६)। ५ रजोगुण का अभाव, 'अरो य अरय पत्तो पत्तो गइमणुत्तरं' (उत्त १८)।

अरय वि [अरत] अनासक्त, नि स्पृह (आचा)।

अरय पुंन [अरजस्] एक देवविमान (देवेन्द्र १४१)।

अरया स्त्री [अरजा] कुमुद नामक विजय की राजधानी (ज ४)।

अरयणि पु [अरत्नि] परिमाण विशेष, खुली अगुलीवाला हाथ (ठा ४, ४)।

अरर न [अरर] १ युद्ध। २ ढकना। °कुरी स्त्री [°कुरी] नगरी-विशेष (धम्म ६ टी)।

अररि पुन [अररि] किवाड, द्वार (प्रामा)।

अरल न [दे] १ चीरी, कीट-विशेष। २ मशक, मच्छड (दे १, ९३)।

अरलाया स्त्री [दे] चीरी, कीट-विशेष (दे १, २६)।

अरलु देखो अरड्डु (पउम ४२, ८)।

अरविंद न [अरविन्द] कमल, पद्म (पण्ह २, ४)।

अरविंदर वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे १,४५)।

अरस पु [अरस] रसरहित, नीरस (णाया १, ५)।

अरस पु [अर्शस्] व्याधि-विशेष, बवासीर (श्रा २२)।

अरस न [अरस] तप-विशेष, निर्विकृति तप (सबोध ५८)।

अरह वि [अर्हन्] १ पूजा के योग्य, पूज्य (पड्, हे २, १११)। २ पुं जिनदेव, तीर्थंकर (सम्म ६७)। °मित्त पु [°मित्र] एक व्यापारी का नाम (गच्छ २)।

अरह देखो अरिह = अर्ह। अरहइ (प्राकृ २८)।

अरह वि [अरहस्] १ प्रकट। २ जिससे कुछ भी न छिपा हो। ३ पु जिनदेव, सर्वज्ञ (ठा ४, १, ६)।

अरह वि [अरथ] परिग्रहरहित (भग)।

अरहत वकृ [अर्हत्] १ पूजा के योग्य, पूज्य (पड्, हे २, १११, भग ८, ५)। २ पु जिन भगवान्, तीर्थंकरदेव (आचा, ठा ३, ४)।

अरहंत वि [अरहोन्तर्] १ सर्वज्ञ, सब कुछ जाननेवाला। २ पु जिन भगवान् (भग २,१)।

अरहत वि [अरथान्त] १ निःस्पृह, निर्मम। २ पु जिनदेव (भग)।

अरहत वकृ [अरहयत्] १ अपने स्वभाव को नहीं छोडनेवाला। २ पु जिनेश्वर देव (भग)।

अरहट्ट पु [अरघट्ट] अरहट, रहट, पानी का चरखा, पानी निकालने का यन्त्र विशेष (गा ४९०, प्रासू ५५), 'भमिओ कालमणत अरहट्टघडिव्व जलमज्झे' (जीवा १)।

अरहट्टिय वि [अरघट्टिक] अरहट चलानेवाला (कुप्र ५८)।

अरहणा स्त्री [अर्हणा] १ पूजा। २ योग्यता (प्राकृ २८)।

अरहण्णय पु [अरहन्नक] एक व्यापारी का नाम (णाया १, ८)।

अरहन्न पु [अर्हन्न] एक जैन मुनि का नाम (सुख २, ६)।

अराइ पु [अराति] रिपु, दुश्मन (कुमा)।

अराइ स्त्री [अरात्रि] दिन, दिवस (कुमा)।

अरागि वि [अरागिन्] रागरहित, वीतराग (पउम ११७, ४१)।

अरि देखो अरे (तदु ५०, ५२ टी)।

अरि पु [अरि] दुश्मन, रिपु (पउम ७३,१६)। °छव्वग्ग पु [°षड्वर्ग] छ आन्तरिक

'‚—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य (सूअ १,१,४)। °दमण वि [°दमन] १ रिपु विनाशक। २ पु. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ७)। ३ एक जैन मुनि जो भगवान् अजितनाथ के पूर्वजन्म के गुरु थे (पउम २०,७)। °दमणी स्त्री [°दमनी] विद्या विशेष (पउम ७, १४५)। °विद्धसी स्त्री [°विध्वसिनी] रिपु का नाश करनेवाली एक विद्या (पउम ७, १४०)। °सतास पु [°सत्रास] राक्षसवंश मे उत्पन्न लङ्का का एक राजा (पउम ५, २६५)। °हत वि [°हन्तृ] १ रिपु-विनाशक। २ पु जिनदेव (श्रावम)।

अरिअल्लि पुस्त्री [दे] व्याघ्र, शेर (दे १,२४)।

अरिंजय पु [अरिञ्जय] १ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र। २ न नगर-विशेष (पउम ५, १०६, इक, मुर ५, १०३)।

अरिट्ठ पु [अरिष्ट] १ वृक्ष-विशेष (पएण १)। २ पनरहवें तीर्थंकर का एक गणधर (सम १५२)। ३ पुन एक देवविमान (देवेन्द्र १३३)। ४ न गोत्र-विशेष, जो माएडव्य गोत्र की शाखा है (ठा ७)। ५ रत्न की एक जाति (उत्त ३४, ४, सुपा ६)। ६ फल-विशेष, रीठा (पएण १७, उत्त ३४, ४)। ७ अनिष्ट-सूचक उत्पात (आचू)। °णेमि, °नेमि पु [°नेमि] वर्तमान काल के बाईसवें जिनदेव (सम १७, अत ५, कप्प, पडि)।

अरिट्ठा स्त्री [अरिष्टा] कच्छ नामक विजय की राजधानी (ठा २, ३)।

अरित्त न [अरित्र] पतवार, कन्हर, नाव की पीछे का डाड, जिससे नाव दाहिने-बायें घुमायी जाती है (धर्मवि १३२)।

अरिरिहो अ [अरिरिहो] पादपूरक अव्यय (हे २, २१७)।

अरिस देखो अरस (णाया १, १३)।

अरिसल्ल } अरिसिल्ल } वि [अर्शस्वत्] बवासीर रोगवाला (पात्र, विपा १,७)।

अरिह वि [अर्ह] १ योग्य, लायक (सुपा २६६, प्राप्र)। २ पु जिनदेव (औप)।

अरिह सक [अर्ह्] १ योग्य होना। २ पूजा के योग्य होना। ३ पूजा करना। अरिहइ (महा)। अरिहेति (भग)।

अरिह देखो अरह = अर्हत (हे २, १११, पड्)। °दत्त, °दिण्ण पु [°दत्त] जैन मुनि-विशेष का नाम (कप्प)।

अरिहणा देखो अरहणा (प्राक्ट २८)।

ओअअ वि [अपगत] अपसृत, 'ओअआअव—' (पि १६५)।

ओअक्क पु [दे] गर्जित, गर्जना (दे १, १५८)।

ओअद्द सक [आ + छिद्] १ बलात्कार से छीन लेना। २ नाश करना। ओअद्दइ (हे ४, १२५, षड्)।

ओअदणा स्त्री [आच्छेदना] १ नाश। २ जबरदस्ती छीनना (कुमा)।

ओअक्ख सक [दृश्] देखना। ओअक्खइ (हे ४, १८१ षड्)।

ओअग्ग सक [वि + आप्] व्याप्त करना। ओअग्गइ (हे ४, १४१)।

ओअग्गिअ वि [व्याप्त] विस्तृत, फैला हुआ (कुमा)।

ओअग्गिअ वि [दे] १ अभिभूत, परिभूत। २ न केश वगैरह को एकत्रित करना (दे १, १७२)।

ओअग्घिअ } वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ
ओअघिअ } (दे १, १६२, षड्)।

ओअण्ण वि [अवनत] नमा हुआ, नीचे की तरफ मुड़ा हुआ (से ११, ११८)।

ओअत्त वि [अपवृत्त] औंधा किया हुआ, उलटा किया हुआ, 'ओअत्ते कुंभमुहे जलनव-कणिआवि किं ठाइ ?' (गा ६५४)।

ओअत्तअ वि [अपवर्त्तितव्य] १ अपवर्त्तन-योग्य। २ त्यागने योग्य, छोड़ने लायक, 'कुसुमम्मि व पव्वाअए भमरोअत्तअम्मि' (से ३, ४८)।

ओअम्मअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (षड्)।

ओअर सक [अव + तॄ] १ जन्म-ग्रहण करना। २ नीचे उतरना। ओयरइ (हे ४, ८५)। वकृ ओयरंत (ओघ १६१, सुर १४, २१)। हेकृ, ओयरिउं (प्राकृ)। कृ ओयरियव्व (सुर १०, १११)।

ओअरण न [उपकरण] साधन, सामग्री (गा ६८१)।

ओअरण न [अवतरण] उतरना, नीचे आना (गउड)।

ओअरय पुं [अपवरक] कमरा, कोठरी (सुपा ४१५)।

ओअरिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (पाअ)।

ओअरिअ वि [औदरिक] पेट-भरा, पेटू, उदर भरने मात्र की चिन्ता करनेवाला (ओघ ११८ भा)।

ओअरिया स्त्री [अपवरिका] कोठरी, छोटा कमरा (सुपा ४१५)।

ओअल्ल देखो ओवट्ट = अप + वृत्। ओअल्लइ (प्राकृ ७०)।

ओअल्ल अक [अव + चल्] चलना। ओअल्लंति (पि १६७, ४८८)। वकृ ओअल्लंत (पि १६७, ४८८)।

ओअल्ल पु [दे] १ अपचार, खराब आचरण, अहित आचरण (षड्, स ५२१)। २ कम्प, काँपना (षड्, दे १, १६५)। ३ गौओं का वाड़ा। ४ वि पर्यस्त, प्रक्षिप्त। ५ लम्बमान, लटकता हुआ (दे १ १६५)। ६ जिसकी आँखें निमीलित होती हों वह, 'मुच्छिज्जंतो-अल्ला असकंता णिअअमहिहरेहि पवंगा' (से १३, ४३)।

ओअल्लअ वि [दे] विप्रलब्ध, प्रतारित (षड्)।

ओअव सक [साधय्] साधना, वश में करना, जीतना, 'गच्छाहि णं भो देवाणु-

प्पिआ । मिघूए महाणईए पच्चत्थिमिल्ला णिक्खुडं ससिंधुसागरगिरिमेरागं समविसमणिक्खुडाणि अ ओअवेहि' (ज ३) । सक्ट ओअवेत्ता (ज ३) ।

ओअवण न [सावन] विजय वश करना, स्थापन करना (ज ३—पत्र २४८) ।

ओआअ पु [दे] १ ग्रामाधीश, गाँव का स्वामी । २ आज्ञा, आदेश । ३ हस्ती वगैरह को पकड़ने का गर्त्त । ४ वि अपहृत, छीना हुआ (दे १, १६६) ।

ओआअव पु [दे] अस्त-समय (दे १, १६२) ।

ओआर सक [अप + वारय्] ढाकना, 'कह मुज्ज हत्थेण ओआरेमि' (मे ४९) ।

ओआर पु [अपकार] अनिष्ट, हानि, क्षति (कुमा) ।

ओआर पु [अवतार] १ अवतारण (ठा १, गउड) । २ अवतार, देहान्तर-धारण (पड्) । ३ उत्पत्ति, जन्म, 'अच्चतमणोयारो जत्थ जरारोगवाहीण' (स १३१) । ४ प्रवेश (विसे १०४०) ।

ओआर देखो उवयार (पड्) ।

ओआरण न [अवतारण] उतारना, अवतारित करना (दे ४, ४०) ।

ओआरिअ वि [अवतारित] उतारा हुआ (से ११, १३, उप ५९७ टी) ।

ओआल पु [दे] छोटा प्रवाह (दे १, १५१) ।

ओआली स्त्री [दे] १ खड्ग का दोष । २ पंक्ति, श्रेणी (दे १, १६४) ।

ओआवल पु [दे] बालातप, सुबह का सूर्य-ताप (दे १, १६१) ।

ओआस देखो अवगास (हे १, १७२, कुमा, २०), 'अत्थारिमाए सुंदर ! ओआसो कत्थ पावाए' (काप्र ९०३ ।

ओआस देखो उववास (हे १, १७३, प्राकृ) ।

ओआहिअ वि [अवगाहित] जिसका अवगाहन किया गया हो वह (से १, ४, ८, १००) ।

ओइव सक [आ + मुच्] १ छोड़ देना, त्यागना, फेंक देना । २ उतार कर रख देना, 'तो उज्झिऊण लज्ज ओइवइ तत्तुय सरीराओ' (पउम ३४, १६), तहेव य झडत्ति परिवाडीए ओइवइ त्ति' (श्राक ३८) ।

ओइण्ण वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (पाअ, गा ६३) ।

ओइत्त } न [दे] परिधान, वस्त्र (दे १,
ओइत्तग } १५५) ।

ओइल्ल वि [दे] आरूढ (दे १, १५८) ।

ओउंठण न [अवगुण्ठन] स्त्री के मुँह पर का वस्त्र, घूँघट (अभि १६८) ।

ओउज्झिय वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (पड्) ।

ओऊल न [अवचूल] लटकता हुआ वस्त्राञ्चल, प्रालम्ब (पाअ), 'मरगयलवतमोत्तिओऊल' (पउम ८, २८३) । देखो ओचूल ।

ओं अ [ओम्] प्रणव मुख्य मन्त्राक्षर (पडि) ।

ओंकार पु [ओङ्कार] 'ओ' अक्षर (उत्त २५ ३१) ।

ओंगण अक [स्वण] अव्यक्त आवाज करना । ओंगणइ (प्राकृ ७३) ।

ओंघ देखो उंघ । ओंघइ (हे ४, १२ टि) ।

ओंडल न [दे] केश-गुम्फ, केश-रचना, धम्मिल्ल (दे १, १५०) ।

ओंदुर देखो उंदुर (पड्) ।

ओंवाल सक [छादय्] ढकना, आच्छादित करना । ओंवालइ (हे ४, २१) ।

ओंवाल सक [प्लावय्] १ डुबाना । २ व्याप्त करना । ओंवालइ (हे ४, ४१) ।

ओंवालिअ वि [छादित] ढका हुआ (कुमा) ।

ओंवालिअ वि [प्लावित] १ डुबाया हुआ । २ व्याप्त (कुमा) ।

ओकवण देखो उक्कवण (आचा २, २, ३, १ टी) ।

ओकच्छिया देखो उकच्छिआ (पव ६२) ।

ओकड्ढ वि [अपकृष्ट] १ खींचा हुआ । २ न अपकर्षण, खींचाव (उत्त १९) ।

ओकड्ढग देखो उकड्ढग (पण्ह १, ३) ।

ओकरग पुं [अवकरक] विष्ठा (सन ३०) ।

ओकस सक [अव + कृष्] १ निमग्न होना, गड जाना । २ खींचना । ३ वह जाना । वकृ ओकसमाण (कस) ।

ओकन्त वि [अवक्रान्त] निराकृत, पराजित, 'परवाईहिं अणोकन्ता अण्णउत्थिएहिं अणोद्धंसिज्जमाणा विहरंति' (ओप) ।

ओक्कढी देखो उक्कढी (दे १ १७४) ।

ओकणी स्त्री [दे] यूका, जूँ (दे १, १५९) ।

ओक्कित्र न [दे] १ वास, वमन, अवस्थान । २ वमन, उल्टी (दे १, १५१) ।

ओक्खच सक [आ + कृष्] खींचना । कर्म 'जह जह ओक्खचिज्जइ, तह तह वेगं पगिण्हमाणेण । भयव ! तुरगमेणं, इहाणिओ आसमे तुम्हं' (सुर ११, ५१) ।

ओक्खंड सक [अव + खण्डय्] तोड़ना, भागना । कृ ओक्खंडेअव्व (से १०, २९) ।

ओक्खंडिअ वि [दे] आक्रान्त (दे १, ११०) ।

ओक्खंद देखो अवक्खंद (सुर १०, २१०, पउम ३७, २९) ।

ओक्खल देखो उऊखल (कुमा प्राप्र) ।

ओक्खली [दे] देखो उक्खली (दे १,१७४) ।

ओक्खमाण (शा) वि [भविष्यत्] भविष्य में होनेवाला, भावी (प्राकृ ९६) ।

ओक्खिण्ण वि [दे] १ अवकीर्ण । २ खण्डित, चूर्णित (कम, दे १, १३०) । २ छन्न, ढका हुआ । ३ पार्श्व में शिक्षित (दे १, १३०) ।

ओक्खित्त वि [अवक्षिप्त] फेंका हुआ (कस) ।

ओखच देखो आक्खच ।

ओगम देखो अवगम । कृ ओगमिदव्व (शौ) (मा ४८) ।

ओगय वि [उपगत] प्राप्त (सूअ १, ५, २, १०) ।

ओगर देखो ओग्गर (पिंग) ।

ओगलिअ वि [अवगलित] गिरा हुआ, खिसका हुआ (गा २०५) ।

ओगसण न [अपकसन] ह्रास (राज) ।

ओगहिअ वि [अवगृहीत] उपात्त, गृहीत (ठा ३) ।

ओगाढ वि [अवगाढ] १ आश्रित, अधिष्ठित (ठा २, २) । २ व्याप्त (णाया १, १६) । ३ निमग्न (ठा ४) । ४ गभीर, गहरा (पउम २०, ६५, से ९, २९) ।

ओगास पुं [अवकाश] जगह, स्थान (विसे १३६ टी) ।

ओगास पु [अवकाश] मार्ग, रास्ता (सुख २, २१) ।

ओगाह सक [अव + गाह्] पाँव से चलना । वकृ ओगाहंत (पिंड ५७५) ।

ओगाह सक [अव + गाह्] अवगाहन करना। ओगाहइ (षड्)। वकृ **ओगाहंत** (आव २)। संकृ **ओगाहइत्ता, ओगाहित्ता** (दस ५, भग ५, ४)।

ओगाहण न [अवगाहन] अवगाहन (भग)।

ओगाहणा स्त्री [अवगाहना] १ आधार-भूत आकाश-क्षेत्र (ठा १)। २ शरीर (भग ६, ८)। ३ शरीर-परिमाण (ठा ८, १)। ४ अवस्थान, अवस्थिति (विसे)। °**णाम** न [°नामन्] कर्म-विशेष (भग ६, ८)। °**णाम** पु [°नाम] अवगाहनात्मक परिणाम (भग ६, ८)।

ओगाहिम वि [अवगाहिम] पक्वान्न (पचा ५)।

ओगिज्झ } सक [अव + ग्रह्] १ आश्रय **ओगिण्ह** } लेना। २ अनुज्ञा-पूर्वक ग्रहण करना। ३ जानना। ४ उद्देश करना। ५ लक्ष्य कर कहना। ओगिण्हइ (भग, कप्प)। संकृ **ओगिज्झिय, ओगिण्हइत्ता, ओगिण्हित्ता, ओगिण्हित्ताण** (आचा, णाया १, १ कप्प, उवा)। कृ **ओघेत्तव्व** (कप्प पि ५७०)।

ओगिण्हण न [अवग्रहण] सामान्य ज्ञान-विशेष, अवग्रह (णंदि)।

ओगिण्हणया स्त्री [अवग्रहणता] १ ऊपर देखो (णंदि)। २ मनो विषयीकरण, मन से जानना (ठा ८)।

ओगिन्ह देखो **ओगिण्ह**। संकृ **ओगिन्हित्ता** (निर १, १)।

ओगुंडिय वि [अवगुण्डित] लिप्त (बृह १)।

ओगुट्टि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हलकाई, तुच्छता (पउम ५६, १५)।

ओगूहिय वि [अवगूहित] आलिंगित (णाया १, ६)।

ओग्गर पु [ओगर] धान्य विशेष, व्रीहि-विशेष (पिंग)।

ओग्गह देखो **उग्गह** (सम्म ७५, उव, कम्म, स ३५, ५६८)।

ओग्गह सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना। ओग्गहइ (प्राकृ ७३)।

ओग्गहण देखो **ओगिण्हण**। °**पट्टग** पुन [°पट्टक] जैन साध्वियों के पहनने का एक गुह्याच्छादक वस्त्र, जांघिया, लंगोट (कस)।

ओग्गहिय वि [अवगृहीत] १ अवग्रह ज्ञान से जाना हुआ, अवग्रह का विषय। २ अनुज्ञा से गृहीत। ३ बद्ध, बँधा हुआ (उवा)। ४ देने के लिए उठाया हुआ (ओप)।

ओग्गहिअ वि [अवग्रहिक] अनुज्ञा से गृहीत अवग्रहवाला (ओप)।

ओग्गारण न [उद्गारण] उद्गार (चारु ७)।

ओग्गाल पु [दे] छोटा प्रवाह (दे १, १५१)।

ओग्गाल सक [रोमन्थाय्] पगुराना, चबाई हुई वस्तु का पुनः चबाना। ओग्गालइ (हे ४, ४३)।

ओग्गालिर वि [रोमन्थायितृ] पगुरानेवाला चबाई हुई वस्तु का पुनः चबानेवाला (कुमा)।

ओग्गाह देखो **उग्गाह** = उद् + ग्राहय्। ओग्गाहइ (प्राकृ ७२)।

ओग्गिअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १, १५८)।

ओग्गीअ पु [दे] हिम, बर्फ (दे १, १४९)।

ओग्घ देखो **उग्घड**। ओग्घइ (प्राकृ ७१)।

ओग्घसिय वि [अवघर्षित] प्रमार्जित, साफ सुथरा किया हुआ (राय)।

ओघ पु [ओघ] १ समूह, सघात (णाया १, ५)। २ संसार 'एते ओघ तरिस्संति समुद्द ववहारिणो' (सूअ १, ३)। ३ अविच्छेद, अविच्छिन्नता (पण्ह १, ५)। ४ सामान्य, साधारण। °**सण्णा** स्त्री [°संज्ञा] सामान्य ज्ञान (पण्ण ७)। °**ादेस** पुं [°ादेश] सामान्य विवक्षा (भग २५, ३)। देखो **ओह** = ओघ।

ओघट्टिद (शौ) वि [अवघट्टित] आहत (प्रयौ २७)।

ओघसर पु [दे] १ घर का जल-प्रवाह। २ अनर्थ, खराबी, नुकसान (दे १, १७०, सुर २, ६६)।

ओघसिय देखो **ओग्घसिय**।

ओघायण न [ओघायतन] १ परम्परा से पूजा जाना स्थान। २ तलाव में पानी जाने का साधारण रास्ता (आचा २, १०, २)।

ओघेत्तव्व देखो **ओगिण्ह**।

ओचार पु [दे अपचार] धान्य रखने की बडी कोठी—मिट्टी का पात्र-विशेष (अणु १५१)।

ओचिदी (शौ) स्त्री [औचिती] उचितता, औचित्य (रंभा)।

ओचुंब सक [अव + चुम्ब्] चुम्बन करना। संकृ **ओचुंबिऊण** (भवि)।

ओचुल्ल न [दे] चुल्हा का एक भाग (दे १, १५३)।

ओचूल } देखो **ओऊल** (विपा १, २, सुर **ओचूलग** } ३, ७०)। २ मुख से हटा हुआ शिथिल—ढीला (वस्त्र), 'ओचूलगनियत्था' (जं ३—पत्र २८५)।

ओच्चय देखो **अवचय** (महा)।

ओच्चिया स्त्री [अवचायिका] तोड़ कर (फूलों को) इकट्ठा करनेवाली (गा ७६७)।

ओच्छल्लर न [दे] ऊपर-भूमि। २ जघन के रोम (दे १, १३६)।

ओच्छअ } वि [अवस्तृत] १ आच्छादित। **ओच्छइय** } २ निरुद्ध, रोका हुआ (पण्ह १, ४, गउड स १६४)।

ओच्छंदिअ वि [दे] १ अपहृत। २ व्यथित, पीड़ित (षड्)।

ओच्छण्ण वि [अवच्छन्न] आच्छादित, ढका हुआ, 'णिच्चोउगो असोगो ओच्छण्णो सालरुक्खेण' (सम १५२)। देखो **ओच्छन्न**।

ओच्छत्त न [दे] दन्त-धावन, दतवन (दे १, १५२)।

ओच्छन्न देखो **ओच्छण्ण** (स ११२, ओप)। २ अवष्टब्ध, आक्रान्त (आचा)।

ओच्छर (शौ) सक [अव + स्तृ] १ बिछाना, फैलाना। २ आच्छादित करना, ढाँकना। ओच्छरीअदि (नाट—उत्तम १०५)।

ओच्छविय } वि [अवच्छादित] आच्छा- **ओच्छाइय** } दित ढका हुआ, 'गुच्छलयारुक्खगुम्मवल्लिगुच्छओच्छाइय सुरम्म वेभारगिरिकडगपायमूलं' (णाया १, १—पत्र २५, २८ टी, महा, स १५०)।

ओच्छाइवि नीचे देखो।

ओच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना। संकृ **ओच्छाइवि** (भवि)।

ओच्छायण वि [अवच्छादन] ढाकना, पिधान (स ५५७)।

ओच्छाहिय देखो **उच्छाहिय**।

'ओच्छाइओ पंगुण व रत्ति-
पसंगाहि वा समुनटओ।
अवमाणिओ पंगुण न जो
एस माणसित्ते भी॥'
(पिंड ८६५)।

ओच्छिअ न [दे] केश-विवरण (दे १, १५०)।

ओच्छिण्ण वि [अवच्छिन्न] आच्छादित, 'पत्तेहि य पुप्फेहि य ओच्छिण्णं च्छिण्णा' (जीव ३)।

ओच्छुद सक [आ + क्रम] १ आक्रमण करना। २ गमन करना। ओच्छुदति (से १३, १६)। कर्म. ओच्छुदइ (से १०, ५५)।

ओच्छुण्ण वि [आक्रान्त] १ दबाया हुआ। २ उल्लंघित, 'ओच्छुण्णदुग्गमपहा' (से १३, ६३; १५, ७३)।

ओच्छाअअ न [दे] घर की छत के प्रान्त भाग से गिरता पानी
'ओच्छेइ पुलअ मरणग
ओच्छोअअं पडिच्छंती।
अन्नूहि पहिअघरिणी ओंति-
ज्जंत ण लक्खेइ' (गा ६२१)

ओजिम्ह अक [आ] तृप्त होना। ओजिम्हइ (प्राकृ ६५)।

ओज्जर वि [दे] भीरु, डरपोक (षड्)।

ओज्जल देखो उज्जल (दे)।

ओज्जल्ल वि [दे] बलवान्, प्रबल (दे १, १५४)।

ओज्जाअ पु [दे] गर्जित, गर्जना (दे १, १५४)।

ओज्झ वि [दे] मैला, अस्वच्छ खाया नहीं जा (दे १, १४८)।

ओज्झमन देखो ओज्झा = अप + ध्या।

ओज्झमण न [दे] पलायन, भाग जाना (दे १, १०३)।

ओज्झर पु [निर्झर] झरना, पर्वत से निकलता जल-प्रवाह (गा ६८०; हे १, ९८; कुमा; महा)।

ओज्झरिअ [दे] देखो उज्झरिअ (दे १, ३३)।

ओज्झरी स्त्री [दे] ओझ, आंत का आवरण (दे १, १५८)।

ओज्झा सक [अप + ध्या] खराब चिन्तन करना। कवकृ. ओज्झमन (नवि)।

ओज्झा देखो अज्झा (उप पृ ३७८)।

ओज्झाय देखो उवज्झाय (कुमा; प्राकृ)।

ओज्झाय वि [दे] दूसरे को प्रेरणा कर हाथ से लिया हुआ (दे १, १५६)।

ओज्झावग देखो उवज्झाय (उप ३५७ टी)।

ओट्ठ पु [ओष्ठ] ओठ, अधर (पउम १, १८; स्वप्न १०८; कुमा)।

ओट्टिय वि [औष्ट्रिक] उष्ट्र-सम्बन्धी, ऊँट के बालों से बना हुआ (कस; स ५८६)।

ओड्डट्ट वि [दे] अनुरक्त, रागी (दे १, १५६)।

ओड्ड पुं [ओड्र] १ उत्कल देश। २ वि. उत्कल देश का निवासी, उड़िया (पिंग)।

ओड्डिअ वि [ओड्रीय] उत्कल-देशीय (पिंग)।

ओड्डण न [दे] ओढ़न, उत्तरीय, चादर (दे १, १५५)।

ओड्डिणा स्त्री [दे] ओढ़नी (स २११)।

ओढण न [दे] अवगुण्ठन (प्राकृ ३८)।

ओण देखो ऊण = ऊन (रंभा)।

ओणंद सक [अव + नन्द्] अभिनन्दन करना। कवकृ. ओणंदिज्जमाण (कप्प)।

ओणम अक [अव + नम] नीचे नमना। वकृ. ओणमंत (से १, ४५)। संकृ. ओणमिअ, ओणमिऊण (आचा २, निचू १)।

ओणय वि [अवनत] १ नमा हुआ (सुर २, ८६)। २ न. नमस्कार, प्रणाम (सम २१)।

ओणल्ल अक [अव + लम्ब्] लटकना 'केसहत्थाउ जत्थे ओणल्लइ' (नवि)।

ओणविय वि [अवनमित] नमाया हुआ, अवनत किया हुआ (गा ६३५)।

ओणाम सक [अव + नमय्] नीचे नमाना, अवनत करना। ओणामेहि (सुपा २१०)। संकृ. ओणामित्ता (निचू)।

ओणामणी स्त्री [अवनामनी] एक विद्या, जिसके प्रभाव से वृक्ष वगैरह स्वयं फलादि देने के लिए अवनत होते हैं (उप पृ १५५, निचू १)।

ओणामिय, **ओणाविय** वि [अवनमित] अवनत किया हुआ (से ५, ३६; ६, ४; गा १०३; नवि)।

ओणिअत्त अक [अपनि + वृत्] पीछे हटना, वापिस आना। वकृ. ओणिअत्तंत (से २, ७)।

ओणिअत्त वि [अपनिवृत्त] पीछे हटा हुआ, वापिस आया हुआ (से ५, ५८)।

ओणिमिल्ल वि [अवनिमीलित] मुद्रित, मूँदा हुआ (से ६, ८७; १३, ८२)।

ओणिवट्ट देखो ओनिवट्ट (पि ३३३)।

ओणियत्थ पुं [दे] वल्मीक, चींटियों का खुदा हुआ मिट्टी का ढेर (दे १, १५१)।

ओणीवी स्त्री [दे] नीवी, कटि-सूत्र (दे १, १५०)।

ओणुणअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १, १५८)।

ओणिद्द न [औन्निद्र्य] निद्रा का अभाव 'ओणिद्दं दोब्बल्लं' (गाप्र ८१, दे १, १५७)।

ओण्णिय वि [और्णिक] ऊन का बना हुआ, ऊर्ण-निर्मित (कस)।

ओणेज्ज वि [उपनेय] साँचे में ढाल कर बना हुआ फूल आदि, साँचे से बनता मोम का पुतला, 'आउट्टिमउक्किन्न ओणेज्जे (? ज्जे) उज्जपीलिमं च रंग च' (बृनि २, १८)।

ओत्तलइअ पु [दे] विटप (दे १, ११६)।

ओत्ताण देखो उत्ताण (विक्र २८)।

ओत्थ सक [स्थग्] ढकना। ओत्थइ (प्राकृ ६५)।

ओत्थअ वि [अवस्तृत] १ फैला हुआ, प्रसृत (से ७, ३)। २ आच्छादित, निहित 'समतओ अवयं गयगं' (आवम दे १, १५१; स ७७, ३८६)।

ओत्थअ वि [दे] अवसन्न, खिन्न (दे १, १५१)।

ओत्थइअ देखो ओच्छइय (गा ५२६; से ८, ६२; स ५८६)।

ओत्थर देखो ओच्छर। ओत्थरइ (पि ५०५; नाट)।

ओत्थर पु [दे] उत्साह (दे १, १५०)।

ओत्थरण न [अवस्तरण] बिछौना (पउम ८६, ५८)।

ओत्थरिअ वि [अवस्तृत] १ बिछाया हुआ। २ व्याप्त (से ७, ४७)।

ओत्थरिअ वि [दे] १ आक्रान्त। २ जो आक्रमण करता हो वह (दे १ १६६)।

ओत्थल्ल देखो उत्थल्ल = उत् + स्थृ। ओत्थल्लइ (प्राकृ ७५)।

ओत्थल्लपत्थल्ला देखो उत्थल्लपत्थल्ला (दे १ १२७)।

ओत्थाडिय वि [अवस्तृत] बिछाया हुआ (भवि)।

ओत्थार सक [अव + स्तारय्] आच्छादित करना। कर्म ओत्थारिज्जति (स ६६८)।

ओदइग देखो ओदइय (अणु १३६)।

ओदइय पुन [औदयिक] १ उदय कर्म-विपाक (भग ७ १८ विसे २१७८)। २ वि उदय निष्पन्न (विसे २१८४, सुअ १, १३)। ३ पुं कर्मोदय-जन्य भाव, 'कम्मोदयसहावो सव्वो ओदइगो भावो' (विसे ३४९४)। ४ वि उदय होने पर होनेवाला (विसे २१७८)।

ओदञ्ञ न [औदार्य] उदारता श्रेष्ठता (प्राप्र)।

ओदञ्ज न [औदार्य] उदारता (प्राप्र)।

ओदण न [ओदन] भात, राँधा हुआ चावल (पण्ह २, ५ ओघ ५१८, चारु १)।

ओदरिय वि [औदरिक] पेट-भरा, पेट भरने के लिए ही जो साधु हुआ हो वह (निचू १)।

ओदहण न [अवदहन] तप्त किए हुए लोहे के कोश वगैरह से दागना (राज)।

ओदारिय न [औदार्य] उदारता (प्राप्र)।

ओद्द वि [आर्द्र] गीला (प्राकृ २०)।

ओद्दपिअ वि [दे] १ आक्रान्त। २ नष्ट (दे १ १५१)।

ओद्धंस सक [अव + ध्वस्] १ गिराना। २ हटाना। ३ हराना। कवकृ 'परवाईहिं अणोक्कंता अण्णउत्थिएहिं अणोद्धसिज्जमाणा विहरंति' (ओप)।

ओधाव सक [अव + धाव्] पीछे दौड़ना। ओधावइ (महा)।

ओधुण देखो अवधुण। कर्म ओधुव्वति (पि ५३६)। संकृ ओधुणिअ (पि ५९१)।

ओधूअ वि [अवधूत] कम्पित (नाट)।

ओधूसरिअ वि [अवधूसरित] धूसर रंगवाला, हलका पीला रंगवाला (से १०, २१)।

ओनडिय वि [अवनटित] अवगणित, तिरस्कृत, 'बहुओनडियअण्णाहं' (सम्मत्त २१८)।

ओनियट्ट वि [अवनिवृत्त] देखो ओणिअत्त = अपनिवृत्त (सण्)।

ओपल्ल वि [दे] अपदीर्ण, कुण्ठित, 'तते णं मे तेतलिपुत्ते नीलुप्पल जाव असिं खंधे ओहरंति, तत्थवि य से धारा ओपल्ला' (णाया १, १४)।

ओप्प वि [दे] घृष्ट, ओप दिया हुआ (षड्)।

ओप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना। ओप्पेइ (हे १, ६३)।

ओप्पा स्त्री [दे] शाण आदि पर मणि वगैरह का घर्षण करना (दे १ १४८)।

ओप्पाइय वि [औत्पातिक] उत्पात-सम्बन्धी (ओप)।

ओप्पिअ वि [अर्पित] समर्पित (हे १, ६३)।

ओप्पिअ वि [दे] शाण पर घिसा हुआ, 'णिवमऊरोप्पिअपयराहं' (दे १, १४८)।

ओप्पील पु [दे] समूह, जत्था (पाअ)।

ओप्पुसिअ } देखो उप्पुसिअ (गउड, पि
ओप्पुसिअ } ४८६)।

ओबद्ध वि [अवबद्ध] १ बंधा हुआ। २ अवनत (वव १)।

ओबुज्झ सक [अव + बुध्] जानना। वकृ ओबुज्झमाण (आचा)।

ओब्भालण देखो उब्भालण (दे १, १०३)।

ओभग्ग वि [अवभग्न] भग्न, नष्ट (से ३, ६३, १०, २०)।

ओभावणा स्त्री [अपभ्राजना] लोक-निन्दा, अपकीर्ति (राज)।

ओभास अक [अव + भास्] प्रकाशना, चमकना। वकृ ओभासमाण (भग ११, ६)। प्रयो ओभासेइ (भग) ओभासति, ओभासेति (सुज १६) कृ. ओभासमाण (सूअ १, १४)।

ओभास सक [अव + भाष्] याचना करना, मागना। कवकृ ओभासिज्जमाण (निचू २)।

ओभास पु [अवभास] १ प्रकाश (ओप)। २ महाग्रह-विशेष (ठा २, ३)।

ओभासण न [अवभासन] १ प्रकाशन, उद्योतन (भग ८, ८)। २ आविर्भाव। ३ प्राप्ति (सूअ १, १२)।

ओभासण न [अवभाषण] याचना, प्रार्थना (वव ८)।

ओभासिय वि [अवभाषित] १ याचित, प्रार्थित (वव ६)। २ न याचना, प्रार्थना (बृह १)।

ओभुग्ग वि [अवभुग्न] वक्र, बाँका (णाया १, ८—पत्र १३३)।

ओमोडिय वि [अवमुक्त] छुड़ाया हुआ, रहित किया हुआ 'तेणवि कडिट्ठऊणलक्खपिव सूई-ओमोडिओ नियकुक्कुडो' (महा)।

ओम वि [अवम] असार, निस्सार (आचा २, ५ २ १)।

ओम वि [अवम] १ कम न्यून हीन (आचा)। २ लघु छोटा (आव २२३ भा)। ३ न. दुर्भिक्ष, अकाल (ओघ १३ भा)। °कोट्ठ वि [°कोष्ठ] ऊनोदर, जिसने कम खाया हो वह (ठा ४)। °चेलग, °चेलय वि [°चेलक] जीर्ण और मलिन वस्त्र धारण करनेवाला (उत्त १२, आचा)। °रत्त पु [°रात्र] १ दिन-क्षय, ज्योतिष की गिनती के अनुसार जिस तिथि का क्षय होता है वह (ठा ६)। २ अहोरात्र, रात-दिन (ओघ २८५)।

ओमइल्ल वि [अवमलिन] मलिन, मैला (से २, २५)।

ओमय [दे] देखो ओमरय (पाअ)।

ओमथिय वि [दे] अधोमुख किया हुआ नमाया हुआ (णाया १, १)।

ओमथिय वि [अवमस्तिक] शीर्षासन से स्थित, नीचे मस्तक और ऊंचे पैर रखकर स्थित (णंदि १२८ टी)।

ओमस वि [दे] अपहृत, अपगत (षड्)।

ओमज्जण न [अवमज्जन] स्नान-क्रिया (उप ६४८ टी)।

ओमज्जायण पु [अवमज्जायन] ऋषि-विशेष (ज ७, इक)।

ओमज्जिअ वि [अवमार्जित] जिसको स्पर्श कराया गया हो वह स्पर्शित (स ५६७)।

ओमट्ठ वि [अवमृष्ट] स्पृष्ट, छुआ हुआ (से ५, २१)।

ओमत्थ वि [दे] नत, अधोमुख (पाअ)।
ओमत्थिय [दे] देखो ओमथिय (ओघ ३८६)।
ओमल्ल न [निर्माल्य] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य (षड्)।
ओमल्ल वि [दे] घनीभूत, कठिन जमा हुआ (षड्)।
ओमाण पु [अपमान] अपमान, तिरस्कार (उत्त २६)।
ओमाण न [अवमान] १ जिससे क्षेत्र वगैरह का माप किया जाता है वह, हस्त, दण्ड वगैरह मान (ठा २, ४)। २ जिसका माप किया जाता है वह क्षेत्रादि (अणु)।
ओमाणण न [अवमानन, अप°] अपमान, तिरस्कार (स ६६७)।
ओमाय वि [अवमित] परिमित, मापा हुआ (सुज्ज ६)।
ओमाल देखो ओमल्ल = निर्माल्य (हे १ ३८, कुमा, वज्जा ८८)।
ओमाल अक [उप + माल्] १ शोभना, शोभित होना। २ सक सेवा करना, पूजना। संकृ ओमालिवि (भवि)। कवकृ 'अहवावि भत्तिपरागतियमवहूमीसद्दुमुमदामेहिं। ओमालिज्जतकमो, नियमा तित्थाहिवो होइ' (उप ९८६ टी)।
ओमालिअ देखो ओमल्ल = निर्माल्य (प्राकृ ३८)।
ओमालिअ वि [उपमालित] १ शोभित। २ पूजित, अर्चित (भवि)।
ओमालिआ स्त्री [अवमालिका] चिमटी या मुरझाई हुई माला (गा १६४)।
ओमास पु [अवमर्श] स्पर्श (से ६, ६७)।
ओमिण सक [अव + मा] मापना, मान करना। कर्म ओमिणिज्जइ (अणु)।
ओमिणण न [दे] प्रोंखनक, विवाह की एक रीति वर के लिये सासू की ओर से किया हुआ न्योछावर (पचा ८,२५)।
ओमिय वि [अवमित] परिच्छिन्न, परिमित (सुज्ज ६)।
ओमील अक [अव + मील्] मुद्रित होना, बन्द होना। वकृ ओमीलत (से ३, १)।

ओमीस वि [अवमिश्र] १ मिश्रित। २ समीपस्थ। ३ न सामीप्य, समीपता,

'सुचिरंपि अच्छमाणो,
वेरुलिओ कायमणियओमीसे।
न उवेइ कायभावं,
पाहन्नगुणेण नियएण।'
(ओघ ७७२)।

ओमुक्क वि [अवमुक्त] परित्यक्त (सम्मत्त १७६)।
ओमुग्ग देखो उम्मुग्ग (पि १०४, २३४)।
ओमुच्छिअ वि [अवमूर्च्छित] महा मूर्छा को प्राप्त (पउम ७, १५८)।
ओमुद्धग वि [अवमूर्धक] अधोमुख, 'ओमुद्धगा धरणियले पडति' (सूअ १, ५)।
ओमुय सक [अव + मुच्] पहनना। ओमुयइ (कप्प)। वकृ ओमुयत (कप्प)। संकृ ओमुइत्ता (कप्प)।
ओमोय पु [ओमोक] आभरण, आभूषण (भग ११, ११)।
ओमोयर वि [अवमोदर] भूख की अपेक्षा न्यून भोजन करनेवाला (उत्त ३०)।
ओमोयरिय न [अवमोदरिक] १ न्यून भोजनत्व, तप-विशेष (आचा)। २ दुर्भिक्ष, अकाल (ओघ ७)।
ओमोयरिया स्त्री [अवमोदरिता, °रिका] न्यून भोजन रूप तप (ठा ६)।
ओम्माय पु [उन्माद] उन्मत्तता (सबोध २१)।
ओय न [ओजस्] १ विषम संख्या, जैसे एक, तीन, पाँच आदि (पिंड ६२६)। २ आहार-विशेष, अपनी उत्पत्ति के समय जीव प्रथम जो आहार लेता है वह (सूअनि १७१)।
ओय वि [ओकस्] गृह, घर (वव ५)।
ओय वि [ओज] १ एक, असहाय (सूअ १, ४, २, १)। २ मध्यस्थ, तटस्थ, उदासीन (बृह १)। ३ पु विषम राशि (भग २५,३)।
ओय न [ओजस्] १ बल (आचा)। २ प्रकाश, तेज (चंद ५)। ३ उत्पत्ति स्थान में आहत पुद्गलों का समूह (पण्ण ८, सग १८०)। ४ आर्तव, ऋतु-धर्म (ठा ३, ३)।
ओयसि वि [ओजस्विन्] १ बलवान्। २ तेजस्वी (सम १५२, औप)।

ओयट्टण न [अपवर्त्तन] पीछे हटना, वापिस लौटना (उप ७६०)।
ओयड्ढ सक [अप + कृष्] खींचना। कवकृ ओयड्ढियत (पउम ७१, २६)।
ओयड्ढिया, ओयड्ढी स्त्री [दे] ओढनी, ओढने का वस्त्र चादर, दुपट्टा (सुख २, ८०)।
ओयग देखो ओदग (पउम ८६, १६)।
ओयत्त वि [अववृत्त] अवनत, अधोमुख (पाअ)।
ओयत्त सक [अप + वर्तय्] उलटाना, खाली करने के लिए नमाना। संकृ. ओयत्तियाण (आचा २, १, ७, ५)।
ओयत्तण न [अपवर्तन] खिसकाना, हटाना (पिंड ५९३)।
ओयविय वि [दे] परिकर्मित (पण्ह १, ४, औप)।
ओया स्त्री [ओजस्] शक्ति, सामर्थ्य (णाया १, १०—पत्र १७०)।
ओया स्त्री [ओजस्] १ प्रकाश (सुज्ज ६)। २ माता का शुक्र-शोणित (तंदु १०)।
ओयाइअ देखो उवयाइय (सुपा ६२५, दे ४, २२)।
ओयाय वि [उपयात] उपागत, समीप पहुँचा हुआ (णाया १, ६, निर १, १)।
ओयार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना। संकृ ओयारिया (दस ५, १, ६३)।
ओयार पुं [अवतार] घाट, तीर्थ (चेइय ५१८)।
ओयारग वि [अवतारक] १ उतारनेवाला। २ प्रवृत्ति करनेवाला (सम १०६)।
ओयारण देखो उत्तारण (कुप्र ७१)।
ओयावइत्ता अ [ओजयित्वा] १ बल दिखा कर। २ चमत्कार दिखा कर। ३ विद्या आदि का सामर्थ्य दिखा कर (जो दीक्षा दी जाय वह) (ठा ४)।
ओर वि [दे] १ चारु, सुन्दर (दे १,१४९)। २ समीप (दश० अग० चू०, आख्या० कोश पत्र ८७ गा० ६)।
ओरपिअ वि [दे] १ आक्रान्त। २ नष्ट (दे १, १७१)।
ओरपिअ वि [दे] पतला किया हुआ, छिला हुआ (पाअ)।

ओरत्त वि [दे] १ गर्विष्ठ, अभिमानी। २ कुसुम्भ से रक्त। ३ विदारित, काटा हुआ (दे १, १६५; पात्र)।

ओरद्ध देखो अवरद्ध = अपराद्ध (प्राकृ ५०)।

ओरम अक [उप + रम्] निवृत्त होना। ओरम (सूअ १, २, १, १०)।

ओरल्ली स्त्री [दे] लम्बा और मधुर आवाज (दे १, १८४; पात्र)।

ओरस सक [अव + तॄ] नीचे उतरना। ओरसइ (हे ४, ८५)।

ओरस वि [उपरस] स्नेह-युक्त, अनुरागी (ठा १०)।

ओरस त्रि [औरस] १ स्वोत्पादित पुत्र, स्व-पुत्र (ठा १०)। २ औरस्य, हृदयोत्पन्न (जीव ३)।

ओरसिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (कुमा)।

ओरस्स वि [औरस्य] हृदयोत्पन्न, आभ्यन्तरिक (प्रारू)।

ओराल देखो उराल = उदार (ठा ४, १० जीव १)।

ओराल देखो उराल (दे) (चंद १)।

ओराल न [औदार] नीचे देखो (विसे ६३१)।

ओरालिय न [औदारिक] १ शरीर विशेष, मनुष्य और पशुओं का शरीर (औप)। २ वि शोभायमान, शोभा वाला (पात्र)। ३ औदारिक शरीर वाला (विसे ३७५)। °णाम न [°नामन्] औदारिक शरीर का हेतुभूत कर्म (कम्म)।

ओरालिय वि [दे] १ व्याप्त। २ उपलिप्त, 'दिट्ठोरुहिरोरालियसिरो' (सुख १, १३)।

ओरालिय वि [दे] १ पोंछा हुआ, 'मुहि करयलु देवि पुणु ओरालिउ मुहकमलु' (भवि)। २ फैलाया हुआ, प्रसारित, 'दसदिसि वहक्कयवु ओरालिओ' (भवि)।

ओराली देखो ओरल्ली (सुर ११, ८६)।

ओरिंकिय न [अर्वारिङ्कित] महिष की आवाज, 'कत्थइ महिसोरिंकिय कत्थइ ट्टट्टट्टहुहुहुवनइ-सलिल' (पउम ६४, ४३)।

ओरिल्ल पु [दे] लम्बा काल, दीर्घ काल (दे १, १५५)।

ओरी [दे] समीप (आख्या० कोप. पत्र—८५ गा० १५)।

ओरुंज न [दे] क्रीडा-विशेष (दे १, १५६)।

ओरुभिय वि [उपरुद्ध] आवृत्त, आच्छादित (गा ६१४)

ओरुण्ण वि [अवरुदित] रोया हुआ (गा ५३८)।

ओरुद्ध वि [अवरुद्ध] रुका हुआ, बन्द किया हुआ (गा ८००)।

ओरुभ सक [अव + रुह्] उतरना। वकृ ओरुभमाण (कस)।

ओरुम्मा अक [उद् + वा] सूखना, सूख जाना। ओरुम्माइ (हे ४, ११)।

ओरुह देखो ओरुभ। वकृ ओरुहमाण (सथा ६३, कम)।

ओरुहण न [अवरोहण] नीचे उतरना (पउम २६, ५५, विसे १२०८)।

ओरुहण न [अवरोहण] नीचे उतारना, अवतारण (पव १५५)।

ओरोध देखो ओरोह = अवरोध (विपा १, ६)।

ओरोह देखो ओरुभ। वकृ. ओरोहमाण (कस ठा ५)।

ओरोह पु [अवरोध] १ अन्त पुर, जनानखाना (ओप)। २ अन्त पुर की स्त्री (सुर १, १४३)। ३ नगर के दरवाजा का अवान्तर द्वार (णाया १, १, औप)। ४ सघात, समूह (राज)।

ओलअ पु [दे] १ श्येन पक्षी, वाज पक्षी। २ अपलाप, निह्नव (दे १, १६०)।

ओलअणी स्त्री [दे] नवोढा, दुलहिन (दे १, १६०)।

ओलइअ वि [दे अवलगित] १ शरीर मे सटा हुआ, परिहित (दे १ १६२, पात्र)। २ लगा हुआ (से १, १६२)।

ओलइणी स्त्री [दे] प्रिया, स्त्री (दे १, १६०)।

ओलंड सक [उत् + लङ्घ्] उल्लंघन करना। ओलंडेति (णाया १, १—पत्र ६१)।

ओलंब देखो अवलंब = अव+लम्ब्। सकृ ओलंबिऊण (महा)।

ओलंब पु [अवलम्ब] नीचे लटकना (औप, स्त्रप्न ७३)।

ओलंबण न [अवलम्बन] सहारा, आश्रय। °दीव पु [°दीप] शृङ्खला-बद्ध दीपक (राज)।

ओलंबिय वि [अवलम्बित] आश्रित, जिसका सहारा लिया गया हो वह (निचू १)। २ लटकाया हुआ (औप)।

ओलविय वि [उल्लवित] लटकाया हुआ (सूअ २, २ औप)।

ओलभ पु [उपालम्भ] उलाहना, 'अप्पोलभणिमित्त पढमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते त्ति वेमि' (णाया १, १)।

ओलक्खिअ वि [उपलक्षित] पहिचाना हुआ (पउम १३, ४२, सुपा २५४)।

ओलगि (अप) देखो ओलग्गि (सिरि ५२४)।

ओलग्ग सक [अव + लग्] १ पीछे लगना। २ सेवा करना। ओलग्गति (पि ४८८)। हेकृ ओलग्गिउ (सुपा २३४, महा)। प्रयो, सकृ ओलग्गाविवि (भवि)।

ओलग्ग वि [अवरुग्ण] १ ग्लान, बीमार। २ दुर्वल, निर्बल (णाया १, १—पत्र २८ टी, विपा १, २)।

ओलग्ग वि [अवलग्न] पीछे लगा हुआ, अनुलग्न (महा)।

ओलग्ग [दे] देखो ओलुग्ग (दे १, १६४)।

ओलग्गा स्त्री [दे] सेवा, भक्ति चाकरी, 'करेउ देवो पसाय मम ओलग्गाए' (स ६३६), 'ओलग्गाए वेलत्ति जपिउ निग्गओ खुज्जो' (धम्म ८ टी)।

ओलग्गि वि [अवलागिन्] सेवा करनेवाला। स्त्री- °णी (रभा)।

ओलग्गिअ वि [अवलग्न] सेवित (वज्जा ३२)।

ओलावअ पु [दे] श्येन, वाज पक्षी (दे १, १६०, स २१३)।

ओलि देखो ओली = आली (हे १, ८३)।

ओलिंदअ पु [अलिन्दक] बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ (गा २५४)।

ओलिप सक [दे] खोलना। कवकृ 'ओलिप [?लिप्प] माणे वि तहा तहेव काया कवाडम्मिविभासियव्वा' (पिंड ३५४)।

ओलिंप सक [अव + लिप्] लीपना, लेप लगाना। वकृ ओलिपमाण (राज)।

ओलिभा स्त्री [दे] उपदेहिका, दीमक (दे १, १५३, गउड)।

ओलिज्जमाण देखो ओलिह।

ओलित्त वि [उपलिप्त, उपलिप्त] लीपा हुआ, कृतलेप (पण्ह १, ३, उव, पाअ, दे १, १५८, पाप)।

ओलित्ती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष (दे १, १५६)।

ओलिप्प न [दे] हास, हँसी (दे १, १५३)।

ओलिप्पती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष (दे १, १६)।

ओलिह सक [अव + लिह्] आस्वादन करना। कवकृ ओलिज्जमाण (कप्प)।

ओली सक [अव + ली] १ आगमन करना। २ नीचे आना। ३ पीछे आना 'नीय च काया ओलिंति' (विसे २०६४)।

ओली स्त्री [आली] पङ्क्ति, श्रेणी (कुमा)।

ओली स्त्री [दे] कुल-परिपाटी, कुलाचार (दे १, १४८)।

ओलुंकी स्त्री [दे] बालकों की एक प्रकार की क्रीडा (दे १, १५३)।

ओलुंड सक [वि + रचय्] करना, टपकना, बाहर निकालना। ओलुंडइ (हे ४, २६)।

ओलुंडिर वि [विरचयितृ] करनेवाला (कुमा)।

ओलुप पु [अवलोप] मसलना, मर्दन करना (गउड)।

ओलुपअ पु [दे] तापिका-हस्त, तवा का हाथा (दे १, १६३)।

ओलुग्ग वि [अवरुग्ण] १ रोगी, बीमार (पाअ)। २ भग्न, नष्ट (पण्ह १, १), 'भुक्खा भुक्खा निम्ममा ओलुग्गा ओलुग्गसरीरा' (निर १, १)।

ओलुग्ग वि [दे] १ सेवक, नौकर। २ निस्तेज, निर्बल, बल हीन (दे १, १६४)। ३ निश्छाय, निस्तेज (सुर २, १०२ दे १, १६४ स ४६६ ५०४)।

ओलुग्गाविय वि [दे] १ बीमार। २ विरह, पीडित (वज्जा ८६)।

ओलुट्ट वि [दे] १ असत्यवान, असंगत। २ मिथ्या, असत्य (दे १, १६४)।

ओलेहड वि [दे] १ अन्यासक्त। २ तृष्णा-पर। ३ प्रवृद्ध (दे १, १७२)।

ओलोअ देखो अवलोअ। वकृ ओलोअंत, ओलोएमाण (मा ५ णाया १,१६,१ १)।

ओलोट्ट सक [अप + लुट्] पीछे लोटना। वकृ ओलोट्टमाण (राज)।

ओलोयण न [अवलोकन] १ देखना। २ दृष्टि नजर (उप पृ १२७)।

ओलोयण न [अवलोकन] गवाक्ष 'दिट्ठा अन्नया तेण ओलोयणगएण' (सुपा २, ६)।

ओलोयणा स्त्री [अवलोकना] १ देखना। २ निरीक्षा, गवेषणा (वव १)।

ओल्ल पु [दे] १ पति, स्वामी। २ दण्ड प्रतिनिधि पुरुष, राजपुरुष विशेष (पिंग)।

ओल्ल देखो उल्ल = आर्द्र (हे, १, ८२, कुमा १७२)।

ओल्ल सक उल्ल = आर्द्रय्। ओल्लेइ (पि १११)। वकृ ओल्लंत (से १३, ६६)। कवकृ ओल्लिज्जंत (गा ६२१),

ओल्लट्टण पु [अवलट्टन] एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २८)।

ओल्लण न [आर्द्रयण] गीला करना, भिजाना (पि १११)।

ओल्लणी स्त्री [दे] मार्जिता, इलायची, दाल-चीनी आदि मसाला से संस्कृत दधि (दे १, १५८)।

ओल्हरण न [दे] स्वाप, सोना (दे १, १६३)।

ओल्हरिअ वि [दे] सुप्त, सोया हुआ (दे १६३ सुपा ३१०)।

ओल्हविद (शौ) नीचे देखो (पि १११, मृच्छ १०५)।

ओल्हिअ वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ (गा ३३०, सण)।

ओल्ही स्त्री [दे] पल्लव, वाड़, गुजराती में 'ऊर' (चेइय ३७३)।

ओल्हव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना। ठंडा करना। कवकृ ओल्हविज्जंत (स ३६२)। कृ ओल्हवेयव्व (स ३६२)।

ओल्हविअ वि [दे] देखो उल्हविय (सुर १०, १४६)।

ओव न [दे] हाथी वगैरह को बाँधने के लिए किया हुआ गर्त्त (दे १, १८६)।

ओवअण न [अवपतन] नीचे गिरना, अध-पात (से ६, ७७, १३, २२)।

ओवइणी स्त्री [अवपातिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से स्वयं नीचे आता है या दूसरे को नीचे उतारता है (सूअ २, २)।

ओवइय वि [अवपतित] १ अवतीर्ण, नीचे आया हुआ (से ६, २८, ओप)। २ आ पड़ा हुआ, आ उड़ा हुआ (से ६, २९)। ३ न पतन (ओप)।

ओवइय पुंस्त्री [दे] तीन इन्द्रियवाला एक क्षुद्र जन्तु, 'से किं तं तेइंदिया ? तेइंदिया अणेगविहा पण्णत्ता, तं जहा —ओवइया रोहिणीया हत्थिसोंडा' (जीव १)।

ओवइय वि [औपचयिक] उचित, परिपुष्ट (राज)।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार करने वाला (भग १३, ६)।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार के निमित्त का, उपकारार्थक (देवेन्द्र ३०६)।

ओवग्ग सक [अप + क्रम] १ व्याप्त करना। २ ढकना, आच्छादन करना। ओवग्गइ ओवग्गइ (से ४, २५, ३, ११)।

ओवग्ग सक [उप + वल्ग्, आ + क्रम्] १ आक्रमण करना। २ पराभव करना। ओवग्गइ (भवि)। सकृ ओवग्गिवि (भवि)।

ओवग्गहिय वि [औपग्रहिक] जैन साधुओं के एक प्रकार का उपकरण, जो कारण-विशेष में थोड़े समय के लिए लिया जाता है (पव ६०)।

ओवग्गिअ वि [दे उपवल्गित] १ अभिभूत १ आक्रान्त (से ६, ३०, पाअ, सुर १३, ८२)।

ओवघाइय वि [औपघातिक] उपघात करने वाला, पीड़ा उत्पन्न करनेवाला, 'सुय वा जइ वा दिट्ठं न लविज्जोवघाइयं' (दस ८)।

ओवच्च सक [उप + व्रज्] पास जाना, 'सुहाए ओवच्च वासहरं' (भवि)।

ओवट्ट अक [अप + वृत्] १ पीछे हटना। २ कम होना, ह्रास-प्राप्त होना। वकृ ओवट्टंत (उप ७६२)।

ओवट्ट पु [अपवर्त्त] १ ह्रास, हानि। २ भागाकार, (विसे २०६२)।

ओवट्टण न [अपवर्त्तन] ह्रास, कमी (श्रावक २१६)।

ओवट्टणा स्त्री [अपवर्त्तना] भागाकार, भाग-हरण (राज)।

ओवट्टिअ न [दे] चाटु, खुशामद (दे १, १६२)।

ओवट्ठ वि [अववृष्ट] बरसा हुआ, जिसने वृष्टि की हो वह (से ६, ३८)।

ओवट्ठ पु [दे अववर्ष] १ वृष्टि, बारिश (से ६, २५)। २ मेघ-जल का सिञ्चन (दे १, १५२)।

ओवट्ठिइअ वि [औपस्थितिक] उपस्थिति के योग्य, नौकर (प्रयौ ११)।

ओवड अक [अव + पत्] गिरना, नीचे पड़ना। वकृ ओवडत (से १३, २८)।

ओवडण न [अवपतन] १ अव पात। २ झम्पा-पात (से २, ३२)।

ओवड्ढ वि [उपार्ध] आधे के करीब। °ोमोयरिया स्त्री [°ावमोदरिका] बारह कवल का ही आहार करना, तप-विशेष (भग-७, १)।

ओवड्ढि वि [अपवृद्धि] ह्रास (निचू २०)।

ओवड्डूटा स्त्री [दे] ओढनी का एक भाग (दे १, १५१)।

ओवण न [उपवन] बगीचा, आराम (कुमा)।

ओवणिहिय पु [औपनिहित, औपनिधिक] भिक्षाचर विशेष, समीपस्थ भिक्षा को लेनेवाला साधु (ठा ५, ओप)।

ओवणिहिया स्त्री [औपनिधिकी] आनुपूर्वी-विशेष, अनुक्रम-विशेष (ओप)।

ओवत्त सक [अप + वर्त्तय्] १ उलटा करना। २ फिराना, घुमाना। ३ फेंकना। सकृ ओवत्तिय (दस ५)। कृ. ओवत्तेअव्व (से १०, ५०)।

ओवत्त वि [अपवृत्त] फिराया हुआ (से ६, ६१)।

ओवत्तिय वि [अपवर्त्तित] १ घुमाया हुआ। २ क्षिप्त (णाया १, १—पत्र ८७)।

ओवत्थाणिय वि [औपस्थानिक] सभा का कार्य करनेवाला नौकर। स्त्री °या (भग ११, ११)।

ओवम देखो ओवम्म, 'इदियपच्चक्ख पिय अणुमाणं ओवम च सद्दाणं' (जीवस १४२)।

ओवमिय वि [औपमिक] उपमा-सम्बन्धी (अणु)।

ओवमिय } न [औपम्य] १ उपमा (ठा ८,
ओवम्म } अणु)। २ उपमान, प्रमाण (सूअ १ १०)।

ओवय सक [अव + पत्] १ नीचे उतरना। २ आ पड़ना। वकृ ओअवत, ओवयमाण कप्प स ३७०, पि ३६ , णाया १, १ ६)।

ओवयण न [दे अवपतन] प्रोङ्खणक चुमना (णाया १, १—पत्र ३६)।

ओवयण न [अवपतन] अवतरण, नीचे उतरना (भग ३, २—पत्र १७७)।

ओवयाइयय वि [औपयाचितक] मनौती से प्राप्त किया हुआ, मनोती से मिला हुआ (ठा १०)।

ओवयारिय वि [औपचारिक] उपचार-सम्बन्धी (पचा ६ पुप्फ ४२६)।

ओवर पु [दे] निकर, समूह (दे १, १५७)।

ओववाइय वि [औपपातिक] १ जिसकी उत्पत्ति होती हो वह (पच १)। १ पु ससारी, प्राणी (आचा)। ३ देव या नारक-जीव (दस ४)। ४ न देव या नारक जीव का शरीर (पच १)। ५ जन आगम-ग्रन्थ विशेष, औप-पातिक सूत्र (औप)।

ओववाइय वि [औपपातिक] एक जन्म से दूसरे जन्म मे जानेवाला (सूअ १, १, ११)।

ओवसग्गिय वि [औपसर्गिक] १ उपसर्ग से सबन्ध रखनेवाला, उपद्रव—समर्थ रोगादि। २ शब्द-विशेष, प्र, परा आदि अव्यय रूप शब्द (अणु)।

ओवसमिअ पुन [औपशमिक] १ उपशम। २ वि उपशम से उत्पन्न। ३ उपशम होने पर होनेवाला (विसे २१७४)।

ओवसेर न [दे] १ चन्दन, सुगन्धि काष्ठ-विशेष। २ वि रति-योग्य (दे १, १७३)।

ओवस्सय देखो उवस्सय, 'घट्टिज्जइ ओवस्सय-तणय तेणाइरक्खट्ठा' (पव ८१)।

ओवह सक [अव + वह्] १ वह जाना, वह चलना। २ डूबना। कवकृ, ओवुब्भमाण (कस)।

ओवहारिअ वि [औपहारिक] उपहार सबन्धी (विक ७५)।

ओवहिय वि [औपधिक] माया से गुप्त विचरनेवाला (णाया १, २)।

ओवाअअ पु [दे] आपातप, जल-समूह की गरमी (षड्)।

ओवाइय देखो ओववाइय (राज)।

ओवाइय देखो उववाइय (सुपा ११३)।

ओवाइय वि [आवपातिक] सेवा करनेवाला (ठा १०)।

ओवाडण न [अवपाटन] विदारण, नाश (ठा २, ४)।

ओवाडिय वि [अवपाटित] विदारित (औप)।

ओवाय सक [उप + याच्] मनौती करना। वकृ ओवायत, ओवाइयमाण (सुर १३, २०६, णाया १, ८—पत्र १३४)।

ओवाय पुं [अवपात] १ सेवा भक्ति (ठा ३,२, औप)। २ गर्त्त, गड्ढा (पण्ह १ १)। ३ नीचे गिरना (पण्ह १, ४)।

ओवाय वि [औपाय] उपाय-जन्य, उपाय-सम्बन्धी (उत्त १, २८)।

ओवार सक [अप + वारय्] आच्छादन करना ढकना। सकृ ओवारिअ (अभि २१३)।

ओवारि न [दे] धान्य भरने का एक प्रकार का लम्बा कोठा, गोदाम (राज)।

ओवारिअ वि [दे] ढेर किया हुआ, राशि-कृत (स ४८७, ४८)।

ओवारिअ वि [अपवारित] आच्छादित ढका हुआ (मै ६१)।

ओवास अक [अव + काश्] शोभना, विराजना। ओवासइ (प्राप)।

ओवास अक [अव + काश्] अवकाश पाना, जगह मिलना। ओवासइ (प्राप्र, कुमा ७, २३, प्राकृ ६६)।

ओवास पु [अवकाश] अवकाश, खाली जगह (पाअ, प्राप्र, से १, ५४)।

ओवास पु [उपवास] उपवास, भोजनाभाव (पउम ४२, ८६)।

ओवासतर पुन [अवकाशान्तर] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७६)।

ओवाह सक [अव + गाह्] अवगाहना। ओवाहइ (प्राप्र)।

ओवाहिअ वि [अपवाहित] १ नीचे गिराया हुवा (से ६, १६, १३, ७२)। २ घुमाकर नीचे टाला हुआ (से ७, ५५)।

ओविअ वि [दे] १ आरोपित, अध्यासित। २ मुक्त, परित्यक्त। ३ हत, छीना हुआ। ४ न खुशामद। ५ रुदित, रोदन (दे १, १६७)। ६ त्रि परिकर्मित, सम्कारित (कप्प)। ७ खचित, व्याप्त (आवम)। ८ उज्ज्वालित, प्रकाशित (णाया १, १६)। ९ विभूषित, शृंगारित (प्राप)। देखो उविय।

ओविद्ध वि [अपविद्ध] १ प्रेरित, आहत (से ७,१२)। २ नीचे गिराया हुआ (से १३, २६)।

ओवील सक [अव + पीडय्] पीडा पहुंचाना, मार-पीट करना। वकृ **ओवीलेमाण** (णाया १, १८—पत्र २३६)।

ओवीलय देखो उव्वीलय (पण्ह १, ३)।

ओवुब्भमाण देखो **ओवह**।

ओवेहा स्त्री [उपेक्षा] १ उपदर्शन, देखना। २ अवधीरण, 'सजयगिहिचोयणचोयणे य वावारओवेहा' (ओघ १७१ भा)।

°**ओव्वण** देखो जोव्वण (से ७, ६२)।

ओव्वत्त अक [अप + वृत्] १ पीछे फिरना, लौटना। २ अवनत होना। संकृ **ओवत्तिऊण** (ओघ भा ३० टी)।

ओव्वत्त वि [अपवृत्त] पीछे फिरा हुआ। २ नमा हुआ, अवनत (से ८, ८४)।

ओव्वेव्व देखो उव्वेव (सक्षि ३५)।

ओस देखो उस्स = उप (दस ५, १, ३३)।

ओस पु [दे] देखो ओसा (राज)। °**चारण** पु [°चारण] हिम के अवलम्बन से जानेवाला साधु (गच्छ)।

ओसक्क सक [अव + ष्वष्क्] कम करना, घटाना। संकृ **ओसक्किया** (दस ५,१,६३)।

ओसक्क अक [अव + ष्वष्क्] १ पीछे हटना, अपसरण करना। २ भागना, पलायन करना। ३ उदीरण करना, उत्तेजित करना। ओसक्कइ (पि ३०२,३१५)। वकृ **ओसक्कंत**, **ओसक्कमाण** (से ५, ७३, स ६४)। संकृ **ओसक्कइत्ता**, **ओसक्किय**, **ओसक्किऊण** (ठा ८, दस ४, सुर २, १५)।

ओसक्क वि [दे अवष्वष्कित] अपसृत, पीछे हटा हुआ (दे १, १४९, पाअ)।

ओसक्कण न [अवष्वष्कण] १ अपसरण (स ६३)। २ नियत काल से पहले करना (धर्म ३)। ३ उत्तेजन (बृह २)।

ओसक्किय वि [अवष्वष्कित] नियत काल से पहले किया हुआ (पिंड २९०)।

ओसट्ट अक [वि + सृप्] फैलना, पसरना। ओसट्टइ (गा ८५६)।

ओसट्ट वि [दे] विकसित, प्रफुल्लित (षड्)।

ओसडिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त (षड्)।

ओसढ न [औषध] दवा, इलाज, भैषज (हे १, २२७)।

ओसढिअ वि [औषधिक] वैद्य, चिकित्सक (कुमा)।

ओसण न [दे] उद्वेग, खेद (दे १ १५५)।

ओसण्ण वि [अवसन्न] १ खिन्न (गा ३८२, से १३, ३०)। २ शिथिल, ढीला (वव ३)। देखो **ओसन्न**।

ओसण्ण वि [दे] त्रुटित, खण्डित (दे १, १५६, षड्)।

ओसण्ण अ [दे] प्राय बहुत कर (कप्प)।

ओसत्त वि [अवसक्त] संबद्ध, संयुक्त (णाया १, ३, स ४८९)।

ओसधि देखो ओसहि (ठा २, ३)।

ओसद्ध वि [दे] पातित, गिराया हुआ (पाअ)।

ओसन्न देखो **ओसण्ण** = अवसन्न (सुर ४, ३४, णाया १, ५, स ६, पुप्फ २१)। ३ न एकान्त, 'ओसन्ने देइ गेण्हइ वा' (उव)।

ओसन्न वि [अवसन्न] निमग्न (दसचू १, ८)।

ओसन्न देखो **ओसण्ण** (कम्म १, १३, विसे २२७५)।

ओसप्पिणी स्त्री [अवसर्पिणी] दश कोटाकोटि सागरोपमपरिमित काल-विशेष, जिसमें सर्व पदार्थों के गुणों की क्रमश हानि होती जाती है (सम ७२, ठा १)।

ओसम सक [उप + शमय्] उपशान्त करना। भवि. ओसमेहिंति (पिंड ३२६)।

ओसमिअ वि [उपशमित] शान्ति-प्राप्त (सम ३७)।

ओसर अक [अव + तृ] १ नीचे आना। २ अवतरना, जन्म लेना। ओसरइ (षड्)।

ओसर अक [अप + सृ] अपसरण करना, पीछे हटना। २ सरकना, खिसकना, फिसलना। ओसरइ (महा, काल)। वकृ **ओसरंत** (गा १८, ३६३, से ६, २६, ९, ८२, १२, ६, से ६३)।

ओसर सक [अव + सृ] आना, तीर्थंकर आदि महापुरुष का पधारना (उप ७२८ टी)।

ओसर पु [अवसर] १ अवसर, समय (सूअ १, २)। २ अन्तर (राज)।

ओसरण न [अवसरण] १ जिन-देव का उपदेश स्थान (उप १३३, रयण १)। २ साधुओं का एकत्रित होना (सूअ १, १२)।

ओसरण न [अपसरण] १ हटना, दूर होना। २ वि दूर करनेवाला, 'बहुपावकम्मओसरण' (कुमा १)।

ओसरिअ वि [दे] १ आकीर्ण, व्याप्त। २ आँख के इशारे से संकेतित या इंगित (षड्)। ३ अधोमुख, अवनत। ४ न आँख का इशारा (दे १, १७१)।

ओसरिअ वि [अवसृत] आगत, पधारा हुआ (उप ७२८ टी)।

ओसरिअ वि [अपसृत] १ पीछे हटा हुआ (पउम १६, २३, पाअ, गा ३५१)। २ न अपसरण (से २, ८)।

ओसरिअ वि [उपसृत] संमुखागत, सामने आया हुआ, (पाअ)।

ओसरिआ स्त्री [दे] अलिन्दक, बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ (दे १, १६१)।

ओसव पु [उत्सव] उत्सव, आनन्द-क्षण (प्राप्र)।

ओसविय देखो **ओसमिअ** (पिंड ३२६)।

ओसविय वि [उच्छ्रयित] ऊँचा किया हुआ (पउम ८, २६६)।

ओसव्विअ वि [दे] १ शोभा-रहित। २ न अवसाद, खेद (दे १, १६८)।

ओसह न [औषध] दवाई, भैषज (ओघ, स्वप्न ५६)।

ओसहि°, ही स्त्री [ओषधि] १ वनस्पति (पराग १)। २ नगरी-विशेष (राज)। °महिहर पु [°महिधर] पर्वत-विशेष (अच्चु ४४)।

ओसहिअ वि [आवसथिक] चन्द्रार्घ-दानादि व्रत को करनेवाला (गा ३४६)।

ओसा स्त्री [दे] १ ओस, निशा जल (जी ५, आचा, विसे २५७६)। २ हिम, बरफ (दे १, १६४)।

ओसाअ पु [दे] प्रहार की पीडा (दे १, १५२)।

ओसाअ पु [अवश्याय] हिम, ओस (से १३, ५२, दे ८, ५३)।

ओसाअंत वि [दे] १ जँभाई खाता हुआ आलसी। २ बैठता। ३ वेदना-युक्त (दे १, १७०)।

ओसाअण वि [दे] १ महीशान, जमीन का मालिक। २ आपोशान (षड्)।

ओसाण न [अवसान] १ अन्त (ठा ४)। २ समीपता, सामीप्य (सूअ १, ४)।

ओसाण न [अवसान] गुरु के समीप स्थान, गुरु के पास निवास (सूअ १, १४, ४)।

ओसाणिहाण त्रि [दे] विधि-पूर्वक अनुष्ठित (दे १, १६३)।

ओसाय पु [अवश्याय] ओस, निशा-जल (जीवस ३१)।

ओसायण न [अवसादन] परिशाटन, नाश (विसे)।

ओसार सक [अप+सारय्] दूर करना। ओसारेहि (स ४०८)। कर्म ओसारिज्जतु (स ४१०)। सक ओसारिवि (भवि)।

ओसार पु [दे] गो-वाट, गो-वाडा (दे १, १४६)।

ओसार पु [अपसार] अपसरण (से १३, १४)।

ओसार देखो **ऊसार** = उत्सार (भवि)।

ओसार पु [अवसार] कवच, बखतर (से १२, ५६)।

ओसारिअ वि [अपसारित] दूर किया हुआ, अपनीत (गा ६६, पउम २३, ८)।

ओसारिअ वि [अवसारित] अवलम्बित, लटकाया हुआ (औप)।

ओसास (अप) देखो **ओवास** = अवकाश (भवि)।

ओसिअ वि [दे] १ अबल, बल-रहित (दे १, १५०)। २ अपूर्व, असाधारण (षड्)।

ओसिअ वि [उषित] १ बसा हुआ, रहा हुआ (सूअ १, १४, ४)। २ व्यवस्थित (सूअ १, ४, १, २०)।

ओसिअंत वक्र [अवसीदत्] पीडा पाता हुआ (हे १, १०१, से ३, ५१)।

ओसिंघिअ वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ (दे १, १६२, पाअ)।

ओसिंचित्तु वि [अपसेचयितृ] अपसेक करनेवाला (सूअ २, २)।

ओसिक्खिअ न [दे] १ गति-व्याघात। २ अरति-निहित (दे, १, १७३)।

ओसित्त वि [अवसिक्त] भीजाया हुआ, सिक्त (आचा २, १, १, १)।

ओसित्त वि [दे] उपलिप्त (दे १, १५८)।

ओसिय वि [अवसित] १ पर्यवसित। २ उपशान्त (सूअ १, १३)। २ जीत, पराभूत (विसे)।

ओसिरण न [दे] व्युत्सर्जन, परित्याग (षड्)।

ओसीअ वि [दे] अधो-मुख, अवनत (दे १, १५८)।

ओसीर देखो **उसीर** (पराह २, ५)।

ओसीस अक [अप+वृत्] १ पीछे हटना। २ घूमना, फिरना। सक्र ओसीसिऊण (दे १, १५२)।

ओसीस वि [अप+वृत्त] अपवृत्त (दे १, १५२)।

ओसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित (प्राप्र)।

ओसुखिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, कल्पित (दे १६१)।

ओसुंभ सक [अव+पातय्] १ गिरा देना। २ नष्ट करना। कर्म ओसुब्भति (स ७, ६१)। वक्र ओसुंभइ (से ४, ५४)। कवक्र ओसुब्भंत (पि ५३५)।

ओसुक्क सक [तिज्] तीक्ष्ण करना, तेज करना। ओसुक्कइ (हे ४, १०४)।

ओसुक्क वि [अवशुष्क] सूखा हुआ (पउम ५३, ७६, ५, १४)।

ओसुक्ख अक [अव+शुष्] सूखना। वक्र ओसुक्खंत (से ६, ६३)।

ओसुद्ध वि [दे] १ विनिपतित (दे १, १५७)। २ विनाशित (से १३ २२)।

ओसुब्भंत देखो **ओसुंभ**।

ओसुय न [औत्सुक्य] उत्सुकता, उत्कण्ठा (औप, पि ३२७ ए)।

ओसोयणी, ओसोवणिआ, ओसोवणी स्त्री [अवस्वापनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से दूसरे को गाढ निद्राधीन किया जा सकता है (सुपा २२०, णाया १, १६, कप्प)।

ओस्सक्क पु [अवष्वष्क] अपसर्पण, पीछे हटना (पव २)।

ओस्सक्कण देखो **ओसक्कण** (पिंड २८५)।

ओस्सा [दे] देखो **ओसा** (कस)।

ओस्साड पु [अवशाट] नाश, विनाश (सण)।

ओह देखो **ओघ** (पराह १, ४, गा ५१८, निचू १६, ओघ २, धम्म १० टी)। ५ सूत्र, शास्त्र-सम्बन्धी वाक्य (विसे ६५७)।

ओह सक [अव+तॄ] नीचे उतरना। ओहइ (हे ४, ८५)।

ओह पुन [ओघ] १ उत्सर्ग, सामान्य नियम, (णंदि ५२)। २ सामान्य, साधारण (वव १)। ३ प्रवाह (राय ४७ टी)। ४ सलिल-प्रवेश। ५ आस्रव-द्वार (आचा २, १६, १०)। ६ संसार (सूअ १, ६, ६)। °सुय न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष (णंदि ५२)।

ओहक पु [दे] हास हसी (दे १, १५३)।

ओहजलिया स्त्री [दे] क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष (जीव १)।

ओहतर वि [ओघतर] संसार पार करनेवाला (मुनि), (आचा)।

ओहंस पुं [दे] १ चन्दन। २ जिसपर चन्दन घिसा जाता है वह शिला, चन्द्रोटा या होरसा (दे १, १६८)।

ओहट्ट अक [अप+घट्ट्] १ कम होना, ह्रास पाना। २ पीछे हटना। ३ सक. हटाना, निवृत्त करना। ओहट्टइ (हे ४, ४१६)। वकृ ओहट्टंत (से ८ ६०, सुपा २३३)।

ओहट्ट पु [दे] १ अवगुण्ठन। २ नीवी, कटि वस्त्र। ३ वि अपसृत, पीछे हटा हुआ (दे १, १६६, भवि)।

ओहट्ट } वि [अपवर्तक] निवारक, हटाने-
ओहट्टय } वाला, निषेधक (विपा १, २, णाया १, १६; १८)।

ओहट्टिअ वि [दे] दूसरे को दबाकर हाथ में गृहीत (दे १, १५६)।

ओहट्ट पु [दे] हास हँसी (दे १, १५३)।

ओहट्ट वि [अवघृष्ट] घिसा हुआ (पउम ३७ ३)।

ओहड वि [अपहृत] नीचे लाया हुआ (दस ५, १, ८६)।

ओहडणी स्त्री [दे] अर्गला (दे १, १६०)।

ओहत्त वि [दे] अवनत (दे १, १५६)।

ओहत्थिअ वि [अपहस्तित] परित्यक्त, दूर किया हुआ (से ३५)।

ओहय वि [उपहत] उपघात-प्राप्त (णाया १ १)।

ओहय वि [अवहत] विनाशित (औप)।

ओहर सक [अप + हृ] अपहरण करना। वर्त्त ओहरीआमि (पि ६८)।

ओहर अक [अव + हृ] टेढ़ा होना, वक्र होना। २ सक उलटा करना। ३ फिराना। संकृ ओहरिय (आचा २, १ ७)।

ओहर न [उपगृह] छोटा गृह कोठरी (पराह १ १)।

ओहरण न [अपहरण] उठा ले जाना, अपहार (उत्त ६९६)।

ओहरण न [दे] १ विनाशन, हिंसा। २ असभव अर्थ की सम्भावना (दे १, १७४)। ३ अस्त्र हथियार (स ५३१, ६३७)। ४ वि आघ्रात (पड्)।

ओहरिअ वि [दे अपहृत] १ फेंका हुआ (से १०, ३)। २ नीचे गिराया हुआ (से ३, ३८)। ३ उतारा हुआ, उत्तारित (ओघ ८०६)। ४ अपनीत, 'ओहरिअभरुव्व भारवहो' (गा ८०)।

ओहरिस वि [दे] १ आघ्रात, सूँघा हुआ। २ पु चन्दन घिसने की शिला, चन्दौटा (दे १ १६६)।

ओहल देखो उऊखल (हे १, १७१; कुमा)।

ओहल सक [अव + खल्] घिसना। भवि-ओहलिही (सुपा १३६)।

ओहलिय वि [अवखलित] घिसा हुआ, 'असुजलोहलियगल्यलो' (सुर २, १८६, सण)।

ओहली स्त्री [दे] ओघ, समूह (सुपा ३६४)।

ओहस सक [उप + हस] उपहास करना। ओहसइ (नाट)। वकृ ओहसिज्जत (से १५, १०)। कृ ओहसणिज्ज (स ८)।

ओहसिअ न [दे] १ वस्त्र, कपड़ा। २ वि धृत, कम्पित (दे १, १७३)।

ओहसिअ वि [उपहसित] जिसका उपहास किया गया हो वह (स ६०, दे १, १७३ स ८८८)।

ओहाइअ वि [दे] अधो-मुख (१, १५८)।

ओहाइअ वि [अवधावित] चरित्र से भ्रष्ट (दसचू १, १)।

ओहाडण न [अवघाटन] प्रायश्चित्त-विशेष (वव १)।

ओहाडण न [अवघाटन] ढकना, पिधान (वव १)।

ओहाडणी स्त्री [दे अवघाटनी] १ पिधानी (दे १, १६१)। २ एक प्रकार की ओढनी (जीव ३)।

ओहाडिय वि [अवघाटित] १ पिहित, बन्द किया हुआ, 'वइरामयकवाडोहाडियाओ' (ज १—पत्र ७१)। २ स्थगित (आव ५)।

ओहाण न [उपधान] स्थगन, ढकना (वव ४)।

ओहाण न [अवधान] उपयोग, ख्याल (आचा)।

ओहाण न [अवधावन] अवक्रमण, पीछे हटना (निचू १६)।

ओहाम सक [तुलय्] तोलना, तुलना करना। ओहामइ (हे ४, २५)। वकृ ओहामत (कुमा)।

ओहामिय वि [तुलित] तोला हुआ (पाअ, सुपा २६६)।

ओहामिय वि [दे] १ अभिभूत (पड्)। २ तिरस्कृत (स ३१३, ओघ ६०)। ३ बन्द किया हुआ, स्थगित, 'जह वीणावसरवा खणेण ओहामिया सव्वा' (पउम ८६, ६)।

ओहार सक [अव + धारय्] निश्चय करना। सकृ ओहारिअ (अभि १६४)।

ओहार पु [दे] १ कच्छप। २ नदी वगैरह के बीच की शुष्क जगह, द्वीप। ३ अंश, विभाग (दे १, १६७)। ४ जलचर-जन्तु-विशेष (पराह १, ३)।

ओहार पु [अवधार] निश्चय। °व वि [°वत्] निश्चयवाला (द्र ४६)।

ओहारइत्तु वि [अवधारयितृ] निश्चय करनेवाला (राज)।

ओहारइत्तु वि [अवहारयितृ] दूसरे पर मिथ्याभियोग लगानेवाला (राज)।

ओहारण न [अवधारण] नियम, निश्चय (द्र २)।

ओहारणी स्त्री [अवधारणी] निश्चयात्मक भाषा, 'ओहारणिं अप्पियकारिणिं च भासं न भासिज्ज सया स पुज्जो' (दस ८, ३)।

ओहारिणी स्त्री [अवधारिणी] ऊपर देखो (भास १४)।

ओहाव सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। ओहावइ (हे ४, १६०, षड्)।

ओहाव अक [अव + धाव्] पीछे हटना। वकृ ओहावत, ओहावेंत (ओघ १२६, वव ८)।

ओहावण न [अवधावन] १ अपसर्पण, पलायन (वव १)। २ दीक्षा से भागना, दीक्षा को छोड़ देना (वव ३)।

ओहावण न [अवभावन] अपमान, अपकीर्ति (पिंड ४८६)।

ओहावणा स्त्री [अपहापना] लाघव, लघुता (जय २६)।

ओहावणा स्त्री [अपभावना] तिरस्कार, अनादर (उप १२६ टी, स ४१०)।

ओहावणा स्त्री [आक्रान्ति] आक्रमण (काल)।

ओहाविअ वि [अपभावित] १ तिरस्कृत (सुपा २२४)। २ ग्लान, ग्लानि-प्राप्त (वव ८)।

ओहाविअ वि [अवधावित] पलायित, अपसृत (दसचू १, २)।

ओहास पु [अवहास, उपहास] हँसी, हास्य (प्राप्र, से ४३)।

ओहासण न [अवभाषण] याचना, माग, विशिष्ट भिक्षा (आव ८)।

ओहासिय वि [अवभाषित] याचित (पव्वा १३, १०)।

ओहि पुस्त्री [अवधि] १ मर्यादा सीमा हद (गा १७०,२०६)। २ रूपि-पदार्थ का अतीन्द्रिय ज्ञान-विशेष (उवा, महा)। °जिण पुं [°जिन] अवधिज्ञानवाला साधु (पण्ह २, १)। °णाण न [°ज्ञान] अवधिज्ञान (वव १)। °णाणावरण न [°ज्ञानावरण] अवधिज्ञान का प्रतिबन्धक कर्म (कम्म १)। °दंसण न [°दर्शन] रूपी वस्तु का अतीन्द्रिय सामान्य ज्ञान (सम १५)। °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अवधिदर्शन का आवारक कर्म (ठा ६)। °नाण देखो °णाण (प्राप्र)। °मरण न [°मरण] मरण-विशेष (भग १३, ८)।

ओहिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (कुमा)।

ओहिअ वि [औधिक] औत्सर्गिक, सामान्य रूप से उक्त (अणु १६६, २००)।

ओहिण्ण वि [अपभिन्न] रोका हुआ अटकाया हुआ (से १३, २८)।

ओहित्थ न [दे] १ विषाद खेद। २ रभस, वेग। ३ वि विचारित (दे १ १६८)।

ओहिर देखो ओहीर। ओहिरइ (षड्)।

ओहिर देखो ओहर = अव + हृ। कर्म ओहिरिआमि (पि ६८)।

ओहीअन्त वि [अवहीयमान] क्रमशः कम होता हुआ (से १२, ४२)।

ओहीण वि [अवहीन] १ पीछे रहा हुआ (अभि ५६)। २ अपगत, गुजरा हुआ (से १२ ६७)।

ओहीर अक [नि + द्रा] सो जाना, निद्रा लेना (हे ४, १२)। वकृ ओहीरमाण (णाया १, १ विपा २, १, कप्प)।

ओहीर अक [खिद्] खिन्न होना। वकृ ओहीरत त्ति सीअत' (पाअ)।

ओहीरिअ वि [अवधीरित] तिरस्कृत, परिभूत (आचा २ १)।

ओहीरिअ वि [दे] १ उद्गीत। २ अवसन्न, खिन्न (दे १, १६३)।

ओहुअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १ १५८)।

ओहुज देखो उवहुज। ओहुजइ (भवि)।

ओहुड वि [दे] विफल, निष्फल (दे १, १५८)।

ओहुप्पन्त वि [आक्रम्यमाण] जिसपर आक्रमण किया जाता हो वह (से ३, १८)।

ओहुर वि [दे] १ अवनत, अवाङ्मुख (गउड)। २ खिन्न, खेद-प्राप्त। ३ स्रस्त, ध्वस्त (दे १ १५७)।

ओहुल्ल वि [दे] १ खिन्न। १ अवनत, नीचे झुका हुआ (भवि)।

ओहूणग न [अवधूनन] १ कम्प। २ उल्लङ्घन। ३ अपूर्व करण से भिन्न ग्रन्थि का भेद करना (आचा १ ९ १)।

ओहूय वि [अवधूत] उल्लङ्घित (बृह १)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे ओआराइसद्दसंकलणो एवमो तरंगो समत्तो।
तस्समत्तीए अ सरविहाओवि समत्तो ॥

क

क पु [क] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर, जिसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है (प्राप प्रमा)। २ ब्रह्मा (दे ५, २६)। ३ किए हुए पाप का स्वीकार, 'कत्ति कडं मे पावं' (आवम)। ४ न. पानी, जल (से ६११)। ५ सुख (सुर १६,५५)। देखो °अ = क।

क देखो किम् (गउड, महा)।

कअवत देखो कय-व = कृतवत् (प्राकृ ३५)।

कइ त्रि व [कति] कितना, 'त अते। कइदिसं ओभासेइ' (भग)। °अ वि [°क] कतिपय, कईएक, 'सोएमि जाव तुज्झ, पियर कइएसु दियहेसु' (पउम ३४,२७)। °अव वि [°पय] कतिपय, कईएक (हे १, २५०)। °इ अ [°चित्] कईएक (उप पृ ३)। °त्थ वि [°थ] कितनावाँ, कौन संख्या का ? (विसे ६१७)। °वअ °वय, °वाह वि [°पय] कईएक (पउम ६८, १६, उवा षड् कुमा हे १, २५०)। °वि अ [°अपि] कईएक (काल, महा)। °विह वि [°विध] कितने प्रकार का (भग)।

कइ वि [कृतिन्] १ विद्वान् पण्डित। २ पुण्यवान् (सूअ २ १ ६०)।

कइ अ [कचित्] कहीं, किसी जगह में (दसचू २ १४)।

कइ अ [कदा] कब, किस समय ?, 'एआइ उण मज्झो वण्णार कइ णु उव्वहइ ?' (गा ८०३)।

कइ पु [कपि] बन्दर वानर (पाअ)। °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष, वानर द्वीप (पउम ५५,१६)। °द्धय, °धय पु [°ध्वज] १ वानर-द्वीप के एक राजा का नाम (पउम ६, ८३)। २ अर्जुन (हे २ ९०)। °हसिअ न [°हसित] १ स्वच्छ आकाश में अचानक बीजली का दर्शन। २ वानर के समान विकृत मुँह का हसना (भग ३,६)।

कइ देखो कवि = कवि (गउड, सुर २, २७)। °अर (अव) पु [कवि] श्रेष्ठ कवि (पिंग)। °मा स्त्री [°त्व] कवित्व, कविपन (षड्)। °राय पु [°राज] १ श्रेष्ठ कवि (पिंग)। २ 'गउडवहो' नामक प्राकृत काव्य के कर्ता वाक्पतिराज-न, 'कइ वि' 'आसि कइरायइन्धो वप्पइराओ त्ति पणइलवो' (गउड ७९८)।

कइअ वि [क्रयिक] खरीदनेवाला, ग्राहक 'विक्कीर्णतो कइओ होइ विक्किणंतो य वाणिओ' (उत्त ३५, १८)।

कइअक } पु [दे] निकर, समूह (दे २,
कइअंकसइ } १३)।

कइअव न [कैतव] कपट, दम्भ (कुमा, प्राप्र)।

कइआ अ [कदा] कब, किस समय ? (गा १३८, कुमा)।

कइउल्ल वि [दे] थोडा, अल्प (दे १, २१)।

कइंद पु [कवीन्द्र] श्रेष्ठ कवि (गउड)।

कइकच्छु स्त्री [कपिकच्छु] वृक्ष-विशेष, केवाँच, कौंछ, कवाछ (गा ५३२)।

कइगई स्त्री [कैकयी] राजा दशरथ की एक रानी (पउम ६५, २१)।

कइत्थ पु [कपित्थ] १ वृक्ष-विशेष, कैथ का पेड़। २ फल-विशेष, कैथ, कैथा (गा ६४१)।

कइम वि [कतम] बहुत मे से कौन सा ? (हे १, ४८, गा ११६)।

कइयव्व देखो कइअव (तदु ५३)।

कइयहा (अप) अ [कदा] कब, किस समय ? (भण)।

कइयाइ अ [कदाचित्] किसी समय मे (कुप्र ४१३)।

कइर देखो कयर = कतर (पिंड ४६६)।

कइर पु [कदर] वृक्ष विशेष, 'ज कइररुक्ख-हिट्ठा जह दगकोटी दविणमत्थि' (श्रा १६)।

कइरव न [करव] कमल कुमुद (हे १, १५२)।

कइरव पुन [करव] कुमुद, 'कइरवो' (सक्षि ५)।

कइरविणी स्त्री [कैरविणी] कुमुदिनी, कमलिनी (कुमा)।

कइलास पु [कैलास, °श] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत विशेष (पात्र, पउम ५, ५३, कुमा)। २ मेरु पर्वत (निचू १३)। ३ देव-विशेष, एक नाग-राज (जीव ३)। °सय पु [°शय] महादेव, शिव (कुमा)। देखो केलास।

कइलासा स्त्री [कैलासा, °शा] देव-विशेष की एक राजधानी (जीव ३)।

कइल्लवइल्ल पु [दे] स्वच्छन्द चारी बैल (दे २, २५)।

कइविया स्त्री [दे] बरतन विशेष, पीकदान, पीकदानी (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

कइस (अप) वि [कीदृश] कैसा (कुमा)।

कईया (अप) देखो कइआ (सुपा ११६)।

कईवय देखो कइवय (पउम २८, १९)।

कईस पु [कवीश] श्रेष्ठ कवि, उत्तम कवि (पिंग)।

कईसर पु [कवीश्वर] उत्तम कवि (रंभा)।

कउ पु [क्रतु] यज्ञ (कप्पू)।

कउ (अप) अ [कुत] कहाँ से (हे ४, ४१६)।

कउअ वि [दे] १ प्रधान, मुख्य। २ पुन चिन्ह, निशान (दे २, ५६)।

कउच्छेअय पु [कौक्षेयक] पेट पर बँधी हुई तलवार (हे १, १६२, पड्)।

कउड न [दे ककुद] देखो कउह = ककुद (पड्)।

कउरअ } पुं [कौरव] १ कुरु देश का
कउरव } राजा। २ पुस्त्री कुरु वश मे उत्पन्न। ३ वि कुरु (देश या वश) से सवन्ध रखनेवाला। ४ कुरु देश मे उत्पन्न (प्राप्र, नाट, हे १, १६२)।

कउल न [दे] १ करीष, गोइँठा का चूर्ण (दे २, ७)।

कउल न [कौल] तान्त्रिक मत का प्रवर्त्तक ग्रन्थ, कौलोपनिषद् वगैरह। २ वि शक्ति का उपासक। ३ तान्त्रिक मत को जाननेवाला। ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी। ५ देवता-विशेष,

'विसमिज्जंतमहापसुद-
सणसभमपरोप्परारूढा।
गयणे च्चिय गवर्डाड
कुणंति तुह कउलणारीओ'
(गउड)।

कउलव देखो कउरव (चड)।

कउसल पुन [कौशल] चतुराई, 'कउसलो' (सक्षि ६, प्राकृ १०)।

कउसल न [कौशल] कुशलता, दक्षता, होशियारी (हे १, १६२, प्राप्र)।

कउह न [दे] नित्य, सदा, हमेशा (दे २, ५)।

कउह पुन [ककुद] १ बैल के कंधे का कुब्बड। २ सफेद छत्र वगैरह राज-चिह्न। ३ पर्वत का अग्रभाग, टोच (हे १, २२५)। ४ वि प्रधान, मुख्य,

'कलरिभियमहुरतंतीतलतालवंसकउहाभिरामेसु।
सद्देसु रज्जमाणा, रमंती सोइंदियवसट्टा।'
(णाया १, १७)। देखो ककुह।

कउहा स्त्री [ककुभ्] १ दिशा (कुमा)। २ शोभा, कान्ति। ३ चम्पा के पुष्पो की माला। ४ इस नाम की एक रागिणी। ५ शास्त्र। ६ विकीर्ण केश (हे १, २१)।

कउहि वि [ककुद्मिन्] वृषभ, बैल (अणु १४२)।

कए } अ [कृते] वास्ते, निमित्त, लिए,
कएण } 'तत्तो सो तस्स कए, खणेइ खाणी-
कएणं } उणेगठाणेसु' (कुम्मा १५, कुमा), 'अवरएहमजिरीए कएण कामो वहइ चाव' (गा ४७३),

'लज्जा चत्ता सील च
खडिअ अजसघोसणा दिण्णा।
जस्स कएण पिअसहि !
सो चेअ जणो जणो जाओ'
(गा ५२५)।

कएल्ल वि [कृत] किया हुआ (सुख २, १५)।

कओ अ [कुत] कहाँ से ? (आचा, उव, रयण २६)। °हुत्त क्रिवि [दे] किस तरफ, 'कओहुत्त गतव्व ?' (महा)।

कओ अ [क्व] कहाँ, किस स्थान मे, 'कओ वयामो ?' (णाया १, १४)।

कओण्ह वि [कदुष्ण] थोडा गरम (धर्मवि ११२)।

कओल देखो कवोल (से ३, ४९)।

क अ [कम्] उदक, जल (तदु ५३)।

कइ अ [दे] किससे, 'कइ पइ सिक्खिउ ए गइलालस' (विक १०२)।

कक पु [कङ्क] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १, ४, अनु ४)। २ एक प्रकार का मजबूत और तीक्ष्ण लोहा (उप ४९४)। ३ वृक्ष-विशेष, 'ककफलसरलनयण—' (उप १०३१ टी)। °पत्त न [°पत्र] बाण-विशेष, एक प्रकार का बाण, जो उडता है (वेणी १०२)। °लोह पुन [°लोह] एक प्रकार का लोहा (उप पृ ३२६, सुपा २०७)। °वत्त देखो °पत्त (नाट)।

कंकइ पु [कङ्कति] वृक्ष-विशेष, नागवला नामक ओषधि (उप १०३१ टी)।

कंकड पु [कङ्कट] वर्म, कवच, 'रामो चावे सक्कडे दिट्ठी देंतो' (पउम ४४, २१, ओप)।

कंकडइय वि [कङ्कटित] कवचवाला, वर्मित (पण्ह १, ३)।

कंकडुअ } पु [काङ्कटुक] दुर्भेद्य माप, उरद की एक जाति, जो कभी
कंकडुग } पकता ही नही, 'ककडुओ विव मासो, सिद्धि न उवेइ जस्स ववहारो' (वव ३)।

कंकण न [कङ्कण] हाथ का आभरण-विशेष, कँगन (श्रा २८, गा ६६)।

काण पुं [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४७)।

ककणी स्त्री [कङ्कण] हाथ का आभरण-विशेष, 'मयमेव मकणीए धणीए त ककणी वद्धा' (कुप्र १८५)।

ककति पु [कङ्कति] ग्राम- विशेष (राज)।

ककतिज्ज पुस्त्री [काङ्कतीय] माघराज वश मे उत्पन्न (राज)।

ककय पु [कङ्कत] १ नागवला-नामक ओपधि। २ मर्प की एक जाति। ३ पुस्त्री कघा, केश सँवारने का उपकरण (सूत्र १, ४)।

ककलास पु [कृकलास] ककोंट, साप की एक जाति (पाअ)।

ककसी स्त्री [दे] कघी, केश सँवारने का उपकरण (ती १५)।

ककाल न [कङ्काल] चमडी और मास रहित अस्थि-पञ्जर, 'ककालवेसाए' (श्रा १६), 'अह नरकरककाकालसकुले भीसणमसाणे' (वज्जा २०, दे २, ५३)।

ककावंस पु [कङ्कावश] वनस्पति-विशेष, (पराण ३३)।

कक्किल्लि देखो ककेल्लि (सुपा ५५६, कुमा)।

ककुण देखो ककण = दे (सुख ३६, १४७)।

ककेलि पुं [कङ्केलि] अशोक वृक्ष (मै ६० विक्र २८)।

ककेल्लि पु [दे. कङ्केल्लि] अशोक वृक्ष (दे २, १२, गा ४०४, सुपा १४०, ५६२, कुमा)।

ककोड न [दे ककोंट] १ वनस्पति विशेष, ककरैल, एक प्रकार की सब्जी, जो वर्षा मे ही होती है (दे २, ७, पाअ)। २ पु एक नागराज। ३ साप की एक जाति (हे १, २६, षड्)।

ककोल पु [कङ्कोल] १ कङ्कोल, शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद। २ न उस वृक्ष का फल, 'सकप्पूरेलाककोल तबोल' (उप १०३१ टी)। देखो कक्कोल।

कंख सक [काङ्क्ष्] चाहना, वांछना। कंखइ (हे ४, १९२, षड्)।

कखण न [काङ्क्षण] नीचे देखो (धर्म २)।

कंखा स्त्री [काङ्क्षा] १ चाह, अभिलाप (सूत्र १, १५)। २ आसक्ति, गृद्धि (भग)। ३ अन्य धर्म की चाह अथवा उसमे आसक्ति रूप सम्यक्त्व का एक अतिचार (पडि)। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] कर्म विशेष (भग)।

कखि वि [काङ्क्षिन्] चाहनेवाला (आचा, गउड, सुर १३, २४३)।

कखिअ वि [काङ्क्षित] १ अभिलषित। २ काक्षा युक्त, चाहवाला (उवा, भग)।

कखिर वि [काङ्क्षितृ] चाहनेवाला, अभिलापी (गा ५५, सुपा ५३७)।

कगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कागनी (पराण १)।

कगु स्त्रीन [कङ्गु] १ धान्य-विशेष, काँगन या काँगो (ग ७, दे ७, १)। २ वल्ली-विशेष (पराण १)।

कद्दमिअ पु [दे] महिष, भैंसा (दे २, १५)।
कन्न देखो कण्ण = कर्ण (सुर १ २, सुर २, १७१, सुपा ५२८, धम्म १२ टी ठा ४, २, सुपा ६५, पाअ)। °यस पु [°वतंस] कान का आभूषण (पाअ)।
कन्न देखो कण्ण (कुमा)। °देव देखो कण्ण-देव (कुप्र ८)। °वट्टि °वट्टि स्त्री [°वृत्ति] किनारा, अग्र भाग (कुप्र ३३१, ३३४, विचार ३२८, पव १२५)।
कन्नउज्ज देखो कण्णउज्ज (कुमा)।
कन्नगा स्त्री [कन्यका] कन्या, लड़की, कुमारी (सुर ३, १२२ महा)।
कन्नस वि [कनीयस्] कनिष्ठ, जघन्य 'कन्नसमज्झिमजेट्ठा' (पव १५७)।
कन्ना देखो कण्णा (सुर ३, १५४, पाअ)।
कन्नाड देखो कण्णाड (भवि)।
कन्नारिअ वि [दे] विभूषित अलंकृत, 'आएहे कन्नारिउ पद्दु' (भवि)।
कन्नीरह पु [कर्णीरथ] एक प्रकार की शिबिका, धनाढ्य का एक प्रकार का वाहन (णाया १ ३)।
कन्नुड्ड (अप) पु [कर्ण] कान, श्रवणेन्द्रिय (कुमा)।
कन्नरय देखो कण्णिआर (कुमा)।
कन्नोली [दे] देखो कण्णोड्डी (पाअ)।
कन्ह देखो कण्ह (सुपा ५६६, कप्प)। °सह न [°सह] जैन साधुओं के एक कुल का नाम (कप्प)।
कपय देखो कमन्ध (प्राकृ १०)।
कपिजल पु [कपिञ्जल] पक्षि-विशेष—१ चातक। २ गोरा पक्षी (पराह १, १)।
कपूर देखो कप्पूर (श्रा २७)।
कप्प अक [क्लृप्] १ समर्थ होना। २ कल्पना, काम में आना। ३ सक. काटना, छेदना। कप्पइ कप्पए (कप्प, महा, पिंग)। कर्म कप्पिज्जइ (हे ४ ३५७)। कृ कप्प-णिज्ज (आचा ६)। प्रयो कप्पावेज्ज (निचू १८)। वकृ कप्पावन (निचू १८)।
कप्प सक [कल्पय्] १ करना, बनाना। २ वर्णन करना। ३ कल्पना करना। वकृ कप्पेमाण (विपा १, १)। संकृ कप्पेऊण (पचव १)।
कप्प वि [कल्प्य] ग्रहण-योग्य (पचा १२)।
कप्प पु [कल्प] १ प्रक्षालन (पिंड २६६, २७१, ३०५, गच्छ २ ३२)। २ आचार, व्यवहार (वव १ पत्र ६६)। ३ दशाश्रु-तस्कन्ध सूत्र। ४ कल्प-सूत्र। ५ व्यवहार सूत्र (वव १)। ६ वि उचित (पचा १८, ३०)। °काल पु [°काल] प्रभूत काल (सूत्र १, १, ३, १६)। °धर वि [°धर] कल्प तथा व्यवहार सूत्र का जानकार (वव १)।
कप्प पु [कल्प] १ काल-विशेष, देवों के दो हजार युग परिमित समय, 'कम्माण कप्पिआण काहि कप्पसएसु णिव्वेसं' (अच्चु १८, कुमा)। २ शास्त्रोक्त विधि अनुष्ठान (ठा ६)। ३ शास्त्र विशेष (विसे १०७५, सुपा ३२८) ४ कम्बल-प्रमुख उपकरण (ओघ ४०)। ५ देवों का स्थान, बारह देवलोक (भग ५, ८, ठा २, १०)। ६ बारह देवलोक निवासी देव, वैमानिक देव (सम २)। ७ वृक्ष-विशेष, मनोवाञ्छित फल को देनेवाला वृक्ष, कल्प-वृक्ष (कुमा)। ८ शस्त्र-विशेष, 'असिलेट्ठयकप्पतामरविहत्था' (पउम ६, ७३)। ९ अधिवास, स्थान (बृह १)। १० राजा नन्द का एक मन्त्री (राज)। ११ वि समर्थ, शक्तिमान् (णाया १, १३)। १२ सदृश तुल्य 'केवलकप्प' (आवम, पराह २, २)। °ट्ठ पु [°स्थ] बालक, बच्चा (वव ७)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] साधुओं का शास्त्रोक्त अनुष्ठान (बृह ६)। °ट्ठिया स्त्री [°स्थिका] १ लड़की, बालिका (वव ४)। २ तरुण स्त्री (बृह १)। °ट्ठी स्त्री [°स्था] १ बालिका, लड़की (वव ६)। २ कुलाङ्गना, कुल वधू (वव ३)। °तरु पु [°तरु] कल्प-वृक्ष (प्रासू १६८, हे २, ७६)। °त्थी स्त्री [°स्त्री] देवी, देव-स्त्री (ठा ३)। °दुम, °द्दुम पु [°द्रुम] कल्प-वृक्ष (धरण ६, महा) °पायव पु [°पादप] कल्प-वृक्ष (पटि, सुपा ३६)। °पाहुड न [°प्राभृत] जैन ग्रन्थ विशेष (ती)। °रुक्ख पु [°वृक्ष] कल्प-वृक्ष (पराह १, ४)। °वडिंसय न [°ावतंसक] १ विमान-विशेष। २ विमान-वासी देव-विशेष (निर)। °वडिंसया स्त्री [°ावतंसिका] जैन ग्रन्थ-विशेष, जिसमें कल्पा-वतंसक देव-विमानों का वर्णन है (राय, निर १)। °विडवि पु [°विटपिन्] कल्प-वृक्ष (सुपा १२६)। °साल पु [°शाल] कल्प वृक्ष (उप १८२ टी)। °साहि पु [°शाखिन्] कल्प-वृक्ष (सुपा ३६१)। °सुत्त न [°सूत्र] श्रीभद्रबाहु स्वामि-विरचित एक जैन ग्रन्थ (कप्प, कस)। °सुय न [°श्रुत] १ ज्ञान-विशेष। २ ग्रन्थ-विशेष (णंदि)। °ाईअ पु [°ातीत] उत्तम जाति के देव-विशेष, ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान के निवासी देव (पराह १, ५, पराण १)। °ाग पु [°ाक] विधि को जाननेवाला (कस, औप)। °ाय पु [°ाय] कर, बुङ्गी, राज देय भाग (विपा १, ३)।
कप्पंत पु [कल्पान्त] प्रलय-काल, संहार-समय (कप्पू)।
कप्पड पु [कर्पट] १ कपडा, वस्त्र (पउम २५, १८ सुपा ३४४, स १८२)। २ जीर्ण वस्त्र, लकुटाकार कपडा (पराह १, ३)।
कप्पडिअ वि [कार्पटिक] भिक्षुक, भीखमगा (णाया १, ८, सुपा १३८, बृह १)।
कप्पडिअ वि [कार्पटिक] कपटी, मायावी (णाया १, ८—पत्र १५०)।
कप्पण न [कल्पन] छेदन, काटना (सुपा १३८)।

कप्पणा स्त्री [कल्पना] १ रचना, निर्माण। २ प्ररूपण, निरूपण (निचू १)। ३ कल्पना, विकल्प (विसे १६३२)।

कप्पणी स्त्री [कल्पनी] कतरनी, कैंची (पण्ह १, १; विपा १, ४; स ३७१)।

कप्पर पुं [कर्पर] खप्पर, कपाल सिर की खोपड़ी (बृह ४, नाट)। देखो कुप्पर = कर्पर।

कप्परिअ त्रि [दे] दारित, चीरा हुआ (दे २, २०; वज्जा ३८ भवि)।

कप्पास पु [कार्पास] १ कपास, रूई। २ ऊन (निचू ३)।

कप्पासत्थि पु [कार्पासास्थि] त्रीन्द्रिय जीव-विशेष, क्षुद्र जन्तु विशेष (जीव १)।

कप्पासिअ त्रि [कार्पासिक] १ कपास बेचनेवाला (अणु १४६)। २ न जैनेतर शास्त्र-विशेष (अणु ३६, णंदि)।

कप्पासिय त्रि [कार्पासिक] कपास का बना हुआ सूती वगैरह (अणु)।

कप्पासी स्त्री [कर्पासी] रुई का गाछ (राज)।

कप्पिआकप्पिअ न [कल्पाकल्प] एक जैन शास्त्र (णंदि २०२)।

कप्पिअ त्रि [कल्पित] १ रचित, निर्मित (ओप)। २ स्थापित, समीप में रखा हुआ, 'ते अभए कुमार तं अन्न मम हरिह अप्पणियं करेउ' (निर १,१)। ३ कल्पना निर्मित, विकल्पित (दसनि १)। ४ व्यवस्थित (आचा, सूअ १ २)। ५ छिन्न, काटा हुआ (विपा १, ४)।

कप्पिअ वि [कल्पिक] १ अनुमत, अनिषिद्ध (उवर १३०)। २ योग्य, उचित (गच्छ १, वव ८)। ३ पु गीतार्थ, ज्ञानी साधु, 'किं वा अकप्पिएण' (वव १)।

कप्पिया स्त्री [कल्पिका] जैन ग्रन्थ विशेष, एक उपाङ्ग-ग्रन्थ (ज १, निर)।

कप्पूर पु [कर्पूर] कपूर, सुगन्धि द्रव्य-विशेष (पण्ह २, ५, सुर २, ६, सुपा २६३)।

कप्पोवग पु [कल्पोपग] १ कल्प-युक्त। २ देव विशेष, बारह देव लोक-गामी देव (पएण २१)।

कप्पोववण्ण पु [कल्पोपपन्न] ऊपर देखो (सुपा ८८)।

कप्पोववत्तिआ स्त्री [कल्पोपपत्तिका] देव-लोक विशेष में उत्पत्ति (भग)।

कप्फल न [कट्फल] इस नाम की एक वनस्पति, कायफल (हे २, ७७)।

कप्फाड देखो कवाड = कपाट (गउड)।

कप्पाड [दे] देखो कफाड (पाअ)।

कफ पु [कफ] कफ, शरीर स्थित धातु विशेष (राज)।

कफाड पु [दे] गुफा, गुहा (दे २, ७)।

कबंध (शौ) देखो कमंध (प्राकृ ८५)।

कब्बट्टी स्त्री [दे] छोटी लड़की (पिंड २८५)।

कब्बड, कब्बडग पुन [कर्बट] १ खराब नगर, कुत्सित शहर (भग, पण्ह १, २)। २ पु ग्रह विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ वि कुनगर का निवासी (उत्त ३०)।

कब्बर देखो कब्बुर (प्राकृ ७)।

कब्बाडभयय पु [दे] ठीका पर जमीन खोदने का काम करनेवाला मजदूर ठा ४ १—पत्र २०३)।

कब्बुर, कब्बुरय वि [कर्बुर] १ कबरा, चितकबरा, चितला (गउड, अच्चु ६)। २ पु ग्रह-विशेष ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३, राज)।

कब्बुरिअ वि [कर्बुरित] अनेक वर्णवाला, चितकबरा किया हुआ, 'देहकंतिकब्बुरिय-जम्मगिहं' (सुपा ७४), 'मणिमयतोरणतोर-णितन्एपहाकिरणकब्बुरिअ' (कुम्मा ६, पउम ८२, ११)।

कभ (अप) देखो कफ (पड्)।

कभल्ल न [दे] कपाल खप्पर (अनु ५, उवा)।

कम सक [क्रम्] १ चलना पाँव उठाना। २ उल्लंघन करना। ३ शक फैलना, पसरना। ४ होना, 'मणसोवि विसयनियमो न कमइ जओ स सव्वत्थ' (विसे २४६), 'न एत्थ उवायंतर कमइ' (स २०६)। वकृ. कमंत (से २, ६)। कृ कमणिज्ज (ओप)।

कम सक [कम्] चाहना, वाञ्छना। कवकृ कम्ममाण (दे २, ८५)। कृ कमणीय (सुपा ३८, २६२) कम्म (गाया १ १४ टी—पत्र १८८)।

कम अक [क्रम्] १ संगत होना, युक्त होना, घटना। २ अधिक रहना। कमइ (पिंड २३१, पत्र ६१)।

कम पु [क्रम्] १ पाद, पग, पाँव (सुर १, ८)। २ परम्परा, 'नियकुलकमागयाओ पिउणा विज्जाओ मज्झ दिन्नाओ' (सुर ३, २८)। ३ अनुक्रम, परिपाटी (गउड)। ४ मर्यादा, सीमा (ठा ४)। ५ न्याय, फैसला, अवि-आरिअ कमं ण करिस्सदि' (स्वप्न २१)। ६ नियम (बृह १)।

कम पु [क्लम] श्रम थकावट, क्लान्ति (हे २, १०६, कुमा)।

कमंडलु पुंन [कमण्डलु] सन्यासियों का एक मिट्टी या काष्ठ का पात्र (निर ३, १, पण्ह १, ४ उप ६४८ टी)।

कमंध पुन [कबन्ध] रुंड मस्तकहीन शरीर (हे १, २३६, प्राप्र, कुमा)।

कमठ पु [दे] १ दही की कलशी। २ पिठर, स्थाली। ३ बलदेव। ४ मुख, मुँह (दे २, ५५)।

कमढ, कमढग, कमढय पु [कमठ, °क] १ तापस-विशेष, जिसको भगवान् पार्श्वनाथ ने वाद में जीता था और जो मरकर दैत्य हुआ था (णमि २२)। २ कूर्म, कच्छप (पाअ)। ३ वंश बाँस। ४ शल्लकी वृक्ष (हे १, १६६)। ५ न मैल, मल (निचू ३)। ६ साध्वियों का एक पात्र (निचू १, ओघ ३६ भा)। ७ साध्वियों को पहनने का एक वस्त्र (ओघ ६७५, बृह ३)।

कमण न [क्रमण] १ गति, चाल। २ प्रवृत्ति (आचू ४)।

कमणिया स्त्री [क्रमणिका] उपानत्, जूता (बृह ३)।

कमणिल्ल वि [क्रमणीवत्] जूतावाला, जूता पहना हुआ (बृह ३)।

कमणी स्त्री [क्रमण] जूता, उपानत् (बृह ३)।

कमणी स्त्री [दे] निःश्रेणि, सीढ़ी (दे २, ८)।

कमणीय वि [कमनीय] सुन्दर, मनोहर (सुपा ३४, २८२)।

कमल पु [दे] १ पिठर, स्थाली। २ पटह, ढोल (दे २, ५४)। ३ मुख, मुँह (दे २, ५४, पड्)। ४ हरिण, मृग, 'तत्थ य एगो कमलो सगब्भहरिणीए संगओ वसइ' (सुर

१५, २०२, दे २, ५४, अणु, कप्प औप)। ५ कलह, झगडा (षड्)।

कमल पुन [कमल] एक देव-विमान (देवेन्द्र १४२)। °णअण पु [नयन] विष्णु, नारायण (समु १५२)।

कमल न [कमल] १ कमल, पद्म, अरविन्द, (कप्प, कुमा प्रासू ७१)। २ कमलाख्य इन्द्राणी का सिंहासन। ३ सख्या विशेष, 'कमलांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो सख्या लब्ध हो वह (जो २)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। ५ पु कमलाख्य इन्द्राणी के पूर्व जन्म का पिता (णाया २)। ६ श्रेष्ठि-विशेष (सुपा २७५)। ७ पिंगल-प्रसिद्ध एक गण, अन्त्य अक्षर जिसमे गुरु हो वह गण (पिंग)। ८ एकजात का चावल, कलम (प्राप्र)। °क्ख पु [°क्ष] इस नाम का एक यक्ष (सण)। °जय न [°जय] विद्याधरो का एक नगर (इक)। °जोणि पु [°योनि] ब्रह्मा, विधाता (पाअ)। °पुर न [°पुर] विद्याधरो का एक नगर (इक)। °प्पभा स्त्री [प्रभा] १ काल-नामक पिशाचेन्द्र की अग्र-महिषी (ठा ४, १)। २ 'ज्ञाता धर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन (णाया २)। °बन्धु पु [°बन्धु] १ सूर्य, रवि (पउम ७०, ६२)। २ इस नाम का एक राजा (पउम २२, ९८)। °माला स्त्री [°माला] पोतनपुर नगर के राजा आनन्द की एक रानी, भगवान् अजितनाथ की मातामही—दादी (पउम ५, ५२)। °रय पु [°रजस्] कमल का पराग (पाअ)। °वडिसअ न [°ावतसक] कमला-नामक इन्द्राणी का प्रासाद (णाया २)। °सिरी स्त्री [°श्री] कमला-नामक इन्द्राणी की पूर्व जन्म की माता का नाम (णाया २)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] इस नाम की एक रानी (उप ७२८ टी)। °सेणा स्त्री [°सेना] एक राज-पुत्री (महा)। °ाअर, °ागर पु [°ाकर] १ कमलो का समूह। २ सरोवर, ह्रद वगैरह जलाशय (न १, २६, कप्प)। °ापीड, °ामेल पु [°ापीड] भरत चक्रवर्ती का अश्व-रत्न (ज ३, पि ६२)। °ासण पु [°ासन] ब्रह्मा, विधाता (पाअ, दे ७, ६२)।

कमलंग न [कमलाङ्ग] सख्या विशेष, चौरासी लाख महापद्म की सख्या (जो २)।

कमला स्त्री [दे] हरिणी, मृगी (पाअ)।

कमला स्त्री [कमला] १ लक्ष्मी (पाअ, सुपा २७५)। २ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ९)। ३ काल नामक पिशाचेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी विशेष (ठा ४, १)। ४ 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन (णाया २)। ५ छन्द-विशेष (पिंग)। °अर पु [°कर] धनाढ्य, धनी (से १, २६)।

कमलिणी स्त्री [कमलिनी] पद्मिनी, कमल का गाछ (पाअ)।

कमलुब्भव पु [कमलोद्भव] ब्रह्मा (त्रि ८२)।

कमव } अक [स्वप्] सोना सो जाना।
कमवस } कमवइ (षड्)। कमवसइ (हे ४, १४६, कुमा)।

कमसो अ [क्रमशः] क्रम से, एक-एक करके (सुर १, ११९)।

कमिअ वि [दे] उपसर्पित, पास आया हुआ (दे २, ३)।

कमिय वि [क्रान्त] उल्लघित (दस २, ५)।

कमेलग } पुस्त्री [क्रमेलक] उष्ट्र, ऊट (पाअ,
कमेलय } उप १०३१ टी, करु ३३)। स्त्री °गी (उप १०३१ टी)।

कम्म सक [कृ] हजामत करना, क्षौर-कर्म करना। कम्मइ (हे ४, ७२, षड्)। वकृ कम्मंत (कुमा)।

कम्म सक [भुज्] भोजन करना। कम्मइ (षड्)। कम्मेइ (हे ४, ११०)।

कम्म देखो कम = कम्।

कम्म पुन [कर्मन्] १ जीव द्वारा ग्रहण किया जाता अत्यन्त सूक्ष्म पुद्गल (ठा ४, ४, कम्म १, १)। २ काम, क्रिया, करनी, व्यापार (ठा १, आचा), 'कम्मा णाणफला' (पि १७२)। ३ जो किया जाय वह। ४ व्याकरण प्रसिद्ध कारक-विशेष (विसे २०९९, ३४२०)। ५ वह स्थान, जहाँ पर चूना वगैरह पकाया जाता है (पण्ह २, ५ - पत्र १२३)। ६ पूर्व-कृति, भाग्य, 'कम्मत्ता दुब्भगा चेव' (सूअ १, ३, १, आचा (षड्)। ७ कार्मण शरीर। ८ कार्मण शरीर नामकर्म, कर्म-विशेष (कम्म २, २१)। °कर वि [°कर] नोकर, चाकर (आचा)। देखो °गार। °करण न [°करण] कर्म-विषयक बन्धन, जीव-पराक्रम-विशेष (भग ६, १)। °कार वि [°कार] नौकर (पउम १७, ७)। °किब्बिस वि [°किल्बिष] कर्म चाण्डाल, खराब काम करनेवाला (उत्त ३)। °क्खंध पु [°स्कन्ध] कर्म-पुद्गलो का पिण्ड (कम्म ५)। °गर देखो °कर (प्राकृ)। °गार पु [°कार] १ कारीगर, शिल्पी (णाया १, ९)। देखो °कर। °जोग पु [°योग] शास्त्रोक्त अनुष्ठान (कम्म)। °ट्ठाण न [°स्थान] कारखाना (आचा)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] १ कर्म-पुद्गलो का अवस्थान-समय (भग ६, ३)। २ वि ससारी जीव (भग १४ ६)। °णिसेग पु [°निषेक] कर्म-पुद्गलो की रचना-विशेष (भग ६ ३)। °धारय पु [°धारय] व्याकरण प्रसिद्ध एक समास (अणु)। °परिसाडणा स्त्री [°परिशाटना] कर्म-पुद्गलो का जीव-प्रदेशो से पृथक्करण (सूअ १, १)। °पुरिस पु [°पुरुष] कर्म-प्रधान पुरुष—१ कारीगर, शिल्पी (सूअ १, ४, १)। २ महारम्भ करनेवाले वासुदेव वगैरह राजा लोग (ठा ३, १—पत्र ११३)। °प्पवाय न [°प्रवाद] जैन ग्रन्थांश-विशेष, आठवाँ पूर्व (सम २६)। °बंध पु [°बन्ध] कर्म पुद्गलो का आत्मा मे लगना, कर्मा से आत्मा का बन्धन (आव ३)। °भूमग वि [°भूमिक] कर्म-भूमि मे उत्पन्न (पण्ण १)। °भूमि स्त्री [°भूमि] कर्म-प्रधान भूमि, भरत क्षेत्र वगैरह (जी २३)। °भूमिग देखो °भूमग (पण्ण २३)। °भूमिय वि [°भूमिज] कर्म-भूमि मे उत्पन्न (ठा ३, १—पत्र ११४)। °मास पु [°मास] श्रावण मास (जो १)। °मासग पु [°माषक] मान-विशेष, पाच गुञ्जा, पाँच रत्ती (अणु)। °य वि [°ज] १ कर्म मे उत्पन्न होनेवाला। १ कर्म-पुद्गलो का बना हुआ शरीर-विशेष, कार्मण शरीर (ठा २, १, ५, १)। °या स्त्री [°जा] अभ्यास से उत्पन्न होनेवाली बुद्धि, अनुभव (णंदि)। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] कर्म द्वारा होनेवाला जीव का परिणाम (भग १४, १)। °वग्गणा स्त्री [°वर्गणा] कर्म-रूप मे परिणत होनेवाला

पुद्गल-समूह (पव)। °वाइ वि [°वादिन्] भाग्य को ही सब कुछ माननेवाला (राज)। °विवाग पु [°विपाक] १ कर्म परिणाम, कर्म-फल। २ कर्म-विपाक का प्रतिपादक ग्रन्थ (कम्म १, १)। °संवच्छर पु [°संवत्सर] लौकिक वर्ष (सुज्ज १०)। °साला स्त्री [°शाला] १ कारखाना। २ कुम्भकार का घटादि बनाने का स्थान (बृह २)। °सिद्ध पु [°सिद्ध] कारीगर, शिल्पी (आवम)। °जीव [°जीव] १ कारीगर। २ कारीगरी का कोई भी काम बतलाकर भिक्षादि प्राप्त करनेवाला साधु (ठा ५, १)। °दाण न [°दान] जिससे भारी पाप हो ऐसा व्यापार (भग ८, ५)। °यरिय पु [°र्य] कर्म से आर्य, निर्दोष व्यापार करनेवाला (पएण १)। °वाइ देखो °वाइ (आचा)।

कम्म वि [कार्मण] १ कर्म-सम्बन्धी, कर्म-जन्य, कर्म-निर्मित, कर्म-मय। २ न कर्म-पुद्गलों का ही बना हुआ एक अत्यन्त सूक्ष्म शरीर, जो भवान्तर में भी आत्मा के साथ ही रहता है (ठा १, कम्म ४)। ३ कर्म-विशेष, कार्मण-शरीर का हेतु-भूत कर्म (कम्म २, २१)। ३ कार्मण-शरीर का व्यापार (कम्म ३, १५, कम्म ४)।

कम्मइय न [कर्मचित, कार्मण] ऊपर देखो (पउम १०२, ६८)।

कम्मंत पु [दे. कर्मान्त] १ कर्म-बन्धन का कारण (आचा सूत्र २, २)। २ कर्म-स्थान, कारखाना (दे २, ५२)।

कम्मत वि [कुर्वन्] १ हजामत करता हुआ। २ हजाम, नापित (कुमा)। °साला स्त्री [°शाला] जहाँ पर उस्तरा—बाल बनाने का छुरा आदि सजाया जाता हो वह स्थान (निचू ८)।

कम्मकर देखो कम्म-कर (प्राकृ २६)।

कम्मग न [कर्मक, कार्मक, कार्मण] देखो कम्म = कार्मण (ठा २,२, पएण २१, (भग)।

कम्मण न [कार्मण] १ कर्म मय शरीर (द ३२)। २ ओषध, मन्त्र आदि के द्वारा मोहन, वशीकरण, उच्चाटन आदि कर्म (उप १३४ टी, स १०८)। °गारि वि [°कारिन्] कामण करनेवाला (सुर १, ६८)। °जोय पु [°योग] कार्मण-प्रयोग (णाया १, १४)।

कम्मण न [भोजन] भोजन (कुमा)।

कम्ममाण देखो कम = कम्।

कम्मय देखो कम्मग (भग, पव)।

कम्मव सक [उप + भुज] उपभोग करना। कम्मवइ (हे ४ १११, षड्)।

कम्मवण न [उपभोग] उपभोग, काम मे लाना (कुमा)।

कम्मस वि [कल्मष] १ मलिन। २ न पाप (पाअ, हे २, ७९, प्रामा)।

कम्मा स्त्री [कर्मन्] क्रिया, व्यापार (ठा ४, २—पत्र २१०)।

कम्मार पु [कर्मार] १ लोहार लोहकार (विसे १५६८)। २ ग्राम-विशेष (आचू १)।

कम्मार | कम्मारग | कम्मारय वि [कर्मकार, °क] १ नौकर, चाकर (स ५३७, ओघ ४, ६८ टी)। २ कारीगर, शिल्पी (जीव ३)।

कम्मारिया स्त्री [कर्मकारिका] स्त्री-नोकर, दासी (सुपा ६३०)।

कम्मि | कम्मिअ वि [कर्मिन्] कर्म करनेवाला, अभ्यासी,

'णवकम्मिएण उअ पामरेण दट्ठूण पाउहारीओ।
मोत्तव्वे जोत्तअपग्गहम्मि अवरासणी मुक्का।।'
(गा ६६८)।

२ पाप कर्म करनेवाला (सूअ १, ७, ६)।

कम्मिया स्त्री [कर्मिका, कार्मिका] १ अभ्यास से उत्पन्न होनेवाली बुद्धि (णाया १, १)। २ अक्षीण कर्म-विशेष, अवशिष्ट कर्म (भग)।

कम्हल न [कश्मल] पाप (राज)।

कम्हा अ [कस्मात्] क्यों, किस कारण से ? (ओप)।

कम्हार देखो कभार (हे २, ७४)। °ज न [°ज] केसर, कुंकुम (कुमा)।

कम्हिअ पु [दे] माली, मालाकार (दे २, ८)।

कम्हीर देखो कभार (मुद्रा २४२, पि १२०, ३१२)।

कय पु [कच] केश, बाल (हे १, १७७, कुमा)।

कय पु [क्रय] खरीदना (सुपा ३४४)।

कय देखो कड = कृत (आचा, कुमा, प्रासू १५)। °उण्ण, °उन्न वि [°पुण्य] पुण्यशाली, भाग्यशाली (स ६०७, सुपा ६०६)। °क देखो °ग (पएह १, २)। °कज्ज वि [°कार्य] कृतार्थ, सफल-मनोरथ (णाया १, ८)। °करण वि [°करण] अभ्यासी, कृताभ्यास (बृह १, पएह १, ३)। °किच्च वि [°कृत्य] कृतार्थ, सफल मनोरथ (सुपा २७)। °ग वि [°क] १ अपनी उत्पत्ति में दूसरे की अपेक्षा करनेवाला, प्रयत्न-जन्य (विसे १८३७, स ६५३)। पु दास-विशेष गुलाम, 'भयगभत्त वा बलभत्त वा कयगभत्त वा' (निचू ६)। ३ न सुवर्ण सोना (राज)। °ग्घ वि [°घ्न] उपकार न माननेवाला, कृतघ्न (सुर २, ४४, सुपा ५८८)। °जाणुअ वि [°ज्ञायक] कृतज्ञ, उपकार को माननेवाला (पि ११८)। °ण्णु वि [°ज्ञ] उपकार को माननेवाला, किए हुए उपकार की कदर करनेवाला (धम्म २६)। °ण्णुया स्त्री [°ज्ञता] कृतज्ञता, एहसानमन्दी, निहोरा मानना (उप पृ ८६)। °त्थ वि [°ार्थ] कृतकृत्य, चरितार्थ, सफल-मनोरथ (प्रासू २३)। °नासि वि [°नाशिन्] कृतघ्न (ओघ १६६)। °न्न, °न्नु देखो °ण्णु, 'ज कित्तिजलहिराया विवेयनय-मदिर कयन्नगुरु' (सुपा ३०१, महा, स ३३, श्रा २८)। °पंजलि वि [°प्राञ्जलि] कृताञ्जलि, नमस्कार के लिए जिसने हाथ ऊँचा किया हो वह (आव)। °पडिकइ स्त्री [°प्रतिकृति] १ प्रत्युपकार (पंचा १६)। २ विनय-विशेष (वव १)। °पडिकइया स्त्री [प्रतिकृतिता] १ प्रत्युपकार (णाया १, २)। २ विनय का एक भेद (ठा ७)। °बलिकम्म वि [°बलिकर्मन्] जिसने देवता की पूजा की है वह (भग २, ५, णाया १, १६—पत्र २१०, तदु)। °मंगला स्त्री [°मङ्गला] इस नाम की एक नगरी (सया)। °माल, °मालय वि [°माल, °क] १ जिसने माला बनाई हो वह। २ पु. वृक्ष-विशेष कनेर का गाछ, 'अकोल्लबिल्लसल्लइ कयमालनमाल-सालड्ढ' (उप १०३१ टी)। ३ तमिस्रा-नामक गुफा का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३)। °लक्खण वि [°लक्षण] जिसने अपने शरीर चिन्ह को सफल किया हो वह (भग ६, ३३, णाया १, १)। °व वि [°वन्] जिसने किया हो वह (विसे १५५५)। °वणमाल-

°प्पिय पु [°वनमालप्रिय] इस नाम का एक यक्ष (विपा २, ६)। °वम्म पु [°वर्मन] नृप-विशेष, भगवान् विमलनाथ का पिता (सम १५१)। °वीरिय पु [°वीर्य] कार्तवीर्य के पिता का नाम (सूअ १, ८)।

कय अ [कृतम्] अलम्, बस (उवर १४८)।

कयंगला स्त्री [कृतङ्गला] श्रावस्ती नगरी के समीप की एक नगरी (भग)।

कयंत पु [कृतान्त] १ यम, मृत्यु, मरण (सुपा १६६, सुर २,५)। २ शास्त्र, सिद्धान्त, 'मरणंति कयंत प कयंतमिद्ध उ मयरहिअ' (सार्ध ११७ सुपा १०६)। ३ रावण का इस नाम का एक सुभट (पउम ५६, ३१)। °मुह पु [°मुख] रामचन्द्र के एक सेनापति का नाम (पउम ६८ ६२)। °वयण पु [°वदन] राम का एक सेनापति (पउम ६८, २०)।

कयंब देखो कमब (हे १, २३६ षड्)।

कयंद देखो कलंद (पण्ण १, हे १,२२२)।

कयंब पु [कदम्ब] समूह, 'अप्पाण पिव सव्वं जीवकयंब च रक्खइ सयावि' (सबोध २०)।

कयंबिय वि [कदम्बित] अलंकृत, विभूषित (कप्प)।

कयंबुअ देखो कलंबुअ (कप्प)।

कयग वि [कृतक] प्रयत्न-जन्य (धर्मसं २६६, ४१४)।

कयग वि [क्रायक] खरीदनेवाला (वव १ टी)।

कयग पुं [कतक] १ वृक्ष-विशेष, निर्मली। २ न कतक फल, निर्मली फल, पायपसारी, 'जह कयगमंजणाई जलवुट्ठीओ विसोहिंति' (विसे ५३६ टी)।

कयज्ज वि [कदर्य] कंजूस, कृपण (राज)।

कयड्डि पु [कपर्दिन] इस नाम का एक यक्ष देवता (सुपा ५८२)।

कयण न [कदन] हिंसा मार डालना (हे १, २१७)।

कयत्थ सक [कदर्थय्] हैरान करना, पीडा करना। कयत्थेंति (धम्म ८ टी)। कवकृ कयत्थिज्जंत (स ८)।

कयत्थण न [कदर्थन] हैरान करना, पीडन (सुपा १८०, मन)।

कयत्थणा स्त्री [कदर्थना] ऊपर देखो (स ४७२, सुर १५, १)।

कयत्थिय वि [कदर्थित] हैरान किया हुआ, पीडित (सुपा २२७ महा)।

कयन्न वि [कदन्न] खराब अन्न (धर्मवि १३६)।

कयम वि [कतम] बहुत मे मे कौन? (स ४०२)।

कयर वि [कतर] दो मे मे कौन? (हे ३, ५८)।

कयर पु [करीर] १ वृक्ष-विशेष, करीर, करील (स २५६)। २ न करीर का फल (पभा १४)।

कयल पु [कदल] १ कदली-वृक्ष, केला का गाछ। २ न कदली फल, केला (हे १, १६७)।

कयल न [दे] अलिञ्जर, पानी भरने का बडा गगरा, झझर, मटका (दे २, ४)।

कयलि, °ली स्त्री [कदलि, °ली] केला का गाछ (महा, हे १, २२०)। °समागम पु [°समागम] इस नाम का एक गाव (आवम)। °हर न [°गृह] कदली-स्तम्भ से बनाया हुआ घर (महा, सुर ३, १४, ११६)।

कयल्लअ देखो कय = कृत (सुख २ ३)।

कयवर पु [दे] १ कतवार, कूडा, मैला (णाया १, १, सुपा ३५ ८७, स २६८ भत्त ८६, पाअ सण, पुप्फ ३१, निचू ७)। २ विष्ठा (आव १)।

कयवरुज्झिया स्त्री [दे कचवरोज्झिका] कूडा साफ करनेवाली दासी (णाया १, ७—पत्र ११७)।

कयवाउ पु [कृकवाकु] कुक्कुट, मुकडा, मुर्गा (गउड)।

कयवाय पु [कृकवाक] कुक्कुट, कुकडा, मुर्गा (पाअ)।

कयसण न [कदशन] खराब भोजन (विवे १३६)।

कयसेहर पु [दे] मुकडा, मुर्गा, 'कयसेहराण सुम्मइ आवासा भत्ति गामम्मि' (वज्जा ७२)।

कया अ [कदा] कब, किस समय? (ठा ३, ४, प्रासू १६६)।

कयाइ अ [कदापि] कभी भी, किसी समय भी (उवा)।

कयाइ } अ [कदाचित्] १ किसी समय,
कयाइ } कभी (उवा, वसु) 'अह अन्नया
कयाई } कयाई' (सुपा ५०६, पि ७०)। २ वितर्क-द्योतक अव्यय 'नट्ठं मि कयाइत्ति' (भग १५)।

कयाण न [क्रयाणक] बेचने योग्य वस्तु, करियाना (उप पृ १२०)।

कयाणग पुन देखो कयाण, 'देव निम्नवाहणाण कयाणगे कि न विक्केह' (सिरि ४७८)।

कयार पु [दे] कतवार, कूडा, मैला (दे २, ११, भवि)।

कयावि देखो कयाइ = कदापि (प्रासू १३१)।

कयोग पु [कयोग] नट विशेष, बहुरूपिया (बृह ४)।

कर सक [कृ] करना, बनाना। करइ (हे ४, २३४)। भूका कासी, काही, काहीअ, करिंसु, करेंसु, अकासि, अकासी (हे ४, १६२, कुमा, भग, कप्प)। भवि काहिइ, काही, करिस्सइ, करिहिइ, काहं, काहिमि (हे १,५, पि ५३३, कुमा)। कर्म कज्जइ, करीइ, करिज्जइ (भग, हे ४, २५०)। वकृ करत, करिंत, करेंत, करेमाण (पि ५०६, रयण ७२, से २, १५, सुर २, २४०, उवा)। कवकृ कज्जमाण, किरंत, कीरमाण (पि ५४७, कुमा, गा २७२, रयण ८६)। संकृ करित्ता, करित्ताण, करिदूण, काउं, काऊण, काऊण, कट्टु, करिअ, किच्चा, कियाण (कप्प, दस ३, षड्, कुमा भग अभि ४१, सूअ १,१, १, औप)। हेकृ काउं, करेत्तए (कुमा, भग ८, २)। कृ करणिज्ज, करणीअ, करिअव्व, करेअव्व, कायव्व (दस १० षड्, स २१, प्रासू १८८ कुमा)। प्रयो करावेइ, करावेई (पि ५५३, ५५२)।

कर पु [कर] एक महाग्रह (सुज्ज २०)।

कर पु [कर] १ हस्त, हाथ (सुर १, ५४, पासू ५७)। २ महसूल, चुंगी (उप ७६८ टी सुर १, ५४)। ३ किरण, अंशु (उप ७६८ टी कुमा)। हाथी की सूँढ (कुमा)। ५ करका, शिला वृष्टि, ओला, 'करच्छडाभडियपत्तिमंडले' (पउम ६६, १५)। °गह पु [°ग्रह] १ शादी मे हाथ पकडना 'ह[illegible]-

करग्गहलुलिओ धम्मिल्लो' (गा ५४४)। २ पाणि-ग्रहण, शादी (राज)। °य पु [°ज] नख (वाज्ञ १७२)। °रुह पुन [°कररुह] १ नख (हे १, ३४)। २ पु नृप-विशेष (पउम ७७, ८८)। °लाघव न [°लाघव] कला-विशेष, हस्त-लाघव (कप्प)। °वंदण न [°वन्दन] वन्दन का एक दोष, एक प्रकार का शुल्क समझकर वन्दन करना (बृह ३)।

करअडी } स्त्री [दे] स्थूल वस्त्र, मोटा कपडा
करअरी } (दे २, १६)।

करआ स्त्री [करका] करका, ओला, शिला-वृष्टि (अच्चु ६४)।

करइल्ली स्त्री [दे] शुष्क-वृक्ष, सूखा पेड (दे २, १७)।

करंक पुं [दे करङ्क] १ भिक्षा-पात्र (दे २, ५५, गउड)। २ अशोक-वृक्ष (दे २, ५५)।

करंक पुंन [करङ्क] १ हड्डी, हाड, 'करकञ-यभीसणे मसाणम्मि' (सुपा १७५)। २ अस्थि-पञ्जर, हाड-पञ्जर (उप ७२८ टी)। ३ पानदान, पान वगैरह रखने की छोटी पेटी, 'तंबोलकरवाहिणीओ' (कप्पू)। ४ हड्डियों का ढेर (सुर ६, २०३)।

करंज सक [भञ्ज्] तोडना, फोडना, टुकड़ा करना। करंजइ (हे ४, १०६)।

करंज पु [करञ्ज] वृक्ष विशेष, करिञ्जा (पराग १, दे १, १३, गा १२१)।

करंज पु [दे] शुष्क-त्वक्, सूखी त्वचा (दे २, ८)।

करंजिअ वि [भग्न] तोडा हुआ (कुमा)।

करंड पुंन [करण्ड] वंशाकार हड्डी (तंदु ३५)।

करंड } पु [करण्ड, °क] १ करण्ड,
करंडग } डिब्बा, पेटिका (पण्ह १, ५,
करंडय } श्रा १४, ठा ४, ४)।

करंडिया स्त्री [करण्डिका] छोटा डिब्बा (णाया १, ७, सुपा ४२८)।

करंडी स्त्री [करण्डी] १ डिब्बा, पेटिका (श्रा १४)। २ कुटी, पात्र विशेष (उप ५६३)।

करंडुय न [दे] पीठ के पास की हड्डी (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

करंत देखो कर = कृ।

करंब पु [करम्ब] दही और भात का बना हुआ एक खाद्य द्रव्य, दध्योदन (पाअ, दे २, १४, सुपा १३६)।

करंबिय वि [करम्बित] व्याप्त, खचित (सुपा ३४ गउड)।

करकंट पु [करकण्ट] इस नाम का एक परिव्राजक, तापस-विशेष (औप)।

करकंडु पु [करकण्डु] एक जैन महर्षि (महा, पडि)।

करकचिअ वि [क्रकचित] करवत आदि से फाड़ा हुआ (अणु १५४)।

करकड वि [दे कर्कर कर्कट] १ कठिन, परुष (उवा)।

करकडी स्त्री [दे करकटी] चियडा, निन्दनीय वस्त्र-विशेष, जो प्राचीन काल में वध्य पुरुष को पहनाया जाता था (विपा १, २—पत्र २४)।

करकय पु [क्रकच] करपत्र, करात, आरा (पराग १, १)।

करकर पु [करकर] 'कर-कर' आवाज (णाया १ ६)। °सुंठ पुन [°शुण्ठ] तृण-विशेष (पण्ह १—पत्र ४०)।

करकरिग पु [करकरिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)।

करग देखो कारग = कारक (णंदि ५०)।

करग पु [करक] १ करका, ओला (श्रा २०, ओघ ३४३, जी ५)। २ पानी की कलशी, जल पात्र (अनु ५, श्रा १६, सुपा ३३६, ३६४)। देखो करय = करक।

करगय देखो करकय (स ६६६)।

करग्गह देखो कर-गह (सम्मत्त १७३)।

करघायल पु [दे] किलाट, दूध की मलाई (दे २, २२)।

करच्छोडिया स्त्री [दे] ताली, ताल (सुपा २, १५)।

करट्ट पु [दे] अपवित्र अन्न को खानेवाला ब्राह्मण (मृच्छ २०७)।

करड पु [करट] १ काक, कौआ (उर १, १४)। २ हाथी का गण्ड-स्थल (सुपा १३६, पाअ)। ३ वाद्य-विशेष (विक्र ८७)। ४ कुसुम्भ-वृक्ष। ५ करीर-वृक्ष। ६ गिरगिट, सरट। ७ पाखंडी, नास्तिक। ८ श्राद्ध-विशेष (दे २, ५५ टी)।

करड पु [दे] १ व्याघ्र, शेर। २ वि. कबरा, चितकबरा (दे २, ५५)।

करडा स्त्री [दे] लट्वा—१ एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष। २ पक्षि विशेष, चटक। ३ भ्रमर, भौंरा। ४ वाद्य-विशेष (दे २ ५५)।

करडि पु [करटिन्] हाथी, हस्ती (सुर २, ६६ सुपा ५०, १३६)।

करडी स्त्री [दे, करटी] वाद्य विशेष, 'अट्टसय करडीए' (ज २)।

करडुयभत्त न [दे] श्राद्ध-विशेष (पिंड)।

करण न [करण] १ इन्द्रिय (सुर ४, २३६, (कुमा)। २ आसन, पद्मासन वगैरह (कुमा)। ३ अधिकरण, आश्रय (कुमा)। ४ कृति, क्रिया, विधान (ठा ३, ४, सुर ४, २४५)। ५ कारक विशेष, साधकतम (ठा ३, १, विसे १६३६)। ६ उपाधि, उपकरण (ओघ ६६६)। ७ न्यायालय, न्याय-स्थल (उप पृ ११७)। ८ वीर्य-स्फुरण (ठा ३, १—पत्र १०६)। ९ ज्योतिः-शास्त्र प्रसिद्ध बव-बालवादि करण (सुर २, १६५)। १० निमित्त, प्रयोजन (आवृ १)। ११ जेल, कैदखाना (भवि)। १२ वि जो किया जाय वह (ओघ २, भा ३)। १३ करनेवाला (कुमा)। °ाहिवइ पु [°ाधिपति] जेल का अध्यक्ष (भवि)। °साला स्त्री [°शाला] न्यायालय (दस० वृ० हारि० पत्र १०८ २)।

करणया स्त्री [करणता] १ अनुष्ठान, क्रिया। २ सयमानुष्ठान (णाया १, १—पत्र ५०)।

करणसाला स्त्री [करणशाला] न्याय मन्दिर (दस ३, १ टी)।

करणि स्त्री [दे] क्रिया, कर्म (अणु १३७)।

करणि स्त्री [दे] १ रूप, आकार (दे २, ७, सुपा १०५, ४७५, पाअ)। २ सादृश्य समानता (अणु)। ३ अनुकरण, नकल करना (गउड)। ४ स्वीकार, अंगीकार (उप पृ ३८५)।

करणिज्ज देखो कर = कृ।

करणिल्ल वि [दे] समान, सदृश 'मयणजमल-तोणीरकरणिल्लेण पयामयोरेण निरतरेण च ऊरुजुयलेण' (स ३१२), 'वधूयकरणिल्लेण महावाएणेण अहरेण' (स ३१२)।

करणीअ देखो कर = कृ।

करपत्त न [करपत्र] करवत, ककच (विपा १, ६)।

करभ पु [करभ] ऊँट, उष्ट्र (पण्ह १, १; गउड)।

करभी स्त्री [करभी] १ उष्ट्री, स्त्री-ऊँट, ऊँटनी (पिंड)। २ पानी भरने का बड़ा पात्र (बृह २ टी)। देखो करही।

करम वि [दे] क्षीण, दुर्बल (दे २, ६; षड्)।

करमंद पु [करमन्द] फलवाला वृक्ष-विशेष (गउड)।

करमद्द पु [करमर्द] वृक्ष-विशेष, करौंदा (पण्ण १—पत्र ३२)।

करमरी स्त्री [दे] हठ-हृत स्त्री, बाँदी (दे २, १५; षड्; गा ५२७ पाअ)।

करय देखो करग (उप ७२८ टी; पण्ण १; कुमा; उत्त ७)। ३ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १)।

करयंदी स्त्री [दे] मल्लिका बेला का गाछ (दे २, १८)।

करयर अक [करकराय्] 'कर-कर' आवाज करना। वकृ करयरंत (पउम ६८, ३५)।

कररुह पु [कररुह] छन्द-विशेष (पिंग)।

करलि, करली स्त्री [कदलि, °ली] १ पताका। २ हरिण की एक जाति। ३ हाथी का एक आभरण (हे १, २२०; कुमा)।

करव पुन [दे करक] जल पात्र, 'पालिकरवाउ नीरं पाएउ पुच्छिओ' (सुपा २१८; ६३१)।

करवंदी स्त्री [करमन्दी] लता-विशेष, एक जात का पेड़ (दे, ८, ३५)।

करवत्तिआ स्त्री [करपात्रिका] जल पात्र-विशेष (आ १२)।

करवाल पु [करवाल] खड्ग, तलवार (पाअ; सुपा ६०)।

करविया स्त्री [दे करविका] पान पात्र-विशेष (सुपा ४८८)।

करवीर पु [करवीर] वृक्ष-विशेष, कनेर का गाछ (गउड)।

करसी [दे] देखो करडसी (दे २, १८)।

करह पु [करभ] १ ऊँट, उष्ट्र (पउम ५६, ४८ पाअ; कुमा; सुर ४२०)। २ सुगन्धी द्रव्य विशेष (गउड ६६८)।

करहंच न [करहञ्च] छन्द विशेष (पिंग)।

करहाड पु [करहाट] वृक्ष विशेष करहाट शिफा कन्द, मैनफल (गउड)।

करहाडय पु [करहाटक] १ ऊपर देखो। २ देश-विशेष, 'करहाडयविसए कन्हडरायनिवेसम्मि' (स २५३)।

करही देखो करभी। ३ इस नाम का एक छन्द (पिंग)। °रुह वि [°रोह] ऊँट सवार, उष्ट्री पर सवारी करने वाला (महा)।

कराइणी स्त्री [दे] शाल्मली वृक्ष, सेमर का पेड़ (दे २, १८)।

करादड्ढ पु [कराडड्ढ] स्वनाम ख्यात एक राजा (ती ३७)।

कराल वि [कराल] १ उन्नत, ऊँचा (अनु ५)। २ दन्तुरित, जिसका दाँत लम्बा और बाहर निकला हो वह (गउड)। ३ भयानक, भयंकर (कप्पू)। ४ फाड़नेवाला। ५ विकसित (से १०, ४१)। ६ व्यवहित (से ११, ६६)। ७ वि इस नाम का विदेह देश का राजा (धर्म १)।

कराल सक [करालय्] १ फाड़ना छिद्र करना। २ विकसित करना। करालेइ (से १०, ४१)।

करालिअ वि [करालित] १ दन्तुरित, लम्बा और बहिर्निर्गत दाँतवाला (से १२, १०)। २ व्यवहित किया हुआ, अन्तरालवाला बनाया हुआ (से ११, ६६)। ३ भयंकर बनाया हुआ (कप्पू)।

करली स्त्री [दे] दतवन, दाँत शुद्ध करने का काष्ठ (दे २, १२)।

करावण न [कारण] करवाना, बनवाना, निर्मापन (सुपा ३०२, धम्म ८ टी)।

कराविय वि [कारित] कराया हुआ (स ५६८; महा)।

करि पु [करिन्] हाथी, हस्ती (पाअ, प्रासू १६६)। °वरणट्ठाण न [°वरणस्थान] हाथी को बाँधने का डोर—रज्जू, रस्सा (पाअ)। °नाह पु [°नाथ] १ ऐरावण, इन्द्र का हाथी। २ उत्तम हस्ती (सुपा १०६)। °बंधण न [°बन्धन] हाथी पकड़ने का गर्त (पाअ)। °मयर पुं [°मकर] जल हस्ती (पाअ)।

करिअ पु [करिक] एक महाग्रह (सुज्ज २०)।

करिअ, करिअव्व देखो कर = कृ।

करिआ स्त्री [दे] मदिरा परोसने का पात्र (दे २, १८)।

करिएव्वउ, करिएव्वउं (अप) देखो कायव्व (हे ४, ४३८; कुमा; पि २५४)।

करित देखो कर=कृ।

करिणिआ, करिणी स्त्री [करिणी] हस्तिनी, हथिनी (महा; पउम ८०, ५३; सुपा २)।

करिण पु [करिन्] हाथी, हस्ती, 'रे दुट्ठ करिणाहम ! कुजाय ! सभतगुणलज्जाहणेण' (उप ६ टी)।

करित्ता, करित्ताण, करिदूण देखो कर = कृ।

करिमरी [दे] देखो करमरी (गा ५४, ५५)।

करिल्ल न [दे] १ वंशांकुर, बाँस का कोंपल, रेतीली भूमि में उत्पन्न होनेवाला वृक्ष-विशेष, जिसे ऊँट खाते हैं (दे २, १०)। २ करेला, तरकारी-विशेष, 'थाणुपुरिसाइकुट्ठुप्पलाइसंभियकरिल्लमसाई' (विसे २६३)। ३ अंकुर, कन्दल (अनु)। ४ पु करील वृक्ष, करील (पड्)। ५ वि वंशांकुर के समान, 'हाहा ते चेय करिल्लणियमावाहुमयरणदुल्ललिय' (गउड)।

करिस देखो कड्ढ=कृष्। करिसइ (हे ४, १८७)। वकृ करिसंत (सुर १, २३०)। संकृ करिसित्ता (पि ५८२)।

करिस पु [कर्ष] १ आकर्षण, खींचाव। २ विलेखन, रेखा-करण। ३ मान विशेष, पल का चौथा हिस्सा (जो १)।

करिस देखो करीस (हे १, १०१; पाअ)।

करिसग वि [कर्षक] खेती करनेवाला, कृषीवल (उत्त ३, आचम)

करिसण न [कर्षण] १ खींचाव, आकर्षण। २ चासना, खेती करना। ३ कृषि, खेती (पण्ह १, १)।

करिसय देखो करिसग (सुपा २, २६०, सुर २, ८८)।

करिसावण पुन [कार्षापण] सिक्का-विशेष (विसे ७०६ टी)।

करिसिद (शौ) वि [कर्षित] १ आकर्षित। २ चासा हुआ, खेती किया हुआ (हेका ३२४)।

करिसिय वि [कृशित] दुर्बल किया हुआ (सूअ १, ३)।

करीर पु [करीर] वृक्ष-विशेष करीर, करील (उप ७२८ टी, था १६, प्रासू ६२)।

करीस पु [करीष] जलाने के लिए सुखाया हुआ गोबर, कंडा, गोइठा (हे १, १०१)।

करुण देखो कलुण (स्वप्न ५३, सुपा २१६), 'उज्झइ उयारभाव दक्खिण्णं करुणयं च आमुयइ' (गउड)।

करुणा स्त्री [करुणा] दया, दूसरे के दुःख को दूर करने की इच्छा (गउड, कुमा)।

करुणाइय वि [करुणायित] जिसपर करुणा की गई हो वह (गउड)।

करुणि वि [करुणिन्] करुणा करनेवाला, दयालु (सण)।

करे सक [कारय्] कराना। करेइ (प्राकृ ६०)।

करेअव्व, **करेत** } देखो कर = कृ।

करेडु पु [दे] कृकलास, गिरगिट, सरट (दे २, ५)।

करेणु पुं [करेणु] १ हस्ती, हाथी। २ कनेर का गाछ, 'एसो करेणू' (हे २, ११६)। ३ स्त्री हस्तिनी हथिनी (हे २, ११६, णाया १, १, सुर ८, १३६)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक स्त्री (उत्त १३)। °सेणा स्त्री [°सेना] देखो पूर्वोक्त अर्थ (उत्त १३)।

करेणुआ स्त्री [करेणु] हस्तिनी, हथिनी (पाअ, महा)।

करेमाण, **करेअव्व** } देखो कर = कृ।

करेवाहिय वि [करवाधित] राज-कर से पीडित, महसूल से हैरान (ओप)।

करोड पु [दे] १ नारिकेल, नारियल। २ काक, कौआ। ३ वृषभ, बैल (दे २, ५४)।

करोडग पु [दे] पात्र-विशेष, कटोरा (निचू १)।

करोडि स्त्री [करोटि] सिर की हड्डी (सुख, २, २९)।

करोडिय पु [करोटिक] कापालिक, भिक्षुक-विशेष (णाया १, ८—पत्र १५०)।

करोडिया, **करोडी** } स्त्री [करोटिका, °टी] १ कुंडा, बड़े मुँह का एक पात्र, कांस्य-पात्र-विशेष (अणु, दे ७, १५, पाअ)। २ स्थगिका, पानदान (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ३ मिट्टी का एक तरह का पात्र (ओप)। ४ कपाल, भिक्षा-पात्र (णाया १, ८)। ५ परोसने का एक उपकरण (दे, २, २८)।

करोडी स्त्री [दे] एक प्रकार की चींटी, क्षुद्र-जन्तु-विशेष (दे २, ३)।

करोडी स्त्री [दे] मुर्दा, शव (कुप्र १०२)।

कल सक [कलय्] १ संख्या करना। २ आवाज करना। ३ जानना। ४ पहिचानना। ५ संबन्ध करना। कलइ (हे ४, २५९, षड्)। कलयति (विसे २०२९)। भवि कलइस्सं (पि ५३३)। कर्म कलिज्जए (विसे २०२९)। वकृ कलयंत (सुपा ८)। कवकृ कलिज्जंत (सुपा ६४)। संकृ कलिऊण, कलिअ (महा, अभि १८२)। कृ कलणिज्ज, कलणीअ (सुपा ६२२, पि ९१)।

कल वि [कल] १ मधुर, मनोहर (पाअ)। २ पुं अव्यक्त मधुर शब्द (णाया १, १६)। ३ कोलाहल, कलकल (चंद १९)। ४ कर्दम, कीचड, कादो (भत्त १३०)। ५ धान्य-विशेष, गोल चना, मटर (ठा ५, ३)। °कंठी स्त्री [°कण्ठी] कोकिला, कोयल (दे २, ३०, कप्पू)। °मंजुल वि [°मञ्जुल] शब्द से मधुर (पाअ)। °यंठ पु [°कण्ठ] कोकिल, कोयल (कुमा)। °यंठी देखो °कंठी (सुर ४, ४८)। °हंस पु [°हंस] एक पक्षी, राज-हंस (कप्प, गउड)।

कलंक पु [कलङ्क] १ दाग, दोष (प्रासू ६४)। २ लाञ्छन, चिह्न (कुमा, गउड)।

कलंक सक [कलङ्कय्] कलंकित करना। कलंकइ (भवि)। कृ. कलंकियव्व (सुपा ४४८, ५८१)।

कलंक पु [दे] १ वाँस, वंश (दे २, ८)। २ वाँस की बनाई हुई वाड (णाया १, १८)।

कलंकण न [कलङ्कन] कलंकित करना (पव ८)।

कलंकल वि [कलङ्कल] असमंजस, अशुभ (ओप, संथा)।

कलंकलीभागि वि [कलङ्कलीभागिन्] दुःख-व्याकुल (सूअ २, २, ८१, ८२)।

कलंकलीभाव पु [कलङ्कलीभाव] १ दुःख से व्याकुलता। २ संसार-परिभ्रमण (आचा २, १६, १२)।

कलंकवई स्त्री [दे] वृति, वाड, कांटे आदि से परिच्छन्न स्थान-परिधि (दे २, २४)।

कलंकिअ वि [कलङ्कित] कलंकित, दागी (हे ४, ४३८)।

कलंकिल्ल वि [कलङ्किन्] कलंकवाला, दागी (काल, पि ५९५)।

कलंतर न [कलान्तर] व्याज, सूद (कुप्र ३७५)।

कलंद पु [कलन्द] १ कुण्ड, कुण्डा, रंग-पात्र (उवा)। २ जाति से आर्य एक प्रकार के मनुष्य (ठा ६—पत्र ३५८)।

कलंब पु [कदम्ब] १ वृक्ष-विशेष, नीप, कदम का गाछ (हे १, ३०, २२२ गा ३७, कप्पू)। °चीर न [°चीर] शस्त्र विशेष (विपा १, ६—पत्र ६६)। °चीरिया स्त्री [°चीरिका] तृण-विशेष, जिसका अग्र भाग अति तीक्ष्ण होता है (जीव ३)। °वालुया स्त्री [°वालुका] १ कदम्ब के पुष्प के आकार-वाली धूली। २ नरक की नदी, 'कलंबवालुयाए दड्ढपुव्वो अणंतसो' (उत्त १९)।

कलंबु स्त्री [दे] वल्ली विशेष, नालिका (दे २, ३)।

कलंबुअ न [कदम्बक] कदम्ब-वृक्ष का पुष्प, 'धाराहयकलंबुअं पिव समुस्ससियरोमकूवे' (कप्प)।

कलंबुआ [दे] देखो कलंबु (पण्ण १, सुज्ज ४)।

कलंबुआ स्त्री [कलम्बुका] १ कदम्ब पुष्प के समान मांस-गोलक। २ एक गाँव का नाम, जहाँ पर भगवान् महावीर को कालहस्ती ने सताया था (राज)।

कलंबुगा स्त्री [कलम्बुका] जल में होनेवाली वनस्पति की एक जाति (सूअ २, ३, १८)।

कलंबुय पु [कदम्बक] कदम्ब-वृक्ष (सुज्ज १९)।

कलकल पु [कलकल] १ कोलाहल, कल-कलरव (था १४)। २ व्यक्त शब्द, स्पष्ट

आवाज (भग ६ ३३ टी)। ३ चूना आदि से मिश्रित जल (विग १, ६)।

कलकल अक [कलकलाय्] 'कल कल' आवाज करना। वकृ कलकलंत, कलकलिंत, कलकलेंत, कलकलमाण (पण्ह १, १, ३, औप)।

कलकलिअ न [कलकलित] कोलाहल करना (दे ६ २६)।

कलकलिअ वि [कलकलित] कलकल शब्द से युक्त (सिरि ६६८)।

कलक्ख देखो कडक्ख = कटाक्ष (गा ७०२)।

कलचुलि पु [कलचुलि] १ क्षत्रिय विशेष। २ इस नाम का एक क्षत्रिय-वंश (पिंग)।

कलण देखो करण 'तासुवि कलणेसु हासु पुरुरप्पा' (अच्चु ८२)।

कलण न [कलन] १ शब्द, आवाज। २ सख्यान, गिनती (विसे २०२८)। ३ धारण करना (सुपा ११)। ४ जानना (सुपा १६)। ५ प्राप्ति, ग्रहण 'गुत्त वा सयलकलाकलण न्यणायरमुग्गम्म' (श्रा १६)।

कलणा स्त्री [कलना] १ कृति, करण, 'जुण्ण कदप दप्प णिद्दुवणकलणाकदणिल्ल कुणता' (कप्पू)। २ धारण करना, लगाना, 'मज्झण्हे सिरिखंडपंककलणा' (कप्पू)।

कलणिज्ज देखो कल = कलय्।

कलत्त न [कलत्र] स्त्री, भार्या (प्रासू ७६)।

कलधोय देखो कलहोय (औप)।

कलभ पुस्त्री [कलभ] १ हाथी का बच्चा (णाया १ १)। २ बच्चा, बालक, 'उवमासु अपज्जत्तेभकलभदंताबहासमूरुजुग' (ह १, ७)।

कलभिआ स्त्री [कलभिका] हाथी का स्त्री बच्चा (णाया १, १—पत्र ६३)।

कलम पु [दे कलम] १ चोर तस्कर (दे २, १०, पाअ आचा)। २ एक प्रकार का उत्तम चावल (उवा ज २, पाअ)।

कलमल पु [कलमल] १ पेट का मल (ठा ३, ३)। २ वि दुर्गन्धि, दुर्गन्धवाला (उप ८३३)।

कलमल पुन [दे] १ मदन-वेदन (मक्ष ४७)। २ पीडन, घबराहट, घृणा, 'अनुइए अट्ठीए सोणियम्मिजातपुण्णमयाए। नामपि चितिय पत्तु कलमलय जणइ हियय्म्मि' (मन ३३)।

कलय देखो कलय (हे १, ६७)।

कलय पु [दे] १ अर्जुन वृक्ष। २ सोनार, सुवर्णकार (दे २ ५८)।

कलय पुं [कलाद] सोनार, सुवर्णकार (षड्)।

कलयंदि वि [दे] १ प्रसिद्ध, विख्यात। २ स्त्री वृक्ष विशेष, पाडरी, पाटल (दे २, ५८)।

कलयज्जल न [दे] ओष्ठ-लेप, होठ पर लगाया जाता लेप-विशेष (भवि)।

कलयल देखो कलकल (हे २, २२०, पाअ, गा ५३५)।

कलयलिर वि [कलकलायितृ] कलकल करनेवाला (वज्जा ६६)।

कलरुद्दाणी स्त्री [कलरुद्राणी] इस नाम का छन्द (पिंग)।

कलल न [कलल] १ वीर्य और शोणित का समुदाय, 'पाइज्जति रडता मुत्ततत्तवुनवसनिभ कलल' (पउम ११८, ८), वसकललसेभ-सोणिय—' (पउम ३९ ५६)। २ गर्भ-वेष्टन चर्म। ३ गर्भ के अवयव रूप रेत विकार (गउड)। ४ कादो, कीचड, कर्दम (गउड)।

कललिय वि [कललित] कर्दमित, कीचवाला किया हुआ, 'अण्णोण्णकलहविअलियकेसरकी-लालकललियद्दारा' (गउड)।

कलविंक पु [कलविङ्क] पक्षि विशेष, चटक, गौरिया पक्षी, गोरैया (पाअ' गउड)।

कलवू स्त्री [दे] तुम्बी पात्र (दे २, १२ षड्)।

कलस पु [कलश] १ कलश, घडा, (उवा, णाए १, १)। २ स्कन्धक छन्द का एक भद, छन्द-विशेष (पिंग)।

कलस पुन [कलश] १ एक देव विमान। (देवेन्द्र १४०)। २ वाद्य-विशेष (राय ५० टी)।

कलसिया स्त्री [कलशिका] १ छोटा घडा (अणु)। २ वाद्य विशेष (आचू १)।

कलह पु [कलह] क्लेश, झगडा (उव, औप)।

कलह देखो कलभ (उव, पउम ७८, २८)।

कलह न [दे] तलवार की म्यान (दे २, ५, पाअ)।

कलह अक [कलहाय्] झगडा करना, लडाई करना। वकृ कलहंत, कलहमाण (पउम २८, ४, सुपा ११, २३३, ५४६)।

कलहण न [कलहन] झगडा करना (उव)।

कलहाअ देखो कलह = कलहाय्। कलहाएदि (शौ) (नाट)। वकृ कलहाअंत (गा ६०)।

कलहाइअ वि [कलहायित] कलहवाला, झगडाखोर (पाअ)।

कलहि वि [कलहिन्] झगडाखोर (दे ५, ५४)।

कलहोय न [कलधौत] १ सुवर्ण, सोना (सण)। २ चाँदी, रजत (गउड, पण्ह १, ४ पाअ)।

कला स्त्री [कला] १ अंश, भाग, मात्रा (अनु ४)। २ समय का सूक्ष्म भाग (विसे २०२८)। ३ चन्द्रमा का सोलहवाँ हिस्सा (प्रासू ६५)। ४ कला, विद्या, विज्ञान (कप्प, राय, प्रासू ११२)। पुरुष योग्य कला के मुख्य बहत्तर और स्त्री-योग्य कला के मुख्य चौसठ भेद है, 'बावत्तरी कला' (अणु), 'बावत्तरिकलापडियावि पुरिसा' (प्रासू १२६), 'चउसट्ठिकलापडिया' (णाया १, ३)। पुरुष कला ये है,—१ लिपि ज्ञान। २ अकगणित। ३ चित्र कला। ४ नाट्यकला। ५ गान, गाना। ६ वाद्य बजाना। ७ स्वर गत (षड्ज, ऋषभ वगैरह स्वरों का ज्ञान)। ८ पुष्कर गत (मृदग, मुरजादि विशेष वाद्य का ज्ञान)। ९ समताल (सगीत के ताल का ज्ञान)। १० द्यूत कला। ११ जनवाद (लोगो के साथ आलाप सलाप करने की विधि)। १२ पासे का खेल। १३ अष्टापद (चौपाट खेलने की रीति)। १४ शीघ्र कवित्व। १५ दक-मृत्तिका (पृथक्करण विद्या)। १६ पाक कला। १७ पान-विधि (जलपान के गुण दोष का ज्ञान)। १८ वस्त्र विधि (वस्त्र की सजावट की रीति)। १९ विलेपन विधि। २० शयन-विधि। २१ आर्या (छन्द विशेष) बनाने की रीति। २२ प्रहलिका (विनोद के लिए पहेलिया—गूढाशय पद्य)। २३ मागधिका (छन्द विशेष)। २४ गाथा (छन्द विशेष)। २५ गीति (छन्द-विशेष)। २६ श्लोक (अनुष्टुप् छन्द)। २७ हिरण्य युक्ति (चादी के आभूषण की यथास्थान योजना)। २८ सुवर्ण-युक्ति। २९ चूर्ण-युक्ति (सुगन्धि पदार्थ बनाने की रीति)। ३० आभरण विधि (आभूषणो की सजावट)। ३१ तरुणी परिकर्म (स्त्री को सुन्दर बनाने

की रीति)। ३२ स्त्री-लक्षण (स्त्री के शुभाशुभ चिन्हों का परिज्ञान)। ३३ पुरुष लक्षण। ३४ अश्व लक्षण। ३५ गज-लक्षण। ३६ गो-लक्षण। ३७ कुक्कुट-लक्षण। ३८ छत्र लक्षण। ३९ दण्ड लक्षण। ४० असि लक्षण। ४१ मणि-लक्षण (रत्न-परीक्षा)। ४२ काकणि-लक्षण (रत्न विशेष की परीक्षा)। ४३ वास्तुविद्या (गृह बनाने और सजाने की रीति)। ४४ स्कन्धावार मान (सैन्य परिमाण)। ४५ नगर-मान। ४६ चार (ग्रह-चार का परिज्ञान)। ४७ प्रतिचार (ग्रहों के वक्र-गमन वगैरह का ज्ञान अथवा रोगप्रतीकार ज्ञान)। ४८ व्यूह (सैन्य रचना)। ४९ प्रतिव्यूह (प्रतिद्वन्द्वि व्यूह)। ५० चक्र व्यूह। ५१ गरुड-व्यूह। ५२ शकट व्यूह। ५३ युद्ध (मल्ल-युद्ध)। ५४ नियुद्ध। ५५ युद्धातियुद्ध (खड्गादि शस्त्र से युद्ध)। ५६ दृष्टि युद्ध। ५७ मुष्टि-युद्ध। ५८ बाहु युद्ध। ५९ लता युद्ध। ६० इषु-शास्त्र (दिव्यास्त्र सूचक शास्त्र)। ६१ त्सरु-प्रपात (खड्ग शिक्षा शास्त्र)। ६२ धनुर्वेद। ६३ हिरण्य पाक (चाँदी बनाने की रीति)। ६४ सुवर्ण पाक। ६५ सूत्रक्रीडा (एक ही सूत को अनेक प्रकार कर दिखाना)। ६६ वस्त्र-क्रीडा। ६७ नालिका खेल (द्यूत-विशेष)। ६८ पत्र-च्छेद्य (अनेक पत्रों मे अमुक पत्र का छेदन, हस्त-लाघव)। ६९ कट-च्छेद्य (कट की तरह क्रम से छेद करने का ज्ञान)। ७० सजीव (मरी हुई धातु को फिर असल बनाना)। ७१ निर्जीव (धातु-मारण, रसायण)। ७२ शकुन-रुत (शकुन-शास्त्र), (ज २ टी, सम ८३)। °गुरु पु [°गुरु] कलाचार्य, विद्याध्यापक, शिक्षक (सुपा २५)। °यरिय पु [°चार्य] देखो पूर्वोक्त अर्थ (णाया १, १)। °वई स्त्री [°वती] १ कलावाली स्त्री। २ एक पतिव्रता स्त्री (उप ७३६, पडि)। °सवण्ण न [सवर्ण] सख्या-विशेष (ठा १०)।

कलाइआ स्त्री [कलाचिका] प्रकोष्ठ, कोनी से लेकर मणिबन्ध तक का हस्तावयव (पाअ)।

कलाय पु [कलाद] सोनार, सुवर्णकार (पण्ह १, २, णाया) १, ८)।

कलाय पु [कलाय] धान्य विशेष, गोल चना, मटर (ठा ३, ५, अनु ५)।

कलाव पु [कलाप] १ समूह, जत्था (हे १, २३१)। २ मयूर-पिच्छ (सुपा ४८)। ३ शरधि, तूण, जिसमें बाण रक्खे जाते हैं (दे २, १०)। ४ कण्ठ का आभूषण (औप)।

कलावग न [कलापक] १ चार श्लोकों की एक वाक्यता। २ ग्रीवा का एक आभरण (पण्ह २, ५)।

कलावय न [कलापक] चार पद्यों की एक वाक्यता (सम्मत्त १८७)।

कलावि पुस्त्री [कलापिन्] मयूर, मोर (उप ७२८ टी)।

कलि पु [कलि] एक नरकावास (देवेन्द्र २६)।

कलि पु [कलि] १ कलह झगडा (कुमा, प्रासू ६४)। २ युग-विशेष, कलि युग (उप ८३३)। ३ पर्वत विशेष (ती ५४)। ४ प्रथम भेद (निचू १५)। ५ एक अकेला (सूअ १, २, २, भग १८, ४)। ६ दुष्ट पुरुष, दुट्ठो बली' (पाअ)। °ओग, °ओय पु [°ओज] युग्म-राशि विशेष (भग १८, ४, ठा ४, ३)। °ओयकडजुम्म पु [°ओज-कृतयुग्म] युग्म-राशि-विशेष (भग ३४, १)। °ओयकलिओय पु [°ओजकल्योज] युग्म-राशि विशेष (भग ३४, १)। °ओजत-ओय पु [°ओजत्र्योज] युग्म राशि विशेष (भग ३४, १)। °ओयदावरजुम्म पु [°ओजद्वापरयुग्म] युग्म-राशि-विशेष (भग ३४, १)। °कुंड न [°कुण्ड] तीर्थ-विशेष (ती १५)। °जुग न [°युग] कलि-युग (ती २१)।

कलि पु [दे] शत्रु दुश्मन (दे २, २)।

कलिअ वि [कलित] १ युक्त, सहित (पण्ह १, २)। २ प्राप्त, गृहीत। ३ ज्ञात, विदित (दे २ ५६, पाअ)।

कलिअ देखो कल = कलय्।

कलिअ पु [दे] १ नकुल, न्योला, नेवला। २ वि गर्वित, गर्व युक्त (दे २, ५६)।

कलिआ स्त्री [दे] सखी, सहेली (दे २, ५६)।

कलिआ स्त्री [कलिका] अविकसित पुष्प, कली (पाअ, गा ४४२)।

कलिंग पु [कलिङ्ग] १ देश विशेष, यह देश उडीसा से दक्षिण की ओर गोदावरी के मुहाने पर है (पउम ९८, ६७, ओघ ३० भा, प्रासू ६०)। २ कलिंग देश का राजा (पिंग)।

कलिंग पु [कलिङ्ग] भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र (ती १४)।

कलिंच देखो किलिंच (गा ७७०)।

कलिंज पु [कलिञ्ज] कट, चटाई (निचू १७)।

कलिंज न [दे] छोटी लकडी (दे २, ११)।

कलिंब पुन [कलिम्ब] १ बाँस का पात्र-विशेष, कलिंबो वंसकप्परी' (गच्छ २)। २ सूखी लकडी (भग ८, ३)।

कलित्त न [कटित्र] कमर पर पहना जाता एक प्रकार का चर्म मय कवच (णाया १, १, औप)।

कलिम न [दे] कमल, पद्म (हे २, ६)।

कलिमल देखो कलमल = कलकल (तदु ४१)।

कलिल वि [कलिल] गहन, घना, दुर्भेद्य (पाअ)।

कलुण वि [करुण] १ दीन, दया जनक, कृपा-पात्र (हे १, २५४, प्रासू १२६, सुर २, २२९)। २ पु साहित्य शास्त्र-प्रसिद्ध नव रसों मे एक रस (अणु)।

कलुणा देखो करुणा (राज)।

कलुस वि [कलुष] १ मलिन, अस्वच्छ, 'कलिकलुस' (विपा १, १, पाअ)। २ न पाप, दोष, मैल (स १३२, पाअ)।

कलुसिअ वि [कलुषित] पाप-ग्रस्त मलिन (से १०, ५, गउड)।

कलुसीकय वि [कलुषीकृत] मलिन किया हुआ (उत्त)।

कलेर पु [दे] १ ककाल, अस्थि-पञ्जर। २ वि कराल, भयानक (दे २, ५३)।

कलेवर न [कलेवर] शरीर, देह (आउ ४८, पिंग)।

कलेसुय न [कलेसुक] तृण-विशेष (सूअ २, २)।

कलोवाइ स्त्री [दे] पात्र-विशेष (आचा २, १, २, १)।

कल्ल न [कल्य] १ कल, गया हुआ या आगामी दिन (पाअ, णाया १, १, दे ८, ६७)। २ शब्द, आवाज। ३ सख्या, गिनती (विसे ३४४२)। ४ आरोग्य, निरोगता, 'कल्ल किलासगं' (विसे ३४३९)। ५ प्रभात, सुबह (अणु)। ६ वि निरोग, रोग रहित

(ठा ३, ३ दे ८, ६५)। ७ वि दक्ष, चतुर (दे ८, ६५)।

कल्लवत्त पु [कल्यवर्त्त] कलेवा, प्रातर्भोजन, जल-पान (स्वप्न २०, नाट)।

कल्लवाल पु [कल्यपाल] कलवार, शराब बेचनेवाला (मोह ६२)।

कल्लविअ वि [दे] १ तीमित आर्द्रित। २ विध्यापित फैलाया हुआ (दे २, १८)।

कल्ला स्त्री [दे] मद्य दारू (दे २, २)।

कल्लाकल्लि } अ [कल्याकल्य] १ प्रतिदिन,
कल्लाकल्लिं } हर रोज (विपा १ ३, गाया १, १८)। २ प्रति प्रभात, रोज सुबह (उवा, प्राप)।

कल्लाण न [कल्याण] सुवर्ण (सिरि ३७३)।

कल्लाण पुन [कल्याण] १ सुख मंगल, क्षेम, 'गुणट्ठाणपरिणामे सते जीवाण मयनकल्लाणा' (उप ६००, महा, प्रासू १८६)। २ निर्वाण, मोक्ष (विसे ३४८०)। ३ विवाह, लग्न (वसु)। ४ जिन भगवान् का पूर्व भव से च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवल ज्ञान तथा मोक्ष-प्राप्ति रूप अवसर, 'पंच महाकल्लाणा सव्वेसि जिणाण होंति णिअमेण' (पंचा ६)। ५ समृद्धि, वभव (कप्प)। ६ वृक्ष-विशेष (पण्ण १)। ७ तप विशेष (पव)। ८ देश-विशेष। ९ नगर विशेष 'कल्लाणदेसे कल्लाणनयरे मसरो णाम राया जिण भत्तो हुत्था' (ती ५१)। १० पुण्य, शुभ कर्म (आचा)। ११ वि हित-कारक सुख-कारक (जीव ३ उत्त ३)। °कडय न [°कटक] नगर-विशेष (ती)। °कारि वि [°कारिन्] सुखावह, मंगल-कारक (णाया १, ९६)।

कल्लाणि वि [कल्याणिन्] कल्याण-प्राप्त (राज)।

कल्लाणी स्त्री [कल्याणी] १ कल्याण करने-वाली स्त्री (गउड)। २ दो वर्ष की वछिया (उत्तर १०३)।

कल्लाल पु [कल्यपाल] कलाल, दारू बेचने-वाला (अणु, आव ६)।

कल्लि अ [कल्ये] कल दिन, कल को (गा ५०२)।

कल्लुग पु [कल्लुक] द्वीन्द्रिय जीव विशेष, कीट की एक जाति (जीव १)।

कल्लुय पुं [कल्लुक] द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४४)।

कल्लुरिया [दे] देखो कुल्लरिया (राज)।

कल्लेडय पुंन [दे] कलेवा, प्रातराश (ओघ ४६४ टी)।

कल्लोडय पुं [दे] दमनीय बैल, साँड (आचा २, ४ २)।

कल्लोडिआ [दे] देखो कल्होडी (नाट)।

कल्लोल पु [कल्लोल] तरग, ऊर्मि (औप, प्रासू १२७)।

कल्लोल वि [दे, कल्लोल] शत्रु दुश्मन (दे २, २)।

कल्लोलिणी स्त्री [कल्लोलिनी] नदी (कप्पू)।

कल्हार न [कह्लार] सफेद कमल (पण्ण १, दे २, ७६)।

कल्हि देखो कल्लि (गा ८०२)।

कल्होड पुं [दे] वत्सतर, वछड़ा (दे २, ९)।

कल्होडी स्त्री [दे] वत्सतरी, वछिया (दे २, ९)।

कव अक [कु] आवाज करना, शब्द करना। कवइ (हे ४, २३३)।

कवइय वि [कवचित] बख्तरवाला, वर्मित (पउम ७०, ७१, औप)।

कवय देखो कमय (पण्ह १, ३, महा गउड)।

कवग्ग पु [कवर्ग] 'क' से 'ङ' तक के पाँच अक्षर (धर्मवि १४)।

कवचिअ देखो कवइय (सिरि १३१६)।

कवचिया स्त्री [कवचिका] कलाचिका, प्रकोष्ठ (राज)।

कवट्टिअ वि [कदर्थित] पीडित, हैरान किया हुआ (हे १, २२४)।

कवड न [कपट] माया, छद्म, शाठ्य (पात्र, सुर ४, १६१)।

कवडि देखो कवड्डि, 'तो भणइ कवडिजक्खो अज्जवि त पुच्छसे एयं' (सुपा ५८१)।

कवड्ड पु [कपर्द] बडी कोडी, वराटिका (दे ११०, जी १५)।

कवड्डि पु [कपर्दिन्] १ यक्ष विशेष (सुपा ५१२)। २ महादेव, शिव (कुमा)।

कवड्डिया स्त्री [कपर्दिका] कोडी, वराटिका (सुपा १४, ५४५)।

कवण वि [किम्] कौन ? (पउम ७१, ८, कुमा)।

कवय पुन [कवच] वर्म, बख्तर (विपा १, २, पउम २८, ३१, पात्र)।

कवय न [दे] वनस्पति-विशेष, भूमिच्छत्र (दे २, ३)।

कवरी स्त्री [कवरी] केश पाश, धम्मिल्ल (कुमा, वेणी १८३)।

कवल सक [कवलय्] ग्रसना, हडप करना। कवलेइ (गउड)। कर्म कवलिज्जइ (गउड)। कवकृ कवलिज्जत (सुपा ७०)। सकृ कव-लिऊण (गउड)।

कवल पुं [कवल] कवल, ग्रास (पव ४, औप)।

कवलण न [कवलन] ग्रसन, भक्षण (काप्र १७०, सुपा ८७४)।

कवलिअ वि [कवलित] ग्रसित, भक्षित (पात्र, सुर २, १४६, सुपा १२१, ३१६)।

कवलिआ स्त्री [दे] ज्ञान का एक उपकरण (आप ८)।

कवल्ल पु [दे] लोहे का कटाह (सूत्र १, ५, १, १५)।

कवल्लि } स्त्री [दे] पात्र विशेष, गुड वगैरह
कवल्ली } पकाने का भाजन, कडाह, कराह, 'डज्झतेण य गिम्हे कालसिलाए कवल्लिभूयाए' (सथा १२०, विपा १, ३)।

कवाल } पुन [कपाट] किवाड, किवाडी
कवाड } (गउड, औप, गा ६२०)।

कवाल न [कपाल] १ खोपडी, सिर की हड्डी, 'करकलिअकवालो' (सुपा १५२)। २ घट-कर्पर, भिक्षा-पात्र (आचा, हे १, २३१)।

कवास पु [दे] एक प्रकार का जूता, अर्धजङ्घा (दे २, ५)।

कवि देखो कइ = कपि (सुर १, २०६)।

कवि पुं [कवि] १ कविता करनेवाला (सुर १, १८, सुपा ५६२, प्रासू ६३)। २ शुक्र, ग्रह विशेष (सुपा ५६२)। °त्त न [°त्व] कविता, कवित्त (सुर १,४२)। देखो कइ = कवि।

कविअ न [कविक] लगाम (पाअ, सुपा २१३)।

कविंजल देखो कपिंजल (आचा २)।

कविकच्छु } देखो कइकच्छु (पण्ह २, ५,
कविगच्छु } श्रा १४, दे १,२९, जीव ३)।

कविट्ठ देखो कइत्थ (पण्ण १, दे ३, ४५)।

कविड न [दे] घर का पिछला आँगन (दे २, ६)।

कवित्थ देखो कइत्थ (उप ३०३१ टी)।

कवियच्छु देखो कइकच्छु (स २३६)।

कविल पु [दे] श्वान, कुत्ता (दे २,६, पाअ)।

कविल पु [कपिल] १ वर्ण-विशेष, भूरा रग, तामडा वर्ण (उवा २)। २ पक्षि-विशेष (पण्ह १, ४)। ३ साख्य मत का प्रवर्त्तक मुनि-विशेष (आवम, औप)। ४ एक ब्राह्मण महर्षि (उत्त ८)। ५ इस नामका एक वासुदेव (णाया १, १६)। ६ राहु का पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। ७ वि भूरा रग का, मटमैला रग का (पउम ६,७०, से ७,२२)। °ा स्त्री [°ा] एक ब्राह्मणी का नाम (आचू)।

कविलडोला स्त्री [दे कपिलडोला] क्षुद्र जन्तु-विशेष, जिसको गुजराती मे 'खडमाकडी' कहते हैं (जी १८)।

कविलास देखो कइलास, 'तेमुवि हवेज कविलाममेरुगिरिसनिभा कूडा' (उव)।

कविलिअ वि [कपिलित] कपिल रगवाला किया हुआ, भूरे रग से रगित (गउड)।

कविल्लुय न [दे] पात्र-विशेष, कडाही (बृह ५)।

कविस पुं [कपिश] १ वर्ण-विशेष, काला-पीला रग, बादामी, कृष्ण-पीत-मिश्रित वर्ण। २ वि कपिश वर्णवाला (पाअ, गउड)।

कविस न [दे] दारू, मद्य, मदिरा (दे २,२)।

कविसा स्त्री [दे] अर्धजङ्घा, एक प्रकार का जूता (दे २, ५)।

कविसायण पुन [कपिशायन] मद्य विशेष, गुड का दारू (पण्ण १७—पत्र ५३२)।

कविसीसग } पुन [कपिशीर्षक] प्राकार
कविसीसय } का अग्र-भाग (औप, णाया १, १, राय)।

कविहसिय पुन [कपिहसित] आकाश मे अकस्मात् होनेवाली भयकर आवाज करती ज्वाला (अणु १२०)।

कवेल्लुय देखो कविल्लुअ (ठा ८—पत्र ४१७)।

कवोड देखो कवोय (पिंड २१७)।

कवोय पु [कपोत] १ कबूतर पारावत परेवा (गउड, विपा १, ७)। २ म्लेच्छ देश-विशेष (पउम २७, ७)। ३ न कूष्माण्ड, कोहडा (भग १५)।

कवोल पु [कपोल] गाल, गण्ड (सुर ३, १२०, हे ४, ३९५)।

कवोसण (मा) वि [कदुष्ण] थोडा गरम (प्राकृ १)।

कव्व न [काव्य] १ कविता, कवित्व (ठा ४, ४, प्रासू १)। २ पु ग्रह-विशेष, शुक्र (सुर ३, ५३)। ३ वि वर्णनीय, श्लाघनीय (हे २, ७९)। °इत्त वि [°वत्] काव्यवाला (हे २, १५९)।

कव्व न [क्रव्य] मास (सुर ३, ५३)।

कव्वट्ठ पु [दे] बालक, बच्चा (गच्छ ३,१६)।

कव्वड देखो कव्वड (भवि)।

कव्वा स्त्री [क्रव्या] माया (सूत्र० चू० पत्र १७५ सूत्र गा० ३४५ अध्या० ९ गा० १)।

कव्वाड पु [दे] दक्षिण हस्त, दाहिना हाथ (दे २, १०)।

कव्वाडिअ वि [दे] कॉवर उठानेवाला, बहँगी से माल ढोनेवाला (कुप्र १२१)।

कव्वाय पु [क्रव्याद] १ राक्षस, पिशाच (पउम ७, १०, दे २, १५, स २१३)। २ वि कच्चा मास खानेवाला (पउम २२, ३५)। ३ मास खानेवाला (पाअ)।

कव्वाल न [दे] १ कर्म-स्थान, कार्यालय। २ गृह, घर (दे २, ५२)।

कस सक [कष्] १ ठार मारना। २ कसना, घिसना। ३ मलिन करना। कसति (पण्ण १३)। कवकृ कसिज्जमाण (सुपा ६१५)।

कस पु [कश] चर्म-यष्टि, चाबुक (पण्ह १, ३, णाया १, २, स २८७)।

कस पु [कष] १ कसौटी, कष-क्रिया, 'तावच्छेयकसेहिं सुद्ध पासइ सुवन्नसुप्पन्न' (सुपा ३८६)। २ कसौटी का पत्थर (पाअ)। ३ वि. हिंसक, मार डालनेवाला, ठार मारनेवाला (ठा ४, १)। ४ पुन. ससार, भव, जगत् (उत्त ४)। ५ न कर्म, कर्म-पुद्गल, 'कम्म कस भवो वा कस' (विसे १२२८)। °पट्ट, °वट्ट पुं [°पट्ट] कसौटी का पत्थर (अणु, गा ६२६, सुर २, २४)। °ाहि पुंस्त्री [°ाहि] सर्प की एक जाति (पण्ण १)।

कसई स्त्री [दे] फल विशेष, अरण्यचारी वनस्पति का फल (दे २, ६)।

कसट (पै) देखो कट्ठ = कष्ट (हे ४, ३१०, प्राप्र)।

कसट्ट पुं [दे] कतवार, कूडा (ओघ ५५७)।

कसण पु [कृष्ण] १ वर्ण विशेष। २ वि. कृष्ण वर्णवाला, काला, श्याम (हे २, ७५, ११०, कुमा)। °पक्ख पुं [°पक्ष] कृष्ण-पक्ष, वदी पखवारा (पाअ)। °सार पु [°सार] १ वृक्ष-विशेष। २ हरिण की एक जाति (नाट—मृच्छ ३)।

कसण वि [कृत्स्न] सकल, सब, सम्पूर्ण (हे १, ७५)।

कसणसिअ पु [दे] बलभद्र, वासुदेव का बडा भाई (दे २, २३)।

कसणिअ वि [कृष्णित] काला किया हुआ (पाअ)।

कसमीर देखो कम्हीर (पउम ९८ ६५)।

कसर पु [दे] अधम बैल (दे २, ४, गा ७९५), 'नणु सीलभरुव्वहणे, तेवि हु सीयति का (? क) सरुव्व' (पुप्फ ६३)।

कसर पुन [दे कसर] रोग-विशेष, कण्डू-विशेष, 'कच्छुल्ल (? क) सराभिभूआ खरतिक्खणक्खक्खइअविकयतणू' (ज २—पत्र १६५)।

कसरक्क पुन [दे कसरक्क] १ चर्वण-शब्द, खाते समय जो शब्द होता है वह 'सज्जइ न उ कसरक्केहिं' (हे ४, ४२३, कुमा)। २ कुड्मल, फूल की कली, 'ते गिरिसिहरा ते पीलुपल्लवा ते करीरकसरक्का। लब्भति करह! मरुविलसियाइ कत्तो वणेत्थम्मि' (वज्जा ४६)।

कसव्व न [दे] बाष्प, भाफ। २ वि स्तोक, अल्प। ३ प्रचुर, व्याप्त (दे २, ५३)। ४ आर्द्र, गीला, 'रहिरकसव्वालवियदीहरवणकोलवब्भनिउरव' (स ४३७, दे २, ५३)। ५ कर्कश, परुष, 'बूढोअयक्खरक्खुरणकलुमपालासफलकसव्वाओ' (गउड)।

कसा स्त्री [कशा, कषा] चर्म-यष्टि, चाबुक, कोड़ा (विपा १, ६; सुपा ३४५)।

कसा देखो कासा (पड्)।

कसाइ वि [कषायिन्] १ कषाय रंगवाला। २ क्रोध-मान-माया-लोभवाला (पएण १८; आचा)।

कसाइअ वि [कषायित] ऊपर देखो (गा ८८२; श्रा ३५; आचा)।

कसाय सक [कशाय] ताडन करना, मारना। संकृ. कसाइत्ता (आचा)।

कसाय पुं [कषाय] १ क्रोध, मान, माया और लोभ (विसे १२२६; द ३)। २ रस-विशेष, कषैला (ठा १)। ३ वर्ण-विशेष, लाल पीला रंग (उवा २२)। ४ क्वाथ, काढा। ५ वि कषैला स्वादवाला। ६ कषाय रंगवाला। ७ सुगन्धी, खुशबूदार (हे २, १६०)।

कसार [दे] देखो कसार (भवि)।

कसि वि [कषिन्] मारनेवाला, विनाशक, 'चत्तारि एए कसिणो कसाया सिंचंति मूलाइं पुणब्भवस्स' (दस ८, ३९)।

कसिअ न [कशिका] प्रतोद, चाबुक, 'अचो मग्ग-सदवदाए कसिअं आदत्तं' (प्रयो १०८)।

कसिआ स्त्री ऊपर देखो (सुर १३, १७०)।

कसिआ स्त्री [दे] फल-विशेष, अरण्यचारी नामक वनस्पति का फल (दे २, ६)।

कसिट्ट (पै) देखो कट्ठ = कष्ट (पड्)।

कसिण देखो कसण = कृष्ण, कृत्स्न (हे २, ७५; कुमा; पाअ; दे ४, १२)।

कसुमीरा स्त्री [कश्मीर] एक उत्तर भारतीय देश (प्राकृ २८, ३३)।

कसेरु } पुन [कशेरु, °क] जलीय कन्द-विशेष (गउड; पएण १)।
कसेरुग }

कसेरुगपुन [कसेरुक] जलमें होनेवाली वनस्पति की एक जाति (सूअ २, ३, १८; आचा २, १, ८, ५)।

कसोलि स्त्री [दे] खाद्य-विशेष, 'महाहिं कसोलि भोया रज्जमवेलिं' (सुज्ज १०, १७)।

कस्स पुं [दे] पङ्क, कर्दम, कादो (दे २, २)।

कस्सय न [दे] प्राभृत, उपहार, भेट (दे २, १२)।

कस्सव पुं [काश्यप] १ वंश-विशेष, 'कस्सव-वंसुत्तमो' (विक्र ६५)। २ ऋषि-विशेष (अभि २६)।

कह सक [कथय्] कहना, बोलना। कहइ (हे ४,२)। कर्म कहीअइ, कहिज्जइ (हे १, १८७; ४, २४९)। वकृ. कहंत, कहित, कहेमाण (रयण ७२; सुर ११, १४८)। कवकृ. कहिज्जंत, कहिज्जंत, कहिज्जमाण (राज; सुर १, ४४; गा १६८; सुर १४, ६४)। संकृ. कहिउं, कहिऊण (महा; काल)। कृ. कहणिज्ज, कहियव्व, कहेयव्व, कहणीय (सूअ १, १, १; सुर ४, १६२; सुपा ३१६; पएह २, ४; सुर १२, १७०)।

कह सक [क्वथ्] क्वाथ करना, उबालना। कहइ (पड्)।

कह पुं [कफ] कफ, शरीरस्थ धातु-विशेष, बलगम (कुमा)।

कह देखो कहं (हे १, २९; कुमा; पड्)। °कहवि देखो कह-कहपि (गउड; उप ७२८ टी)। °वि देखो कह-पि (प्राकृ ११४; १४१)।

कहअ अ [कथंवा] वितर्क और आश्चर्य अर्थ को बतलानेवाला अव्यय (से ७, ३८)।

कहं अ [कथम्] १ कैसे, किस तरह? (स्वप्न ४५; कुमा)। २ क्यों, किस लिए? (हे १, २९; पड्; महा)। °कहपि अ [°कथमपि] किसी तरह (गा १८९)। °कहा स्त्री [°कथा] राग-द्वेष को उत्पन्न करनेवाली कथा, विकथा (आचा)। °चि, °ची अ [°चिन्] किसी तरह, किसी प्रकार से (श्रा १२; उप ५३० टी)। °पि अ [°अपि] किसी तरह (गउड)।

कहकह पुं [कहकह] प्रमोद-कलकल, खुशी का शोर (ठा ३, १—पत्र ११६; कप्प)।

कहकह अक [कहकहाय्] खुशी का शोर मचाना। वकृ. कहकहिंत (पएह १, २)।

कहकहकह पुं [कहकहकह] खुशी का शोर (भग)।

कहकह पुं [कथकथा] बातचीत (आचा २, १५, ७)।

कहग वि [कथक] १ कहनेवाला, (सट्ठि २८)। २ पुं कथाकार (उप १०३१ टी)।

कहण न [कथन] कथन, उक्ति (धर्म १)।

कहणा स्त्री [कथना] ऊपर देखो (श्रत २, उप ८९७, ६९८)।

कहय देखो कहग (दे १, १४५)।

कहल्ल पुन [दे] कपर, खप्पर (श्रत १२)।

कहा स्त्री [कथा] कथा, वार्त्ता, हकीकत (सुर २, २५०; कुमा; स्वप्न ८३)।

केकई स्त्री [केकयी] १ राजा दशरथ की एक रानी, केकय देश के राजा की कन्या (पउम २२, १०८, उप पृ ३७)। २ आठवे वासुदेव की माता (सम १५२)। ३ अपर-विदेह के विभीषण-वासुदेव की माता (आवम)।

केकय पु [केकय] १ देश विशेष, यह देश प्राचीन वाह्लीक प्रदेश के दक्षिण की ओर तथा सिंधु देश की सीमा पर स्थित है। २ इस देश का रहनेवाला (पराह १, १)। ३ केकय देश का राजा (पउम २२, १०८)।

केकसिया स्त्री [कैकसिका] रावण की माता का नाम (पउम ७, ५४)।

केका स्त्री [केका] मयूर वाणी। °रव पु [°रव] मयूर की आवाज, मयूर शब्द (णाया १, १—पत्र २५)।

केकाइय न [केकायित] मयूर का शब्द (सुपा ७९)।

केक्कई देखो केकई (पउम ७९ २९)।

केक्कय देखो केकय (पव २७४)।

केक्कसी स्त्री [कैकसी] रावण की माता (पउम १०३, ११४)।

केक्काइय देखो केकाइय (गाया १, ३—पत्र ६५)।

केकई देखो केकई (पउम १, ६४, २०, १८४)।

केगाइय देखो केकाइय (राज)।

केज्ज वि [क्रेय] बेचने की चीज (ठा ६)।

केढ } पु [कैटभ] १ इस नाम का एक केढव } प्रतिवासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। २ दैत्य-विशेष (हे १, २४०, कुमा)। °रिउ पु [°रिपु] श्रीकृष्ण, नारायण (कुमा)।

केत्त देखो केत्तिअ (हास्य १३६)।

केत्तिअ } वि [कियत्] कितना? (हे २, केत्तिल } १५७, कुमा, षड्, महा)।

केत्तुल (अप) ऊपर देखो (कुमा षड् हे ४, ४०८)।

केत्थु (अप) अ [कुत्र] कहाँ, किस जगह? (हे ४ ४०५)।

केद्दह देखो केत्तिअ (हे २, १५७ प्राप्र)।

केम } (अप) देखो कह (षड् हे ४, ४०१ केम्व } ४१८)।

केय न [केत] १ गृह, घर। २ चिह्न, निशानी (पव ४)।

केयण न [केतन] १ वक्र वस्तु टेढ़ी चीज। २ नगेरी का हाथा (ठा ४ २—पत्र २१८)। ३ [illegible] (राय ४)। ४ धनुष की मूठ (उत्त ६)। ५ मछली पकड़ने का जाल (सूत्र १, ३, १)। ६ स्थान, जगह (आचा)। ७ 'पउवल्लसाठिन' (सूत्र० चूर्णी पत्र ८२ गा० १७६)।

केयार देखो केआर (सुपा २०२)।

केयव्व वि [क्रेतव्य] खरीदने योग्य वस्तु (उत्त ३५ १५)।

[illegible] } वि [[illegible]] [illegible] (चंद ५१ हे ४, [illegible] ३७३, प्राप्र [illegible])।

केरव न [कैरव] १ कुमुद, सफेद कमल (पाअ, कुमा ६)। २ [illegible] (हे १, १५२)।

[illegible] वि [[illegible]] [illegible] (हे २, १५७ प्राप्र [illegible])।

[illegible] वि [[illegible]] [illegible] (कुमा)।

केरी स्त्री [क्रकटी] वृक्ष-विशेष, करीर का गाछ, 'निबवबोरिकेरि—' (उप १०३१ टी)।

केल देखो कयल = कदल (हे १, १६७)।

केलाइय वि [समारचित] साफ-सुथरा किया हुआ (कुमा)।

केलाय सक [समा + रचय] समारचन करना, साफ कर ठीक करना। केलायइ (हे ४, ९५)।

केलास पु [कैलास] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)।

केलास पुं [कैलास] १ स्वनाम प्रसिद्ध पर्वत-विशेष (ने ६ ७३ गउड, कुमा)। २ इस नाम का एक नाग राज (इक)। ३ इस नाग-राज का आवास-पर्वत (ठा ४, २)। ४ मिट्टी का एक तरह का पात्र (निर १, ३)। देखो कइलास।

केलि देखो कयलि (कुमा)।

केलि स्त्री [दे] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९८ सुख ३६, ९८)।

केलि } स्त्री [केलि, °ली] १ क्रीडा, खेल, केली } मजाक (कुमा, पाअ, कप्पू)। २ परिहास, हाँसी, ठट्ठा (पाअ, ओप)। ३ काम-क्रीडा (कप्पू, औप)। °आर वि [°कार] क्रीडा करनेवाला, विनोदी (कप्पू)। °काणग न [°कानन] क्रीडोद्यान (कप्पू)। °किल, °गिल वि [°किल] १ विनोदी, क्रीडा-प्रिय (सुपा ३१४)। २ पु व्यन्तर-जातीय देव-विशेष (सुपा ३२०)। ३ पुन स्थान-विशेष (पउम ५५, १७)। °भवण न [°भवन] क्रीडा-गृह, विलास-घर (कप्पू)। °विमाण न [°विमान] विलास-महल (कप्पू)। °सअण न [°शयन] काम शय्या (कप्पू)। °सेज्जा स्त्री [°शय्या] काम शय्या (कप्पू)।

केली देखो कयली (हे १, १२०)।

केली स्त्री [दे] असती, कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (दे २, ४४)।

केलीगिल वि [कलीकिल] केलीकिल स्थान में उत्पन्न (पउम ५५ १७)।

केव° देखो क° (भग [illegible] १७—पत्र ५८५ विसे २८९१)।

केवँ (अप) देखो कह (कुमा)।

केवइय वि [कियत्] कितना? (सम १३४, विसे ६४६ टी)।

केवट्ट पु [कैवर्त्त] धीवर मछलीमार, मछुआ (पाअ, स २५८, हे २, ३०)।

केवड (अप) देखो केत्तिअ (हे ४, ४०८, कुमा)।

केवल वि [केवल] १ अकेला असहाय (ठा २, १, ओप)। २ अनुपम, अद्वितीय (भग ९, ३३)। ३ शुद्ध, अन्य वस्तु से अमिश्रित (दस ४)। ४ सपूर्ण, परिपूर्ण (निर १ १)। ५ अनन्त, अन्त-रहित (विसे ८४)। ६ न ज्ञान विशेष सर्वश्रेष्ठ ज्ञान भूत भावी वगैरह सर्व वस्तुओं का ज्ञान, सर्वज्ञता (विसे ८२७)। °कप्प वि [°कल्प] परिपूर्ण, सपूर्ण (ठा ३, ४)। °णाण न [°ज्ञान] सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, सपूर्ण ज्ञान (ठा २, १)। °णाणि, °नाणि वि [°ज्ञानिन्] १ केवल-ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (कप्प, ओप)। २ पु इस नाम के एक अर्हन् देव अतीत उत्सर्पिणी-काल के प्रथम तीर्थंकर (पव ६)। °ण्णाण, °नाण, °न्नाण देखो °णाण (विसे ८२६ ८२९ ८३३)। °दसण न [°दर्शन] परिपूर्ण सामान्य बोध (कम्म ४, १२)।

केवल अ [केवलम्] केवल, सिर्फ, मात्र (स्वप्न ६२ ६३, महा)।

केवलाअ सक [समा + रभ्] आरम्भ करना, शुरू करना। केवलाअइ (षड्)।

केवलि वि [केवलिन्] केवल ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (भग)। °पक्खिय वि [पाक्षिक] १ स्वयबुद्ध। २ पु जिनदेव, तीर्थंकर (भग ९, ३१)।

केवलिअ वि [केवलिक] १ केवलज्ञानवाला (भग)। २ परिपूर्ण, संपूर्ण, 'सामाइय केवलिय पासय' (विसे २६८१)।

केवलिअ वि [कैवलिक] १ केवल-ज्ञान से सम्बन्ध रखनेवाला (द १७)। २ केवलि-प्रोक्त (सूत्र १ १४)। ३ [illegible] (ठा ४, २)। ४ न केवल ज्ञान, सपूर्ण ज्ञान (ठा ४)।

केवलिअ न [कैवल्य] केवल ज्ञान [illegible] (पव ६७ टी [illegible] १८०)।

केवली स्त्री [केवली] ज्योतिष विद्या-विशेष (हास्य १२६, १२६)।

केस पु [केश] केश, बाल (उप ७६८ टी, प्रयौ २६)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य पर स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °लोअ पु [°लोच] केशों का उन्मूलन (भग, पण्ह २, ४)। °वाणिज्ज न [°वाणिज्य] केश-वाले जीवों का व्यापार (भग ८,५)। °हत्थ, °हत्थय पु [°हस्त, °क] केशपाश, समा-रचित केश, संयत बाल (कप्प, पात्र)।

केस देखो केरिस। स्त्री °सी (अणु १३२)।

केस देखो किलेस (उप ७६८ टी, धम्म २२)।

केसर पु [कवीश्वर] उत्तम कवि, श्रेष्ठ कवि (उप ७२८ टी)।

केसर पुन [केसर] एक देवविमान (देवेन्द्र १४२)।

केसर पुन [केसर] १ पुष्प-रेणु, पराग, किंजल्क (से १, ५०, दे ६, १३)। २ सिंह वगैरह के कंधे का बाल, केसरा (से १, ५०, सुपा २१५)। ३ पु बकुल वृक्ष (कप्पू, गउड, पात्र)। ४ न इस नाम का एक उद्यान, काम्पिल्य नगर का एक उपवन (उत्त १८)। ५ फल विशेष (राज)। ६ सुवर्ण, सोना। ७ छन्द विशेष (हे १, १८६)। ८ पुष्प-विशेष (गउड ११२२)।

केसरा स्त्री [केसरा] १ सिंह वगैरह के स्कन्ध पर के बालों की सटा, 'केसरा य सीहाए' (प्रासू ५१, गउड, प्रामा)।

केसरि पु [केसरिन्] १ सिंह, वनराज, कण्ठीरव (उप ७२८ टी, से ८, ९४, पण्ह १, ४)। २ ह्रद-विशेष, नीलवन्त पर्वत पर स्थित एक ह्रद (सम १०४)। ३ नृप-विशेष, भरत-क्षेत्र के चतुर्थ प्रति वासुदेव (सम १५४)। °दह पु [°द्रह] द्रह-विशेष (ठा २, ३)।

केसरिआ स्त्री [केसरिका] साफ करने का कपड़े का टुकड़ा (भग, विसे २५५२ टी)।

केसरिल्ल वि [केसरवत्] केसरवाला (गउड)।

केसरी स्त्री [केसरी] देखो केसरिआ, 'तिद-डकुंडियछत्तछन्नुयकुसपवित्तयकेसरीहत्थगए' (णाया १, ५—पत्र १०५)।

केसव पु [केशव] १ अर्ध चक्रवर्ती राजा (सम)। २ श्रीकृष्ण वासुदेव, नारायण (गउड)।

केसि वि [क्लेशिन्] क्लेश-युक्त, क्लिष्ट (विसे ३१०४)।

केसि पु [केशि] १ एक जैन मुनि, भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य (राय, भग)। २ असुर-विशेष, अश्व के रूप को धारण करनेवाला एक दैत्य जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था (मुद्रा २६२)।

केसि पु [केशिन्] देखो केसव (पउम ७५, २०)।

केसिअ वि [केशिक] केशवाला, बाल-युक्त। स्त्री. °आ (सूअ १, ४, २)।

केसी स्त्री [केशी] सातवें वासुदेव की माता (पउम २०, १८४)।

°केसी स्त्री [°केशी] केशवाली स्त्री, 'विइण्ण-केसी' (उवा)।

केसुअ देखो किसुअ (हे १, २६, ८६)।

केह (अप) वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का ? (सवि, पड्, कुमा)।

केहिं (अप) अ लिए, वास्ते (हे ४, ४२५)।

कैअव न [कैतव] कपट, दम्भ (हे १, १, गा १२४)।

कोअ देखो कोक (दे २, ४५ टी)।

कोअ देखो कोव (गउड)।

कोअंड देखो कोदंड (पात्र)।

कोआस अक [वि + कस्] विकसना, खिलना। कोआसइ (हे ४, १९५)।

कोआसिय वि [विकसित] विकसित, प्रफुल्ल, खिला हुआ (कुमा, ज २)।

कोइल पु [कोकिल] १ कोयल, पिक (पण्ह १, ४, उप २३, स्वप्न ६१)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)। °च्छय पु [°च्छद] वनस्पति विशेष, तलकण्टक (पण्ण १७—पत्र ५२७)।

कोइला स्त्री [कोकिला] स्त्री कोयल, पिकी, 'कोइला पचम सरं' (अणु, पात्र)।

कोइला स्त्री [दे] कोयला, काष्ठ के अंगार (दे २, ४९)।

कोउआ स्त्री [दे] गोइठा की अग्नि, करीषाग्नि (दे २, ४८, पात्र)।

कोउग } न [कौतुक] १ कुतूहल, अपूर्व वस्तु कोउय } देखने का अभिलाष (सुर २, २२६)। २ आश्चर्य विस्मय (वव १)। ३ उत्सव (राय)। ४ उत्सुकता, उत्कण्ठा (पचव १)। ५ दृष्टि-दोषादि से रक्षा के लिए किया जाता काजल का तिलक, रक्षा-बन्धनादि प्रयोग (राय, ओप, विपा १, १, पण्ह १, २ धर्म ३)। ६ सौभाग्य आदि के लिए किया जाता स्नपन विस्मापन, धूप, होम वगैरह कर्म (वव १, णाया १ १४)।

कोउण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (धर्मवि ११३)।

कोउहल } देखो कुऊहल (हे १, ११७, कोउहल्ल } १७१ २, ९९, कुमा, प्राप्र)।

कोउहल्लि वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कौतुकी, कुतूहल-प्रिय (कुमा)।

कोऊहल } देखो कुऊहल (कुमा, पि ६१)। कोऊहल्ल }

कोंकण पु [कोङ्कण] देश-विशेष (स ४१२)।

कोंकणग पु [कोङ्कणक] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ वि उस देश मे रहनेवाला (पण्ह १, १, विसे १४१२)।

कोंच पु [क्रौञ्च] १ इस नाम का एक अनार्य देश (पण्ह १, १)। २ पक्षि-विशेष (ठा ७)। ३ द्वीप-विशेष (तो ४५)। ४ इस नाम का एक असुर (कुमा)। ५ वि क्रौञ्च देश का निवासी (पण्ह १, १)। °रिवु पु [°रिपु] कार्त्तिकेय, स्कन्द (कुमा)। °वर पु [°वर] इस नाम का एक द्वीप (अणु-टी) °वीरग पुन [°वीरक] एक प्रकार का जहाज (बृह १)। देखो कुच।

कोंचिगा स्त्री [कुञ्चिका] ताली, कुंजी (उप १७७)।

कोंचिय वि [कुञ्चित] आकुञ्चित, सकुचित पण्ह १, ४)।

कोंटलय न [दे] १ ज्योतिष-सम्बन्धी सूचना। २ शकुनादि निमित्त-सम्बन्धी सूचना, 'पउजणे कोंटलयम्स' (ओघ २२१ भा)।

कोंठ देखो कुंठ (हे १, ११६ पि)।

कोंड देखो कुंड (हे १, २०२)।

कोंड पुं [कोण्ड गौड] देश-विशेष (पउम)।

कोंडल देखो कुंडल (राज)। °मेत्तग पुं [°मित्रक] [illegible] देव का नाम (बृह ३)।

कोंडलग पुं [कुण्डलक] पक्षि-विशेष (ओघ)।

कोंडिआ स्त्री [दे] १ [illegible]-विशेष [illegible]। २ [illegible] (दे २, ५०)।

कोंडिय पुं [दे] [illegible] गाँव में [illegible] [illegible] (दे २, ४८)।

कोंडिणपुर न [कौण्डिनपुर] नगर-विशेष [illegible]।

कोंडिया स्त्री कुंडिया (उवा २, ५)।

कोंडिल्ल देखो कोंडिअ (राज)।

कोंढ देखो कुंढ (दे २, ११३)।

कोत्थु पुं [दे] [illegible], [illegible], पक्षि-विशेष (दे २, ४६)।

कोंत देखो कुंत (पउम ३, ९; सुर २, २८)।

कोंतल देखो कुंतल = कुन्तल (प्राकृ ६ [illegible])।

कोंती देखो कुंती (णाया १, १६—पत्र २०३)।

कोंभी, देखो कुंभी (प्राकृ ६)।

कोक पुं [कोक] १ चक्रवाक पक्षी (दे ८, ८३)। २ [illegible] (कुमा)।

कोकंतिअ पुं [दे] जन्तु-विशेष, लोमड़ी, [illegible] (पण्ह १, १)। स्त्री °या (णाया १, १—पत्र ६५)।

कोकणद देखो कोकणय (पडि [illegible])।

कोकणय न [कोकनद] १ रक्त कुमुद। २ [illegible] (णाया १ [illegible])।

कोकासिय [दे] देखो कोक्कासिय (पउम [illegible])।

कोकुइय देखो कुक्कुइय (ठा ६—पत्र ३७१)।

कोकु [illegible] [व्या-हृ] [illegible], आह्वान [illegible] (हे ४, ७६; षड्)। [illegible] (गउड)। [illegible] (कुमा)।

[illegible] [illegible] [°काम] [illegible] नाम का एक [illegible] (कप्प ३)।

[illegible] [दे] [illegible] कोकासिय (दे २, ५०)।

कोक्किय वि [व्याहृत] आहूत, बुलाया हुआ (कवि)।

कोक्कुइय देखो कक्कुइअ (कप्प औप)।

कोखुब्भ देखो खोखुब्भ वह कोखुब्भमाण (पि ३१६)।

कोखुण्ण न [दे] अनीप्सित [illegible] झूठी भलाई दिखानेवाली हित (दे २, ४६)।

कोचिय पुंस्त्री [दे] शेखर, नया शिष्य (वव ६)।

कोच्छ न [कौत्स] १ गोत्र विशेष। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

कोच्छ वि [कौक्ष] १ कुक्षि-सम्बन्धी, उदर में उत्पन्न होनेवाला। २ न उदरप्रदेश 'पडिजागरमाणीओ (? कोच्छ) हुणे' (णाया १, १—पत्र ६४)।

कोच्छभास पुं [दे कुत्सभाष] काक, कौआ, वायस 'न मग्गी भयमाहप्पो आवि-कन्दइ कोच्छभासस्स' (उव)।

कोच्छेअय देखो कुच्छेअय (हे १, १६१, कुमा, षड्)।

कोज्ज देखो कुज्ज (कप्प)।

कोज्जय न [दे] स्त्री-रहस्य (दे २, ४६)।

कोज्जय देखो कुज्जय (णाया १, ८—पत्र १२५)।

कोज्जरिअ वि [दे] आपूरित, पूर्ण किया हुआ, भरा हुआ (षड्)।

कोज्झरिअ वि [दे] ऊपर देखो (दे २, ५०)।

कोटर देखो कोट्टर (वेणी १७१)।

कोटिंब पुं [दे] गौ (निचू ३५६५ गा०)।

कोटुभ पुन [दे] हाथ से आहत जल, 'कोटुभो जलभारो' (पाअ)। देखो कोट्टुभ।

कोटीवर्ष न [कोटीवर्ष] लाट देश की प्राचीन राजधानी (विचार ४९)।

कोट्ट देखो कुट्ट = कुट्ट्। वकृ कोट्टिज्जमाण (भास)। संकृ कोट्टिय (जीव ३)।

कोट्ट न [दे] १ नगर, शहर (दे २, ४५)। २ गढ़, किला, दुर्ग (णाया १, ८—पत्र १३४; उप ३०; सुर १, सुपा १२८)। °वाल पुं [°पाल] कोटवाल, नगर-रक्षक (सुपा ४१३)।

कोट्टंतिया स्त्री [कुट्टयन्तिका] तिल वगैरह को कूटने का उपकरण (णाया १, ७—पत्र ११७)।

कोट्टकिरिया स्त्री [कोट्टक्रिया] देवी-विशेष, दुर्गा आदि रुद्र रूपवाली देवी (अणु २५)।

कोट्टग देखो कुट्टग (उप १७६, पण्ह १, १)।

कोट्टर देखो कोडर (महा, हे ८, ८२०, गा ५६३ अ)।

कोट्टवीर पुं [कोट्टवीर] इस नाम का एक मुनि, आचार्य शिवभूति का एक शिष्य (विसे २५५२)।

कोट्टा स्त्री [दे] १ गोरी, पार्वती (दे २, ३५—१, १०४)। २ गला, गर्दन (उप ६६२)।

कोट्टाग पुं [कोट्टाक] १ वर्धकि बढ़ई (आचा २, १, २)। २ न हरे फलों को सुखाने का स्थान-विशेष (बृह १)।

कोट्टिंब पुं [दे] द्रोणी, नौका, जहाज (दे २, ४८)।

कोट्टिम पुन [कुट्टिम] १ रत्नमय भूमि (णाया १, २)। २ फरस-बंध जमीन, बँधी हुई जमीन (ज १)। ३ भूमि-तल (सुर ३, १००)। ४ एक या अनेक तलवाला घर (वव ४)। ५ झोंपड़ी, मढ़ी। ६ रत्न की खान। ७ अनार का पेड़ (हे १, ११६, प्राप्र)।

कोट्टिम वि [कृत्रिम] बनावटी बनाया हुआ, अकुदरती (पउम ६६, ३६)।

कोट्टिल } पु [कोट्टिक] मुद्गर मुगरी, मुगरा,
कोट्टिल्ल } जोगी (राज, विपा १,६—पत्र ६६, ६६)।

कोट्टी स्त्री [दे] १ दोह, दोहन। २ विषम स्खलना (दे २, ६४)।

कोट्टुभ पुन [दे] हाथ से आहत जल, 'कोट्टुभ न करस्स तोए' (दे २, ४७)।

कोट्टुम अक [रम्] क्रीड़ा करना, रमण करना। कोट्टुमइ (हे ४, १६८)।

कोट्टुवाणी स्त्री [कोट्टुवाणी] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

कोट्ठ देखो कुट्ठ = कुष्ठ (भग १६, ६, णाया १, १७)।

कोट्ठ पु [कोष्ठ] १ धारणा, अवधारित अर्थ का कालान्तर में स्मरण-योग्य अवस्थान (णंदि १७६)। २ सुगन्धी द्रव्य-विशेष (राय ३८)।

कोट्ठ | देखो कुट्ठ = कोष्ठ (णाया १, १, ठा
कोट्ठग | ३ १ पाअ)। ३ आश्रय-विशेष,
कोट्ठय | आवास-विशेष (ओघ २००, वव १)। ४ अपवरक, कोठरी (दस ५, १, उत्त ७८६)। ५ चैत्य-विशेष (णाया २, १)। °गार न [°गार] धान्य भरने का घर (ओघ, कप्प)। २ भाण्डागार, भंडार (णाया १, १)।

कोट्ठार पुन [कोष्ठागार] भाण्डागार, भंडार, (पउम २, ३)।

कोट्ठि वि [कुष्ठिन] कुष्ठ रोगी (आचा)।

कोट्ठिया स्त्री [कोष्ठिका] छोटा कोष्ठ, लघु कुशूल (उवा)।

कोट्ठु पुं [क्रोष्टृ] शृगाल, सियार (पड्)।

कोडड देखो कोढड (स २५६)।

कोडडिय देखो कोढडिय (कप्प)।

कोडअ न [दे] कार्य, काम काज (दे २, २)।

कोडय [दे] देखो कोडिअ (पाअ)।

कोडर न [कोटर] गह्वर, वृक्ष का पोल भाग, विवर (गा ५६२)।

कोडल पु [कोटर] पक्षि-विशेष (राज)।

कोडाकोडि स्त्री [कोटाकोटि] संख्या-विशेष, करोड को करोड से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह (सम १०५, कप्प, उत्त)।

कोडाल पु [कोडाल] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्तक पुरुष। २ न. गोत्र-विशेष (कप्प)।

कोडि स्त्री [कोटि] १ धनुष का अग्र भाग (राय ११३)। २ भेद, प्रकार (पिंड ३६५)।

कोडि स्त्री [कोटि] १ संख्या विशेष, करोड, १०००००००० (णाया १, ८, सुर १, ६७, ४ ६०)। २ अग्र-भाग, अणी, नोक (से १२, २८, पाअ)। ३ अंश, विभाग, भाग, 'नत्थित्थमो पाएसो लोए वालग्गकोटिमित्तोवि' (पव ३६, ठा ६)। °कोडि देखो कोडाकोटि (सुपा २६६)। °वद्ध वि [°वद्ध] करोड संख्यावाला (नव ३)। °भूम स्त्री [°भूमि] एक जैन तीर्थ (ती ४३)। °सिला स्त्री [°शिला] एक जैन तीर्थ (पउम ४८, ६६)। °सो अ [°शस्] करोडों, अनेक करोड (सुपा ४२०)। देखो कोडी।

कोडअ न [दे] १ छोटा मिट्टी का पात्र, लघु सराव, सकोरा (दे २,४७)। १ पुं पिशुन, दुर्जन, चुगलखोर (षड्)।

कोडिअ पु [कोटिक] १ एक जैन मुनि (कप्प)। २ एक जैन मुनि-गण (कप्प, ठा ६)।

कोडिअ वि [कोटित] सकोचित (धर्मसं ३८८)।

कोडिण्ण } न [कौडिन्य] १ इस नाम का
कोडिन्न } एक नगर (उप ६४८ टी)। २ वाशिष्ठ गोत्र की शाखा रूप एक गोत्र (कप्प)। ३ पु कौडिन्य गोत्र का प्रवर्तक पुरुष। ४ वि कौडिन्य-गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३६०, कप्प)। ५ पु. एक मुनि, जो शिवभूति का शिष्य था (विसे २५५२)। ६ महागिरि-सूरि का शिष्य. एक जैन मुनि (कप्प)। ७ गोतम स्वामी के पास दीक्षा लेनेवाले पाँच सौ तापसों का गुरू (उप १४२ टी)।

कोडिन्ना स्त्री [कौण्डिन्या] कौडिन्य-गोत्रीय स्त्री (कप्प)।

कोडिल्ल पु [दे] पिशुन दुर्जन, चुगलखोर (दे २, ४०, षड्)।

कोडिल्ल देखो कोट्टिल्ल (राज)।

कोडिल्ल पु [कौटिल्य] इस नाम का एक ऋषि, चाणक्य मुनि (वव १, अणु)।

कोडिल्लय न [कौटिल्यक] चाणक्य-प्रणीत नीति-शास्त्र (अणु)।

कोडिसहिय न [कोटिसहित] प्रत्याख्यान विशेष, पहले दिन उपवास करके दूसरे दिन भी उपवास की ली जाती प्रतिज्ञा (पव ४)।

कोडी देखो कोडि (उव, ठा ३, १, जी ३७)। °करण न [°करण] विभाग, विभजन (पिंड ३०७)। °णार न [°नार] इस नाम का सोरठ देश का एक नगर (ती ५६)। °मातसा स्त्री [°मातसा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३६३)। °वरिस न [°वर्ष] लाट देश की राजधानी, नगर-विशेष (इक, पव १०४)। °वरिसिया स्त्री [°वर्षिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)। °सर पु [°श्वर] क... पति, कोटीश (सुपा ३)।

कोडीण न [कोडीन] १ इस नाम का ... गोत्र, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा रू... २ वि. इस गोत्र मे उत्पन्न (ठा ७—... ३६०)।

कोडुंब न [दे] कार्य, काज (दे २, २)

कोडुंबि देखो कुडुंबि (ठा २, १—... १२५)।

कोडुंबिय पु [कौटुम्बिक] १ कुटुम्ब ... स्वामी, परिवार का स्वामी, परिवार ... मुखिया (भग)। २ ग्राम-प्रधान, गाँव ... आदमी (पण्ह १, ५—पत्र ६४)। ३ ... कुटुम्ब मे उत्पन्न, कुटुम्ब से सम्बन्ध रख... वाला, कुटुम्ब-सम्बन्धी (महा, जीव ३)।

कोडूसग पु [कोदूषक] अन्न-विशेष, को... की एक जाति (राज)।

कोड्ड [दे] देखो कुड्ड (दे २, ३३, स ६४... ६४२, हे ४, ४२२, णाया १, १६—... २२४, उप ८६२, भवि)।

कोड्डुम देखो कोट्टुम (कुमा)।

कोड्डुमिअ न [रत] रति-क्रीडा-विशेष (कुम...

कोड्डिय वि [दे] कुतूहली, कौतुकी, विनो... शील, उत्कण्ठित (उप ७६८ टी)।

कोढ } पु [कुष्ठ] रोग-विशेष, कुष्ठ-रो...
कोढ } पि ६६, णाया १, १३, श्रा २०)

कोढि वि [कुष्ठिन्] कुष्ठ-रोग से ग्रस्त, कु... रोगी (आचा)।

कोढिक } वि [कुष्ठिक] कुष्ठ-रोगी, कु...
कोढिय } ग्रस्त (पण्ह २ ५ विपा १, ७)

कोण वि [दे] १ काला, श्याम वर्णवा... (दे २, ४५)। २ पु लकुट, लकडी, य... (दे २, ४५, निचू १, पाअ)। ३ वीण... वगैरह बजाने की लकडी, वीणा-वादन-दण्ड... (जीव ३)।

कोण } पुन [कोण] कोन, अस्र, घर क...
कोणग } एक भाग (गउड, दे २, ४५, रंभा)

कोणव पु [कौणप] राक्षस, पिशाच (पाअ)

कोणायल पु [कोणाचल] भगवान् शान्ति... नाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार... ३७८)।

कोणालग पु [कोनालक] जलचर पक्षि विशेष (पण्ह १, १)।

कोणाली स्त्री [दे] गोष्ठी, गोठ (बृह १)।

कोणिअ } पु [कोणिक] राजा श्रेणिक का
कोणिग } पुत्र, नृप-विशेष (अंत; णाया १, १; [illegible])।

कोणु स्त्री [दे] लेखा, [illegible] (दे २,२६)।

कोणोट्टिआ स्त्री [दे] गुंजा, गु० 'चणोठी' (अनु० बृ० नरि० पत्र० ७६) देखो, चणोट्टिया।

कोणय पु [दे. कोण] गृह-कोण, घर का एक भाग, कोना (दे २, ४५)।

कोतव न [कौतव] मूषक के रोम से निष्पन्न सूता (राज)।

कोतुहल देखो कुऊहल (नाट)।

कोत्तलंका स्त्री [दे] दारू परोसने का भाण्ड, पात्र-विशेष (दे २, १८)।

कोत्तिअ वि [कौतुकिन्] कौतुकी, कुतूहली (गा ६७२)।

कोत्तिअ पु [कौत्रिक] १ भूमि-शयन करनेवाला वानप्रस्थ (औप)। २ न एक प्रकार का मधु (ठा ६)।

कोत्थ देखो कोच्छ = कक्ष।

कोत्थर न [दे] १ विज्ञान (दे २, १३)। २ कोटर, गह्वर (सुपा २८८; निचू १५)।

कोत्थल पु [दे] १ कुशूल, कोष्ठ (दे २, ४८)। २ कोथली, थैला (स १६२)। °कारी स्त्री [°कारी] भौंरी, कीट-विशेष (बृह १)।

कोत्थुभ } पु [कौस्तुभ] वासुदेव के वक्ष-
कोत्थुह } स्थल का मणि (तीं १० प्राप्र;
कोथुभ } [illegible] ५५१; पण्ह १, ४)।

कोदंड पु [कोदण्ड] धनुष, धनु, कार्मुक, चाप (धर्म १६)।

कोद्दिम } [illegible] कुट्टिम ([illegible])।
कोद्दाल }

कोद्दूसग [illegible] कोदूसग ([illegible] ६, ७)।

कोप्प [illegible] कुप्प ([illegible])।

कोमंडिका स्त्री [दे] [illegible], क्षुद्र कीट-विशेष (सुपा ६८, ३५)।

कोद्दाल [illegible] कुद्दाल (पण्ह १, १—पत्र ८)।

कोमलिया स्त्री [कुमालिका] [illegible] (ठा १, ३)।

कोध पुं [क्रोध] इस नाम का एक राजा, जिसने दाशरथि भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी (पउम ८५, ४)।

कोप्प देखो कुप्प = कुप्। कोप्पइ (नाट)।

कोप्प पु [दे] अपराध, गुनाह (दे २, ४५)।

कोप्प वि [कोप्य] द्वेष्य, अप्रीतिकर, 'अकोप्पजघजुगला' (पएह १, ३)।

कोप्पर पु [कूर्पर] १ हाथ का मध्य भाग (ओघ २९६ भा; कुमा; हे १, १२४)। २ नदी का किनारा, तट, तीर (ओघ ३०)।

कोबेरी स्त्री [कौबेरी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४२)।

कोभग } पु [कोभक] पक्षि-विशेष (अंत;
कोभगक } ओप)।

कोमल त्रि [कोमल] मृदु सुकुमार (जी १०; पाअ; कप्पू)।

कोमार वि [कौमार] १ कुमार से सबन्ध रखनेवाला कुमार-सबन्धी (विपा १, ७१)। २ कुमारी सबन्धी (पाअ)। ३ कुमारी से उत्पन्न (दे १, ८१)। स्त्री °रिया, °री (भग १५)। °भिच्च न [°भृत्य] वैद्यक शास्त्र विशेष, जिसमें बालकों के स्तन पान-संबन्धी वर्णन है (विपा १, ७—पत्र ७५)।

कोमारी स्त्री [कौमारी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

कोमुइआ स्त्री [कौमुदिका] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी, जो उत्सव की सूचना के समय बजाई जाती थी (विसे १४७६)।

कोमुई स्त्री [दे] पूर्णिमा, कोई भी पूर्णिमा (दे २, ४८)।

कोमुई स्त्री [कौमुदी] १ शरद् ऋतु की पूर्णिमा (दे २, ४८)। २ चन्द्रिका, चांदनी (श्रा धम्म ११ टी)। ३ इस नाम की एक नगरी (पउम ३९, १००)। ४ कार्तिक की पूर्णिमा (राय)। °नाह पु [°नाथ] चन्द्रमा, चांद (धम्म ११ टी)। °महूसव पु [°महोत्सव] उत्सव विशेष (सि ३६६)।

कोमुदिया देखो कोमुइआ (णाया १, ५—पत्र १००)।

कोमुदी देखो कोमुई = कौमुदी (णाया १, १७)।

कोयव त्रि [कौतव] चूहे के रोमों से बना हुआ (वस्त्र) (अणु ३४)।

कोयव वि [कौयव] कोयव' देश में निष्पन्न (आचा २, ५, १, ५)। देखो कोयवग।

कोयवग } पु [दे] रूई से भरे हुए कपडे
कोयवय } का बना हुआ प्रावरण विशेष, रजाई (णाया १, १७—पत्र २२९)।

कोयवी स्त्री [दे] रूई से भरा हुआ कपडा (बृह ३)।

कोरग पु [कोरङ्ग] पक्षि-विशेष (पएह १, १—पत्र ८)।

कोरट } पु [कोरण्ट, °क] १ वृक्ष-विशेष
कोरटग } (पाअ)। २ न इस नाम का भृगुकच्छ (भडौंच) शहर का एक उपवन (वव १)। ३ कोरण्टक वृक्ष का पुष्प (पएह १, ४, ज १)।

कोरअ (शौ) देखो कउरव (प्राकृ ८४)।

कोरय } पुन [कोरक] फलोत्पादक मुकुल,
कोरव } फल की कली (पाअ), 'चत्तारि कोरवा पन्नत्ता' (ठा ४, १—पत्र १८५)।

कोरव देखो कउरव (सम्मत्त १७६)।

कोरविआ स्त्री [कोरव्या] देखो कोरव्वीया (अणु १३०)।

कोरव्व पुस्त्री [कौरव्य] १ कुरु-वश में उत्पन्न (सम १५२ ठा ६)। २ कोरव्य-गोत्रीय। ३ पु आठवाँ चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त (जीव ३)।

कोरव्वीया स्त्री [कौरवीया] इस नाम की षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)।

कोरिंट } देखो कोरंट (णाया १, १—
कोरिंटय } पत्र १६, कप्प, पउम ४२, ८,
कोरेंट } ओप उवा)।

कोल पु [दे] ग्रीवा, नोक, गला (दे २, ४५)।

कोल पु [क्रोड] १ सूअर, वराह (पएह १, १—पत्र ७, न १११)। २ उत्सङ्ग, गोद, 'तालीवय—' (गउड)।

कोल पु [कोल] १ देश विशेष (पउम ९८, ६९)। २ घुण, काष्ठ कीट (नम ३६)। ३ शूकर, वराह, सूअर (उप ३२० टी; णाया १, १; कुमा; पाअ)। ४ मूषिक के आकार का एक जन्तु (पएह १, १—पत्र ७)। ५ अस्त्र-विशेष (सम्म ५)। ६ मनुष्य की एक नीच जाति (सुपा ८)। ७ बदरी वृक्ष, बेर का गाछ। ८ न बदरी फल, बेर (दस ५, १; भग ६, १०)। °पाग न [°पाक] नगर-

विशेष, जहा श्रीऋषभदेव भगवान् का मंदिर है, यह नगर दक्षिण मे है (ती ४५)। °पाल पु [°पाल] देव विशेष, वरणेन्द्र का लोकपाल (ठा ३, १—पत्र १०७)। °सुणय, °सुणह पुस्त्री [°शुनक] १ बडा शूकर, सूअर की एक जाति, जंगली वराह (आचा २, १, ५)। २ शिकारी कुत्ता (पण्ण ११)। स्त्री °णिया (पण्ण ११)। °वास पु न [°वास] काष्ठ, लकडी (सम ३६)।

कोल त्रि [कौल] १ शक्ति का उपासक, तान्त्रिक मत का अनुयायी। २ तान्त्रिक मत से संबन्ध रखनेवाला, 'कोलो धम्मो कस्स णो भाइ रम्मो' (कप्पू)। ३ न वदर-फल-सबन्धी (भग ६, १०)। °चुण्ण न [°चूर्ण] वेर का चूर्ण, वेर का सत्तू (दस ५, १)। °ट्ठिय न [°ास्थिक] वेर की गुठिया या गुठली (भग ६, १०)।

कोलव पु [दे] पिठर, स्थाली (दे २ ४७ पाअ)। २ गृह, घर (दे २, ४७)।

कोलंब पु [कोलम्ब] वृक्ष की शाखा का नामा हुआ अग्र भाग (अनु ५)।

कोलगिणी स्त्री [कोली, कोलकी] कोल-जातीय स्त्री (आचू ४)।

कोलघरिय वि [कौलगृहिक] कुलगृह-सबन्धी, पितृगृह-सबन्धी, पितृगृह से सबन्ध रखनेवाला (उवा)।

कोलज्जा स्त्री [दे] धान्य रखने का एक तरह का गर्त्त (आचा २, १, ७)।

कोलर देखो कोटर (गा ५६३ अ)।

कोलव न [कौलव] ज्योतिष-शास्त्र मे प्रसिद्ध एक करण (विसे ३३४८)।

कोलाल वि [कौलाल] १ कुम्भकार सबन्धी। २ न मिट्टी का पात्र (उवा)।

कोलालिय पुं [कौलालिक] मिट्टी का पात्र वेचनेवाला (बृह २)।

कोलाह पु [कोलाभ] साप की एक जाति (पण्ह १)।

कोलाहल पु [दे] पक्षी की आवाज, पक्षी का शब्द (दे २, ५०)।

कोलाहल पु [कोलाहल] तुमुल, शोरगुल, रौला, हल्ला, बहुत दूर जानेवाला अनेक प्रकार का अस्फुट शब्द (दे २, ५०, हेका १०५, उत्त ६)।

कोलाहलिय वि [कोलाहलिक] कोलाहल-वाला, शोरगुलवाला (पउम ११७, १६)।

कोलिअ पु [दे] एक अधम मनुष्य जाति (सुख २, १५)।

कोलिअ पु [दे] कोली, तन्तुवाय, जुलाहा, कपडा बुननेवाला (दे २, ६५, णदि, पव २, उप पृ २१०)। २ जाल का कीडा, मकडा (दे २,२५, पाअ, श्रा २० आव ४, बृह १)।

कोलित्त न [दे] उल्मुक, लूका (दे २, ४६)।

कोलिन्न न [कौलीन्य] कुलीनता, खानदानी (धर्मवि १४६)।

कोलीकय वि [क्रोडीकृत] स्वीकृत, अंगीकृत (गउड)।

कोलीण न [कौलीन] १ किंवदती, लोक वार्ता, जन-श्रुति (मा ३७)। २ वि वश-परपरागत, कुलक्रम से आयात। ३ उत्तम कुल मे उत्पन्न। ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी (नाट—महावी १३३)।

कोलीर न [दे] लाल रंग का एक पदार्थ, कुरुविन्द, 'कोलीररत्तणयणेअ' (दे २, ४६)।

कोलुण्ण न [कारुण्य] दया, अनुकम्पा, करुणा (निचू ११)। °पडिया, °वडिया स्त्री [°प्रतिज्ञा] अनुकम्पा की प्रतिज्ञा (निचू ११)।

कोलेज्ज पु [दे] नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य आदि भरने का कोठा (आचा २, १, ७, १)।

कोलेय पुं [कौलेयक] श्वान, कुत्ता (सम्मत्त १६०, धर्मवि ५२)।

कोल्ल पु न [दे] कोयला, जली हुई लकडी का टुकडा (निचू १)।

कोल्लइर न [कोल्लकिर] नगर-विशेष (पिंड ४२७)।

कोल्लपाग न [कोल्लपाक] दक्षिण देश का एक नगर, जहाँ श्री ऋषभदेव का मन्दिर है (ती ४५)।

कोल्लर पु [दे] पिठर, स्थाली, थाली, थरिया (दे २, ४७)।

कोल्ला देखो कुल्ला (कुमा)।

कोल्लाग देखो कुल्लाग (अंत)।

कोल्लापुर न [कोल्लापुर] दक्षिण देश का एक नगर, महालक्ष्मी का स्थान (ती ३४)।

कोल्लासुर पु [कोल्लासुर] इस नाम का एक दैत्य (ती ३४)।

कोल्लुग [दे] देखो कोल्हुअ (वव १, बृह १)।

कोल्हाहल न [दे] फल-विशेष, विम्बी-फल (दे २, ३६)।

कोल्हुअ पु [दे] १ शृगाल, सियार (दे २, ६५ पाअ, पउम ७, १७, १०५, ४२)। २ कोल्हू, चरखी, ऊख से रस निकालने का कल (दे २, ६५, महा)।

कोव सक [कोपय्] १ दूषित करना। २ कुपित करना। कोवेइ (सूअनि १२५), कोवइज्ज (कुप्र ६४)।

कोव पुं [कोप] क्रोध, गुस्सा (दिरा १, ६, प्रासू १७५)।

कोवण वि [कोपन] क्रोधी, क्रोध-युक्त (पाअ, सुपा ३८५, सम ३४७, स्वप्न ८२)।

कोवाय पु [कोपक] अनार्य देश-विशेष (पव २७४)।

कोवासिअ देखो कोआसिय (पाअ)।

कोवि वि [कोपिन्] क्रोधी, क्रोध-युक्त (सुपा २८१, श्रा २०)।

कोविअ वि [कोविद] निपुण, विद्वान् अभिज्ञ (आचा, सुपा १३०, ३६२)।

कोविअ वि [कोपित] १ क्रुद्ध किया हुआ। २ दूषित, दोष-युक्त किया हुआ, 'वइरो किर दाहो वायणति नवि कोविय वयणं' (उव)।

कोविआ स्त्री [दे] शृगाली, सियारिन (दे २, ४६)।

कोविआर पु [कोविदार] वृक्ष-विशेष (विक्र ३३)।

कोविणी स्त्री [कोपिनी] कोप युक्त स्त्री (श्रा १२)।

कोशण (मा) वि [कदुष्ण] थोडा गरम (प्राकृ १०२)।

कोस पु [दे] १ कुसुम्भ रंग से रंगा हुआ रक्त वस्त्र। २ समुद्र, जलधि, सागर (दे २, ६५)।

कोस पुं [क्रोश] कोस, मार्ग की लम्बाई का परिमाण, दो मील (कप्प, जी ३२)।

कोस पुं [कोश, °ष] १ खजाना, भण्डार (गाया [illegible], १३२; पउम ५ [illegible])। २ तलवार की म्यान (सूअ १, ६)। ३ कुड्मल [illegible] (कुमा)। ४ मुकुल, कली (गउड)। ५ [illegible] 'ता मुह-[illegible]' (सुपा २८ [illegible])। ६ दिव्य-भेद [illegible] [illegible] 'तय अम्हे कोसविसाणि पच्चाएमो' (स ३२८)। ७ अभिधान शास्त्र, शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ, जैसा प्रस्तुत पुस्तक। ८ [illegible] (पाअ)। ९ [illegible] नगर-विशेष 'कोस नाम [illegible]' (स १३३)। °पाण न [°पान] [illegible], शपथ (गा ४४८)। °हिव पुं [°धिप] खजानची, भंडारी (सुपा ७३)।

कोसंब पुं [कोशाम्र] फल-वृक्ष-विशेष (पण्ण १—पत्र ३१)। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] खड्ग-विशेष, एक प्रकार की तलवार (राज)।

कोसंबिया स्त्री [कोशाम्बिका] जैनमुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

कोसंबी स्त्री [कौशाम्बी] वत्स देश की मुख्य-नगरी (ठा १०; विपा १, ५)।

कोसग पुं [कोशक] पाँवों का एक चर्म-मय आवरण, चमड़े की एक प्रकार की थैली (धर्म ३)।

कोसट्टइरिआ स्त्री [दे] चण्डी, पार्वती, गौरी, [illegible] (दे २, ३५)।

कोसय न [दे कोशक] लघु शराव, छोटा [illegible] (दे [illegible] ४७ [illegible])।

कोसल न [कौशल] कुशलता, निपुणता, चातुरी (कुमा)।

कोसल न [दे] [illegible] [illegible] उपहार (दे [illegible])।

कोसल पुं [कोसल °र] १ देश-विशेष [illegible] (सुपा [illegible])। २ [illegible] (पउम २२, ४४)। ३ [illegible] [illegible]। °पुर न [°पुर] [illegible] [illegible]।

कोसला स्त्री [कोसला] १ नगरी-विशेष, अयोध्या नगरी (पउम २०, २८)। २ अयोध्या प्रान्त, कोसल देश (ना ७, ६)।

कोसलिअ वि [कौशलिक] १ कोसल देश में उत्पन्न, कोसल देश सम्बन्धी (भग २०, ८)। २ अयोध्या में उत्पन्न, अयोध्या सम्बन्धी (ज २)।

कोसलिअ न [दे कौशलिक] प्राभृत भेट, उपहार (दे २, १२; महा; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसलिआ स्त्री [दे कौशलिका] ऊपर देखो (दे २, १२; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसल्ल न [कौशल्य] निपुणता, चतुराई (कुमा; सुपा २६; सुर १०, ८०)।

कोसल्ल न [दे] प्राभृत, भेट, उपहार, 'त पुरजणकोसल्लं नरवइणा अप्पियं कुमारस्स' (महा)।

कोसल्लया स्त्री [कौशल्य] निपुणता, चतुराई, 'तह सउणलीइकोसल्लया य लीणच्चिय इयाणि' (सुपा ६०३)।

कोसल्ला स्त्री [कौशल्या] दाशरथि राम की माता (उप पृ ३७४)।

कोसल्लिअ न [दे कौशलिक] भेट, उपहार (दे २, १२; महा; सुपा ४१३, ५२७; गण)।

कोसा स्त्री [कोशा] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहाँ जैन महर्षि श्रीस्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास (चौमासा) किया था (विवे ३३)।

कोसिण वि [कोष्ण] थोड़ा गरम (नाट—वेणी)।

कोसिय न [कौशिक] १ मनुष्य का गोत्र विशेष (अभि ४२; ठा ७६०)। २ कौशिक [illegible] का नाम (वद [illegible])। ३ घूक, उल्लूक, उल्लू (पाअ; पार्श्व ७६)। ४ साँप-विशेष, चण्डकौशिक-नामक दृष्टि-विष सर्प, जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था (आवम)। ५ वृक्ष-विशेष। ६ इन्द्र। ७ नकुल। ८ तानशास्त्र, नकारी। ९ श्रीति [illegible] गृगुल। १० इस नाम का एक राजा। ११ इस नाम का एक असुर। १२ जब में परीनेन्द्र, नगर, गान्धि। १३ शृंगार, मज्जा। १४ कुशा [illegible] (दे १, १५६)। १५ इस नाम का एक तापस (भवि)। १६ पुंस्त्री कौशिक गोत्र में उत्पन्न, कौशिक गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३६०)। १७ स्त्री कोसिर्ति (मा १६)।

कोसिया स्त्री [कौशिका] १ भारतवर्ष की एक नदी (कप्प)। २ इस नाम की एक विद्या-धर-राज कन्या (पउम ७ ५४)। ३ चमडे का जूता, 'कोसियमालाभूमियगिरोहरो विगय-वसणो य' (स २२३)। देखो कोसी।

कोसिआर पुं [कोशिकार] १ कीट-विशेष, रेशम का कीड़ा (पण्ह १, ३)। २ न रेशमी वस्त्र (ठा ५, ३)।

कोसी स्त्री [कोशी] १ शिम्बी, छीमी, फली (पाअ)। २ तलवार की म्यान (सूअ २, १, १६)।

कोसी स्त्री [कोशी] देखो कोसिया (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। २ गोलाकार एक वस्तु, कचणकोसीपविट्ठदताए' (ओप)।

कोसुंभ वि [कौसुम्भ] कुसुभ-सम्बन्धी (रँग) (सिरि १०५७)।

कोसुम वि [कौसुम] फूल सम्बन्धी, फूल का बना हुआ, 'कोसुमा बाणा' (गउड)।

कोसुम्ह देखो कुसुभ (संक्षि ४)।

कोसेअ, कोसेज्ज न [कौशेय] १ रेशमी वस्त्र, रेशमी कपड़ा (दे २, ३३; सम १५३; पण्ह १, ४)। २ तसर का बना हुआ वस्त्र (जीव ३)।

कोह पुं [°क्रोध] गुस्सा, कोप (ओप २ भा; ठा ४, १)। °मुंड वि [°मुण्ड] क्रोध-रहित (ठा ५, ३)।

कोह पुं [कोथ] सड़ना, शीर्णता (भग ३, ३)।

कोह पुं [दे कोथ] वाचली, लता (सिरि २८८८)।

कोह वि [क्रोधवत्] क्रोध युक्त, क्रोध-सहित 'कोहाए माणाए मायाए लोभाए [illegible] आगाय-णाए' (पडि)।

कोहंगय पुं [कोभङ्गक] पक्षि-विशेष (आचा)।

कोहटाण न [क्रोधस्थान] क्रोध-कुल [illegible] (भाउ ११)।

कोहंड न [कूष्माण्ड] १ कुम्हड़े का फल, कोहडा (पि ७६; ८६; १२७)। २ न

देव-विमान-विशेष (ती ५६)। ३ पु. व्यन्तर-श्रेणीय देव-जाति-विशेष (पत्र १६४)।

कोहंडी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँडे का गाछ (हे १, १२४, दे २, ५० टी)।

कोहण वि [क्रोधन] १ कोपी, गुस्साखोर (सम ३७, पउम ३५, ७)। २ पु इस नाम का रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३२)।

कोहल देखो कुऊहल (हे १, १७१)।

कोहलिअ वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कुतूहल-प्रेमी। स्त्री °आ (गा ७६८)।

कोहलिआ स्त्री [कूष्माण्डिका] कोहँडा का गाछ,

'जह लघेसि परवइ निययवइ
भरमहपि मोत्तूण।
तह मएणे कोहलिए, अज्ज
कल्लपि फुट्टिहिसि' (गा ७६८)।

कोहली देखो कोहंडी (हे २, ७३, दे २, ५० टी)।

कोहल्ल देखो कोहल (षड्)।

कोहल्ली स्त्री [दे] तापिका, तवा, पचन-पात्र-विशेष (दे २, ४६)।

कोहल्ली देखो कोहंडी (षड्)।

कोहि, कोहिल्ल वि [क्रोधिन्] क्रोधी, क्रोधी-स्वभाव का गुस्साखोर (कम्म ४, १४०, बृह २)।

कोरव, कौलव देखो कउरव (हे १, १, चड)।

°क्किसिअ देखो किसिअ = कृपित (उप ७२८ टी)।

°क्कूर देखो कूर = क्रूर। (वा २६)।

°क्केर देखो °केर (हे २, ६६)।

°क्खड देखो खड (गउड)।

°क्खभ देखो खंभ (से ३, ५६)।

°क्खम देखो खम (गपू २७)।

°क्खलण देखो खलण (गउड)।

°क्खिसा देखो खिसा (सुपा ५१०)।

°क्खु देखो खु (कप्पू, अभि ३७, चारु १४)।

°क्खुत्त देखो खुत्त (गउड)।

°क्खेड्ड देखो खेड्ड (सुपा ५५२)।

°क्खेव देखो खेव, 'खारक्खेव व खए' (उप ७२८ टी)।

°क्खोडी देखो खोडी (पणह १, ३)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे कयाराइसद्दसकलणो
दसमो तरगो समत्तो ॥

ख

ख पु [ख] १ व्यजन-वर्ण विशेष, इसका स्थान कण्ठ हे (प्रामा, प्राप)। २ न आकाश, गगन, 'गज्जते खे मेहा' (हे १, १८७, कुमा, दे ६, १२१)। ३ इन्द्रिय (विसे ३४४३)। °ग पु [°ग] १ पक्षी, खग (पाअ, दे २, ५०)। २ मनुष्य की एक जाति, जो विद्या के बल से आकाश मे गमन करती हे, विद्याधर-लोक (आरा ५६)। देखो खय = खग। °गइ स्त्री [°गति] १ आकाश-गति। २ कर्म-विशेष, जो आकाश-गति का कारण है (कम्म २,३, नव ११)। °गामिणी स्त्री [°गामिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश मे गमन किया जा सकता है (पउम ७, १४५)। °पुप्फ न [°पुष्प] आकाश-कुसुम, असभावित वस्तु (कुमा)।

खअ, खउर सक [खच्] सपत्ति युक्त करना। खअइ, खउरइ (प्राकृ ७३)।

खइ वि [क्षयिन्] १ क्षयवाला, नाशवाला। २ क्षय रोगवाला, क्षय-रोगी (सुपा २३३, ५७६)।

खइअ वि [क्षपित] नाशित, उन्मूलित (औप, भवि)।

खइअ वि [खचित] १ व्याप्त, जटित। २ मण्डित, विभूषित (हे १, १६३, औप, स ११४)।

खइअ वि [खादित] १ खाया हुआ, भुक्त, ग्रस्त (पाअ, स २५०, उप पृ ४६)। २ आक्रान्त, 'तह य होति उ कसाया। खइओ जेहि मणुस्सो कज्जाकज्जाइं न मुणेइ' (स ११४)। ३ न भोजन, भक्षण, 'खइएण व पीएण व न य एसो ताइओ हवइ अप्पा' (पञ्च ६२, ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ वि [क्षयित] क्षय-प्राप्त, क्षीण, 'किमि-कायखइयदेहो' (सुर १६, १६१)।

खइअ पु [दे] हेवाक, स्वभाव (ठा ४, ४—पत्र २७६)।

खइअ, खइग पु [क्षायिक] १ क्षय, विनाश, उन्मूलन, 'से किं त खइए ? खइए अट्ठण्ह कम्मपयडीण खइएण' (अणु)। २ वि क्षय से उत्पन्न, क्षय-सबन्धी, क्षय से सबन्ध रखनेवाला। ३ कर्म-नाश से उत्पन्न 'कम्मक्खयमहावो खइओ' (विसे ३४६५ कम्म १,१५, ३,१६, ४,२२, सम्य २३, औप)।

खइत्त न [क्षैत्र] खेतो का समूह, अनेक खेत (पि ६१)।

खइया स्त्री [खदिका] खाद्य-विशेष, सेका हुआ व्रीहि—धान, लावा, 'दहिघयपायसखइया-निओए' (भवि)।

खइर पु [खदिर] वृक्ष विशेष, खैर का गाछ (आचा, कुमा)।

खइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-सवन्धी (हे १, ६७, सुपा १५१)।

खइव [दे] देखो खइअ (ठा ४, ४—पत्र १७६ टी)।

खउड पुं [खपुट] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य (आवम, श्राद्ध)।

खउर अक [क्षुभ्] १ क्षुब्ध होना, डर से विह्वल होना। २ सक कलुषित करना। खउरइ (हे ४, १५४ कुमा), 'खउरेति विगयरागं' (से ५, ३)।

खउर वि [दे] कलुषित, 'दरवहुनिवडणविद्दुमखउरियतडा' (से [illegible], स ५८८)।

खउर न [क्षौर] क्षौर-कर्म, हजामत (हेका १८६)।

खउर पुं [खपुर] पेड़ आदि का चिकना रस, गोंद (बृह ३, निचू १६)। °कठिणय न [°कठिनक] तापसों का एक प्रकार का पात्र (निचू १८६५)।

खउरिअ वि [क्षुब्ध] क्षुभित (पाअ, बृह ३)।

खउरिअ वि [क्षौरित] मुण्डित, लुञ्चित, केश-रहित किया हुआ (से १०, ८३)।

खउरिअ वि [खपुरित] खरण्टित, चिकनाया हुआ (निचू ५)।

खउरीकय वि [खपुरीकृत] गोंद वगैरह की तरह चिकना किया हुआ,

'कलुसीकओ य किट्टीकओ य
खउरीकओ य मइलिओ य।
कम्मेहिं एस जीवो, नाऊण वि
मुज्झई जेण' (उव)।

खओवसम पुं [क्षयोपशम] कुछ भाग का विनाश और कुछ का दमन (भग)।

खओवसमिअ वि [क्षायोपशमिक] १ क्षयो-पशम से उत्पन्न, क्षयोपशम-संबन्धी (सम [illegible])। २ पुं क्षयोपशम [illegible]।

खंखर पुं [दे] [illegible] (दे [illegible])।

खंगार न [खङ्गार] [illegible]

[illegible]

खंज [illegible] [खञ्ज्] [illegible] तुरिय तुरयं मा खंच मुंच मुक्खय' (सुपा १६८)।

खंचिय वि [कृष्ट] १ खींचा हुआ (स ५७४)। २ वश में किया हुआ (भवि)।

खंज अक [खञ्ज्] लंगड़ा होना (वज्जा)।

खंज वि [खञ्ज] लंगड़ा, पङ्गु, लूला (सुपा २७६)।

खंज न [खञ्ज] गाड़ी में लोहे के डंडे के पास बांधा जाता मल आदि का गीला कपड़ा—जो तेल आदि से भीजाया हुआ रहता है, विउआ, 'खंजजणनयणनिभा' (उत्त ३४, ४)।

खंजण पुं [खञ्जन] राहु का कृष्ण पुद्गल विशेष (सुज्ज २०)।

खंजण पुं [खञ्जन] १ पक्षि विशेष, खञ्जरीट (दे २, ७०)। २ वृक्ष विशेष, 'ताउवडुखंजख-जणगुल्लवयरगहीरदुक्खमचारि' (स २५६)।

खंजण पुं [दे] १ कर्दम, कीचड़ (दे २ ६६, पाअ)। २ कज्जल, काजल, मषी (ठा ४ २)। ३ गाड़ी के पहिए के भीतर का काला कीच (पएण १७—पत्र ५२५)।

खंजर पुं [दे] सूखा हुआ पेड़ (दे २, ६८)।

खंजा स्त्री [खञ्जा] छन्द-विशेष (पिंग)।

खंजिअ वि [खञ्जित] जो लंगड़ा हुआ हो, पङ्गुभूत (वज्जा)।

खंड सक [खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना, विच्छेद करना। खंडइ (हे ४, ३६७)। कवकृ खंडिज्जंत (से १३, ३२, सुपा १३४)। हेकृ खंडित्तए (उत्त)। कृ खंडियव्व (उप ६७८ टी)।

खंड पुं [खण्ड] एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)। °रव न [°रव] नरक-स्थान (देवेन्द्र ८८)।

खंड (अप) देखो खग्ग, 'मुंडिहिं खंडु वसंतु नन्हीं' (भवि)।

खंड पुंन [खण्ड] १ टुकड़ा, अंश, हिस्सा (हे २, ६७ कुमा)। २ चीनी, मिश्री (उर ६, ८)। ३ पृथ्वी का एक हिस्सा [illegible]—' (भग)। °घडग पुं [°घटक] [illegible] (णाया १, १६)। °प्पवाया स्त्री [°प्रपाता] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा (ठा २, ३)। °भेय पुं [°भेद] [illegible], पत्थर का [illegible] पृथक्करण, फटके हुए घडे की तरह पृथग्भाव (भग ५, ४)। °मल्लग पुन [°मल्लक] भिक्षा-पात्र (णाया १, १६)। °सो अ [°शस्] टुकड़ा-टुकड़ा, खण्ड-खण्ड (पि ५१६)। °भिय देखो °भेय (ठा १०)।

खंड न [दे] १ मुण्ड, शिर, मस्तक। २ दारू का बरतन, मद्य-पात्र (दे २, ६८)।

खंडई स्त्री [दे] असती, कुलटा (दे २ ६७)।

खंडग पुन [खण्डक] चोथा हिस्सा (पव १४३)।

खंडग न [खण्टक] शिखर-विशेष (ठा ६, इक)।

खंडण न [खण्डन] १ विच्छेद, भञ्जन नाश (णाया १, ८)। २ कण्डन, धान्य वगैरह का छिलका अलग करना, 'खंडणदलणाइ गिह-कम्मे' (सुपा १४)। ३ वि नाश करनेवाला, नाशक (सुपा ४०२)।

खंडणा स्त्री [खण्डना] विच्छेद, विनाश (वज्जा, निचू १)।

खंडपट्ट पुं [खण्डपट्ट] १ द्यूतकार, जुआरी (विपा १, ३)। २ धूर्त, ठग। ३ अन्याय से व्यवहार करनेवाला (विपा १,३)।

खंडरक्ख पुं [खण्डरक्ष] १ दाण्डपाशिक, कोतवाल (णाया १, १, पण्ह १, ३, औप)। २ शुल्कपाल, चुंगी वसूल करनेवाला (णाया १, १ निमे २०६०, औप)।

खंडव न [खाण्डव] इन्द्र का वन विशेष, जिसको अर्जुन ने जलाया था (नाट—वेणी ११८)।

खंडा स्त्री [खण्ड] मिस्री, चीनी, शक्कर खांड (औप ३०३)।

खंडा स्त्री [खण्डा] इस नाम की एक विद्याधर-कन्या (महा)।

खंडाखंडि अ [खण्डशस्] टुकड़ा-टुकड़ा, खण्ड-खण्ड (उत्त, णाया १,६)। °कीकय वि [°कृत] टुकड़ा-टुकड़ा किया हुआ (सुर १६, ५६)।

खंडामणिकंचण न [खण्डामणिकाञ्चन] इस नाम का एक विद्याधर-नगर (इक)।

खंडावत्त न [खण्डावर्त्त] इस नाम का एक विद्याधर-नगर (इक)।

खंडाहड वि [खण्डखण्ड] टुकड़ा-टुकड़ा किया हुआ (सुपा ३८५)।

खंडिअ पु [खण्डिक] छात्र, विद्यार्थी (औप)।

खंडिअ वि [खण्डित] छिन्न, विच्छिन्न (हे १, ५३, महा)।

खंडिअ पु [दे] १ मागध, भाट, बिरुद-पाठक। २ वि अनिवार्य, निवारण करने को अशक्य (दे २, ७८)।

खंडिआ स्त्री [खण्डिका] खण्ड, टुकड़ा (अभि ६२)।

खंडिआ स्त्री [दे] नाप-विशेष बीस मन की नाप (स २४)।

खंडी स्त्री [दे] १ अपद्वार, छोटा गुप्त द्वार (णाया १, १८—पत्र २३६)। २ किले का छिद्र (णाया १, २—पत्र ७६)।

खंडु (अप) देखो खग्ग। गुजराती में 'खांडु' कहते हैं (प्राकृ १२१)।

खंडुअ न [दे] बाहु-वलय, हाथ का आभूषण-विशेष, बाजूबंद (मृच्छ १८१)।

खंडुय देखो खडग (पव १४३)।

खंत पु [दे] पिता, बाप (पिंड ४३२, सुख २, ३ ५, ८)

खंत देखो खा।

खंत वि [क्षान्त] क्षमा-शील, क्षमा-युक्त (उप ३२० टी, कप्पू, भवि)।

खंतव्व वि [क्षन्तव्य] क्षमा-योग्य, माफ करने लायक (विक्र ३८, भवि)।

खंति स्त्री [क्षान्ति] क्षमा, क्रोध का अभाव (कप्प महा, प्रासू ४८)।

खंति देखो खा।

खंतिया } स्त्री [दे] माता, जननी (पिंड खंती } ४३०, ४३१)।

खंद पु [स्कन्द] १ कार्त्तिकेय, महादेव का एक पुत्र (हे २, ५, प्राप्र, णाया १, १—पत्र ३६)। २ राम का स्कन्द नाम का एक सुभट (पउम ६७, ११)। °कुमार पु [°कुमार] एक जैन मुनि (उव)। °ग्गह पु [°ग्रह] १ स्कन्दकृत उपद्रव, स्कन्दावेश (ज २)। २ ज्वर-विशेष (भाग ३, ६)। °मह पु [°मह] स्कन्द का उत्सव (णाया १, १)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक चोर-सेनापति की भार्या का नाम (विपा १, ३)।

खंदग } पु [स्कन्दक] १-२ ऊपर देखो। ३ खंदय } एक जैन मुनि (उव, भग, अंत सुपा ४०८)। ४ एक परिव्राजक, जिसने भगवान् महावीर के पास पीछे से जैन दीक्षा ली थी (पुप्फ ८४)।

खंदरुद्द न [स्कन्दरुद्र] शास्त्र-विशेष (धर्मसं ६३५)।

खंदिल पु [स्कन्दिल] एक प्रख्यात जैनाचार्य, जिसने मथुरा में जैनागमों को लिपि-बद्ध किया (गच्छ १)।

खंध पु [स्कन्ध] भित्ति, भीत, दीवार (आचा २, १, ७, १)।

खंध पु [स्कन्ध] १ पुद्गल-प्रचय, पुद्गलों का पिण्ड (कम्म ४, ६६)। २ समूह, निकर (विसे ६००)। ३ कन्धा, काँध (कुमा)। ४ पेड़ का धड़, जहाँ से शाखा निकलती है (कुमा)। ५ छन्द-विशेष (पिंग)। °करणी स्त्री [°करणी] साध्वियों को पहनने का उपकरण-विशेष (ओघ ६७७)। °मंत वि [°मत्] स्कन्धवाला (णाया १, १)। °बीय पु [°बीज] स्कन्ध ही जिसका बीज होता है ऐसा कदली वगैरह का गाछ (ठा ५, २)। °सालि पु [°शालिन्] व्यन्तर देवों की एक जाति (राज)।

खंधग्गि पु [दे स्कन्धाग्नि] स्थूल काष्ठों की आग (दे २, ७०, पाअ)।

खंधमंस पु [दे] हाथ, भुजा, बाहु (दे २, ७१)।

खंधमंसी स्त्री [दे] स्कन्ध-यष्टि, हाथ (षड्)।

खंधय देखो खंध (पिंग)।

खंधयट्ठि स्त्री [दे स्कन्धयष्टि] हाथ, भुजा, (दे २, ७१)।

खंधर पुस्त्री [कन्धर] ग्रीवा, गला, गरदन (मण)। स्त्री °रा (महा)।

खंधलट्ठि स्त्री [दे स्कन्धयष्टि] स्कन्ध-यष्टि, हाथ, भुजा (षड्)।

खंधवार देखो खंधावार (महा)।

खंधाआर देखो खंधावार (प्राकृ ३०)।

खंधार पु ब [स्कन्धार] देश-विशेष (पउम ६८,६६)।

खंधार देखो खंधावार (पउम ६६, २८, महा, विसे २४८१)।

खंधाल वि [स्कन्धवत्] स्कन्धवाला (सुपा १२६)।

खंधावार पु [स्कन्धावार] छावनी, सैन्य का पड़ाव, शिविर (णाया १, ८, स ६०३, महा)।

खंधि वि [स्कन्धिन्] स्कन्धवाला (औप)।

खंधिल्ल देखो खंधि (स ६६७)।

खंधी स्त्री. देखो खंध (औप)।

खंधीवार पु [दे] बहुत गरम पानी की धारा (दे २, ७२)।

खंप सक [सिच्] सिञ्चना, छिड़कना। खंपइ (भवि)।

खंपणय न [दे] वस्त्र, कपड़ा, 'बहुसेयसित्त-मलमइलखंपणयचिक्कणसरीरो' (सुपा ११)।

खंभ पु [स्तम्भ] खंभा थंभा (हे १, १८७, २ ४, ६, भग, महा)।

खंभ सक [स्कभ्] क्षुब्ध होना, विचलित होना। खंभेज्जा, खंभाएज्जा (ठा ५, १—पत्र २६२)।

खंभतित्थ न [स्तम्भतीर्थ] एक जैन तीर्थ, गुजरात का प्राचीन 'खंभणा' गाँव (कुप्र २१)।

खंभल्लिअ वि [स्तम्भित] खंभे से बाँधा हुआ (से ६, ८५)।

खंभाइत्त न [स्तम्भादित्य] गूर्जर देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल 'खंभात' नाम से प्रसिद्ध है (ती २३)।

खंभालण न [स्तम्भालगन] खम्भे में बाँधना (पण्ह १, ३)।

खक्खरग पुन [दे] सूखी रोटी (धर्म २)।

खग्ग पु [खड्ग] १ पशु विशेष, गेंडा (उप १४८, पण्ह १ १)। २ पुंन तलवार, असि (हे १, ३४, स ५३१)। °धेणुआ स्त्री [°धेनु] छूरी, चाकू (दस)। °पुरा स्त्री [°पुरा] विदेह र्ग की स्वनाम प्रसिद्ध नगरी (ठा २, ३)। °पुरी स्त्री [°पुरी] पूर्वोक्त ही अर्थ (इक)।

खग्गाखग्गि न [खड्गाखड्गि] तलवार की लड़ाई (सिरि १०३२)।

खग्गि पु [खड्गिन्] जन्तु-विशेष, गेंडा (कुमा)।

खग्गूड पु [दे] ग्रामेश, गाँव का मुखिया (दे २, ६६)।

खग्गी स्त्री [खड्गी] विदेह वर्ष की नगरी-विशेष (ठा २, ३)।

खग्गूड वि [दे] १ शठ प्राय, धूर्त सदृश (ओघ ३६ भा)। २ धर्म-रहित, नास्तिक-प्राय (ओघ ३७ भा)। ३ निद्रालु। ४ [illegible] (वव [illegible])।

खच सक [खच] १ [illegible] पवित्र करना। २ [illegible] बनाना। खचइ (हे ४, ८६)।

खचिअ [illegible] खइअ = खचित (कुमा)। २ निर्मित ([illegible])।

खच्चर पु [दे] [illegible], नातू (दे २, ६९)।

खड्डे [illegible] [illegible] व्याघ्र, शेर (दे २ ६६)।

खज्ज पु [खर्ज] वृक्ष-विशेष (स २५६)।

खज्ज वि [खाद्य] १ खाने योग्य वस्तु (पण्ह १, ३)। २ [illegible] खाद्य विशेष (भवि)।

[illegible] वि [क्षय्य] [illegible] क्षय किया जा सके वह (षड्)।

खज्जत [illegible]।

खज्जग [illegible] खज्ज = खाद्य (भग ७५)।

खज्जमाण [illegible]।

खज्जय [illegible] खज्ज = खाद्य (पउम ६६ १६)।

[illegible] [दे] १ [illegible], [illegible]। २ [illegible], [illegible] दिया गया हो वह [illegible]।

खाज्जर (?) वि [खाद्यमान] जो खाया [illegible] (स्रा)।

[illegible] [खज्ज] खुजली, पामा (राज)।

[illegible] पु [खर्जूर] [illegible] (कुमा, [illegible])। २ [illegible] (पउम ४४, [illegible])।

[illegible] [खर्जूरी] [illegible] (पाम, [illegible])।

[illegible] [दे] [illegible] २, ६६)।

[illegible] [खर्जित] [illegible], [illegible] (गा १,८)।

खट्ट न [दे] १ तीमन, कढ़ी आर (दे २,६७)। २ वि. खट्टा, अम्ल (पएण १—पत्र २७ टी १)। °मेह पु [°मेघ] खट्टे जल की वर्षा (भग ७ ६)।

खट्टग न [दे] छाया, आतप का अभाव (दे २ ६८)।

खट्टंग न [खट्वाङ्ग] १ शिव का एक आयुध (कुमा)। २ चारपाई का पाया या पाटी। ३ प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा मांगने का एक पात्र। ४ तान्त्रिक मुद्रा-विशेष,

हृदयट्ठिअ कवाले, न मुयइ खणं खणपि खट्टंग।
सा तुह विरहे बालय बाला कावालिणी जाया' (वज्जा ८८)।

खट्टक्खड पु [खट्वाखाचक] रत्नप्रभा नामक पृथिवी का एक नरकावास, 'दाल काउण रयणप्पभाए पुढवीए खट्टक्खडाभिहाणे नरए पलिओवमाऊ चेव नारगो उववनोत्ति' (म ८६)।

खट्टा स्त्री [खट्वा] खाट, पलग, चारपाई (सुपा ३३७ हे १, १६५)। °मल्ल पु [°मल्ल] बीमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह (वृह १)।

खट्टिअ } [दे खट्टिक] खटीक, सौनिक,
खट्टिक } कसाई (गा ६८२, सूअ २, २, दे २, ७०)।

खड पु [दे] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

खड न [दे] तृण घास (दे २,६७ कुमा)।

खडइअ वि [दे] संकुचित, संकोच प्राप्त (दे २, ७१)।

खडंग न [षडङ्ग] छ अंग, वेद के ये छ अंग—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द निरुक्त। °वि वि [°विन्] छहों अंगो का जानकार (पि २६५)।

खडक्कन पु न [खटत्कृत] खटाट शब्द, ध्वनि से द्वार सूचना, किवाँड वगैरह की आवाज, 'नियदुवाडखडक्का खडक्को निसुणिओ तत्तो' (सुपा ८१४)।

खडक्कार पु [खटत्कार] ऊपर देखो (सुर ११ २८ सिरि ६०)।

खडक्किआ } स्त्री [दे] खिड़की, छोटा द्वार
खडक्की } (पाअ गउड दे २, ७१)।

खडक्खिय [illegible] खडक्कन (धर्मवि ५६)।

खडक्खड पु [खटत्खट] खट खट आवाज (मोह ८६)।

खडक्खर देखो छडक्खर (सम्मत्त १४३)।

खडखड पु [खडखड] देखो खडक्खड (इक)।

खडखडग वि [दे] छोटा और लम्बा (राज)।

खडट्ठोविल पु [दे] एक म्लेच्छ जाति (मृच्छ १५२)।

खडणा स्त्री [दे] गैया, गो (गा ६३६ अ)।

खडहड पु [खटखट] साकल वगैरह की आवाज, खटत्कार (सुपा ५०२)।

खडहडी स्त्री [दे] जन्तु-विशेष गिलहरी, गिल्ली (दे २, ७२)।

खडिअ देखो खट्टिअ (गा ६८२ अ)।

खडिअ देखो खलिअ (गा १६२ अ)।

खडिअ पु [दे] दवात, स्याही का पात्र (धर्मवि ५७)।

खडिआ स्त्री [खटिका] खड़ी, लड़को को लिखने की खड़ी या खड़िया (कप्पू)।

खडी स्त्री [खटी] ऊपर देखो (प्राप)।

खडुआ स्त्री [दे] मौक्तिक, मोती (दे २, ६८)।

खडुक्क अक [आविस् + भू] प्रकट होना, उत्पन्न होना। खडुक्कंति (वज्जा ४६)।

खडुक } पुस्त्री [दे] मुट मिर पर उँगली
खडुग } का आघात (वव १)।

खड्ड सक [मृद्] मर्दन करना। खड्डइ (हे ४, १२६)।

खड्ड } न [दे] १ श्मश्रु, दाढ़ी मूँछ (दे २,
खड्डग } ६६, पाअ)। २ बड़ा, महान् (सिरि २५७६ टी)। ३ गर्त के आकारवाला (उत्त)।

खड्डा स्त्री [दे] १ खानि, आकर (दे २,६६)। २ पर्वत का खात, पर्वत का गर्त (दे २,६६)। ३ गर्त, गड्ढा, खड्डा (सुर २,१०३ स १५२, सुपा १५, श्रा २६, महा, उत्त २, पव ७)।

खड्डिअ वि [मृदित] जिसका मर्दन किया गया हो वह (कुमा)।

खड्डुया स्त्री [दे] ठोकर, आघात, 'खड्डुया मे चवेडा मे' (उत्त १, ३८)।

खड्डोलय पु [दे] गत, गर्त, गड्ढा (स २६३)।

खण सक [खन्] खोदना। खणइ (महा)। कर्म खम्मइ, खणिज्जइ (हे ४, २४४)। वकृ. खणमाण (सुर २ १०३)। संकृ.

खणेत्तु (आचा)। कवकृ खन्नमाण (पि ५४०)।

खण पु [क्षण] काल-विशेष, बहुत थोडा समय (ठा २, ४; हे २, २०; गउड; प्रासू १३४)। °जोइ वि [°योगिन्] क्षणमात्र रहनेवाला (सूअ १, १, १)। °भंगुर वि [°भङ्गुर] क्षण-विनश्वर, क्षणिक (पउम ८, १०५; गा ४२२; विसे ११८)। °या स्त्री [°दा] रात्रि, रात (उप ७६८ टी)।

खणक्खण } अक [खणखणाय्] 'खण-खणखणखण } खण' आवाज करना। खण-खणति (पउम ३६, ५३)। वकृ खण-क्खणत (स ३८८)।

खणग वि [खनक] खोदनेवाला (णाया १, १८)।

खणण न [खनन] खोदना (पउम ८६, ६०; उप पृ २२१)।

खणय देखो खण = क्षण (आचा; उवा)।

खणय वि [खनक] खोदनेवाला (दे १, ८५)।

खणाविय वि [खानित] खुदाया हुआ (सुपा ५५८; महा)।

खणि स्त्री [खनि] खान, आकर (सुपा ३५०)।

खणिक्क } देखो खणिय = क्षणिक, 'नट्ठाइया खणिग } कामगुणा खणिस्सा' (श्रु १५२; धर्मसं २२८)।

खणित्त न [खनित्र] खोदने का अस्त्र, खन्ती (दे ४, ४)।

खणिय वि [क्षणिक] १ क्षण-विनश्वर, क्षण-भंगुर (विसे १६७२)। २ वि फुरसत-वाला, काम धंधा से रहित 'नो तुम्हे विव अम्हे खणिया इय वुत्तु नीहरिओ' (धम्म ८ टी)। °वाइ वि [°वादिन्] सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर माननेवाला, बौद्धमत का अनुयायी (राज)।

खणिय वि [खनित] खुदा हुआ (सुपा २५६)।

खणी देखो खणि (पाअ)।

खणुसा स्त्री [दे] मन का दुःख, मानसिक पीडा (दे २, ६८)।

खण्ण न [दे] खात, खोदा हुआ (दे २, ६६; बृह ३; वव १)।

खण्ण वि [खन्य] खोदने योग्य (दे २, ३६)।

खण्णु देखो खाणु (दे २, ६६ टी)।

खण्णुअ पु [दे. स्थाणुक] कीलक, खोंटी खूँटा (दे २, ६८; गा ६४, ८२२ अ)।

खत्त न [दे] १ खात, खोदा हुआ (दे २, ६६; पाअ)। २ शस्त्र से तोडा हुआ (ओघ ३८०)। ३ सेंध, चोरी करने के लिए दीवाल मे किया हुआ छेद (उप पृ ११६; णाया १, १८)। ४ खाद, गोबर (उप ५६७ टी)। °खणग पु [°खनक] सेंध लगाकर चोरी करनेवाला (णाया १, १८)। °खणण न [°खनन] सेंध लगाना (णाया १, १८)। °मेह पुं [°मेघ] करीष के समान रसवाला मेघ (भग ७, ६)।

खत्त पु [क्षत्र] क्षत्रिय मनुष्य जाति-विशेष (सुपा १६७; उत्त १२)।

खत्त वि [क्षात्र] १ क्षत्रिय-सम्बन्धी, क्षत्रिय का। २ न क्षत्रियत्व, क्षत्रियपन, 'अहह अखत्तं करेउ कोइ इमो' (धम्म ८ टी नाट)।

खत्तय पु [दे] १ खेत खोदनेवाला। २ सेंध लगाकर चोरी करनेवाला। ३ ग्रह-विशेष राहु (भग १२, ६)।

खत्ति पु [दे] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

खत्ति पुंस्त्री [क्षत्रिन्] नीचे देखो, 'खत्तीण सेट्ठे जह दंतवक्के' (सूअ १, ६, २२)।

खत्तिअ पुंस्त्री [क्षत्रिय] मनुष्य की एक जाति, क्षत्री, राजन्य (पिंग; कुमा; हे २, १८५; प्रासू ८०)। °कुंडग्गाम पु [°कुण्डग्राम] नगर विशेष, जहां श्रीमहावीर देव का जन्म हुआ था (भग ६, ३३)। °कुंडपुर न [°कुण्डपुर] पूर्वोक्त ही अर्थ (आचा २, १५, ४)। °विज्जा स्त्री [°विद्या] धनु-र्विद्या (सूअ २, २)।

खत्तिणी } स्त्री [क्षत्रियाणी] क्षत्रिय जाति खत्तियाणी } की स्त्री (पिंग; कप्प)।

खद्ध न [दे] प्रभूत लाभ (पचा १७, २१)।

खद्ध वि [दे] १ भुक्त, भक्षित (दे २, ६७; सुपा ६१०; उप पृ २५२; सण; भवि)। २ प्रचुर, बहुत, 'खद्धे भवदुक्खजले तरइ विणा नेय सुगुरुतरिं' (सार्ध ११८; दे २, ६७; पव २; बृह ४)। ३ विशाल, बडा (ओघ ३०७; ठा ३, ४)। ४ अ शीघ्र, जल्दी (आचा २, १, ६)। °दाणिअ वि [°दानिक] समृद्ध, ऋद्धि-सपन्न (ओघ ८६)।

खन्न [दे] देखो खण्ण (पाअ)।

खन्नमाण देखो खण = खन्।

खन्नुअ [दे] देखो खण्णुअ (पाअ)।

खपुसा स्त्री [दे] एक प्रकार का जूता (बृह ३)।

खप्पर पु [कर्पर] १ मनुष्य-जाति-विशेष, 'पत्ते तम्मि दसण्णगेसु पवलं जं खप्पराण बलं' (रंभा)। २ भिक्षा-पात्र, कपाल (सुपा ४६५)। ३ खोपडी, कपाल (हे १, १८१)। ४ घट वगैरह का टुकडा (पउम २०, १६६)।

खप्पर } वि [दे] रूक्ष, रूखा, निष्ठुर खप्पुर } (दे २, ६६; पाअ)।

खम सक [क्षम्] १ क्षमा करना, माफ करना। २ सहन करना। खमइ (उवर ८३; महा)। कर्म खमिज्जइ (भवि)। कृ खम्मियव्व (सुपा ३०७; उप ७२८ टी; सुर ४, १६७)। प्रयो खमावइ (भवि)। सकृ खमावइत्ता, खमावित्ता (पडि; काल)। कृ. खमावियव्व (कप्प)।

खम वि [क्षम] १ उचित, योग्य, 'सच्चित्तो आहारो न खमो मणसा वि पत्थेउं' (पच ५४; पाअ)। २ समर्थ, शक्तिमान् (दे १, १७; उप ६५०; सुपा ३)।

खमग पु [क्षमक, क्षपक] तपस्वी जैन साधु (उप पृ ३६२; ओघ १४०; भत्त ४४)।

खमण न [क्षपण] तपश्चर्या, बेला, तेला आदि तप (पिंड ३१२)।

खमण न [क्षपण, क्षमण] १ उपवास (बृह १; निचू २०)। २ पु तपस्वी जैन साधु (ठा १०—पत्र ५१४)।

खमय देखो खमग (ओघ ५५४; उप ४८६; भत्त ४०)।

खमा स्त्री [क्षमा] १ पृथिवी, भूमि, 'उव्वूढ-खमाभारो' (सुपा ३४८)। २ क्रोध का अभाव, क्षान्ति (हे २, १८)। °वइ पु [°पति] राजा, नृप, भूपति (धर्म १६)। °समण पु [°श्रमण] साधु, ऋषि, मुनि (पडि)। °हर पु [°धर] १ पर्वत, पहाड। २ साधु मुनि (सुपा ३२६)।

खमावणया } स्त्री [क्षमणा] खमाना, माफी
खमावणा } माँगना (भग १७, ३ टी; राज)।

खमाविअ वि [क्षमित] माफ किया हुआ (स ३ ५५२, सुपा ३६८)।

खमिअ वि [क्षमित] माफ किया हुआ (कुप्र १६)।

खम्म देखो खण = खन्। खम्मइ (प्राकृ ६८)।

खम्मक्खम पुं [दे] १ संग्राम, लड़ाई। २ मन का दुःख। ३ पश्चात्ताप का निश्वास (दे २, ७६)।

खय देखो खच। खयइ (षड्)।

खय अक [क्षि] नाश पाना, नष्ट होना। खयइ (षड्)।

खय देखो खग (पाअ)। ३ आकाश तक ऊँचा पहुँचा हुआ (से ६, ४२)। °राय पुं [°राज] पक्षियों का राजा, गरुड-पक्षी (पाअ)। °वइ पुं [°पति] गरुड-पक्षी (से १५, ५०)।

खय न [क्षत] १ व्रण, घाव, 'गायंमि न खयं' (वव ७२८ टी)। २ वि क्षणित, घवाया हुआ, 'गुणग्राम नीउअग्रा' (श्रा १४, सुपा ३८९; कुप्र १२, ६१)। °यार स्त्री पुं [°चार] शिथिलाचारी साधु या साध्वी (वव ३)।

खय वि [खात] खोदा हुआ (पउम ६१, ४२)।

खय पुं [क्षय] १ क्षय, प्रलय, विनाश (भग ...)। २ रोग-विशेष, राज-यक्ष्मा (लहुअ ११)। °कारि वि [°कारिन्] नाश-कारक (सुपा ६१५)। °काल, °काल पुं [°काल] प्रलय काल, (भवि; ... ४, ३००)। °ग्गि पुं [°ग्नि] प्रलय-काल की आग (से १२, ८१)। °नाणि पुं [°ज्ञानिन्] जिन-देव, परिपूर्ण ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (विसे ...१०)। °समय पुं [°समय] प्रलय-काल (... ३)।

खयंकर वि [क्षयंकर] नाश-कारक (पउम ७, ... ६६, ३ ...; ... ८२)।

खयागर वि [क्षयाकर] नाश-कारक (... , ...)।

खयर पुं [खचर] १ आकाश में चलने-वाला (... ३०)। २ विद्याधर, विद्या के बल से आकाश में चलनेवाला मनुष्य (सुर ३, ८८; सुपा २४०)। °राय पुं [°राज] विद्याधरों का राजा (सुपा १३४)।

खयर देखो खइर = खदिर (अन्त १२; सुपा ५६३)।

खयरक्क वि [खादिरक] खदिर-सम्बन्धी। स्त्री °क्का (सुख २, ३)।

खयाल पुन [दे] वंश-जाल, बाँस का वन (भवि)।

खर अक [क्षर्] १ झरना, टपकना। २ नष्ट होना। खरइ (विसे ४५५)।

खर वि [खर] १ निष्ठुर, रूखा, परुष, कठोर (सुर २, ६; दे २, ७८; पाअ)। २ पुंस्त्री गर्दभ, गधा (पण्ह १, १; पउम ५६, ४४)। ३ पुं छन्द-विशेष (पिंग)। ४ न तिल का तेल (ओघ ४०६)। °कंट न [°कण्ट] बबूल वगैरह की शाखा (ठा ३, ४)। °कंड न [°काण्ड] रत्नप्रभा पृथिवी का प्रथम काण्ड—अंश-विशेष (जीव ३)। °कम्म न [°कर्मन्] जिसमें अनेक जीवों की हानि होती हो ऐसा काम, निष्ठुर धन्धा (सुपा ५०५)। °कम्मिअ वि [°कर्मिन्] १ निष्ठुर कर्म करनेवाला। २ पुं कोतवाल, दाण्डपाशिक (ओघ २१८)। °किरण पुं [°किरण] सूर्य, सूरज (पिंग; सण)। °दूसण पुं [°दूषण] इस नाम का एक विद्याधर राजा, जो रावण का बहनोई था (पउम १०, १७)। °नहर पुं [°नखर] श्वापद जन्तु, हिंसक प्राणी (सुपा १३६, ४०४)। °निस्सण पुं [°निस्वन] इस नाम का रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)। °मुह पुं [°मुख] १ अनार्य देश-विशेष। २ अनार्य देश-विशेष का निवासी (पण्ह १, ४)। °मुही स्त्री [°मुखी] १ वाद्य-विशेष (पउम ५७, २३; सुपा ५०; औप)। २ नपुंसक दासी (वव ६)। °यर वि [°तर] १ विशेष कठोर (सुपा ६०६)। २ पुं इस नाम का एक जैन साधु (राज)। °सज्झय न [°सज्झक] तिल का तेल (ओघ ४०६)। °साविआ स्त्री [°शाविका] लिपि-विशेष (सम ३५)। °स्सर पुं [°स्वर] परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २६)।

खर वि [क्षर] विनश्वर, अस्थायी (विसे ४५७)।

खरंट सक [खरण्टय्] १ धूत्कारना, निर्भर्त्सना करना। २ लेप करना। खरंटए (सूक्त ४६)।

खरंट वि [खरण्ट] १ धूत्कारनेवाला, तिरस्कारक। २ उपलिप्त करनेवाला। ३ अशुचि पदार्थ (ठा ४, १; सूक्त ४६)।

खरंटण न [खरण्टन] १ निर्भर्त्सन, परुष-भाषण (वव १)। २ प्रेरणा (ओघ ४० भा)।

खरंटणा स्त्री [खरण्टना] ऊपर देखो (ओघ ७५)।

खरंटिअ वि [खरण्टित] निर्भर्त्सित (कुप्र ३१८)।

खरमुया स्त्री [दे] वनस्पति विशेष (संबोध ४४)।

खरड पुं [दे] हाथी की पीठ पर बिछाया जाता आस्तरण (पव ८४)।

खरड सक [लिप्] लेपना, पोतना। संकृ. खरडिवि (सुपा ४१५)।

खरड पुं [खरट] एक जघन्य मनुष्य जाति, 'अह केणइ खरडेण किलिउ हट्टम्मि वड्ढण-णियम्म' (सुपा ३६२)।

खरडिअ वि [दे] १ रूक्ष, रूखा। २ भग्न, नष्ट (दे २, ७६)।

खरडिअ वि [लिप्त] जिसको लेप किया गया हो वह, पोता हुआ (ओघ ३७३ टी)।

खरण न [दे] बबूल वगैरह की कण्टक मय डाली (ठा ४, ३)।

खरफरुस पुं [खरपरुष] एक नरक स्थान (देवेन्द्र २७)।

खरय पुं [खरक] भगवान् महावीर के कान में से खीला (शल्य कील) निकालनेवाला एक वैद्य (चेइय ६६)।

खरय पुं [दे] १ कर्मकर, नौकर (श्राव ४३८)। २ राहु (भग १२, ६)।

खरहर अक [खरखराय्] 'खर-खर' आवाज करना। वकृ. खरहरंत (गउड)।

खरहिअ पुं [दे] पौत्र, पोता, पुत्र का पुत्र (दे २, ७७)।

खरा स्त्री [खरा] जन्तु-विशेष, भुजा की तरह भुज से चलनेवाला जन्तु-विशेष (जीव २)।

खरिअ वि [दे] भुक्त, भक्षित (दे २, ६७ टी)।

खरिआ स्त्री [दे] नौकरानी, दासी (ओघ ४३८)।

खरिंसुअ पुं [दे. खरिंशुक] कन्द-विशेष (श्रा २०)।

खरुट्टी स्त्री [खरोष्ट्री] एक प्राचीन लिपि जो दाहिने से बाएँ को लिखी जाती थी; गांधार लिपि। देखो, खरोट्टिआ (पण्ण १)।

खरड वि [दे] १ कठिन, कठोर। २ स्फुट, विषम और ऊँचा (दे २, ७८)।

खरोट्टिआ स्त्री [खरोष्ट्रिका] लिपि-विशेष (सम ३५)।

खल अक [स्खल्] १ पड़ना, गिरना। २ भूलना। ३ रुकना। खलइ (प्राप्र)। वकृ खलंत, खलमाण (से २, २७; गा ५४६; सुपा ६४१)।

खल सक [खल] अपसरण करना, हटना। खलाहि (उत्त १२, ७)।

खल अ [खलु] पाद पूर्ति में प्रयुक्त होता अव्यय (प्राकृ ८१)।

खल वि [खल] १ दुर्जन, अधम मनुष्य (सुर १, १९)। २ न. धान साफ करने का स्थान (विपा १, ८; श्रा १८)। °पू वि [°पू] खलिहान या खलियान को साफ करनेवाला (कुमा; षड्; प्रामा)।

खलइअ वि [दे] रिक्त, खाली (दे २, ७१)।

खलखल अक [खलखलाय्] 'खल खल' आवाज करना। खलखलेइ (पि ५५८)।

खलगंडिअ वि [दे] मत्त, उन्मत्त (दे २, ६७)।

खलण न [स्खलन] १ नीचे देखो (आचा; से ८, ५५; गा ४६६; वज्जा २६)।

खलणा स्त्री [स्खलना] १ गिर जाना, निपतन (दे २, ६४)। २ विराधना, भंजन (ओघ ७८८)। ३ अटकायत, रुकावट, 'होज्जा गुणो, ण खलणा कम्मि जइ अम्ह वयणम्मि' (उप ३३६ टी)।

खलभलिय वि [दे] क्षुब्ध, क्षोभ-प्राप्त (भवि)।

खलहर } पुं [खलखल] नदी के प्रवाह की
खलहल } आवाज, 'वहमाणवाहिणीण दिसिदिसिमुव्वतखलहरासद्दो' (सुर ३, ११, २, ७५)।

खला अक [दे] खराब करना, नुकसान करना, 'ताणवि खलो खलाइ य' (पउम ३७, ६३)।

खलिअ वि [स्खलित] १ रुका हुआ। २ गिरा हुआ, पतित (हे २, ७७; पाअ)। ३ न. अपराध, गुनाह। ४ भूल (से १, ६)।

खलिअ वि [खलिक] खल से व्याप्त, खलि-मिश्रित (दे ४, १०)।

खलिण पुंन [खलिन] १ लगाम (पाअ)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष (पव ५)।

खलिया स्त्री [खलिका] तिल वगैरह का तैल-रहित चूर्ण, खली, खरी (सुपा ४१४)।

खलियार सक [खली + कृ] १ तिरस्कार करना, धुतकारना। २ ठगना। ३ उपद्रव करना। खलियारंति, खलियारेंति (सुपा २३७; स ४६८)।

खलियार पु [खलिकार] तिरस्कार, निर्भर्त्सना (पउम ३६, ११६)।

खलियारण न [खलीकरण] तिरस्कार (पउम ३६, ८४)।

खलियारणा स्त्री [खलीकरणा] वञ्चना, ठगाई (स २८)।

खलियारिअ वि [खलीकृत] १ तिरस्कृत (पउम ६६, २)। २ वञ्चित, ठगा हुआ (स २८)।

खलिर वि [स्खलितृ] स्खलन करनेवाला (वज्जा ५८; सण)।

खली स्त्री [दे खली] तिल-पिण्डिका, तिल वगैरह का स्नेहरहित चूर्ण, खली (दे २, ६६; सुपा ४१५, ४१६)।

खलीकय देखो खलियारिअ (चउ ४४)।

खलीकर देखो खलियार = खली + कृ। खलीकरेइ (स २७)। कर्म खलीकरीयइ, खलीकिज्जइ (स २८; सण)।

खलीण न [खलीन] देखो खलिण (सुपा ७७; स ५७८)। २ नदी का किनारा, 'खलीणमट्टिय खणमाणे' (विपा १, १—पत्र—१६)।

खलु अ [खलु] विशेष-सूचक अव्यय (दसनि ४, १६)।

खलु अ [खलु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ अवधारण, निश्चय (जी ७)। २ पुन, फिर (आचा)। ३ पादपूर्ति और वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है (आचा; निचू १०)। °खित्त न [°क्षेत्र] जहां पर जरूरी चीज मिले वह क्षेत्र (वव ८)।

खलुंक पु [दे] १ गली बैल, अविनीत बैल, (ठा ४, ३—पत्र २४८)। २ अविनीत शिष्य, कुशिष्य (उत्त २७)।

खलुंकिज्ज पु [दे] १ गली बैल सबन्धी। २ न उत्तराध्ययन सूत्र का इस नाम का एक अध्ययन (उत्त २७)।

खलुग देखो खलुय (पव ६२)।

खलुय न [खलुक] गुल्फ, पाँव का मणि-बन्ध (विपा १, ६)।

खल्ल न [दे] १ वाड का छिद्र। २ विलास (दे २, ७७)। ३ वि. खाली, रिक्त, 'जाया खल्लकवोला परिसोसियमससोणिया धणियं' (उप ७२८ टी; दे १, ३८)।

खल्ल वि [दे] निम्न-मध्य, जिसका मध्य भाग नीचा हो वह (दे १, ३८)।

खल्लइअ वि [दे] १ सकुचित, सकोच-युक्त। २ प्रहृष्ट, हर्षयुक्त (दे २, ७९; गउड)।

खल्लग } पुन [दे] १ पत्र, पत्ता। २ पत्र-
खल्लय } पुट, पत्तों का बना हुआ पुडवा या दोना (सूअ १, २, २, १९ टी; पिंड २१०; बृह १)।

खल्लग } पु न [दे] १ पाँव का रक्षण
खल्लय } करनेवाला चमडा, एक प्रकार का जूता (धर्म ३)। २ थेला (उप १०३१ टी)।

खल्ला स्त्री [दे] चर्म, चमडा, खाल (दे २, ६६; पाअ)।

खल्लाड देखो खल्लीड (निचू २०)।

खल्लिरा स्त्री [दे] सकेत (दे २, ७०)।

खल्लिहड (अप) देखो खल्लीड (हे ४, ३८९)।

खल्ली स्त्री [दे] सिर का वह चमडा, जिसमें केश पैदा न होता हो (आवम)।

खल्लीड पु [खल्वाट] जिसके सिर पर बाल न हो, गजा, चदला (हे १, ७४; कुमा)।

खल्लूड पु [खल्लूट] कन्द-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

खव सक [क्षपय्] १ नाश करना। २ डालना, प्रक्षेप करना। ३ उल्लघन करना। खवेइ (उव), खवयति (भग १८, ७)। कर्म खविज्जंति (भग)। वकृ खवेमाण (णाया

१, १८०। सह खवइत्ता, खवित्तु, खवेत्ता (सा १५, सम्म १६ आव)।

खवर पु [दे] १ कान हुआ, घाव। हाथ। २ गर्दभ, रासभ (दे २, ८०)।

खवग वि [क्षपक] १ नाश करनेवाला, क्षय करनेवाला। २ पु तपस्वी जैन-मुनि (उव भाव ८)। ३ वि क्षपक श्रेणि में आरूढ़ (कम्म ५)। °सेढि स्त्री [°श्रेणि] क्षपण क्रम कर्मों के नाश की परिपाटी (भग ६ ११ उवर ११४)।

खवडिअ वि [दे] स्खलित, स्खलन-प्राप्त (दे २, ८१)।

खवण } न [क्षपण] १ क्षय, नाश (जीव)।
खवणय } २ डालना, प्रक्षेप (कम्म ८, ७५)। ३ पु जैन-मुनि (विसे २५८५ मुद्रा ७८)।

खवण देखो खमण 'विहिय पक्खखवणो सो' (सुर २३)।

खवणा स्त्री [क्षपणा] अध्ययन, शास्त्र प्रकरण (अणु २१०)।

खवय पु [दे] स्कन्ध कंधा (दे २, ६७)।

खवय देखो खवग (सम २६, आग १३ आचा)।

खवलिअ वि [दे] कुपित, क्रुद्ध (दे २, ७०)।

खवल्ल पु [खवल्ल] मत्स्य-विशेष (विपा १ ८—पत्र ८३ टी)।

खवा स्त्री [क्षपा] रात्रि, रात। °जर न [°चर] प्राग्भ्याय हिम (ठा ८ ८)।

खविअ वि [क्षपित] १ विनाशित, नष्ट किया हुआ (सुर ४ ७०, प्रासू)। २ उद्वेजित (गा १३०)।

खवअ पु [दे] १ वाम हाथ, बांया हाथ। २ कंधा (दे २, ७७)।

खव्व वि [खर्व] वामन, कुब्ज, नाटा (पाअ)।

खव्व वि [दे] बहु, प्रचुर, ज्यादा, बहुत (दे २, ६७)।

खसहर देखो खहुर (पिंड २८)।

खसुल न [दे] चूर्ण, कुश (दे २, ६८)।

खस अक [दे] खिसकना, गिरना, पड़ना। सकृ खसमाण।

खस पुं. न [खस] १ अनार्य देश-विशेष, हिन्दुस्तान की उत्तर सीमा पर का एक देश (पणह १—पत्र १४)। २ पुंस्त्री खस देश में रहनेवाला मनुष्य (पणह १—पत्र १४ टी)।

खसखस पु [खसखस] पोस्ता का दाना उशीर खस (स ६६)।

खसफस अक [दे] खसना, खिसकना, गिर पड़ना। वकृ खसफसेमाण (सुर २,१५)।

खसफसि वि [दे] व्याकुल, अधीर। °हूअ वि [°भूत] व्याकुल बना हुआ (हे ४, ४२२)।

खसर देखो कसर=दे कसर (ज २, स ८८०)।

खसिअ देखो खइअ=खचित (हे १ १६३)।

खसिअ न [कसित] रोग-विशेष, खाँसी (हे १, १८१)।

खसिअ वि [दे] खिसका हुआ (सुपा २८१)।

खसु पु [दे] रोग-विशेष, पामा गुजराती में 'खस' (सण)।

खह पुन [खह] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७५)।

खह देखो ख (ठा ३, १)।

खहचर देखो खयर (ओप विपा १, १)।

खहयरी स्त्री [खचरी] १ पक्षिणी, मादा पक्षी। २ विद्याधरी, विद्याधर की स्त्री (ठा ३, १)।

खा } सक [खाद्] खाना, भोजन करना,
खाअ } भक्षण करना। खाइ खाअइ, खाउ (हे ४ २२८)। खंति (सुपा ३७० महा)। भवि खाहिइ (हे ४, २२८)। कर्म खज्जइ (उव)। वकृ खंत, खायंत, खायमाण (उप १४, पउम २२, ७५, विपा १, १) 'खंता पिअंता उड्डे ते मरंति पुणोवि ते खंति पिअंति य' (तर १८)। कवकृ खज्जंत, खज्जमाण (पउम २२, ८३ गा २८८ पउम १७ ८१ ८२ ४०)। हेकृ खाइउ (पि ५७३)।

खाअ वि [ख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत (उप ३२६, ६२३ सुर २०, हे २, ६०)। °कित्तीअ वि [°कीर्तिक] यशस्वी, कीर्तिमान् (पउम ७, ८०)। °जस वि [°यशस्] वही अर्थ (पउम ५ ८)।

खाअ वि [खादित] भुक्त, भक्षित, 'खाइगिरा—' (गा ६६८, अवि)।

खाअ वि [खात] १ खुदा हुआ। २ न खुदा हुआ जलाशय, 'खाओदगाइ' (कप्प)। ३ ऊपर में विस्तारवाली और नीचे में संकुचित ऐसी परिखा। ४ ऊपर और नीचे समान रूप से खुदी हुई परिखा (औप)। ५ खाई, परिखा पाअ)।

खाइ स्त्री [खाति] खाई, परिखा (सुपा २६४)।

खाइ स्त्री [ख्याति] प्रसिद्धि, कीर्त्ति (सुपा ५२६ ठा ३, ४)।

खाइ [दे] देखो खाइ (औप)।

खाइअ देखो खइअ=क्षायिक (विसे ४६, २१७५ सत्त ६७ टी)।

खाइअ वि [खादित] खाया हुआ, भुक्त, भक्षित (प्राप, निर १, १)।

खाइआ स्त्री [दे खातिका] खाई, परिखा (दे २, ७३, पाअ, सुपा ५२६, भग ५ ७, पणह २, ५)।

खाइ अ [दे] १—२ वाक्य की शोभा और पुनः शब्द के अर्थ का सूचक अव्यय (भग ५, ८, ओप)।

खाइग देखो खाइअ=क्षायिक (सुपा ५५१)।

खाइम न [खादिम] अन्न-वर्जित फल, औषध वगैरह खाद्य चीज (सम ३६, ठा ४२, औप)।

खाइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-सम्बन्धी, खैर का, कत्थई (हे १, ६७)।

खाइय न [खाद्यक] खाद्यपदार्थ (मूलशुद्धि गा० १०१, देवदिन्न कथा गा ६ पढी)।

खाओवसम } देखो खओवसमिय (सुपा
खाओवसमिअ } ५५१ ६४८, सम्म २३)।

खाओवसमिग देखो खाओवसमिअ (अणु ६८, सम्मत्त गो ५)।

खाडइअ वि [दे] प्रतिफलित, प्रतिबिम्बित (दे २ ७३)।

खाडखड पु [खाडखड] चौथी नरक-पृथिवी का एक नरकावास (ठा ६)।

खाडहिला स्त्री [दे] एक प्रकार का जानवर, गिलहरी, गिल्ली (पणह १, १, उप पृ २०५ सम ३०८ टी)।

खाण पु [दे] एक म्लेच्छ जाति (पुप्फ ४५२)।

खाण न [खादन] भोजन, भक्षण, खाद्य

अ पालेण अ तह गहिअो मउलो अडअणाए' (गा ६६२, पउम १४, १३६)।
खाण न [ख्यान] वचन उक्ति (राज)।
खाणि स्त्री [खानि] खान आकर (दे २, ६६ कुमा, सुपा ३४८)।
खाणिअ वि [खानित] खुदवाया हुआ (हे ३ ५७)।
खाणी देखो खाणि (पात्र)।
खाणु } पु [स्थाणु] स्थाणु, ठूठा वृक्ष, अचल
खाणुय } (पण्ह ७, ५, हे २, ७ कम्म)।
खाद देखो खाइ = ख्याति (नक्षि ६)।
खाम सक [क्षमय्] खमाना, माफी माँगना। खामेइ (भग)। कर्म खामिज्जइ खामीअइ (हे ३, १५३)। सकृ खामेत्ता (भग)।
खाम वि [क्षाम] १ कृश, दुर्बल, 'खामपं टुकवोल' (उप ६८६ टी पाअ)। २ क्षीण, अशक्त (दे ६, ४६)।
खामण न [क्षमण] खमाना (श्रावक ३६५)।
खामणा स्त्री [क्षमणा] क्षमापना, माफी मांगना, क्षमा-याचना (सुपा ५६४, विवे ७६)।
खामिय वि [क्षमित] १ जिसके पास क्षमा मांगी गई हो वह, खमाया हुआ (विसे २३८८, हे ३, १५२)। २ सहन किया हुआ। ३ विलम्बित, विलम्ब किया हुआ, 'तिएिए अहोरत्ता पुण न खामिया मे कयतेण' (पउम ४३, ३१, हे ३, १५०)।
खाय पु [खाद] पाँचवीं नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ११)।
खायर देखो खाइर (कर्म ६)।
खार पु [क्षार] १ एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ३०) २ भुजपरिसर्प की एक जाति (सूत्र २ ३, २५)। ५ वैर, दुश्मनी (सुख १, ३)। °डाह पुन [°दाह] क्षार पकाने की भट्ठी (आचा २, १०, २)। °तन पुन [°तन्त्र] आयुर्वेद का एक भेद, वाजीकरण (ठा ८—पत्र ४२८)।
खार पु [क्षार] १ क्षरण, झरना, सचलन (ठा ८)। २ भस्म, खाक (णाया १, १२)। ३ खार, क्षार, लवण-विशेष (सूत्र १, ७)। ४ लवण, नोन (बृह ४)। ५ जानवर-विशेष (पण्ण १)। ६ सर्जिका, सज्जी (सूत्र १,४,२)। ७ वि कटु या चरपरा स्वादवाला, कटु चीज (पएण १७—पत्र ५३०)। ८ खारो चीज, नमकीन स्वादवाली वस्तु (भग ७, ६, सूत्र १, ७)। °तउसी [°त्रपुषी] कटु त्रपुषी, वनस्पति-विशेष (पएण १७)। °तिल्ल न [°तैल] खारे से संस्कृत तैल (पण्ह २, ५)। °मेह पु [°मेघ] क्षार रसवाले पानी की वर्षा (भग ७, ६)। °वत्तिय वि [°पात्रिक] क्षार-पात्र में जिमाया हुआ। २ क्षार-पात्र का आधार भूत (ओप)। °वत्तिय वि [°वृत्तिक] खार में फेंका हुआ, खार से सींचा हुआ (ओप, दसा ६)। °वावी स्त्री [°वापी] क्षार से भरी हुई वापी, कूँआ (पण्ह १, १)।
खारकिड्डी स्त्री [दे] गोधा, गोह, जन्तु विशेष (दे २, ८३)।
खारदूसण त्रि [खारदूषण] खरदूषण का, खरदूषण-सम्बन्धी (पउम ४५, १५)।
खारय न [दे] मुकुल, कली (दे २, ७३)।
खारायण पु [क्षारायण] १ ऋषि-विशेष। २ माण्डव्यगोत्र के शाखाभूत एक गोत्र (ठा ७)।
खारि स्त्री [खारी] एक प्रकार की नाप, ३४ सेर की तोल (गा ८१२)।
खारिंभरी स्त्री [खारिम्भरी] खारी-परिमित वस्तु जिसमें अट सके ऐसा पात्र भर दूध देनेवाली (गा ८१२)।
खारिक न [दे] फल-विशेष, छुहारा (सिरि ११६६)।
खारिय वि [क्षारित] १ खारित, झराया हुआ (वव ६)। २ पानी में घिसा हुआ (भवि)।
खारी देखो खारि (गा ८१२, जो १)।
खारुगणिय पु [क्षारुगणिक] १ म्लेच्छ देश-विशेष। २ उसमें रहनेवाली म्लेच्छ जाति (भग १२, २)।
खारोदा स्त्री [क्षारोदा] नदी-विशेष (राज)।
खाल सक [क्षालय्] धोना, पखारना, पानी से साफ करना। कृ खालणिज्ज (उप ३२६)।
खाल स्त्रीन [दे] नाला, मोरी, गदगी निकलने का मार्ग (ठा २, ३) स्त्री खाला (कुमा)।
खालण न [क्षालन] प्रक्षालन, पखारना (सुपा ३२८)।
खालिअ वि [क्षालित] धौत, धोया हुआ (ती १३)।
खावण न [ख्यापन] प्रतिपादन (पंचा १०, ७)।
खावणा स्त्री [ख्यापना] प्रसिद्धि प्रकथन, 'अकताए खावणाविहाए वा' (विसे)।
खाविय त वि [खाद्यमान] जिसको खिलाया जाता हो वह, 'कागणिमसाइं खावियंत' (विपा १, २—पत्र २४)।
खाविय ग वि [खादितक] जिसको खिलाया गया हो वह, 'कागणिमसखावियगा' (ओप)।
खावेत वि [ख्यापयत्] प्रख्याति करता हुआ, प्रसिद्धि करता हुआ (उप ८३३ टी)।
खास अक [कास्] खाँसना, खाँसी खाना। खासई (तदु १६)।
खास पुं [कास] रोग विशेष, खाँसी की बीमारी, खाँसी (विपा १, १, सुपा ४०४, सण)।
खासि वि [कासिन्] खाँसी का रोगवाला (सुपा ५७६)।
खासिअ न [कासित] खाँसी, खाँसना (हे १, १८१)।
खासिअ पु [खासिक] १ म्लेच्छ देश विशेष। २ उसमें रहनेवाली म्लेच्छ जाति (पण्ह १, १—पत्र १४, इक, सूत्र १, ५, १)।
खि अक [क्षि] क्षीण होना। कर्म 'खिज्जइ भवसतती' (स ६८४)। खीयति, खीयते (कम्म ६, ६६, टी)।
खिइ स्त्री [क्षिति] पृथिवी, धरा (पउम २०, १५६, स ४१६)। °गोयर पु [°गोचर] मनुष्य, मानुष, आदमी (पउम ५३, ४३)। °पइट्ठ न [°प्रतिष्ठ] नगर-विशेष (स ६)। °पइट्ठिय न [°प्रतिष्ठित] १ इस नाम का एक नगर (उप ३२० टी, स ७)। २ राजगृह नाम का नगर, जो आजकल विहार में 'राजगिर' नाम से प्रसिद्ध है (ती १०)। °सार पु [°सार] इस नाम का एक दुर्ग (पउम ८०, ३)।
खिख अक [सिङ्ख्य्] खिखि आवाज करना। खिखेइ। वकृ खिखियत (सुख २, ३३)।
खिखिणिया स्त्री [किङ्किणिका] क्षुद्र घण्टिका (उवा)।

खिंखिणी स्त्री [किङ्किणी] ऊपर देखो (ठा १०, णाया १, १, अजि २८)।

खिंखिरी स्त्री [दे] शृगाली, स्त्री सियार (दे २, ७४)।

खिंग पुं [खिङ्ग] रतीबाज, व्यभिचारी '[illegible]' (रंभा)।

खिंस सक [खिंस्] निन्दा करना, गर्हा करना, तुच्छकारना। खिंसए (आचा)। कर्म खिंसिज्जइ (बृह १)। कवकृ खिंसिज्जंत (वव ४८८)। कृ खिंसणिज्ज (णाया १ ३)।

खिंसण न [खिंसन] अवर्णवाद, निन्दा, गर्हा (पंचा)।

खिंसणा स्त्री [खिंसना] निन्दा, गर्हा (ओघ भा १३८ टी)।

खिंसा स्त्री [खिंसा] ऊपर देखो (ओघ ६०, [illegible])।

खिंसिअ वि [खिंसित] निन्दित गर्हित (ठा ६)।

खिक्खिरड पुं [दे] [illegible], गिरगिट, सरट (दे २ ७४)।

खिक्खिज्जंत वि [खिक्खीयमान] 'खि-खि' आवाज करता (पण्ह १, ३—पत्र ४६)।

खिक्खिरी स्त्री [दे] डोम वगैरह का स्पर्श टालने की लकड़ी (दे २, ७३)।

खिच्च पुं [दे] [illegible] (दे १, १३८)।

खिज्ज अक [खिद्] १ खेद करना, अफसोस करना। २ उद्विग्न होना, थक जाना। खिज्जइ, खिज्जए ([illegible] ३०, गउड [illegible] ८७३)। कृ खिज्जियव्व (महा; गा ५१३)।

खिज्जणिआ स्त्री [खेदनिका] खेद-क्रिया [illegible] (णाया १, १६—पत्र २०७)।

[illegible] न [दे] [illegible] (दे [illegible])।

[illegible] वि [खिन्न] १ [illegible]। २ न [illegible] (णाया १, ८—पत्र १६४)।

[illegible] न [illegible] [illegible] ([illegible])।

[illegible] ([illegible])।

खिड्ड न [खेल] खेल, क्रीडा, मजाक, 'खिड्डेण मए भणिश्रं एयं' (सुपा ३०२), 'बालत्तणए खिड्डपरो गमेइ' (सत्त ६८)। °कर वि [°कर] खेल करनेवाला, मजाक करनेवाला (सुपा ७८)।

खिण्ण वि [खिन्न] १ खिन्न, खेद प्राप्त। २ श्रान्त थका हुआ (दे १, १२४, गा २२६)।

खिण्ण देखो खाण (प्राप)।

खित्त वि [क्षिप्त] १ फेंका हुआ (सुर ३, १०२, सुपा २५७)। २ प्रेरित (दे १, ६३)। °डत्त, °चित्त वि [°चित्त] भ्रान्त-चित्त, विक्षिप्त-मनस्क, पागल (ठा ५, २, ओघ ४६७, ठा ५, १)। °मण वि [मनस्] चित्त भ्रमवाला (महा)।

खित्त देखो खेत्त (श्रणु, प्रासू, पडि)। °देवया स्त्री [°देवता] क्षेत्र का अधिष्ठायक देव (श्रा ४७)। °वाल पु [पाल] देव-विशेष, क्षेत्र-रक्षक देव (सुपा १५२)।

खित्तज पु [क्षेत्रज] गोद लिया हुआ लडका, 'खित्तज सुएणावि कुल नट्ठउ (कुप्र २०८)।

खित्तय न [क्षिप्तक] छन्द विशेष (अजि २४, २५)।

खित्तय न [दे] १ अनर्थ, नुकसान। २ वि. दीप्त, प्रज्वलित (दे २, ७६)।

खित्तअ वि [क्षैत्रिक] १ क्षेत्र-सम्बन्धी। २ पु व्याधि-विशेष, 'तानुपुड गरनाए जह बहुवाहीए खित्तिश्रो वाही' (श्रा १२)।

खिन्न देखो खिण्ण = खिन्न (पाश्र, महा)।

खिप्प अक [क्लृप्] १ समर्थ होना। २ दुर्बल होना। खिप्पइ (षड्भि ३५)।

खिप्प वि [क्षिप्र] शीघ्र, त्वरा युक्त। °गइ वि [°गति] १ शीघ्र गतिवाला। २ पु अमितगति इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ८, १)।

खिप्पं अ [क्षिप्रम्] तुरन्त, शीघ्र, जल्दी (प्रासू ३०, पडि)।

खिप्पंत देखो खिव।

खिप्पामेव अ [क्षिप्रमेव] शीघ्र ही, तुरन्त ही (जं ३, महा)।

खिमा स्त्री [क्ष्मा] पृथिवी (षड्)।

खिर अक [क्षर] १ गिरना, गिर पड़ना। २ टपकना, चूना। खिरइ (हे ४, १७३)। [illegible] (पउम १० [illegible])।

खिरिय वि [क्षरित] १ टपका हुआ। २ गिरा हुआ (पाश्र)।

खिल न [खिल] अकृष्ट-भूमि, ऊसर जमीन (पण्ह १, २—पत्र २६)।

खिलीकरण न [खिलीकरण] खाली करना, शून्य करना, 'भुवजणघोरखिलीकरणकवाडश्रो वेमवाडश्रो' (मै ८)।

खिल्ल सक [कीलय्] रोकना, रुकावट डालना, 'भणइ इमाए बन्धव। गमणे खिल्लेमि कड्डिउ रेहं' (सुपा १३७)।

खिल्ल अक [खेल्] क्रीडा करना, खेल करना, तमाशा करना। वकृ खिल्लंत (सुपा ३६६)।

खिल्ल पुं [दे] फोडा, फुनसी, गुजराती मे 'खील' (तदु ३८)।

खिल्लण न [खेलन] खिलौना, खेलनक (सुर १५, २०८)।

खिल्लहड } पु [दे खिल्लहड] कन्द विशेष
खिल्लहल } (श्रा २०, धर्म २)।

खिल्लुहडा स्त्री [दे] कन्द विशेष (सबोध ४४)।

खिव सक [क्षिप्] १ फेंकना। २ प्रेरना। ३ डालना। खिवइ, खिवेइ (महा)। वकृ खिवेमाण (णाया १, २)। कवकृ खिप्पंत (काल)। सकृ. खिविउ (कम्म ४, ७४)। कृ खिवियव्व (सुपा १५०)।

खिवण न [क्षेपण] १ फेंकना, क्षेपण (से १२, ३६)। २ प्रेरण, इधर-उधर चलाना (से ५, ३)।

खिविय वि [क्षिप्त] १ क्षिप्त, फेंका हुआ। २ प्रेरित (सुपा २)।

खिव्व देखो खिव। संकृ 'श्रह खिव्विऊण मज्झ, पोए ते पत्थिया रयणभूमिं' (धम्म १० टी)।

खिस अक [दे] सरकना, खिसकना। गह 'सह नियगामे गच्छन्तस्स खिसिऊण वाहणा-हिन्तो पडिय (सुपा ५२७, ५२८)।

खीण देखो खिण्ण = खिन्न, 'तहेव सुरय-खीणो' (पउम ३२, ३)।

खीण वि [क्षीण] १ क्षय-प्राप्त, नष्ट, विच्छिन्न (सम्म ६० [illegible] २, ३)। २ दुर्बल, कृश (अग २ ५)। °दुह वि [°दुःख] दुःख-रहित ([illegible] ४५)। °मोह वि [°मोह] १ जिसका मोह नष्ट हो गया हो [illegible] (ठा ३

४) । २ न बारहवाँ गुण-स्थानक (सम २६) । °राग वि [°राग] १ वीतराग, राग-रहित । २ पुं जिनदेव, तीर्थंकर देव (गच्छ १) ।

खीयमाण वि [क्षीयमाण] जिसका क्षय होता जाता हो वह (गा ६८६ टी) ।

खीर न [क्षीर] बेला, दो दिन का उपवास (संबोध ५८) । °डिंडिर पु [°डिण्डीर] देव-विशेष (कुप्र ७६) । °डिंडिरा स्त्री [°डिण्डीरा] देवी-विशेष (कुप्र ७६) । °वर पु [°वर] १ समुद्र-विशेष । २ द्वीप विशेष (सुज्ज १६) ।

खीर न [क्षीर] १ दुग्ध, दूध (हे २, १७, प्रासू १३ १६८) । २ पानी, जल (हे २, १७) । ३ पु क्षीरवर समुद्र का अधिष्ठायक देव (जीव ३) । ४ समुद्र विशेष, क्षीर-समुद्र (पउम ६६, १८) । °कयंब पुं [°कदम्ब] इस नाम का एक ब्राह्मण-उपाध्याय (पउम २१, ६) । °काओली स्त्री [°काकोली] वनस्पति-विशेष, खीरविदारी, (पण्ण १) । °जल पु [°जल] क्षीर समुद्र, समुद्र-विशेष (दीव) । °जलनिहि पुं [°जलनिधि] वही पूर्वोक्त अर्थ (सुपा २६५) । °दुम, °द्दुम पु [°द्रुम] दूधवाला पेड, जिसमे दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति (ओघ ३४६, निचू १) । °धाई स्त्री [°धात्री] दूध पिलानेवाली दाई (णाया १, १) । °पूर पु [°पूर] उबलता हुआ दूध (पण्ण १७) । °प्पभ पु [°प्रभ] क्षीरवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३) । °मेह पु [°मेघ] दूध-समान स्वादवाले पानी की वर्षा (तित्थ) । °वई स्त्री [°वती] प्रभूत दूध देनेवाली (बृह ३) । °वर पु [°वर] द्वीप-विशेष (जीव ३) । °वारि न [°वारि] क्षीर समुद्र का जल (पउम ६६, १८) । °हर पु [°गृह, °वर] क्षीर-सागर (वज्जा २४) । °सव पु [°श्रव] लब्धि-विशेष, जिसके प्रभाव से वचन दूध की तरह मधुर मालूम हो । २ ऐसी लब्धिवाला जीव (पण्ह २, १, औप) ।

खीरइय वि [क्षीरकित] सजात क्षीर, जिसमे दूध उत्पन्न हुआ हो वह, 'तए ण माली पत्तिया वत्तिआ गब्भिया पसूया आगयगन्धा खीरा (? र) इया बद्धफला' (णाया १, ७) ।

खीरि वि [क्षीरिन्] १ दूधवाला । २ पुं जिसमे दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति (उप १०३१ टी) ।

खीरिज्जमाण वि [क्षीर्यमाण] जिसका दोहन किया जाता हो वह (आचा २, १, ४) ।

खीरिणी स्त्री [क्षीरिणी] १ दूधवाली (आचा २, १, ४) । २ वृक्ष-विशेष (पण्ण १ — पत्र ३१) ।

खीरी स्त्री [क्षैरेयी] खीर, पक्वान्न-विशेष (सुपा ६३६, पाअ) ।

खीरोअ पुं [क्षीरोद] समुद्र-विशेष, क्षीर-सागर (हे २, १८२, गा ११७, गउड, उप ५३० टी, स ३४४) ।

खीरोआ स्त्री [क्षीरोदा] इस नाम की एक नदी (इक ठा २, ३) ।

खीरोद देखो खीरोअ (ठा ७) ।

खीरोदक, खीरोदय पु [क्षीरोदक] क्षीर-सागर (णाया १, ८, औप) ।

खीरोदा देखो खीरोआ (ठा ३, ४—पत्र १६१) ।

खील, खीलग, खीलय पु [कील, °क] खीला, खूँट, खूँटी (स १०६, सूअ १, ११, हे १, १८१, कुमा) । °मग्ग पु [°मार्ग] मार्ग-विशेष, जहाँ धूली ज्यादा रहने से खूँटे के निशान बनाये गये हो (सूअ १, ११) ।

खीलावण न [क्रीडन] खेल कराना, क्रीडा कराना । °धाई स्त्री [°धात्री] खेल कूद करानेवाली दाई (णाया १, १—पत्र ३७) ।

खीलिया देखो कीलिआ (जीवस ४८) ।

खीलिया स्त्री [कीलिका] छोटी खूँटी (आवम) ।

खीव पु [क्षीव] मद-प्राप्त, मदोन्मत्त, मस्त (दे, ८, ६३) ।

खु अ [खलु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ निश्चय, अवधारण । २ वितर्क, विचार । ३ सशय, सदेह । ४ सभावना । ५ विस्मय, आश्चर्य (हे २, १९८, षड्, गा ६, १४२, ४०१, स्वप्न ६, कुमा) ।

खु° देखो खुहा (पण्ह २ ४, सुपा १६८, णाया १, १३) ।

खुइ स्त्री [क्षुति] १ छींक । २ छींक का निशान (णाया १, १६, भग ३, १) ।

खुइअ वि [दे] १ विच्छिन्न । २ विख्यात, शान्त, 'खुइया चिया' (कुप्र १४०) ।

खुखुणय पु [दे] नाक का छिद्र (दे २, ७६, पाअ) ।

खुखुणी स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे २ ७६) ।

खुगाह पु [दे] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६) ।

खुंट पुं [दे] खूँट खूँटी । °मोडय वि [°मोटक] १ खूँटे को मोडनेवाला, उससे छूटकर भाग जानेवाला । २ पु. इस नाम का एक हाथी (नाट—मृच्छ ८४) ।

खुडअ वि [दे] स्खलित, स्खलना-प्राप्त (दे २, ७१) ।

खुद (शौ) सक [क्षुद्] १ जाना । २ पीसना, कूटना । खुददि (प्राकृ ६३) ।

खुद अक [क्षुध्] भूख लगना । खुदइ (प्राकृ ६६) ।

खुपा स्त्री [दे] वृष्टि को रोकने के लिए बनाया जाता एक तृणमय उपकरण (दे २, ७५) ।

खुभण वि [क्षोभण] क्षोभ उपजानेवाला (पण्ह १, १—पत्र २३) ।

खुज्ज अक [परि + अस्] १ फेंकना । २ निराम करना । खुज्जइ (प्राकृ ७२) ।

खुज्ज, खुज्जय वि [कुब्ज] १ कूबडा । २ वामन (हे १, १८१, गा ५३४) । ३ वक्र, टेढा (ओघ) । ४ एक पार्श्व से हीन (पव ११०) । ५ न सस्थान-विशेष, शरीर का वामन आकार (ठा ६, सम १४६, औप) । स्त्री. खुज्जा (णाया १, १) ।

खुज्जिय वि [कुब्जिन्] कूबडा (आचा) ।

खुट्ट सक [तुड्] १ तोडना, खण्डित करना, टुकडा करना । २ अक खूटना, क्षीण होना । ३ टूटना, त्रुटित होना । खुट्टइ (नाट—साहित्य २२६, हे ४, ११६), खुट्टति (उव) ।

खुट्ट वि [दे] त्रुटित, खण्डित, छिन्न (हे २, ७४, भवि) ।

खुड देखो खुट्ट = तुड् । खुडइ (हे ४, ११६) । खुडंति (से ८, ४८) । वकृ 'पवगभिन्नमरथया

खुट्टंतदिणसेसियं (पउम ५३, ११२ स ४४८)। संकृ खुट्टिऊण (स ११३)।

खुट्टय देखो खुट्टुय = (दे)। खुट्टए (धर्मवि ८१)।

खुट्टिअ [दे] देखो खुट्टुक्किअ (गा २२६)।

खुट्टिअ वि [खण्डित] त्रुटित खण्डित, विच्छिन्न (हे १, ५३; षड्)।

खुट्टुअ सक [अप + क्रमय्] हटाना, दूर करना। खुट्टुइ (प्राकृ ७०)।

खुट्टुअ अक [दे] १ नीचे उतरना। २ स्खलित होना। ३ शल्य की तरह चुभना। ४ गुस्सा से मौन रहना। खुट्टुइ (हे ४, ३९५)। वकृ खुट्टुअंत (कुमा)।

खुट्टुक्किअ वि [दे] १ शल्य की तरह चुभा हुआ, गड़ा हुआ (गा ३५५)। २ रोष-युक्त गुस्सा से मौन धारण करनेवाला। स्त्री °आ (गा २२६ अ)।

खुड्ड } वि [दे क्षुद्र क्षुद्रक] १ लघु, छोटा (दे २, ७४; स्वप्न; दस ३; आचा २, २, ३; उत १)। २ नीच, अधम दुष्ट (पुप्फ ४४१)। ३ पु छोटा साधु, लघु शिष्य (सूत्र १, ३, २)। ४ पुन अङ्गुलीय-विशेष, एक प्रकार की अंगूठी (औप, उप २०४)।
खुड्डग }

खुड्डमड्डा स्त्री [दे] १ बहु अन्तर। २ फिर-फिर (तिर २०)।

खुड्डय देखो खुड्डग (हे २, १७४; षड्; कप्प; [illegible] ८, ३४; णाया १, १)।

खुड्डाग } देखो खुड्डग (आचा; पण्ण ३६; णाया १, ७; कप्प)। °णियंठ न [°निर्ग्रन्थ] उत्तराध्ययन सूत्र का छठवाँ अध्ययन (उत ६)।
खुड्डाय }

खुड्डिअ न [दे] सुरत, मैथुन, संभोग (दे २, ७५)।

खुड्डिआ स्त्री [दे क्षुद्रिका] १ छोटी, लघ्वी (ठा २, ३; आचा २ २, ३)। २ तालाब, खोदा हुआ छोटा तलाव (ठा १; पण्ह २ ४)।

खुड्डुक्कडिआ स्त्री [दे] मल, नाक का मैल [illegible] (दे २, ७१)।

खुण्ण वि [क्षुण्ण] १ चूर्णित (स ४४४, [illegible])। २ चूर्णित (दे २, ७४)। ३ [illegible]
नीत, 'अजरामरपहखुण्णा णाह सरणं मुकय-पुण्णा' (चउ ३८, सया)।

खुण्ण वि [दे] परिवेष्टित (दे २, ७५)।

खुत्त वि [दे] निमग्न, डूबा हुआ (दे २, ७८; णाया १, १; गा २७६, ३२४; सया, गउड)।

°खुत्तो अ [°कृत्वस्] वार, दफा (उव; सुर १४, ६१)।

खुद्द वि [क्षुद्र] तुच्छ, नीच, दुष्ट, अधम (पण्ह १, १; ठा ६)।

खुद्द न [क्षौद्र्य] क्षुद्रता, तुच्छता, नीचता (उप ६१५)।

खुद्दिमा स्त्री [क्षुद्रिमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

खुद्ध वि [क्षुब्ध] क्षोभ प्राप्त, घबड़ाया हुआ (सुपा ३२५)।

खुधा स्त्री [क्षुध्] भूख (धर्मसं १०६२)।

खुधिय वि [क्षुधित] क्षुधातुर, भूखा (सूत्र १, ३, १)।

खुन्न देखो खुण्ण = क्षुण्ण (पि ५६८)।

खुन्न देखो खुण्ण = (दे) (पात्र)।

खुप्प सक [प्लुप्] जलाना। खुप्पइ (प्राकृ ६५)।

खुप्प अक [मस्ज्] डूबना, निमग्न होना। खुप्पइ (हे ४, १०१)। वकृ खुप्पंत (गउड, कुमा, ओघ २३, से १३, ६७)। हेकृ खुप्पिउ (तदु)।

खुप्पिवासा स्त्री [क्षुत्पिपासा] भूख और प्यास (पि ३१८)।

खुब्भ अक [क्षुभ्] १ क्षोभ पाना, क्षुभित होना। २ नीचे डूबना। वकृ खुब्भंत (ठा ७—पत्र ३८३)।

खुब्भण न [क्षोभण] क्षोभ, घबराहट (राज)।

खुभ अक [क्षुभ्] डरना, घबड़ाना। खुभइ (स्वप्न १८)। कृ खुभियव्व (पण्ह २,३)।

खुभिय वि [क्षुभित] १ क्षोभ-युक्त, घबड़ाया हुआ (पण्ह २, ३)। २ न क्षोभ, घबराहट (आव)। ३ मन्थन, भ्रमण (कुम्मा ३)।

खुम्म अक [क्षुभ्] भूख लगना। खुम्मइ (प्राकृ ६)।

खुम्मिय वि [दे] गठित, रचाया हुआ (णाया १, १—पत्र ५३)।

खुय न [क्षुत] छींक (चेइय ४३३)।

खुर पु [खुर] जानवर के पाँव का नख (सुर १, २४८; गउड, प्रासू १७१)।

खुर पु [क्षुर] छूरा, उस्तरा (णाया १, ८; कुमा प्रयो १०७)। °पत्त न [°पत्र] अस्तुरा या उस्तरा, छूरा (विपा १, ६)।

खुरप्प पुन [क्षुरप्र] एक तरह का जहाज (सिरि ३८३)।

खुरप्प पुं [क्षुरप्र] १ घास काटने का अस्त्र-विशेष, खुरपा (सम १३८)। २ शर विशेष, एक प्रकार का बाण (वेणी ११७)।

खुरसाण पु [खुरशान] १ देश-विशेष (पिंग)। २ खुरशान देश का राजा (पिंग)।

खुरहखुडी स्त्री [दे] प्रणय-कोप (षड्)।

खुरासाण देखो खुरसाण (पिंग)।

खुरि वि [खुरिन्] खुरवाला जानवर (श्राव ३)।

खुरु पु [खुरु] प्रहरण-विशेष, आयुध-विशेष (सुर १३, १९३)।

खुरुडुक्खुडी स्त्री [दे] प्रणय-कोप (दे २, ७६)।

खुरुप्प देखो खुरप्प (पउम ५६, १६, स १८४)।

खुल्ल क [दे] वह गाँव जहाँ साधुओं को भिक्षा कम मिलती हो या भिक्षा में घृत आदि न मिलता हो (वव १)।

खुल्ल देखो खुम्म। खुल्लइ (प्राकृ ६६)।

खुल्लिअ देखो खुडिअ (पिंग)।

खुलुह पु [दे] गुल्फ, पैर की गाँठ, फीली (दे २, ७५; पाअ)।

खुल्ल न [दे] कुटी, कुटीर (दे २, ७४)।

खुल्ल } वि [क्षुद्र, °क] १ छोटा, लघु
खुल्लग } क्षुद्र (पण्ण १)। २ पुं. द्वीन्द्रिय जीव विशेष (जीव १)।

खुल्लग देखो खुड्डग (सुज्ज २७९)।

खुल्लण (अप) देखो खुड्ड (पिंग)।

खुल्लय वि [क्षुल्लक] १ लघु क्षुद्र, छोटा (भवि)। २ कपर्द-विशेष, एक प्रकार की कौड़ी (णाया १, १८—पत्र २३५)।

खुल्लासय पु [दे] खलासी, जहाज का कर्मचारी-विशेष (सिरि ३८५)।

खुल्लिरी स्त्री [दे] संध्या (दे २, ७०)।

खुव पुं [क्षुप] जिसकी शाखा और मूल छोटे होते हैं ऐसा वृक्ष (णाया १ १—पत्र ६५)।
खुवय पुं [दे] तृण-विशेष, कण्टकि-तृण, कँटीला घास (दे २, ७५)।
खुव्व देखो खुभ। खुव्वइ (पड्)।
खुरअ न [दे] पत्ते का पुड़वा दोना (वव २)।
खुह देखो खुभ। कृ खुहियव्व (सुपा ६१६)।
खुहा स्त्री [क्षुध्] भूख, बुभुक्षा (महा प्रासू १७३)। °परिसह, °परीसह पुं [°परिषह, °परीषह] भूख की वेदना को शान्ति से सहन करना (उत्त २, पचा १)।
खुहिअ वि [क्षुभित] १ क्षोभ-प्राप्त (से ९, ४६, सुपा २४१)। २ क्षोभ, सम्भ्रम (ओघ ७)।
खूण न [क्षूण] नुकसान, हानि (सुर ४, ११३, महा)। २ अपराध, गुनाह (महा)। ३ न्यूनता, कमी (सुपा ७, ४३०)।
खेअ सक [खेदय्] खिन्न करना, खेद उपजाना। खेएइ (विसे १४७२, महा)।
खेअ पुं [खेद] १ खेद, उद्वेग, शोक (उत्त ७२८ टी)। २ तकलीफ, परिश्रम (स ३१५)। ३ संयम विरति (उत्त १५)। ४ थकावट, श्रान्ति (आचा)। °ण्ण, °न्न वि [°ज्ञ] निपुण, कुशल, चतुर, जानकार (उप ६०८, ओघ ६४७)।
खेअ देखो खेत्त (सूअ १, ६ आचा)।
खेअ पु [क्षेप] त्याग, मोचन (से १२, ४८)।
खेअण न [खेदन] १ खेद, उद्वेग। २ वि खेद उपजानेवाला (कुमा)।
खेअर देखो खयर (कुमा, सुर ३,६)। °ाहिव पु [°ाधिप] विद्याधरों का राजा (पउम २८, ५७)। °ाहिवइ पु [°ाधिपति] विद्याधरों का राजा (पउम २८, ८८)।
खेअरिंद पुं [खेचरेन्द्र] खेचरों का राजा (पउम ६, ५२)।
खेअरी देखो खहयरी (कुमा)।
खेआलु वि [दे] १ निःसह, मन्द, आलसी। २ असहिष्णु ईर्ष्यालु (दे २, ७७)।
खेइय वि [खेदित] खिन्न किया हुआ (स ६३४)।
खेचर देखो खेअर (ठा ३, १)।
खेज्जणा स्त्री [खिदना] खेद-सूचक वाणी, खेद (णाया १ १८)।
खेड सक [कृष्] खेती करना, चास करना। खेडइ (सुपा २७६), 'अह अन्नया य दुन्निवि हलाइ खेडंति अप्पणच्चेव' (सुपा २३७)।
खेड सक [खेटय्] हाँकना। खेडए (चेइय ३३७, कुप्र ७१)।
खेड न [खेट] १ धूली का प्राकारवाला नगर (औप, पण्ह १, २)। २ नदी और पर्वतों से वेष्टित नगर (सूअ २, २)। ३ पु मृगया, शिकार (भवि)।
खेडग न [खेटक] फलक, ढाल (पण्ह १, ३)।
खेडण न [कर्षण] खेती करना (सुपा २३७)।
खेडण न [खेटन] खदेड़ना, पीछे हटाना (उप २२६)।
खेडणअ न [खेलनक] खिलौना (नाट—रत्ना ६२)।
खेडय पुं [क्ष्वेटक] १ विष, जहर (हे २, ६)। २ ज्वर-विशेष (कुमा)।
खेडय वि [स्फेटक] नाशक, नाश करनेवाला (हे २ ६, कुमा)।
खेडय न [खेटक] छोटा गाँव (पाअ, सुर २, १६२)।
खेडायग वि [खेलक] खेल करनेवाला, तमासगिर (उप पृ १८८)।
खेडिअ वि [कृष्ट] हल से विदारित (दे १, १३६)।
खेडिअ पु [स्फेटिक] १ नाशवाला, नश्वर। २ अनादरवाला (हे २, ६)।
खेड्ड अक [रम्] क्रीडा करना, खेल करना। खेड्डइ (हे ४, १६८)। खेड्डंति (कुमा)।
खेड्ड, खेड्डय } न [खेल] १ क्रीडा, खेल, तमाशा, मजाक (हे २, १७४, महा, सुपा २७ न ५०६)। २ बहाना, छल, 'मय-खेड्डय विहेऊण' (सुपा ५२३)।
खेड्डा स्त्री [क्रीडा] क्रीडा, खेल, तमाशा (ओघ, पउम ८, ३७, गच्छ २)।
खेड्डिया स्त्री [दे] वारी दफा, 'भद्द! पच्छिमा खेड्डिया' (स ८८५)।
खेत्त पुन [क्षेत्र] १ आकाश (विसे २०८८)। २ कृषि भूमि, खेत (बृह १)। ३ जमीन, भूमि। ४ देश, गाँव, नगर वगैरह स्थान (कप्प, पंच विसे)। ५ भार्या, स्त्री (ठा १०)। °कप्प पु [°कल्प] १ देश का रिवाज (बृह ६)। २ क्षेत्र-सबन्धी अनुष्ठान। ३ ग्रन्थ-विशेष, जिसमें क्षेत्र-विषयक आचार का प्रतिपादन हो (पच्च)। °पलिओवम न [°पल्योपम] काल का नाप-विशेष (अणु)। °ारिय पु [°ार्य] आर्य भूमि में उत्पन्न मनुष्य (पण्ण १)। देखो खित्त = क्षेत्र।
खेत्तय पु [क्षेत्रक] राहु (सुज्ज २०)।
खेत्ति वि [क्षेत्रिन्] क्षेत्रवाला, क्षेत्र का स्वामी (विसे १८९२)।
खेम न [क्षेम] १ कुशल, कल्याण, हित (पउम ६५, १७, गा ४६६, भत्त ३६, रयण ६)। २ प्राप्त वस्तु का परिपालन (णाया १, ५)। ३ वि कुशलता-युक्त, हित-कर, उपद्रव-रहित (णाया १, १, दस ७)। ४ पु. पाटलिपुत्र के राजा जितशत्रु का एक अमात्य (आचू १)। °पुरी स्त्री [°पुरी] १ नगरी-विशेष (पउम २०, ७)। २ विदेह-वर्ष की एक नगरी (ठा २, ३)।
खेमंकर पु [क्षेमङ्कर] १ कुलकर पुरुष-विशेष (पउम ३, ५२)। २ ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ कुलकर पुरुष (सम १५३)। ३ ग्रह-विशेष ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। ४ स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि (पउम २१, ८०)। ५ वि कल्याण-कारक, हित-जनक (ठा २११ टी)।
खेमंधर पु [क्षेमन्धर] १ कुलकर पुरुष-विशेष (पउम ३,५२) ऐरवत क्षेत्र का पाँचवाँ कुलकर पुरुष-विशेष (सम १५३)। ३ वि. क्षेम-धारक उपद्रव-रहित (राज)।
खेमग पु [क्षेमक] स्वनाम-प्रसिद्ध एक अन्त-कृद् जैनमुनि (अंत)।
खेमराय पु [क्षेमराज] राजा कुमारपाल का एक पूर्व पुरुष (कुप्र ५)।
खेमलिज्जिया स्त्री [क्षेमलिया] जैनमुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।
खेमा स्त्री [क्षमा] १ विदेह वर्ष की एक नगरी (ठा २, ३)। २ क्षेमपुरी-नामक नगरी-विशेष (पउम २०, १०)।

खेर पुं [दे] एक म्लेच्छ जाति (मृच्छ १५२)।

खेरि स्त्री [दे] १ परिशाटन, नाश "घणखेरिं गयं (सुर २)। २ खेद, उद्वेग। ३ उत्कंठा, उत्सुकता (भवि)।

खेल अक [खेल्] खेलना, क्रीडा करना, तमाशा करना। खेलइ (कुमा), खेलए (गा १०६)। वकृ. खेलंत (वि २०६)।

खेल पुं [दे] [illegible] (सिरि ८८४)।

खेल वि [खेल] [illegible], नाटक का पात्र (कप्पु ६)। स्त्री °लिया (कप्पु ६)।

खेल पुं [श्लेष्मन्] श्लेष्मा, कफ, निष्ठीवन, थूक (सम १०, औप, कप्प पडि)।

खेलण) न [खेलन, °क] १ क्रीडा,
खेलणय) खेल। २ खिलौना (श्राव, स १२७)।

खेलोसहि स्त्री [श्लेष्मौषधि] १ लब्धि-विशेष जिससे श्लेष्म औषधि का काम देने लगे (पव २, १ सति ३)। २ वि, ऐसी शक्तिवाला (श्रावम पत्र २७०)।

खेव सक देखो खेव = क्षिप्। खेवइ (वि २०६)। कृ. खेवणीय (स ८८)। प्रयो. खेवावेऊण (वि २०६)।

खेव देखो खेड = [illegible] (राज)।

खेवग देखो खेवग (स २६५)।

खेवणग) न [क्षेपणक] १ फेंकना,
खेवणय) [illegible]। २ न [illegible] (उप १८२ टी)। °धाई स्त्री [°धात्री] [illegible] (राज)।

खेविय न [दे] रुदित, हँसी, ठट्ठा (दे २, ७६)।

खेसुड देखो खसुड (राज)।

खेह पुं [खेद] १ [illegible] (उप ७२८ टी)। २ [illegible] (सिरि ६९२)। ३ [illegible] (पउम ८ ८१ ८४)।

खेह पुं [खेद] [illegible] (स ७३४)।

खेह पुं [खेट] [illegible] '[illegible]' (पउम ६७, २२)।

खेहण न [खेलन] [illegible] (सुपा १ २)।

खेहिय वि [खेदित] [illegible] (स २१२)।

खेविय वि [खेदित] खिन्न किया हुआ (भवि)।

खेह पुन [दे] धूली, रज, 'वग्गिरतुरगखर-खुरक्खयखेहुल्लरिक्खपह' (सुर ११, १७१)।

खोअ पुं [क्षोद] १ इक्षु, ऊख। २ द्वीप-विशेष, क्षुद्रवर द्वीप। ३ समुद्र-विशेष, क्षुद्रवर समुद्र (अणु ९०)।

खोइय वि [दे] विच्छेदित, 'सव्वे सयो खोइया' (सुर २ १५)।

खोडदय पुं [क्षोदोदक] समुद्र-विशेष (सूअ १, ६, २०)।

खोओद देखो खोदोद (सुज १९)।

खोटग) पुं [दे] खूँटी, खूँटा (उप २७८
खोटय) स २६३)।

खोक्कअ अक [खोक्क्] वानर का बोलना, बन्दर का आवाज करना। खोक्कइ (गा १८१ अ)।

खोक्खा) स्त्री [खोक्खा] वानर की आवाज
खोखा) (गा ५३२)।

खोखुब्भ अक [चोक्षुभ्य्] अत्यन्त भयभीत होना, विशेष व्याकुल होना। वकृ. खोखु-ब्भमाण (औप पण्ह १,३)।

खोज्ज पुन [दे] मार्ग-चिह्न (सति ८७)।

खोट्ट सक [दे] खटखटाना, ठकठकाना, ठोकना। कवकृ. खोट्टिज्जंत (ओघ ५९७ टी)। संकृ. खोट्टेउ (ओघ ५९७ टी)।

खोट्टिय [दे] बनावटी लाठी (निसीचूर्णि पत्र १८६)।

खोट्टी स्त्री [दे] दासी, नौकरानी (दे २, ७७)।

खोट पुं [स्फोट] फोटा (प्राप १८)।

खोड पुं [दे] १ सीमा-निर्धारक काष्ठ, खूँटा। २ वि धार्मिक, धर्मिष्ठ (दे २, ८०)। ३ खल, मत्सर (दे २, ८०, पिंग)। ४ भाण्डागार, निधार (मृच्छ १८३)। ५ प्रदेश, जगह, 'जिणचेऊरि स्खोडे' (ओघ ७६ भा)। ६ प्रस्फोटन प्रमार्जन (श्राव २६५)। ७ न. राजकुल में देने योग्य सुवर्ण वगैरह द्रव्य (वव १)।

खोडपक्खोडि पुं [दे] मधुर काष्ठ की धनि (दे २, ७०)।

खोडय पुं [स्फोटक] स्फोटक से पानी लिखी रेखा (दे २, ६)।

खोडय पुं [स्फोटक] फोड़ा, फुंसी (हे २, ६)।

खोडिय पुं [खोटिक] गिरनार पर्वत का क्षेत्रपाल देवता (ती २)।

खोडी स्त्री [दे] १ बड़ा काष्ठ (पण्ह १, ३—पत्र ५८)। २ काष्ठ की एक प्रकार की पेटी (महा)। ३ लकड़ी लाठी (३ श्रावक हारि पत्र ४२१)।

खोणि स्त्री [क्षोणि] पृथिवी, धरणी (गउ)। °वइ पुं [°पति] राजा, भूपति (उप ७६८ टी)।

खोणिद पुं [क्षोणीन्द्र] राजा, भूमिपति (गउ)।

खोणी देखो खोणि (सुर १२, ६१, सुपा २३८, रंभा)।

खोद पुं [क्षोद] १ चूर्णन, विदारण (भग १७, ८)। २ इक्षु-रस, ऊख का रस (सूअ १,६)। °रस पुं [°रस] समुद्र-विशेष (दीव)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (जीव ३)।

खोद पुं [क्षोद] चूर्ण, बुकनी (हम्मीर ३४)।

खोदोअ) पुं [क्षोदोद] १ समुद्र-विशेष,
खोदोद) जिसका पानी इक्षु-रस के तुल्य मधुर है (जीव ३, इक)। २ मधुर पानीवाली वापी (जीव ३)। ३ न मधुर पानी, इक्षु-रस के समान मिठा जल (पण्ण १)।

खोद्द न [क्षौद्र] मधु, शहद (भग ७, ६)।

खोभ सक [क्षोभय्] १ विचलित करना, धैर्य से च्युत करना। २ आश्चर्य उपजाना। ३ रज पैदा करना। खोभेइ (महा)। वकृ. खोभंत (पउम ३, ६६, सुपा ८९३)। हेकृ. खोभित्तए, खोभइउ (उवा। पि ३१९)।

खोभ पुं [क्षोभ] १ विचलता, संभ्रम (भाव ५)। २ इस नाम का एक रावण का सुभट (पउम ५६, ३२)।

खोभण न [क्षोभण] क्षोभ उपजाना, विचलित करना, 'तेलोक्कखोभणकरं' (पउम २, ८२, महा)।

खोभिय वि [क्षोभित] विचलित किया हुआ (पउम ११७, ३१)।

खोम) न [क्षौम] १ कार्पासिक वस्त्र,
खोमग) कपास का बना हुआ वस्त्र (णाया

१, १—पत्र ४३ टी, उवा १)। २ सन का बना हुआ वस्त्र (सम १२३, भग ११, ११, पराह २, ४)। ३ रेशमी वस्त्र (उप १४६, स २००)। ४ वि. अतसी संबधी, सन-सबन्धी, (ठा १०, भग १, १ ११)। °पसिण न [°प्रश्न] विद्या विशेष, जिससे वस्त्र मे देवता का आह्वान किया जाता है (ठा १०)।

खोमिय न [क्षौमिक] १ कपास का बना हुआ वस्त्र (ठा ३, ३)। २ सन का बना हुआ वस्त्र (कप्प)।

खोमिय वि [क्षौमिक] १ रेशम सम्बन्धी। २ सन-सम्बन्धी (पव १२७)।

खोय देखो खोट (सम १५१, इक)।

खोर } न [दे] पात्र-विशेष, कचोलक, कटोरा
खोरय } (उप पृ १३५, गादि)।

खोल पु [दे] १ छोटा गधा (दे २, ८०)। २ वस्त्र का एक देश (दे २, ८०, ५, ३०, वृह १)। ३ मद्य का नीचला कीट कर्दम (आचा २, १, ८, वृह १)।

खोल पु [दे] गुप्तचर, जासूस (पिंड १२७)।

खोल्ल न [दे] कोटर, गह्वर 'खोल्ल कोत्थर' (निचू १५)।

खोसलय वि [दे] दन्तुल, लम्बे और बाहर निकले हुए दांतवाला (दे २, ७७)।

खोसिय वि [दे] जीर्ण-प्राय किया हुआ (पिंड ३२१)।

खोह देखो खोभ = क्षोभय्। खोहइ (भवि)। वकृ खोहेंत (से १५ ३३)। कवकृ. खोहिज्जंत (से २, ३)।

खोह देखो खोभ = क्षोभ (पराह १, ४, कुमा सुपा ३६७)।

खोहण देखो खोभण (श्रा १२, सुपा ५०२)।

खोहिय देखो खोभिय (सण)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे खआराइसद्दसंकलणो एआरहमो तरंगो समत्तो ॥

ग

ग पुं [ग] व्यञ्जन-वर्ण विशेष, इसका स्थान कण्ठ है (प्रामा, प्राप)।

°ग वि [°ग] १ जानेवाला। २ प्राप्त होनेवाला, जैसे—पारग, वसग (आचा, महा)।

गअवत वि [गतवत्] गया हुआ (प्राकृ ३५)।

गइ स्त्री [गति] १ ज्ञान, अवबोध (विसे २५०२)। २ प्रकार, भेद (से १, ११)। ३ गमन, चलन, देशान्तर-प्राप्ति, (कुमा)। ४ जन्मान्तर-प्राप्ति, भवान्तर-गमन ठा (१,१, टी)। ५ देव, मनुष्य, तिर्यञ्च, नरक और मुक्त जीव की अवस्था, देवादि-योनि (ठा ५, ३)। °तस पु [°त्रस] अग्नि और वायु के जीव (कम्म ३, १३, ४, १६)। °नाम न [°नामन्] देवादि गति का कारणभूत कर्म (सम ६७)। °प्पवाय पु [°प्रपात] १ गति की नियतता (पराण १६)। २ ग्रयाश-विशेष (भग ८, ७)।

गइंद पु [गजेन्द्र] १ ऐरावण हाथी, इन्द्र-हस्ती। २ श्रेष्ठ हाथी (गउड, कुमा)। °पय न [°पद] गिरनार पर्वत का एक जल-तीर्थ (ती ३)।

गइल्लय देखो गय = गत (सुज २, २२)।

गउ } पु [गो] बैल, वृषभ, सांड (हे १,
गउअ } १५८)। °पुच्छ पु न [°पुच्छ] १ बैल की पूँछ। २ बाण विशेष (कुमा)।

गउअ पु [गवय] गो तुल्य आकृतिवाला जंगली पशु-विशेष, नील गाय (कुमा)।

गउआ स्त्री [गो] गैया, गौ (हे १, १५८)।

गउड पुं [गौड] १ स्वनाम ख्यात देश, बंगाल का पूर्वी भाग (हे १, २०२, सुपा ३८६)। २ गौड देश का निवासी (हे १, २०२)। ३ गौड देश का राजा (गउड, कुमा)। °वह पु [°वध] वाक्पतिराज का बनाया हुआ प्राकृत-भाषा का एक काव्य-ग्रंथ (गउड)।

गउण वि [गौण] अप्रधान, अमुख्य (दे १, ३)।

गउणी स्त्री [गौणी] शक्ति-विशेष, शब्द की एक शक्ति (दे १, ३)।

गउरव देखो गारव (कुमा, हे १, १६३)।

गउरविय वि [गौरवित] गौरव-युक्त किया हुआ, जिसका आदर—सम्मान किया गया हो वह, 'तज्जणयाइ तत्थागयाइ थेवेहिं चेव दियहेहिं, गउरवियाइ रयणायरेण' (सुपा ३५६, ३६०)।

गउरी स्त्री [गौरी] १ पार्वती, शिव-पत्नी (सुपा १०६)। २ गौर वर्णवाली स्त्री। ३ स्त्री-विशेष (कुमा)। °पुत्त पुं [°पुत्र] पार्वती का पुत्र, स्कन्द, कार्त्तिकेय (सुपा ४०१)।

गअ देखो गय = गत, 'भीया जहागयगइं पडिवज्ज गए' (रंभा)।

गंग पु [गङ्ग] मुनि-विशेष, द्विक्रिय मत का प्रवर्त्तक आचार्य (ठा ७, विसे २४२५)। °दत्त पु [°दत्त] १ एक जैन मुनि, जो पष्ठ वासुदेव के पूर्वजन्म के गुरू थे (स १५३)। २ नववें वासुदेव के पूर्वजन्म का नाम (पउम २०, ७१)। ३ इस नाम का एक जैन श्रेष्ठी (भग १६, ५)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] एक सार्थवाह की स्त्री का नाम (विपा १, ७)।

गंग° देखो गंगा। °प्पवाय पु [°प्रपात]

हिमालय पर्वत पर का एक महान् ह्रद, जहाँ से गङ्गा निकलती है (ठा २, ३)। °सोअ पुं [°स्रोतस्] गङ्गा नदी का प्रवाह (पि ८४)।

गंगली स्त्री [दे] मौन, चुप्पी (सुपा २०८ ४८०)।

गंगा स्त्री [गङ्गा] १ स्वनाम-प्रसिद्ध नदी (सम, [illegible])। २ स्त्री-विशेष (कुमा)। ३ [illegible] से परिमाण-विशेष ([illegible])। ४ गङ्गा नदी की अधिष्ठायिका देवी (आचा)। ५ भीष्म पितामह की माता का नाम (णाया १,१६)। °कुंड न [°कुण्ड] हिमालय पर्वत पर स्थित ह्रद-विशेष, जहाँ से गङ्गा निकलती है (ठा ८)। °कूड न [°कूट] हिमालय पर्वत का एक शिखर (ठा २, ३)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष, जहाँ गङ्गा-देवी का भवन है (ठा २, ३)। °देवी स्त्री [°देवी] गङ्गा की अधिष्ठायिका देवी-विशेष ([illegible])। °वत्त पुं [°वर्त्त] आवर्त-विशेष ([illegible])। °मय न [°गत] [illegible] एक प्रकार का काल-परिमाण ([illegible])। °सागर पुं [°सागर] प्रसिद्ध तीर्थ-विशेष, जहाँ गङ्गा समुद्र में मिलती है ([illegible] १८)।

गंगेअ पुं [गाङ्गेय] १ गङ्गा का पुत्र, भीष्म-पितामह (णाया १, १६, वेणी १०४)। २ [illegible] आचार्य ([illegible] १)। ३ एक जैन मुनि, जो भगवान् पार्श्व-नाथ [illegible] थे (भग ९, ३२)।

[illegible] पुं [दे] [illegible] (दे २, ८४)।

[illegible]

[illegible]

गंजण न [गञ्जन] १ अपमान, तिरस्कार (सुपा ४८०)

वेरिएवि सरणागया,

[illegible]भंति गया न चेव केसरिणो।

समासिज्जइ मरणं,

न गंजणं धीरपुरिसाण' (वज्जा ४२)।

२ कलङ्क, दाग 'गंजणरहिओ जम्मो' (वज्जा १८)।

गंजण वि [गञ्जन] मर्दनकर्ता (सिरि ५४६)।

गंजा स्त्री [गञ्जा] सुरा-गृह, मद्य की दूकान (दे २, ८५ टी)।

गंजिअ पुं [गाञ्जिक] कल्य-पाल, दारू बेचने-वाला कलाल (दे २, ८५ टी)।

गंजिअ वि [गञ्जित] १ पराजित, अभिभूत, 'तणगंमिगज्जिआ [illegible]' (उप ६८६ टी)। २ हत, मारा हुआ, विनाशित (पिंग)। ३ पीड़ित (हे ४, ४०६)।

गंजिल्ल वि [दे] १ वियोग-प्राप्त, वियुक्त। २ भ्रान्त-चित्त, पागल (दे २, ८३)।

गंजुल्लिय वि [दे] रोमाञ्चित, पुलकित (जय १२)।

गंजोल्ल वि [दे] आकुल, व्याकुल (षड्)।

गंजोल्लिअ वि [दे] १ रोमाञ्चित, जिसके रोम खड़े हुए हों वह (दे २, १००, भवि)। २ न हँसाने के लिए किया जाता अंग-स्पर्श, गुदगुदी, गुदगुदाहट (दे २, १००)।

गंठ सक [ग्रन्थ्] १ गठना, गूँथना। २ रचना, बनाना। गंठइ (हे ४, १२०, षड्)।

गंठ [illegible] (राय, गुप्र २, ५, धर्म २)।

गंठि स्त्री [गुंठि] [illegible] हुई [illegible] (प्राह ३२)।

गंठि पुंस्त्री [ग्रन्थि] १ गाँठ, जोड़। २ [illegible] (दे २, ३५, ४, १२०)। ३ गट्ठा, गाँठ (णाया १, १ श्रौप)। ४ [illegible] (सुअ [illegible])। ५ राग-द्वेष का [illegible] परिणाम-विशेष (उप २५३)

'[illegible] गंठि [illegible]।

[illegible]'

(सिरि ११२४)।

°छेअ पुं [°च्छेद] गाँठ काटनेवाला, चोर-विशेष, पाकेटमार ([illegible] २, ८६)। °भेअ पुं [°भेद] [illegible]। °भेयग वि [°भेदक] १ ग्रन्थि को भेदनेवाला। २ पुं चोर-विशेष (णाया १, १८ पण्ह १, ३)। °वण्ण पुं [°पर्ण] सुगन्धि गाछ विशेष (पण्ण)। °सहिय वि [°सहित] १ गाँठ-युक्त। २ न प्रत्याख्यान-विशेष, व्रत-विशेष (धर्म २, पडि)।

गंठिम न [ग्रन्थिम] १ ग्रन्थन से बनी हुई माला वगैरह (पण्ह २, ५, भग ९, ३३)। २ गुल्म-विशेष (पण्ण १—पत्र ३२)।

गंठिय वि [ग्रथित] गूँथा हुआ, गठा हुआ, पिरोया हुआ (कुमा)।

गंठिय वि [ग्रन्थिक] गाँठवाला (सूअ २, ५)।

गंठिल्ल वि [ग्रन्थिमत्] ग्रन्थि-युक्त, गाँठ-वाला (राज)।

गंड पुं [दे] १ वन, जंगल। २ दाण्डपाशिक, कोतवाल। ३ छोटा मृग (दे २, ९९)। ४ नापित नाई (दे २, ९९, आचा २, १, २)। ५ न गुच्छ, समूह, 'कुसुमदामगंडमुव-ट्ठविय' (महा)।

गंड पुंन [गण्ड] १ गाल, कपोल (भग, सुपा ८)। २ रोग-विशेष, गण्डमाला, 'ता मा कुणेह वीय गंडोवरिफोडियातुल्लं' (उप ७६८ टी आचा)। ३ हाथी का कुम्भस्थल (पव २६)। ४ कुच, स्तन (उत्त ८)। ५ ऊख का जत्था, इक्षु-समूह (उप पृ ३५६)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)। ७ फोड़ा, स्फोटक (उत्त १०)। ८ गाँठ, ग्रन्थि (श्रवि १७ श्रभि १८४)। °भेअ, °भेअअ पुं [°भेदक] चोर-विशेष पाकेटमार (श्रवि १७ श्रभि १८४)। °माणिआ स्त्री [°माणिका] माप का एक प्रकार की माप (राय)। °माला स्त्री [°माला] रोग-विशेष, जिसमें गला फूल जाता है (मृच्छ)। °यल न [°तल] कपोल-तल (सुर ४, २२०)। °लेहा स्त्री [°लेखा] कपोल-पाली, गाल पर लगाई हुई कस्तूरी वगैरह का छटा (गिर १,१ गउड)। °वच्छा स्त्री [°वक्षस्] पीन स्तनों से युक्त छाती-वाली स्त्री (उत्त ८)। °वाणिआ स्त्री [°पाणिका] [illegible] से छोटा होता है (भग ७, ८)। °पास पुं [°पार्श्व] गाल का पार्श्व-भाग (गउड)।

गंड न [गण्ड] दोष, दाग (सूत्र १, ६ १६)। °माणिया स्त्री [°मानिका] पात्र-विशेष (राय १४०) °विइवाय पु [°व्यतिपात] ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग (संबोध ५४)।

गंडइया स्त्री [गण्डकिका] नदी-विशेष (आवम)।

गंडय पु [गण्डक] १ गेंडा, जानवर-विशेष (पाअ, दे ७, ५७)। २ उद्घोषणा करनेवाला पुरुष, टेर लगानेवाला पुरुष (ओघ ६८४)।

गंडली स्त्री [दे] गंडेरी, ऊख का टुकडा (उप पृ १०६)।

गंडा देखो गंठि = ग्रन्थि (प्राकृ १८)।

गंडाग पु [गण्डक] नाई, हजाम (आचा २, १, ७, २)।

गंडि पु [गण्डि] जन्तु-विशेष (उत्त १)।

गंडि वि [गण्डिन्] १ गण्डमाला का रोगवाला (आचा)। २ गण्ड रोगवाला (पण्ह २, ५)।

गंडिया स्त्री [गण्डिका] १ गंडेरी, ऊख का टुकडा (महा)। २ सोनार का एक उपकरण (ठा ४ ४)। ३ एक अर्थ के अधिकारवाली ग्रन्थ-पद्धति (सम १२६)।

गंडिल देखो गंधिल (इक)।

गंडिलावई देखो गंधिलावई (इक)।

गंडी स्त्री [गण्डी] १ सोनार का एक उपकरण (ठा ४, ४—पत्र २७१)। २ कमल की कर्णिका (उत्त ३६)। °तिदुग न [°तिन्दुक] यक्ष-विशेष (ती ३८)। °पय पु [°पद] हाथी वगैरह चतुष्पद जानवर (ठा ४, ४)। °पोत्थय पुन [°पुस्तक] पुस्तक-विशेष (ठा ४, २)।

गंडीरी स्त्री [दे] गण्डेरी, ऊख का टुकडा (दे २, ८२)।

गंडीव न [गाण्डीव] १ अर्जुन का धनुष (वेणी ११२)।

गंडीव न [दे गाण्डीव] धनुष, कार्मुक (दे २, ८४, महा, पाअ)।

गंडीवि पु [गाण्डीविन्] अर्जुन, मध्यम पाण्डव (वेणी ५८)।

गंडुअ न [गण्डु] ओसीसा, सिरहाना (महा)।

गंडुअ न [गण्डुत्] तृण-विशेष (दे २, ७५)।

गंडुल पु [गण्डोल] कृमि-विशेष, जो पेट मे पैदा होता है (जी १५)।

गंडुवहाण न [गण्डोपधान] गाल का तकिया (पव ८४)।

गंडूपय पुं [गण्डूपद] जन्तु-विशेष (राज)।

गंडूल देखो गंडुल (पण्ह १, १—पत्र २३)।

गंडूस पुं [गण्डूष] पानी का कुल्ला (गा २७०, सुपा ४४६), 'बहुमइरागंडूसपाए' (उप ६८६ टी)।

गंडूस पु [गण्डूष] पानी का कुल्ला (सूअनि ५४)।

गंत देखो गा।

गंतव्व } देखो गम = गम्।
गंता }

गंतिय न [गन्तृक] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

गंती स्त्री [गन्त्री] गाडी, शकट (धम्म १२ टी, सुपा २७७)।

गंतु देखो गम = गम्।

गंतुंपच्चागया स्त्री [गत्वाप्रत्यागता] भिक्षा-चर्या-विशेष, जैन मुनियों की भिक्षा का एक प्रकार (ठा ६)।

गंतुकाम वि [गन्तुकाम] जाने की इच्छा वाला (श्रा १४)।

गंतुमण वि [गन्तुमनस्] ऊपर देखो (वसु)।

गंतूण } देखो गम = गम्।
गंतूणं }

गंथ देखो गठ—ग्रन्थ्। गथइ (पि ३३३)। कर्म गथीअति (पि ५४८)।

गंथ पु [ग्रन्थ] १ शास्त्र, सूत्र, पुस्तक (विसे ८६४, १३८३)। २ धन-धान्य वगैरह बाह्य मिथ्यात्व, क्रोध, मान आदि आभ्यन्तर उपधि, परिग्रह (ठा २, १, बृह १, विसे २५७३)। ३ धन, पैसा (स २३६)। ४ स्वजन, सबन्धी लोग (पण्ह २, ४)। °ाईअ पुं [°तीत] जैन साधु (सूअ १, ६)।

गंथि वि [ग्रन्थिन्] रचना-कर्ता (सम्मत्त १३६)।

गंथि देखो गठि (पण्ह १, ३—पत्र ४४)।

गंथिम देखो गंठिम (णाया १, १३)।

गंदिला स्त्री [गन्दिला] देखो गंधिल (इक)।

गंदोणी स्त्री [दे] क्रीडा-विशेष, जिसमे आँख बद की जाती है, आँख-मिचौनी (दे २, ८३)।

गंद्धुअ देखो गेंदुअ (पड्)।

गंध पुं [गन्ध] १ गन्ध, नासिका से ग्रहण करने योग्य पदार्थों की वास, महक (औप, भग, हे १, १७७)। २ लव, लेश (से ६, ३)। ३ चूर्ण विशेष (पण्ह १, १)। ४ वानव्यन्तर देवो की एक जाति (इक)। ५ न देव-विमान विशेष (निर १, ४)। ६ त्रि. गन्धयुक्त पदार्थ (सूअ १, ६)। °उडी स्त्री [°कुटी] गन्ध-द्रव्य का घर (गउड, हे १, ८)। °कासाइया स्त्री [°काषायिका] सुगन्धि कषाय रग की साडी (उवा, भग ९, ३३)। °गुण पु [°गुण] गन्धरूप गुण (भग)। °ट्टय न [°ाट्टक] गन्ध-द्रव्य का चूर्ण (ठा ३, १—पत्र ११७) °ड्ढ वि [°ाढ्य] गन्धपूर्ण, सुगन्धपूर्ण (पंचा २)। °णाम न [°नामन्] गन्ध का हेतुभूत कर्म-विशेष (अणु)। °तेल्ल न [°तैल] सुगन्धित तेल (कप्पू)। °दव्व न [°द्रव्य] सुगन्धित वस्तु, सुवासित द्रव्य (उत्त १)। °देवी स्त्री [°देवी] देवी-विशेष, सौधर्म देवलोक की एक देवी (निर १, ४)। °द्धाणि स्त्री [°घ्राणि] गन्ध तृप्ति (णाया १, १—पत्र २५, औप)। °नाम देखो °णाम (सम ६७)। °मय पु [°मृग] कस्तूरी मृग, कस्तुरिया हरिन (सुपा २)। °मत वि [°वत्] १ सुगन्धित, सुगन्ध युक्त। २ अतिशय गन्धवाला, विशेष गन्ध से युक्त (ठा ५, ३—पत्र ३३३)। °मादण, °मायण पु [°मादन] १ पर्वत-विशेष, इस नाम का एक पहाड (सम १०३, पण्ह २, २, ठा २, ३—पत्र ६६)। २ पुन पर्वत-विशेष का एक शिखर (ठा २, ३—पत्र ८०)। ३ न. नगर-विशेष (इक)। °वई स्त्री [°वती] भूतानन्द-नामक नागेन्द्र का आवास-स्थान (दीव)। °वट्टय न [°वर्त्तक]

सुगन्धित गन्ध-द्रव्य (निसा १ ६)। °वट्टि स्त्री [°वर्ति] गन्ध-द्रव्य की बनाई हुई गोली (णाया १, १; औप)। °वह पुं [°वह] पवन, वायु (कुमा; पा ४८२)। °वास पुं [°वास] १ सुगन्धित वस्तु का चूर्ण। २ सुगन्धि [illegible] (कुमा ६०)। °समिद्ध वि [°समृद्ध] १ सुगन्धित, सुगन्ध-पूर्ण। २ न नगर-विशेष (पउम; इक)। °सालि पुं [°शालि] सुगन्धित चावल, धान (पउम)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] उत्तम हस्ती, जिसकी गन्ध से दूसरे हाथी भाग जाते हैं (सम १; पडि)। °हरिण पुं [°हरिण] कस्तूरिया मृग (कप्पू)। °हारग पुं [°हारक] १ इस नाम का एक म्लेच्छ देश। २ गन्धहारक देश का निवासी (पण्ह १, १—पत्र १४)।

गंधण पुं [गन्धन] एक सर्प-जाति (दस २, ८)।

गंधपिसाय पुं [दे] गन्धिक, पसारी (दे २, ८[illegible])।

गंधय देखो गंध (गउ)।

गंधवडा स्त्री [दे] नासिका, नाक (दे २, ८५)।

गंधवाह पुं [गन्धवाह] पवन (गउ १९०)।

गंधव्व पुं [गन्धर्व] १ देव-गायक, स्वर्ग-गायक (उप ७ मा)। २ एक प्रकार की देव-जाति, [illegible] की एक जाति (पण्ह १, ४; औप)। ३ [illegible], भगवान् कुंथुनाथ का [illegible] (संति ८)। ४ न [illegible] (सम ५१)। ५ नृत्य-युक्त गीत, [illegible] (ठा ४, ४)। °कंठ न [°कण्ठ] [illegible]। °घर न [°गृह] १ [illegible], [illegible] (ठा ४)। °णगर, °नगर न [°नगर] [illegible] (ठा ३, ४—पत्र १६८)। °पुर न [°पुर] [illegible]। °लिवि स्त्री [°लिपि] [illegible]। °विवाह पुं [°विवाह] [illegible]। °साला स्त्री [°शाला] [illegible]।

गंधव्व वि [गन्धर्व] १ गन्धर्व-संबन्धी गन्धर्व से सम्बन्ध रखनेवाला (ज १; श्रभि ११५)। २ पुं. उत्सव-हीन विवाह, विवाह विशेष, 'गन्धव्वेण विवाहेण सयमेव विवाहिया' (आवम)। ३ न गीत, गान (पात्र)।

गंधव्वि वि [गन्धर्विन्] गानेवाला (ती ३)।

गंधव्विअ वि [गान्धर्विक] १ गन्धर्व-विद्या में कुशल (कुप्र १६६)।

गंधा स्त्री [गन्धा] नगरी-विशेष (इक)।

गंधाण न [गन्धान] छन्द-विशेष (पिंग)।

गंधार पुं [गन्धार] देश विशेष, कन्धार (स ३८)। २ पर्वत-विशेष (स ३६)। ३ न नगर-विशेष (स ३८)।

गंधार पुं [गान्धार] स्वर विशेष, रागिनी-विशेष (ठा ७)।

गंधारी स्त्री [गान्धारी] १ सती विशेष, कृष्ण वासुदेव की एक स्त्री (पडि; अंत १५)। २ विद्यादेवी-विशेष (संति ६)। ३ भगवान् नमिनाथ की शासनदेवी (संति १०)।

गंधारी स्त्री [गान्धारी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

गंधावाइ } पुं [गन्धापातिन्] स्वनाम-प्रसिद्ध
गंधावाइ } एक वृत्त, वैताढ्य पर्वत (इक, ठा २, ३—पत्र ६६, ८०, ठा ४, २—पत्र २२३)।

गंधि वि [गन्धिन] गन्ध-युक्त, गन्धवाला (कप्प गउड)।

गंधिअ वि [दे] दुर्गन्ध, खराब गन्धवाला (दे २, ८३)।

गंधिअ पुं [गान्धिक] गन्ध द्रव्य बेचनेवाला, पसारी (दे २, ८६)।

गंधिअ वि [गन्धिक] गन्ध-युक्त 'गुलवसर-[illegible]' (औप)। °साला स्त्री [°शाला] [illegible] (स्व ६)।

गंधिअ वि [गन्धिन] गन्ध-युक्त, गन्धवाला (स ३३२; गा ५८८, ८०२)।

गंधिल्ल पुं [गन्धिल] पर्वत-विशेष, विजय-क्षेत्र-विशेष (ठा २, ३; इक)।

गंधिलावई स्त्री [गन्धिलावती] १ [illegible] [illegible] (ठा २, ३; इक)। २ [illegible] (इ ६१)। °कूड न [°कूट]

१ गन्धमादन पर्वत का एक शिखर (ज ४)। २ वैताढ्य पर्वत का शिखर-विशेष (ठा ६)।

गंधिही स्त्री [दे] छाया, छाह (उप १०३१ टी)।

गंधुत्तमा स्त्री [गन्धोत्तमा] मदिरा, सुरा (दे २, ८६)।

गंधेल्ली स्त्री [दे] १ छाया, छाह। २ मधु-मक्षिका (दे २ १००)।

गंधोदग } न [गन्धोदक] सुगन्धित जल,
गंधोदय } सुगन्ध वासित पानी (औप, विप, १, ६)।

गंधोल्ली स्त्री [दे] १ इच्छा, अभिलाषा। २ रजनी, रात (दे २, ६६)।

गप्पि }
गप्पिणु } देखो गम = गम्।

गभीर न [गाम्भीर्य] १ गम्भीरता। २ अनौद्धत्य (सूअनि ६६)।

गभीर वि [गम्भीर] १ गम्भीर, अस्ताघ, अनुच्च, गहरा (प्राप; से ६, ४४; कप्प)। २ पुं न गहन-स्थान, गहन प्रदेश, जहां प्रति-शब्द उत्थित हो (विसे ३४०४; बृह १)। ३ पुं रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३)। ४ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ५ न समुद्र के किनारे पर स्थित इस नाम का एक नगर (सुर १३, ३०)। °पोय न [°पोत] नगर-विशेष (णाया १, १७)। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] महा-विदेह-वर्ष की एक नगरी (ठा २ ३)।

गभीरा स्त्री [गम्भीरा] १ गभीर-हृदया स्त्री (वव ४)। २ मात्रा-छन्द का एक भेद (पिंग)। ३ क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव विशेष (पण्ण १)।

गभीरिअ न [गाम्भीर्य] गम्भीरता, गम्भीरपन (बृह २, ४००)।

गभीरिम पुंस्त्री [गाम्भीर्य] ऊपर देखो (राज)।

गगण न [गगन] आकाश, अम्बर (कप्प; स ३८८)। °णंदण न [°नन्दन] वैताढ्य पर्वत पर का एक नगर (इक)। °वल्लभ, °वल्लह न [°वल्लभ] वैताढ्य पर्वत पर का एक नगर (राज; इक)।

गगणग पुं [गगनग] छन्द-विशेष (पिंग)।

गग्ग पु [गर्ग] १ ऋषि-विशेष। २ गोत्र-विशेष, जो गौतम गोत्र की एक शाखा है (ठा ७)।

गग्ग पु [गर्ग] १ एक जैन महर्षि (उत्त २७, १)। २ विक्रम की बारहवीं शताब्दी का एक श्रेष्ठी (कुप्र १४३)।

गग्ग पु [गार्ग्य] गर्ग गोत्र में उत्पन्न ऋषि-विशेष (उत्त २७)।

गग्गर वि [गद्‌गद] १ गद्गद आवाजवाला, अति अस्पष्ट वक्ता (प्राप्र)। २ आनंद या दुःख से अव्यक्त कथन (हे १, २१९, कुमा)।

गग्गरी स्त्री [गर्गरी] गगरी, छोटा घडा (दे २, ८६, सुपा ३३६)।

गग्गिर देखो **गग्गर**, 'रुअगग्गिर गेअ' (गा ८४३, मण)।

गच्छ सक [गम्] १ जाना, गमन करना। २ जानना। ३ प्राप्त करना। गच्छइ (प्राप्र, पड्)। भवि. गच्छं (हे ३, १७१, प्राप्र)। वकृ. **गच्छंत, गच्छमाण** (सुर ३, ६६, भग १२, ६)। संकृ. **गच्छिअ** (कुमा)। हेकृ. **गच्छित्तए** (पि ५६८)।

गच्छ पुंन [गच्छ] १ समूह, सार्थ, सघात (स १८८)। २ एक आचार्य का परिवार (ओघ, स ८७)। ३ गुरु-परिवार, 'गुरुपरिवारो गच्छो, तत्थ वसताण णिज्जरा विउला' (पंचव, धर्म ३)। °**वास** पु [°वास] गुरु-कुल में रहना, गच्छ-परिवार के साथ निवास (धर्म ३)। °**विहार** पु [°विहार] गच्छ की सामाचारी, गच्छ का आचार (वव १)। °**सारणा** स्त्री [°सारणा] गच्छ का रक्षण (राज)।

गच्छागच्छि अ. गच्छ-गच्छ में होकर (औप)।

गच्छिल्ल वि [गच्छवत्] गच्छवाला, गच्छ में रहनेवाला (बृह १)।

गज देखो **गय** = गज (गड्, प्रास १७१, इक)। °**सार** पुं [°सार] एक जैन मुनि, दण्डक-ग्रन्थ का कर्ता (द ४७)।

गज्ज पु [दे] जव, यव, अन्न-विशेष (दे २, ८१, पाअ)।

गज्ज न [गद्य] छन्द-रहित वाक्य, प्रबन्ध (ठा ४, ४—पत्र २८७)।

गज्ज अक [गर्ज्] गरजना, गडगडाना, घडघडाना। गज्जइ (हे ४, ९८)। वकृ. **गज्जंत, गज्जयंत** (सुर २, ७५, रयण ५८)।

गज्जण न [गर्जन] १ गर्जन, भयानक ध्वनि, मेघ या सिंह का नाद। २ नगर-विशेष (उप ७६५)।

गज्जणसद्द पु [दे गर्जनशब्द] पशु और हाथी की आवाज (दे २, ८८)।

गज्जफल } वि [दे] देश-विशेष में उत्पन्न
गज्जल } (वस्त्र) (आचा २, ५, १, ५, ७)।

गज्जभ पु [गर्जभ] पश्चिमोत्तर दिशा का पर्वत (आवम)।

गज्जर पुं [दे] कन्द-विशेष, गाजर, गजरा, इसका खाना धर्म-शास्त्र में निषिद्ध है। (श्रा १६, जी ९)।

गज्जल वि [गर्जल] गर्जन करनेवाला (निचू ७)।

गज्जह देखो **गज्जभ** (आवम)।

गज्जि स्त्री [गर्जि] गर्जन, हाथी वगैरह की आवाज (कुमा सुपा ८६, उप पृ ११७)।

गज्जिअ वि [गर्जित] १ जिसने गर्जन किया हो वह, स्तनित (पाअ)। २ न गर्जन, मेघ वगैरह की आवाज (पण्ह १, ३)।

गज्जित्तु } वि [गर्जितृ] गर्जन करनेवाला,
गज्जिर } गरजनेवाला (ठा ४, ४—पत्र २६९, गा ५५)।

गज्जिज्जिअ न [दे] १ गुदगुदी, गुदगुदाहट। २ अंग-स्पर्श से होनेवाला रोमाच, पुलक (पड्)।

गज्झ वि [ग्राह्य] ग्रहण-योग्य (स १४०, विसे १७०७)।

गट्टण पु [गट्टन] धरणेन्द्र की नाट्य सेना का अधिपति (राज)।

गट्ठिआ स्त्री [दे] गठिया, गुठली, 'अवगट्ठिया' (निचू १५)।

गड न [गड] १ विस्तीर्ण शिला, मोटा पत्थर (दे २,११०)। २ गर्त्त, खाई (सुर १३,४१)।

गड (मा) देखो **गय** = गत (प्राप्र)।

गडयड पुन [दे] गर्जन, भयानक ध्वनि, हाथी वगैरह की आवाज, 'ता गडयड कुणतो, समागओ गयवरो, तत्थ' 'इत्थंतरे सय चिय सो जक्खो गडयड पकुव्वंतो' (सुपा २८१, ५४२)।

गडयड अक [दे] गर्जन करना, भयानक आवाज करना। वकृ **गडयडत** (सुपा १९४)।

गडयडी स्त्री [दे] वज्र-निर्घोष, गडगड आवाज, मेघ ध्वनि (दे २, ८५, मण)।

गडवड न [दे] गडबड, गोलमाल (सुपा ५४१)।

गडिअ } देखो **गम** = गम्।
गडुअ }

गडुल न [दे] चावल वगैरह का धोया-जल, चावल आदि का धोवन (धर्म २)।

गड्ड पुस्त्री [गर्त्त] गडहा, गड्ढा (हे २, ३२, प्राप्र, सुपा ११४)। स्त्री. **गड्डा** (हे १, ३५)।

गड्डु न [दे] शकट, गाडी (ती १५)।

गड्डरिगा } स्त्री [दे] भेडी, मेषी, ऊर्णायु,
गड्डरिया } 'गड्डरिगपवाहेण गयाणुगइय जण वियाणतो' (धम्म, सूअ १, ३, ४)।

गड्डरी स्त्री [दे] १ छागी, अजा, बकरी (दे २, ८४)। २ भेडी, मेषी (सट्ठि ३८)।

गड्डह पुस्त्री [गर्दभ] गदहा, गधा, खर (हे २, ३७)। °**वाहण** पु [°वाहन] रावण, दशानन (कुमा)।

गड्डिआ } स्त्री [दे] गाडी, शकट (ओघ ३८६
गड्डी } टी, दे २, ८१, सुपा २५२)।

गड्ढ न [दे] शय्या, बिछौना (दे २, ८१)।

गढ देखो **घड** = घट्। गढइ (हे ४, ११२)।

गढ पुस्त्री [दे] गढ, दुर्ग, किला, कोट (दे २, ८१, सुपा २५, १०५)। स्त्री **गढा** (कुमा)।

गढिअ वि [घटित] गढा हुआ, जटित (कुमा)।

गढिअ वि [ग्रथित] १ गूँथा हुआ, निबद्ध, 'नेहनिगडगढियाण' (उप ९८६ टी, पण्ह १, ४)। २ रचित, गुम्फित, निर्मित (ठा २, १)। ३ गृद्ध, आसक्त, (आचा २, २, २, पण्ह १, २)।

गण सक [गणय्] १ गिनना, गिनती करना। २ आदर करना। ३ अभ्यास करना, आवृत्ति करना। ४ पर्यालोचन करना। गणइ, गणेइ (कुमा, महा)। वकृ **गणत, गणेत** (पचा ४, से ४ १५)। कृ **गणेयव्व** (उप ५५५)।

पारंभिय वि [प्रारब्ध] आरब्ध, उपक्रान्त (धर्मवि १४४, सुर २, ७७, १२, १५६, सुपा ५५)।
पारक्केर } वि [परकीय] पर का, अन्यदीय पारक्क } (हे १, ४४, २ १४८, कुमा)।
पारक्किअ देखो पारक्क (माल १६२)।
पारज्झमाण देखो पारंभ=प्र + रम्।
पारण } न [पारण, °क] व्रत के दूसरे दिन पारणग } का भोजन, तप की समाप्ति के अनन्तर पारणय } का भोजन (सण, उवा, महा)।
पारणा स्त्री [पारणा] ऊपर देखो। °इत्त वि [°वत्] पारणवाला (पंचा १२, ३५)।

पारतंत न [पारतन्त्र्य] परतन्त्रता, पराधीनता (उप २५२, पचा ६, ४१, ११, ७)।
पारत्त अ [परत्र] परलोक मे, आगामी जन्म मे, 'पारत्त विइज्जओ धम्मो' (पउम ५, १६३)।
पारत्त वि [पारत्र, पारत्रिक] पारलौकिक, आगामी जन्म से सबन्ध रखनेवाला, 'इत्तो पारत्तहियं ता कीरउ देव! वक्कचूलिस्स' (धर्मवि ६०, ओघ ६२, स २४६)।
पारत्ति स्त्री [दे] कुसुम-विशेष (गउड, कुमा)।
पारत्तिय वि [पारत्रिक] देखो पारत्त= पारत्र (स ७०७)।
पारदारिय वि [पारदारिक] परस्त्री-लम्पट (णाया १, १८—पत्र २३६)।
पारद्ध वि [प्रारब्ध] १ जिसका प्रारम्भ किया गया हो वह, 'पारद्धा य विवाहनिमित्तं मयला सामग्गी' (महा)। २ जो प्रारम्भ करने लगा हो वह, 'तओ अवरण्हसमए पारद्धो नच्चिउं' (महा)।
पारद्ध न [दे] पूर्व-कृत कर्म का परिणाम, प्रारब्ध। २ वि आखेटक, शिकारी। ३ पीडित (दे ६, ७७)।
पारद्धि स्त्री [पापर्द्धि] शिकार, मृगया (हे १, २३५, कुमा, उप पृ २५७, सुपा २१६)।
पारद्धिअ वि [पापर्द्धिक] शिकारी, शिकार करनेवाला, गुजराती मे 'पारधी', 'मयणमहापारद्धियनिसायवाणावलीविद्धा' (सुपा ७१, मोह ७६)।
पारमिया स्त्री [पारमिता] बौद्ध-शास्त्र-परिभाषित प्राणातिपात-विरमणादि शिक्षा व्रत, अहिंसा आदि व्रत (धर्मसं ६८८)।
पारम्म न [पारम्य] परमता, उत्कृष्टता (अज्झ ११४)।
पारय वि [पारग] समर्थ (आचा २, ३, २, ३)।
पारय पु [पारद] धातु-विशेष, पारा, रस-धातु। °मद्दण न [°मर्दन] आयुर्वेद-विहित रीति से पारा का मारण, रसायन विशेष, 'अंगं कढिणयाहेउं च सेवति पारयमद्दणं' (स २८६)। २ वि पार-प्रापक (श्रु १०६)।

पारय न [दे] सुरा-भाण्ड, दारू रखने का पात्र (दे ६, ३८)।
पारय देखो पार-ग (कप्प, भग, अत)।
पारय पु [प्रावारक] १ पट, वस्त्र। २ वि. आच्छादक (हे १, २७१, कुमा)।
पारलोइअ वि [पारलौकिक] परलोक-सबन्धी, आगामी जन्म से सबन्ध रखनेवाला (पण्ह १, ३, ४, सूअ २, ७, २३, कुप्र ३८१, सुपा ४६१)।
पारवस्स न [पारवश्य] परवशता, पराधीनता (रयण ८१)।
पारस पु [पारस] १ अनार्य देश-विशेष, फारस देश, ईरान (इक)। २ मणि-विशेष, जिसके स्पर्श से लोहा सुवर्ण हो जाता है (सबोध ५३)। ३ पारस देश मे रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १,१)। °उल न [°कुल] १ ईरान देश, 'भरिऊण भडस्स वहणाइ पत्तो पारसउलं', 'इओ य सो अयलो पारसउले विढविय बहुय दव्वं' (महा)। २ वि. पारस देश का, ईरान का निवासी, 'मागहयपारसउला कालिगा सीहला य तहा' (पउम ६६, ५५)। °कूल न [°कूल] ईरान का किनारा, ईरान देश की सीमा (आवम)।
पारसिय वि [पारसिक] फारस देश का, 'सहसा पारसियसुओ समागओ रायपयमूले', 'पारसियकीरमिहुणं' (सुपा २६७, ३६०)।
पारसी स्त्री [पारसी] १ पारस देश की स्त्री (औप, णाया १, १—पत्र ३७, इक)। २ लिपि-विशेष, फारसी लिपि (विसे ४६४ टी)।
पारसीअ वि [पारसीक] फारस देश का निवासी (गउड)।
पाराई स्त्री [दे] लोह-कुशी विशेष, लोहे की दडाकार छोटी वस्तु, 'चडवेलावज्झपट्टपाराइ (? ई)छिवकमलयवरत्तनेत्तप्पहारसयतालियंगमगा' (पण्ह २, ३)।
पाराय देखो पारावय (प्राप्र)।
पारायण न [पारायण] १ पार-प्राप्ति (विसे ५६५)। २ पुराण-पाठ-विशेष, 'अधीट (? य)समत्तपरायणो साखापारओ जाओ' (सुख २, १३)।
पारावय देखो पारेवय (पाअ, प्राप्र, गा ६४, कप्प ५६ टि)।

पारावर पुं [दे] गवाक्ष, वातायन (दे ६, ४३)।

पारावार पुं [पारावार] समुद्र सागर (पाअ, कुप्र ३७८)।

पाराविअ वि [पारित] जिसको पारण कराया गया हो वह (कुप्र २१२)।

पारासर पु [पाराशर] १ ऋषि-विशेष (सूअ १, ३, ४, ३)। २ न गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है। ३ वि. उस गोत्र मे उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)। ४ पु भिक्षुक। ५ कर्म-त्यागी सन्यासी, 'अतेवि पारासरा अत्थि' (सुअ २, ३१)।

पारिओसिय वि [पारितोषिक] तुष्टि जनक दान, प्रसन्नता-सूचक दान, पुरस्कार (सम्मत्त १२२, स १६३, सुर १६, १८२, विचार १७१)।

पारिच्छा देखो परिच्छा, 'वयपरिणामे चिता गिह समप्पेमि तामि पारिच्छा' (उप १७३, उप पृ २७५)।

पारिच्छेज्ज देखो परिच्छेज्ज (णाया १, ८—पत्र १३२)।

पारिजाय देखो पारिय = पारिजात (कुमा)।

पारिट्ठावणिया स्त्री [पारिष्ठापनिकी] समिति-विशेष, मल आदि के उत्सर्ग मे सम्यक् प्रवृत्ति (सम १०, औप, कप्प)।

पारिडि स्त्री [प्रावृति] प्रावरण, वस्त्र, कपडा, 'निक्खिणइ माहमासम्मि पामरो पारिडिं वइ-ल्लेण' (गा २३८)।

पारिणामिअ देखो परिणामिअ = पारिणामिक (अणु, कम्म ४, ६६)।

पारिणामिआ } देखो परिणामिआ (आव पारिणामिगी } १, णाया १, १—पत्र ११)।

पारितावणिया स्त्री [पारितापनिकी] दूसरे को परिताप—दुःख उपजाने से होनेवाला कर्म-बन्ध (सम १०)।

पारितावणी स्त्री [पारितापनी] ऊपर देखो (नव १७)।

पारितोसिअ देखो पारिओसिय (नाट, सुपा २७, प्रामा)।

पारित्त देखो पारत्त = परत्र, 'पारित्त विइज्जओ धम्मो' (तदु ५६)।

पारिप्पव पु [पारिप्लव] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

पारिभद्द पु [पारिभद्र] वृक्ष-विशेष, फरहद का पेड (कप्पू)।

पारिय वि [पारित] पूर्ण किया हुआ (रयण १६)।

पारिय पु [पारिजात] १ देव-वृक्ष-विशेष, कल्प तरु विशेष। २ फरहद का पेड, 'कप्पूर-पारियाए य अहियवरो मालईगंधो' (कुमा ५, १३)। ३ न. पुष्प-विशेष, फरहद का फूल जो रक्त वर्ण का और अत्यन्त शोभाय-मान होता है, 'मुहिए ण विढप्पइ पारियच्छि नुडीरह खडइ वसइ लच्छि' (भवि)।

पारियत्त पु [पारियात्र] देश-विशेष, 'परि-ब्भमतो पत्तो पारियत्तविसय' (कुप्र ३६६)।

पारियट्ट न [दे परिवर्त] पहिए के पृष्ठ भाग की बाह्य परिधि (णादि ४३)।

पारियाय देखो पारिय = पारिजात (सुपा ७६, से ६, ५८, महा, स ७५६)।

पारियावणिया देखो पारितावणिया (ठा २, १—पत्र ३९)।

पारियावणिया देखो पारियावणिया (स ५५१)।

पारियासिय वि [पारिवासित] वासी रखा हुआ (कस)।

पारिव्वज्ज न [पारिव्राज्य] सन्यासिपन, सन्यास (पउम ८२, २४)।

पारिव्वाई स्त्री [पारिव्राजी, परिव्राजिका] सन्यासिनी (उप पृ २७९)।

पारिव्वाय वि [पारिव्राज] सन्यासि-सबन्धी (राज)।

पारिसज्ज वि [पारिषद्य] सभ्य, सभासद (धर्मवि ६)।

पारिसाडणिया स्त्री [पारिशाटनिकी] परि-शाटन—परित्याग से होनेवाला कर्म बन्ध (श्राव ४)।

पारिहच्छी स्त्री [दे] माला (दे ६, ४२)।

पारिहट्टी स्त्री [दे] १ प्रतिहारी। २ आकृष्टि, आकर्षण। ३ चिर-प्रसूता महिषी, बहुत देर से व्यायी हुई भैंस (दे ६, ७२)।

पारिहत्थिय वि [पारिहस्तिक] स्वभाव से निपुण (ठा ६—पत्र ४५१)।

पारिहारिय वि [पारिहारिक] तपस्वी-विशेष, परिहार नामक व्रत करनेवाला (कस)।

पारिहासय न [पारिहासक] कुल-विशेष, जैन मुनियो के एक कुल का नाम (कप्प)।

पारी स्त्री [दे] दोहन-भाण्ड, जिसमे दोहन किया जाता है वह पात्र-विशेष (दे ६, ३७, गउड ५७७)।

पारीण वि [पारीण] पार-प्राप्त, 'धीवर-सत्थाण पारीणो' (धर्मवि १३, सिरि ४८६, सम्मत्त ७५)।

पारुअग्ग पु [दे] विश्राम (दे ६, ४४)।

पारुअल्ल पु [दे] पृथुक, चिउडा (दे ६, ४४)।

पारुसिय देखो फारुसिय (आचा १, ६, ४, १ टि)।

पारुहल्ल वि [दे] मालीकृत, श्रेणी रूप मे स्थापित, 'वालीवध च पारुहल्लोम्मि' (दे ६ ४५)।

पारेवई स्त्री [पारापती] कबूतरी, कबूतर की मादा (विपा १, ३)।

पारेवय पु [पारापत] १ पक्षि-विशेष, कबूतर (हे १, ८०, कुमा, सुपा ३२८)। २ वृक्ष-विशेष। ३ न फल-विशेष (पण्ण १७)।

पारोक्ख वि [पारोक्ष] परोक्ष-विषयक, परोक्ष-सबन्धी (धर्मस ५०२)।

पारोह देखो परोह (हे १, ४४, गा ५७५, गउड)।

पारोहि वि [प्ररोहिन्] प्ररोहवाला, अकुर-वाला (गउड)।

पाल सक [पालय्] पालन करना, रक्षण करना। पालेइ (भग, महा)। वकृ पालयत, पालत, पालित, पालेमाण (सुर २, ७१, स ४६, महा, ओप, कप्प)। सकृ. पालइत्ता, पालित्ता, पालेऊण (कप्प, महा), पालेवि (अप) (हे ४, ४४१)। कृ पालियव्व, पालेयव्व (सुपा ४३५, ३७६, महा)।

पाल देखो पार = पारय्। सकृ. पालइत्ता (कप्प)।

पाल पु [दे] १ कलवार, शराव वेचनेवाला। २ वि. जीर्ण, फटा-टूटा (दे ६, ७५)।

पाल पुंन [पाल] आभूषण-विशेष, 'मुरविं वा पाल वा तिसरय वा कडिसुत्तग वा' (औप)। २ वि. पालक, पालन-कर्ता, 'जो सयलसिंधु-सायरहो पालु' (भवि)। स्त्री. °ला (वव ४)।

पालक न [पालङ्क्य] तरकारी-विशेष, पालक का शाक (बृह १)।
पालंगा स्त्री [पालङ्क्या] ऊपर देखो (उवा)।
पालंन देखो पाल = पालय्।
पालव पुं [प्रालम्ब] १ अवलम्बन, सहारा, 'पावइ तडविडविपालव' (सुपा ६३५)। २ गले का आभूषण-विशेष (औप, कप्प)। ३ दीर्घ, लम्बा (औप राय)। ४ पुन ध्वजा के नीचे लटकता वस्त्राञ्चल, 'ओऊलं पालव' (पाअ)।
पालक्का स्त्री [पालक्या] देखो पालगा, 'वत्थुलपोरगमज्जारपोइवल्ली य पालक्का' (पण्ण १—पत्र ३८)।
पालग देखो पालय (कप्प, औप, विसे २८७६, मति १, सुर ११, १०८)।
पालण न [पालन] १ रक्षण (महा, प्रासू ३)। २ वि. रक्षण-कर्ता, 'धम्मस्स पालणी चेव' (सबोध १६ स ६७)।
पालद्दुद्द पु [दे] वृक्ष-विशेष (उप १०३१ टी)।
पालप्प पु [दे] १ प्रतिसार। २ वि विप्लुत (दे ६, ७६)।
पालय वि [पालक] रक्षक, रक्षण कर्ता (सुपा ७७६, मार्घ १०)। २ पु सौधर्मेन्द्र का एक आभियोगिक देव (ठा ८)। ३ श्रीकृष्ण का एक पुत्र (पव २)। ४ भगवान् महावीर के निर्वाण के दिन अभिषिक्त अवती (उज्जैन) का एक राजा (विचार ४९२)। ५ देव-विमान-विशेष (सम २)।
पालास पु [पालाश] पलाश-सम्बन्धी। २ न. पलाश वृक्ष का फल, किंशुक-फल (गउड)।
पालि स्त्री [पालि] १ तालाव आदि का बन्ध (सुर १३, ३२, अत १२, महा)। २ प्रान्त भाग (गा ९४६)। देखो पाली = पाली।
पालि स्त्री [दे] १ धान्य मापने की नाप। २ पल्योपम, समय का सुदीर्घ परिमाण-विशेष (उत्त १८, २८, सुख १८, २८)।
पालिआ स्त्री [दे] खड्ग मुष्टि, तलवार की मूठ (पाअ)।
पालिआ देखो पाली = पाली, 'उजाणपालि-याहि सविब्भत्तीहिं व बहुरसड्ढाहिं' (धर्मवि १३)।
पालित्त पुं [पादलिप्त] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (पिंड ४९८, कुप्र १७८)।
पालित्ताण न [पादलिप्तीय] सौराष्ट्र देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल भी 'पालिताणा' नाम से प्रसिद्ध है (कुप्र १७९)।
पालित्तिआ स्त्री [दे] १ राजधानी। २ मूल-नीवी। ३ भण्डार, निधि। ४ भगी, प्रकार (कप्पू)।
पालिय वि [पालिन] रक्षित (ठा १०, महा)।
पालियाय देखो पारिय = पारिजात (राय ३०)।
पाली स्त्री [पाळी] पंक्ति, श्रेणि (गउड)। देखो पालि।
पाली स्त्री [दे] दिशा (दे ६, ३७)।
पालीवय पु [दे] तालाव, सरोवर (दे ६, ४५)।
पालीहम्म न [दे] वृति, वाड (दे ६, ४५)।
पालेव पुं [पादलेप] पैर मे किया हुआ लेप (पिंड ५०३)।
पाव सक [प्र + आप्] प्राप्त करना। पावइ (हे ४, २३९)। भवि. पाविहिसि (पि ५३१)। कर्म पाविज्जइ (उव)। वकृ पावत, पावेत (पिंग, पउम १४, ३७)। कवकृ पावियंत, पावेज्जमाण (पण्ह १. १, अत २०)। संकृ. पाविऊण (पि ५८६)। हेकृ पत्तु, पावेउ (हास्य ११९, महा)। कृ पावणिज्ज, पाविअव्व (सुर ६, १४२, स ६८६)।
पाव देखो पव्वाल = प्लावय्। पावेइ (हे ४, ४१)।
पाव पुन [पाप] १ अशुभ कर्म-पुद्गल, कुकर्म (आचा, कुमा, ठा १, प्रासू २५), 'जम्मतरकए पावे पाणी मुहुत्तेण निद्दहे' (गच्छ १, ६)। २ पापी, अधर्मी, कुकर्मी (पण्ह १, १, कुमा ७, ६)। °कम्म न [°कर्मन्] अशुभ कर्म (आचा)। °कम्मि वि [°कर्मिन्] कुकर्म करनेवाला (ठा ५)। °दंड पु [°दण्ड] नरकावास विशेष (देवेन्द्र २६)। °पगइ स्त्री [°प्रकृति] अशुभ कर्म-प्रकृति (राज)। °यारि वि [°कारिन्] दुराचारी (पउम ६३, ४३, महा)। °समण पुं [°श्रमण] दुष्ट साधु (उत्त १७, ३, ४)। °सुमिण पुन [°स्वप्न] दुष्ट स्वप्न (कप्प)। °सुय न [°श्रुत] दुष्ट शास्त्र (ठा ६)।
पाव पुं [दे] सर्प, साँप (दे ६, ३८)।
पाव (अप) देखो पत्त = प्राप्त (पिंग)।
पावस वि [पापीयस्] पापी, कुकर्मी (ठा ४, ४—पत्र २६५)।
पावक्खालय न [दे पापक्षालक] देखो पाउक्खालय (स ७४१)।
पावग वि [पावक] १ पवित्र करनेवाला (राज)। पु. अग्नि, वह्नि (सुपा १४२)।
पावग वि [प्रापक] पहुँचानेवाला (सुपा ५००)।
पावग देखो पाव = पाप (आचा, धर्मसं ५४३)।
पावज्जा (अप) देखो पव्वज्जा (भवि)।
पावडण देखो पाय-वडण = पाद-पतन (प्राप्र, कुमा)।
पावड्ढि देखो पारद्धि (सिरि ११०८, १११०)।
पावण वि [पावन] पवित्र करनेवाला (अच्चु ४७, सम्मु १५०)।
पावण न [प्लावन] १ पानी का प्रवाह। २ सराबोर करना (पिंड २४)।
पावण न [प्रापण] १ प्राप्ति, लाभ (सुर ४, १११, उप५ ७)। २ योग की एक सिद्धि, 'पावणमत्तीए छिवइ मेरुसिरमंगुलीए मुणी' (कुप्र २७७)।
पावद्धि देखो पारद्धि (धर्मवि १४८)।
पावय देखो पाव = पाप (प्रासू ७५)।
पावय वि [प्रावृत] आच्छादित, ढका हुआ (सूअ २, ७, ३)।
पावय पुन [दे] वाद्य-विशेष, गुजराती में 'पावो' (पउम ५७, २३)।
पावय देखो पावग = पावक (उप ७२८ टी, कुप्र २८३, सुपा ४, पाअ)।
पावयण देखो पवयण (हे १, ४४, उवा, णाया १, १३)।
पावयणि वि [प्रवचनिन्] सिद्धान्त का जानकार, सैद्धान्तिक (चेइय १२८)।
पावयणिय वि [प्रावचनिक] ऊपर देखो (सम ६०)।
पावरअ देखो पारय (स्वप्न १०४)।

पावरण पु [प्रावरण] एक म्लेच्छ जाति (मृच्छ १५२)।

पावरण न [प्रावरण] वस्त्र, कपडा (हे १, १७५)।

पावरिय वि [प्रावृत] आच्छादित (कुप्र ३८)।

पावस देखो पाउस (कुप्र ११७)।

पावा स्त्री [पापा] नगरी विशेष, जो आजकल भी विहार के पास पावापुरी के नाम से प्रसिद्ध है (कप्प, ती ३, पंचा १६, १७, पव ३४, विचार ४६)।

पावाइ त्रि [प्रवादिन्] वाचाट, दार्शनिक (सूअ २, ६, ११)।

पावाइअ वि [प्राव्राजिक] सन्यासी (रयण २२)।

पावाइअ वि [प्रावादिक] देखो पावाइ (आचा)।

पावाइअ } वि [प्रावादुक] वाचाट, दार्शनिक (सूअ १, १, ३, १३, २, २, ८०, पि २६५)।
पावादुय }

पावार पु [प्रावार] १ रुँछावाला कपडा। २ मोटा कम्बल (पव ८४)।

पावारय देखो पारय = प्रावारक (हे १ २७१, कुमा)।

पावालिआ स्त्री [प्रपापालिका] प्रपा या प्याऊ पर नियुक्त स्त्री (गा १६१)।

पावासु } वि [प्रवासिन्, °क] प्रवास करनेवाला (पि १०५, हे १, ९५, कुमा)।
पावासुअ }

पाविअ वि [प्राप्त] लब्ध, मिला हुआ (सुर ३, १६, स ६८६)।

पाविअ वि [प्रापित] प्राप्त करवाया हुआ (सण, नाट—मृच्छ २७)।

पाविअ वि [प्लावित] सराबोर किया हुआ, खूब भिजाया हुआ (कुमा)।

पाविट्ठ वि [पापिष्ठ] अत्यन्त पापी (उव ७२८ टी, सुर १, २१३, २, २०५, सुपा १६६, श्रा १४)।

पावीढ देखो पाय-वीढ (पउम ३, १, हे १, २७०, कुमा)।

पावीयस देखो पावस (पि ४०६, ४१४)।

पावुअ वि [प्रावृत] आच्छादित (सक्षि ४)।

पावेज्जमाण देखो पाव = प्र + आप।

पावेस वि [प्रावेश्य] प्रवेशोचित, प्रवेश के लायक (औप)।

पावेस पुं [प्रावेश] वस्त्र के दोनो तरफ लटकता रुँछा (णाया १, १)।

पास सक [दृश्] १ देखना। २ जानना। पासइ, पासेइ (कप्प)। पासिम = 'पश्य' (आचा १, ३, ३, ५)। कर्म. पासिज्जइ (पि ७०)। वकृ. पासत, पासमाण (स ७५, कप्प)। सकृ पासिउ, पासित्ता, पासित्ताण, पासिया (पि ४६५, कप्प, पि ५८३, महा)। हेकृ. पासित्तए, पासिउ (पि ५७८, ५७७)। कृ. पासियव्व (कप्प)।

पास पुं [पार्श्व] १ वर्तमान अवसर्पिणी-काल के तेईसवें जिन-देव (सम १३, ४३)। २ भगवान् पार्श्वनाथ का अधिष्ठायक यक्ष (सति ८)। ३ न. कन्धा के नीचे का भाग, पाँजर (णाया १, १६)। ४ समीप, निकट (सुर ४, १७६)। °वच्चिज्ज वि [°पत्यीय] भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा मे सजात (भग)।

पास पुं [पाश] फासा, वन्धन-रज्जू (सुर ४, ३३७, औप, कुमा)।

पास न [दे] १ आख। २ दांत। ३ कुन्त, प्रास। ४ वि विशोभ, कुडौल, शोभा हीन (दे ६, ७५)। ५ पुन. अन्य वस्तु का अल्प-मिश्रण, 'निच्चुण्णो तंबोलो पासेण विणा न होइ जह रंगो' (भाव २)।

°पास वि [°पाश] अपसद, निकृष्ट, जघन्य, कुत्सित, 'एस पासडियपासो किं करिस्सइ' (सम्मत्त १०२)।

पासंगिअ वि [प्रासङ्गिक] प्रसंग सवन्धी, आनुषगिक (कुम्मा २७)।

पासंड न [पाखण्ड] १ पाखण्ड, असत्य धर्म, धर्म का ढोंग (ठा १०, णाया १, ८, उवा, आव ६)। २ व्रत (अणु)।

पासंडि } वि [पाखण्डिन्, °क] १ पाखंडी, लोक मे पूजा पाने के लिए धर्म का ढोंग रचनेवाला (महानि ४, कुप्र २७६, सुपा ६६, १०६, १६२)। २ पुं. व्रती, साधु, मुनि, 'पव्वइए अणगारे पासडे (? डी) चरग तावसे भिक्खू। परिवाइए य समणे' (दसनि २—गाथा १६४)।
पासंडिय }

पासंदण न [प्रस्यन्दन] झरन, टपकना (वृह १)।

पासग वि [दर्शक] देखनेवाला (आचा)।

पासग पुं [पाशक] १ फांसा, वन्धन-रज्जु (उप पृ १३, सुर ४, २५०)। २ पासा, जुआ खेलने का उपकरण-विशेष (ज ३)।

पासग न [प्राशक] कला-विशेष (औप)।

पासण न [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण (पिंड ४७५, उप ९७७, ओघ ५४, सुपा ३७)।

पासणया स्त्री. ऊपर देखो (ओघ ६३, उप १४८, णाया १, १)।

पासणिअ वि [दे] साक्षी (दे ६, ४१)।

पासणिअ वि [प्राश्निक] प्रश्न-कर्ता (सूअ १, २, २, २८, आचा)।

पासत्थ वि [पार्श्वस्थ] १ पार्श्व मे स्थित, निकट-स्थित (पउम ९८, १८, स २६७, सूअ १, १, २, ५)। २ शिथिलाचारी साधु (उप ८३३ टी, णाहा १, ५, ६,—पत्र २०६, सार्ध ८८)।

पासत्थ वि [पाशस्थ] पाश मे फँसा हुआ, पाशित (सूअ १, १, २, ५)।

पासल्ल न [दे] १ द्वार (दे ६, ७६)। २ वि. तिर्यक्, वक्र (दे ६, ७६, से ६, ६२, गउड)।

पासल्ल देखो पास = पार्श्व (से ६, ३८, गउड)।

पासल्ल अक [तिर्यञ्च्, पार्श्वाय्] १ वक्र होना। २ पार्श्व घुमाना, 'पासल्लति महिहरा' (से ६, ४५)। वकृ पासल्लत (से ६, ४१)।

पासल्लइअ देखो पासल्लिअ (से ६, ७७)।

पासल्लि वि [पार्श्विन्] पार्श्व-शयित, 'उत्ताण-गपासल्ली नेसज्जी वावि ठाण ठाइत्ता' (पव ६७, पचा १८, १५)।

पासल्लिअ वि [पार्श्वित, तिर्यक्त] १ पार्श्व मे किया हुआ। २ टेढा किया हुआ (गउड, पि ५९५)।

पासवण न [प्रस्रवण] मूत्र, पेशाव (सम १०, कस, कप्प, उवा, सुपा ६२०)।

पासाईय देखो पासादाय (सम १३७, उवा)।

पासाकुसुम न [पाशाकुसुम] पुष्प-विशेष, 'छप्पअ गम्मसु सिसिरं पासाकुसुमेहिं ताव, मा मरसु' (गा ८१६)।

पासाण पुं [पाषाण] पत्थर (हे १, २६२; कुमा)।

पासाणिअ वि [दे] साक्षी (दे ६, ४१)।

पासाद देखो पासाय (औप, स्वप्न ५६)।

पासादिय वि [प्रसादित] १ प्रसन्न किया हुआ। २ न. प्रसन्न करना (णाया १, ६—पत्र १६४)।

पासादीय वि [प्रासादीय] प्रसन्नता-जनक (उवा, औप)।

पासादीय वि [प्रासादित] महलवाला, प्रासाद-युक्त (सूअ २, ७, १ टी)।

पासाय पुन [प्रासाद] महल, हर्म्य (पात्र, पउम ८०, ४)। °वडिंसय पुं [°वतंसक] श्रेष्ठ महल (अग, औप)।

पासायवडेंसग पु [प्रासादावतंसक] श्रेष्ठतम महल, प्रासाद-विशेष (राय ६६)।

पासासा स्त्री [दे] भल्ली, छोटा भाला (दे ६, १४)।

पासाव } पु [दे] गवाक्ष, वातायन, झरोखा
पासावय } (षड्, दे ६, ४३)।

पासि वि [पार्श्विन्] पार्श्वस्थ, शिथिलाचारी साधु, 'पासिसारिच्छो' (संबोध ३५)।

पासिद्धि देखो पसिद्धि (हे १, ४४)।

पासिम वि [दृश्य] दर्शनीय, ज्ञेय (आचा)।

पासिम देखो पास = दृश्।

पासिय वि [पाशिक] फाँसे में फँसानेवाला (पण्ह १, २)।

पासिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (आचा—पासिम)।

पासिय वि [पाशित] पाश-युक्त (राज)।

पासिया स्त्री [पाशिका] छोटा पाश (महा)।

पासिया देखो पास = दृश्।

पासिल्ल वि [पार्श्विक] १ पास में रहनेवाला। २ पार्श्वशायी (पव ५४, तंदु १३, भग)।

पासी स्त्री [दे] चूड़ा, चोटी (दे ६, ३७)।

पासु देखो पंसु (हे १, २६, ७०)।

पासुत्त देखो पसुत्त (गा ३२४, सुर २, ८२, ६, १६८, हे १, ४४, कुप्र २५०)।

पासेइय वि [प्रस्वेदित] प्रस्वेद-युक्त, पसीनावाला (भवि)।

पासेल्लिय वि [पार्श्वेशयन्] पार्श्व-शायी, बगल में सोनेवाला (राज)।

पासोअल्ल देखो पासल्ल = तिर्यञ्च्। वकृ. पासोअल्लंत (से ६, ४७)।

पाह (अप) सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना। पाहसि (पि ३५६)।

पाहंड देखो पासंड (पि २६५)।

पाहण देखो पाहाण, 'महंतं पाहणं तयं' (श्रा १२), 'चउकोणा समतीरा पाहणवद्धा य निम्मविया' (धर्मवि ३३, महा, भवि)।

पाहणा देखो पाणहा, 'तेगिच्छं पाहणा पाए' (दस ३, ४)।

पाहण्ण } न [प्राधान्य] प्रधानता, प्रधानपन
पाहन्न } (प्रासू ३२, ओघ ७७२)।

पाहर सक [प्रा + हृ] प्रकर्ष से लाना, ले आना। पाहराहि (सूअ, ४, २, ६)।

पाहरिय वि [प्राहरिक] पहरेदार (स ५२५, सुपा ३१२, ४५५)।

पाहाडय देखो पाभाइय (सुपा ३५, ५५६)।

पाहाण पु [पाषाण] पत्थर (हे १, २६२, महा)।

पाहिज्ज देखो पाहेज्ज (पात्र)।

पाहुड न [प्राभृत] १ उपहार, पाहुर, भेंट (हे १,१३१, २०६, विपा १, ३, कर्पूर २७, कप्पू, महा, कुमा)। २ जैन ग्रन्थांश-विशेष, परिच्छेद, अध्ययन (सुज्ज १, २, ३)। ३ प्राभृत का ज्ञान (कम्म १, ७)। °पाहुड न [°प्राभृत] १ ग्रन्थांश-विशेष, प्राभृत का भी एक अंश (सुज्ज १, १, २)। २ प्राभृत-प्राभृत का ज्ञान (कम्म १, ७)। °पाहुडसमास पुन [°प्राभृतसमास] अनेक प्राभृत-प्राभृतों का ज्ञान (कम्म १, ८)। °समास पुन [°समास] अनेक प्राभृतों का ज्ञान (कम्म १, ७)।

पाहुड न [प्राभृत] १ क्लेश, कलह (कस, बृह १)। २ दृष्टिवाद के पूर्वो का अध्याय-विशेष (अणु २३४)। ३ सावद्य कर्म, पाप-क्रिया (आचा २, २, ३, १, वव १)। °छेय पुं [°च्छेद] बारहवें अंग-ग्रन्थ के पूर्वो का प्रकरण-विशेष (वव १)। °पाहुडिआ स्त्री [°प्राभृतिका] दृष्टिवाद का प्रकरण-विशेष (अणु २३४)।

पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] १ दृष्टिवाद का छोटा अध्याय (अणु २३४)। २ अर्चनिका, विलेपन आदि (वव ४)।

पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] १ भेंट, उपहार (पव ६७)। २ जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, विवक्षित समय से पहले—मन में संकल्पित भिक्षा, उपहार रूप से दी जाती भिक्षा (पचा १३, ५, पव ६७, ठा ३, ४—पत्र १५६)।

पाहुण वि [दे] विक्रेय, बेचने की वस्तु (दे ६, ४०)।

पाहुण } पुं [प्राघुण, °क] अतिथि, पाहुना,
पाहुणग } मेहमान (ओघभा ५३, सुर ३,८५,
पाहुणय } महा, सुपा १३, कुप्र ४२, औप, काल)।

पाहुणिअ पुं [प्राघुणिक] अतिथि, पहुना, मेहमान (काप्र २२४)।

पाहुणिअ पुं [प्राघुनिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)।

पाहुणिज्ज वि [प्राह्वनीय] प्रकृष्ट सम्प्रदान, जिसको दान दिया जाय वह (णाया १, १ टी—पत्र ४)।

पाहुण्ण } न [प्राघुण्य, °क] आतिथ्य,
पाहुण्णग } अतिथि का सत्कार, पहुनाई,
पाहुण्णय } 'कयं मंजरीए पाहुण(? ण्ण)गं' (कुप्र ४२, उप १०३१ टी)।

पाहेअ न [पाथेय] रास्ते में व्यय करने की सामग्री, मुसाफिरी में खाने का भोजन (उत्त १६, १८, महा, अभि ७६, स ६८, सुपा ४२४)।

पाहेज्ज न [दे पाथेय] ऊपर देखो (दे ६, २४)।

पाहेणग (दे) देखो पहेणग (पिंड २८८)।

पि देखो अवि (हे २, २१८, स्वप्न ३७, कुमा, भवि)।

पिअ सक [पा] पीना। पिअइ (हे ४, १०, ४१६, गा १६१)। भूका. अपिइत्थ (आचा)। वकृ. पिअत, पियमाण (गा १३ अ, २४६, से २, ५, विपा १, १)। संकृ. पिच्चा, पेच्चा, पिएऊण (कप्प, उत्त १७, ३, धर्मवि २५), पिएविणु (अप) (सण)। प्रयो पियाए (दस १०, २)।

पिअ पु [प्रिय] १ पति, कान्त, स्वामी (कुमा)। २ वि इष्ट, प्रीति-जनक (कुमा)। °अम पुं [°तम] पति, कान्त (गा १६,

कुमा)। °अमा स्त्री [°तमा] पत्नी, भार्या (कुमा)। °अर वि [°कर] प्रीति-जनक (नाट—पिंग)। °कारिणी स्त्री [°कारिणी] भगवान् महावीर की माता का नाम, त्रिशला देवी (कप्प)। °गंथ पु [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन मुनि, आचार्य सुस्थित और सुप्रतिबद्ध का एक शिष्य (कप्प)। °जाअ वि [°जाय] जिसको पत्नी प्रिय हो वह (गा ५१८)। °जाआ स्त्री [°जाया] प्रेम-पात्र पत्नी (गा १६६)। °दंसण वि [°दर्शन] १ जिसका दर्शन प्रिय—प्रीतिकर हो वह (णाया १, १—पत्र १६, ओप)। २ पु. देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७६)। °दंसणा स्त्री [°दर्शना] भगवान् महावीर की पुत्री का नाम (आवम)। °धम्म वि [°धर्मन्] १ धर्म की श्रद्धावाला (णाया १, ८)। २ पुं. श्री रामचन्द्र के साथ जैन दीक्षा लेनेवाला एक राजा (पउम ८५, ५)। °भाउग पुं [°भ्रातृ] पति का भाई (उप ६४८ टी)। °भासि वि [°भाषिन्] प्रिय-वक्ता (महा ५८)। °मित्त पुं [°मित्र] १ एक जैन मुनि, जो अपने पीछले भव में पाँचवाँ वासुदेव हुआ था (पउम २०, १७१)। °मेलय वि [°मेलक] १ प्रिय का मेल—सयोग करानेवाला। २ न. एक तीर्थ (स ५५१)। °उय वि [°युष्क] जीवित-प्रिय (आचा)। °यग वि [°यत, °त्मक] आत्म-प्रिय (आचा)।

पिअ देखो पीअ, 'पीआपीअ पिआपिअं' (प्राप्र, सण, भवि)।

पिअ° देखो पिउ (प्रासू ७६, १०८)। °हर न [°गृह] पिता का घर, पीहर, नैहर, मेंका (पउम १७, ७)।

पिअआ देखो पिआ (श्रा १६)।

पिअइउ (अप) वि [प्रीणयितृ] प्रीति उप-जानेवाला, खुश करनेवाला (भवि)।

पिअउल्लिय (अप) देखो पिआ (भवि)।

पिअंकर वि [प्रियंकर] १ अभीष्ट-कर्ता, इष्ट-जनक (उत्त ११, १४)। २ पु एक चक्रवर्त्ती राजा (उप ६७२)। ३ रामचन्द्र के पुत्र लव का पूर्व जन्म का नाम (पउम १०४, २६)।

पिअंगु पुं [प्रियङ्गु] १ वृक्ष-विशेष, प्रियगु, ककूंदनी का पेड (पाअ, ओप, सम १५२)। २ कगु, मालकांगनी का पेड, 'पियंगुणो कगू' (पाअ)। ३ स्त्री. एक स्त्री का नाम (विवा १, १०)। °लइया स्त्री [°लतिका] एक स्त्री का नाम (महा)।

पिअंवय वि [प्रियंवद] मधुर-भाषी (सुर १, ६५, ४, ११८, महा)।

पिअंवाइ वि [प्रियवादिन्] ऊपर देखो (उत्त ११, १४, सुख ११, १४)।

पिअण न [दे] दुग्ध, दूध (दे ६, ४८)।

पिअण न [पान] पीना, 'तुहयन्नपियणनिरय' (धर्मवि १२५, सुख ३, १, उप १३६ टी, स २६३, सुपा २४५, चेइय ५७०)।

पिअणा स्त्री [पृतना] सेना विशेष, जिसमे २४३ हाथी, २४३ रथ, ७२६ घोड़े और १२१५ प्यादें हों वह लश्कर (पउम ५६, ६)।

पिअमा स्त्री [दे] प्रियंगु वृक्ष (दे ६, ४६, पाअ)।

पिअमाहवी स्त्री [दे] कोकिला, पिकी (दे ६, ५१, पाअ)।

पिअय पु [प्रियक] वृक्ष-विशेष, विजयसार का पेड (ओप)।

पिअर पुन [पितृ] १ माता-पिता, मा-बाप, 'सुणतु निएणयमिम पियरा', 'पियराइ रुय-ताइ' (धर्मवि १२२)। २ पु पिता, बाप (प्राप्र)।

पिअरंज सक [भञ्ज्] भांगना, तोडना। पिअरंजइ (प्राकृ. ७४)।

पिअल (अप) देखो पिअ = प्रिय (पिंग)।

पिआ स्त्री [प्रिया] पत्नी, कान्ता, भार्या (कुमा, हेका ६६)।

पिआमह पु [पितामह] १ ब्रह्मा, चतुरानन (से १,१७, पाअ, उप ५६७ टी, स २३१)। २ पिता का पिता, दादा (उव)। °तणअ पु [°तनय] जाम्बवान्, वानर-विशेष (से ४, ३७)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष, ब्रह्मास्त्र (से १५, ३७)।

पिआमही स्त्री [पितामही] पिता की माता, दादी (सुपा ४७२)।

पिआर (अप)। वि [प्रियतर] प्यारा (कुप्र ३२, भवि)।

पिआरी (अप) स्त्री [प्रियतरा] प्यारी, प्रिया, पत्नी (पिंग)।

पिआल पुं [प्रियाल] वृक्ष-विशेष, पियाल, चिरौंजी का पेड (कुमा, पाअ, दे ३, २१, पराग १)।

पिआलु पुं [प्रियालु] वृक्ष-विशेष, खिन्नी, खिरनी का गाछ (उर २, १३)।

पियासा देखो पिवासा (गा ८१४)।

पिइ देखो पीइ, 'तेण पिइए सिट्ठ' (पउम ११, १४)।

पिइ पुं [पितृ] १ पिता, बाप (उप ७२८ टी)। २ मघा-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (सुज्ज १०, १२, वि ३६१)। °मेह पु [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमे बाप का होम किया जाय वह यज्ञ (पउम ११, ४२)। °वण न [°वन] श्मशान (सुपा ३५६)। °हर न [°गृह] पिता का घर, पीहर (पउम १८, ७, सुर ६, २३६)। देखो पिउ।

पिइज्ज पु [पितृव्य] चाचा, बाप का भाई, 'सुपासो वीरजिणपिइज्जो (? ज्ज)' (विचार ४७८)।

पिइय वि [पैतृक] पिता का, पितृ-संबन्धी (भग)।

पिउ, पिउअ पु [पितृ] १ बाप, पिता (सुर १, १७६, ओप, उव, हे १, १३१)। २ पुन माँ बाप, माता-पिता, 'अन्नया मह पिऊणि गामं पत्ताइं' (धर्मवि १४७ सुपा ३२६)। °कम्म पुं [°क्रम] पितृ-वश, पितृ-कुल (कुमा)। °कुल न [°कुल] पिता का वंश (षड्)। °घर न [°गृह] पिता का घर, पीहर (सुपा ६०१)। °च्छा, °च्छी स्त्री [°ष्वसृ] पिता की बहिन, फूआ, बूआ, फुफु (गा ११०, हे २, १४२, पाअ, णाया १, १६), 'कोतिं पिउत्थि (? च्छि) सक्कारेइ' (णाया १, १६—पत्र २१६)। °पिंड पुं [°पिण्ड] मृतक-भोजन, श्राद्ध मे दिया जाता भोजन (आचा २, १, २)। °भगिणी स्त्री [°भगिनी] फूफी, पिता की बहिन (सुर ३, ८२)। °वइ पु [°पति] यम, यमराज (हे १, १३४)। °वण न [°वन] श्मशान (पउम १०५, ५१, पाअ, हे १, १३४)। °सिआ स्त्री [°ष्वसृ] फूफी (हे

२, १४२, कुमा) °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °स्सरया देखो °सिआ (विपा १, ३—पत्र ४२)। °हर देखो °घर (सुर १०, १६, भवि)।

पिउअ देखो पिउय (राज)।

पिउआ स्त्री [दे पितृष्वसृ] फूफी, पिता की बहिन (षड्)।

पिउआ } स्त्री [दे] सखी, वयस्या (षड् १७५, पिउच्छा } २१०)।

पिउली स्त्री [दे] १ कर्पास, कपास। २ तूल-लतिका, रूई की पूनी (दे ६, ७८)।

पिउल देखो पिउ (हे २, १६४)।

पिकार पु [अपिकार] १ 'अपि' शब्द। २ अपि शब्द की व्याख्या (ठा १०—पत्र ४९५)।

पिंखा स्त्री [प्रेङ्खा] हिंडोला, डोला (पाअ)।

पिंखोल सक [प्रेङ्खोलय्] झूलना। वकृ पिंखोलमाण (राज)।

पिंग देखो पग = ग्रह् (कुमा ७, ८६)।

पिंग पु [पिङ्ग] १ कपिश वर्ण, पीत वर्ण। २ त्रि पीला, पीत रंग का (पाअ, कुमा, सम्मि १४)। ३ पुंस्त्री कपिंजल पक्षी। स्त्री °गा (सूअ १, ३, ४, १२)।

पिंगंग पु [दे] मर्कट, बन्दर (दे ६, ४८)।

पिंगल पु [पिङ्गल] १ नील-पीत वर्ण। २ वि नील-मिश्रित पीत-वर्णवाला (कुमा, ठा ४, २, श्रोप)। ३ पु ग्रह विशेष (ठा २, ३)। ४ एक यक्ष (सिरि ६६६)। ५ चक्रवर्ती का एक निधि, आभूषणों की पूर्ति करनेवाला एक निधान (ठा ९, उप ९८६ टी)। ६ कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। ७ प्राकृत-पिंगल का कर्ता एक कवि (पिंग)। ८ एक जैन उपासक (भग)। ९ न प्राकृत का एक छन्द ग्रन्थ (पिंग)। °कुमार पु [°कुमार] एक राजकुमार, जिसने भगवान् सुपार्श्वनाथ के समीप दीक्षा ली थी (सुपा ९६)। °क्ख वि [°क्ष] १ नीली-पीली आँखवाला (ठा ४, २—पत्र २०८)। २ पु. पक्षि-विशेष (पण्ह १, १, औप)।

पिंगलायण न [पिङ्गलायन] १ गोत्र-विशेष, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री उस गोत्र मे उत्पन्न (ठा ७)।

पिंगलिअ वि [पिङ्गलित] नीला-पीला किया हुआ (से ४, १८, गउड, सुपा ८०)।

पिंगलिअ वि [पैङ्गलिक] पिंगल-सबन्धी (पिंग)।

पिंगा देखो पिंग।

पिंगायण न [पिङ्गायन] मघा-नक्षत्र का गोत्र (इक)।

पिंगिअ वि [गृहीत] ग्रहण किया हुआ (कुमा)।

पिंगिम पुंस्त्री [पिङ्गिमन्] पिंगता, पीलापन (गउड)।

पिंगीकय वि [पिङ्गीकृत] पीला किया हुआ, 'घणायणवुसिरिणिसुप्पकपिंगीकय व्व' (लहुअ ७)।

पिंगुल पु [पिङ्गुल] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

पिचु पुंस्त्री [दे] पक्व करीर, पक्का करील (दे ६, ४६)।

पिंछ } देखो पिच्छ (आचा, गउड, सुपा पिंछड } ६४१)।

पिंछी स्त्री [पिच्छी] साधु का एक उपकरण, 'नवि लेइ जिणा पिंछी (°च्छि)' (विचार १२८)।

पिंछोली स्त्री [दे] मुँह के पवन से बजाया जाता तृण-मय वाद्य-विशेष (दे ६, ४७)।

पिंज सक [पिञ्ज्] पीजना, रूई का धुनना। वकृ. पिंजत (पिंड ५७४, श्रोघ ४६८)।

पिंजण न [पिञ्जन] पीजना (पिंड ६०३, दे ७, ६३)।

पिंजर पु [पिञ्जर] १ पीत-रक्त वर्ण, रक्त-पीत मिश्रित रंग। २ त्रि रक्त-पीत वर्णवाला (गउड, कुप्र ३०७)।

पिंजर सक [पिञ्जरय्] रक्त-मिश्रित पीत-वर्ण-युक्त करना। वकृ. पिंजरयत (पउम ६२, ६)।

पिंजरण न [पिञ्जरण] रक्त-मिश्रित पीत-वर्णवाला करना (सण)।

पिंजरिअ वि [पिञ्जरित] पिञ्जर वर्णवाला किया हुआ (हम्मीर १२, गउड, सुपा ५२४)।

पिंजरुड पुं [दे] पक्षि-विशेष, भारुण्ड पक्षी, जिसके दो मुँह होते हैं (दे ६, ५०)।

पिंजिअ वि [पिञ्जित] पीजा हुआ (दे ७, ६४)।

पिंजिअ वि [दे] विधुत (दे ६, ४९)।

पिंड सक [पिण्डय्] १ एकत्रित करना, संश्लिष्ट करना। २ अक एकत्रित होना, मिलना। पिंडेइ, पिंडयए (उव, पिंड ६६)। संकृ पिण्डिऊण (कुमा)।

पिंड पु [पिण्ड] १ कठिन द्रव्यो का संश्लेष (पिण्डभा २)। २ समूह, संघात (श्रोघ ४०७ विसे ९००)। ३ गुड वगैरह की बनी हुई गोल वस्तु, वर्तुलाकार पदार्थ (पण्ह २, ५)। ४ भिक्षा मे मिलता आहार, भिक्षा (उव, ठा ७)। ५ देह का एक देश। ६ देह, शरीर। ७ घर का एक देश। ८ अन्न का गोला जो पितरो के उद्देश से दिया जाता है। ९ गन्ध-द्रव्य विशेष, सिह्लक। १० जपा-पुष्प। ११ कवल, ग्रास। १२ गज-कुम्भ। १३ मदनक वृक्ष, दमनक का पेड। १४ न आजीविका। १५ लोहा। १६ श्राद्ध, पितरो को दिया जाता दान। १७ वि. सहत। १८ घन, निबिड (हे १, ८५)। °कप्पिअ वि [°कल्पिक] सर्वथा निर्दोष भिक्षा लेनेवाला (वव ३)। °गुला स्त्री [°गुला] गुड-विशेष, इक्षुरस का विकार-विशेष, शक्कर बनने के पहले की अवस्था-विशेष (पिंड २८३)। °घर न [°गृह] कर्दम से बना हुआ घर (वव ४)। °त्थ पु [°स्थ] जिन भगवान् की अवस्था-विशेष, 'न पिंडत्थपयत्थावत्थंतरभावणा सम्म' (संबोध २)। °त्थ पु [°र्थ] समुदायार्थ (राज)। °दाण न [°दान] पिण्ड देने की क्रिया, श्राद्ध (धर्मवि २६)। °पयडि स्त्री [°प्रकृति] अवान्तर भेदवाली प्रकृति (कम्म १, २५)। °वद्धण न [°वर्धन] आहार-वृद्धि, कवल-वृद्धि, अन्न प्राशन (अंत)। °वद्धावण न [°वर्धन] आहार बढाना (औप) °वाय पु [°पात] भिक्षा-लाभ, आहार-प्राप्ति (ठा ५, १, कस)। °वास पु [°वास] मुहूजन (भवि)। °विसुद्धि, °विसोहि स्त्री [°विशुद्धि] भिक्षा की निर्दोषता (अंत, श्रोघभा ३)।

पिंडग पु [पिण्डक] ऊपर देखो (कप्प)।

पिंडण न [पिण्डन] १ द्रव्यों का एकत्र संश्लेष (पिंडभा २)। २ ज्ञानावरणीयादि कर्म (पिंड ६६)।

पिंडणा स्त्री [पिण्डना] १ समूह (ओघ ४०७)। २ द्रव्यों का परस्पर संयोजन (पिंड २)।

पिंडय देखो पिंड (ओघभा ३३)।

पिंडरय न [दे] दाडिम, अनार (दे ६, ४८)।

पिंडलइय वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४, पाअ)।

पिंडलग न [दे] पटलक, पुष्प का भाजन (ठा ७)।

पिंडवाइअ वि [पिण्डपातिक, पैण्डपातिक] भक्त-लाभवाला, जिसको भिक्षा मे आहार की प्राप्ति हो वह (ठा ५, १, कस, ओप, प्राकृ ६)।

पिंडार पु [पिण्डार] गोप, ग्वाला (गा ७३१)।

पिंडालु पु [पिण्डालु] कन्द-विशेष (श्रा २०)।

पिंडि° देखो पिंडी (भग, णाया १, १ टी—पत्र ५)।

पिंडिम वि [पिण्डिम] १ पिण्ड से बना हुआ, बहल (पराह २, ५—पत्र १५०)। २ पुद्गल-समूहरूप, संघाताकार (णाया १, १ टी—पत्र ५, औप)।

पिंडिय वि [पिण्डित] १ एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ (सूअनि १४०, पचा १४, ७, महा)। २ गुणित (ओप)।

पिंडिया स्त्री [पिण्डिका] १ पिण्डी, पिंडली, जानू के नीचे का मासल अवयव (महा)। २ वर्तुलाकार वस्तु (ओप)। देखो पिंडी।

पिंडी स्त्री [पिण्डी] १ लुम्बी, गुच्छा (औप, भग, णाया १, १, उप पृ ३६)। २ घर का आधार-भूत काष्ठ विशेष, पीढा, 'विघडिर्यपिंडीवचसविपरिलविवालणिम्मोआ' (गउड)। ३ वर्तुलाकार वस्तु, गोला, 'विन्नागपिंडी' (सूअ २, ६, २६)। ४ खर्जूर-विशेष (नाट—शकु ३५)। देखो पिंडिया।

पिंडी स्त्री [दे] मञ्जरी (दे ६, ४७)।

पिंडीर न [दे पिण्डीर] दाडिम, अनार (दे ६, ४८)।

पिंडेसणा स्त्री [पिण्डैषणा] भिक्षा ग्रहण करने की रीति (ठा ७)।

पिंडेसिय वि [पिण्डैषिक] भिक्षा की खोज करनेवाला (भग ६, ३३)।

पिंडोलग, पिंडोलगय, पिंडोलय वि [पिण्डावलगक] भिक्षा से निर्वाह करनेवाला, भिक्षा का प्रार्थी, भिक्षु (आचा, उत्त ५, २२, सुख ५, २२, सूअ १, ३, १, १०)।

पिंध (अप) सक [पि + धा] ढकना। पिंधउ (पिंग)। सकृ पिधउ (पिंग)।

पिंधण (अप) न [पिधान] ढकना (पिंग)।

पिंसुली स्त्री [दे] मुँह से पवन भरकर बजाया जाता एक प्रकार का तृण-वाद्य (दे ६ ४७)।

पिक पुस्त्री [पिक] कोकिल पक्षी (पिंग)। स्त्री. °की (दे ६, ५१)।

पिक देखो पक्क = पक्व (हे १, ४७, पाअ, गा ५६५)।

पिक्ख सक [प्र + ईक्ष्] देखना। पिक्खइ (भवि)। वकृ. पिक्खत (भवि)। कृ. पिक्खेयव्व (सुर ११, १३३)।

पिक्खग वि [प्रेक्षक] निरीक्षक, द्रष्टा (ती १०, धर्मवि १५)।

पिक्खण न [प्रेक्षण] निरीक्षण (राज)।

पिक्खिय वि [प्रेक्षित] दृष्ट (पि ३६०)।

पिग देखो पिक (कुमा)।

पिचु पुं [पिचु] कार्पास, रुई (दे ६, ७८)। °लया स्त्री [°लता] पूनी रूई की पूनी (दे ६, ५६)।

पिचुमद पु [पिचुमन्द] निम्ब वृक्ष, नीम का पेड (मोह १०३)।

पिच्च, पिच्चा अ [प्रेत्य] पर-लोक, आगामी जन्म (श्रा १४, सुपा ५०६, सूअ १, १, १, ११)। देखो पेच्च।

पिच्चा देखो पिअ = पा।

पिच्चिय वि [दे पिच्चित] कूटी हुई छाल (ठा ५, ३—पत्र ३३८)।

पिच्छ सक [दृश्, प्र + ईक्ष्] देखना। पिच्छइ, पिच्छति, पिच्छ (कप्प, प्रासू १६०, ३३)। वकृ. पिच्छत, पिच्छमाण (सुपा ३४६, भवि)। कवकृ पिच्छिज्जमाण (सुपा ६२)। सकृ पिच्छिउ, पिच्छिऊग (प्रासू ६१, भवि)। कृ. पिच्छणिज्ज (कप्प, सुर १३, २२३, रयण ११)।

पिच्छ न [पिच्छ] १ पक्ष का अवयव, पख का हिस्सा (उवा, पाअ)। २ मयूर-पिच्छ, शिखण्ड (णाया १, ३)। ३ पक्ष, पाख (उप ७६८ टी, गउड)। ४ पूँछ, लाङ्गूल (गउड)।

पिच्छण न [प्रेक्षण] १ दर्शन, अवलोकन (श्रा १४, सुपा ५५)।

पिच्छण, पिच्छणय न [प्रेक्षण, °क] तमाशा, खेल, नाटक, 'पारद्ध पिच्छणं तहि ताव' (सुपा ४८५), 'तो जवणियछिड्डेहिं पिच्छइ अतेउरपि पिच्छणय' (सुपा २००)।

पिच्छल वि [पिच्छल] १ स्निग्ध, स्नेह-युक्त। २ मसृण (सण)।

पिच्छा स्त्री [प्रेक्षा] निरीक्षण। °भूमि स्त्री [°भूमि] रग-मण्डप, रंगमच (पाअ)।

पिच्छि वि [पिच्छिन्] पिच्छवाला (ओप)।

पिच्छिर वि [प्रेक्षितृ] प्रेक्षक, द्रष्टा, देखनेवाला (सुपा ७८, कुमा)।

पिच्छिल वि [पिच्छिल] १ स्नेह-युक्त, स्निग्ध। २ मसृण, चिकना (गउड, हास्य १४०, दे ६, ४६)।

पिच्छिली स्त्री [दे] लज्जा, शरम (दे ६ ४७)।

पिच्छी स्त्री [दे] चूडा, चोटी (दे ६, ३७)।

पिच्छी स्त्री [पिच्छिका] पीछी (गा ५७२)।

पिच्छी स्त्री [पृथ्वी] १ पृथ्वी, धरित्री, धरनी (कुमा)। २ वडी इलायची। ३ पुनर्नवा। ४ कृष्ण जीरक। ५ हिंगुपत्री (हे १, १२८)।

पिच्छोला स्त्री [दे] वीन वजाने की कंबिका (सूत्र कृ० चू० पत्र १४६)।

पिज्ज सक [पा] पीना। पिज्जइ (हे ४, १०)। कृ पिज्जणिज्ज (कुमा)।

पिज्ज पुंन [प्रेमन्] प्रेम, अनुराग (सूअ १, १६, २, कप्प)।

पिज्ज, पिज्जत देखो पा = पा।

पिज्जा स्त्री [पेया] यवागू (पिंड ६२४)।

पिज्जाविअ वि [पायित] जिसको पान कराया गया हो वह (सुख २, १७)।

पिट्ट सक [पीडय्] पीडा करना। पिट्टंति (सूअ २, २, ५५)।

पिट्ट अक [भ्रश्] नीचे गिरना। पिट्टइ (षड्)।

पिट्ट सक [पिट्टय्] पीटना, ताडन करना। पिट्टइ, पिट्टेइ (प्राचा, पिंग, गा १७१, सिरि ६५५)। वकृ पिट्टंत (पिंग)।

पिट्ट न [दे] पेट, उदर (पचा ३, १६, धर्मवि ६६, चेइय २३८, कप्पू २६, सुपा ५६३, सं २१)।

पिट्टण न [पिट्टन] ताडन, आघात (सूत्र २, २, ६२, पिंड ३४, पण्ह १, १, ओघ ५१६, उप ५०६)।

पिट्टण न [पीडन] पीडा, क्लेश (सूत्र २, २, ५५)।

पिट्टणा स्त्री [पिट्टना] ताडन (ओघ ३५७)।

पिट्टावणया स्त्री [पिट्टना] ताडन कराना (भग ३, ३—पत्र १८२)।

पिट्टिय वि [पिट्टित] पीटा हुआ, ताडित (सुपा २, १५)।

पिट्ठ न [पिष्ट] तण्डुल आदि का आटा, चूर्ण (णाया १, १, ३, दे १, ७८, गा ३८८)।

पिट्ठ न [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का हिस्सा (औप, उव)। °ओ अ [°तस्] पीछे से, पृष्ठ भाग से (उवा, विपा १, १, औप)। °करंडग न [°करण्डक] पृष्ठ-वंश, पीठ की बड़ी हड्डी (तंदु ३५)। °चर वि [°चर] पृष्ठ-गामी, अनुयायी (कुमा)। देखो पिट्ठि।

पिट्ठ वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ। २ न स्पर्श (पव १५७)।

पिट्ठ वि [पृष्ट] १ पूछा हुआ। २ न प्रश्न, पृच्छा, 'जंपमि विणअ ण जपसे पिट्ठ' (गा ९४३)।

पिट्ठंत न [दे पृष्टान्त] गुदा, गांड (दे ६, ४६)।

पिट्ठखउरा स्त्री [दे] पङ्क सुरा, कलुष मदिरा (दे ६, ५०)।

पिट्ठखउरिआ स्त्री [दे] मदिरा, दारू (पाप्र)।

पिट्ठव्व वि [प्रष्टव्य] पूछने योग्य, 'नियकरहोदोनि किं पुरी कि पिट्ठि (?ट्ठ) व्वा' (रंभा)।

पिट्ठायय पुन [पिष्टातक] केसर आदि गन्ध-द्रव्य (गउड, स ७३४)।

पिट्ठि स्त्री [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का भाग (हे १, १२६, णाया १, ६, रंभा, कुमा, षड्)। °ग वि [°ग] पीछे चलनेवाला (श्रा १२)। °चम्पा स्त्री [°चम्पा] चम्पा नगरी के पास की एक नगरी (कप्प)। °मंस न [°मांस] परोक्ष मे अन्य के दोष का कीर्तन, 'पिट्ठिमंस न खाइज्जा' (दस ८, ४७)। °मंसिय वि [°मांसिक] परोक्ष मे दोष बोलनेवाला, पीछे निन्दा करनेवाला (सम ३७)। °माउया स्त्री [°मातृका] एक अनुत्तर-गामिनी स्त्री, 'चंदिमा पिट्ठिमाउया' (अनु २)। देखो पिट्ठ = पृष्ठ।

पिट्ठी स्त्री [पैष्टी] आटा की बनी हुई मदिरा (बृह २)।

पिड पु [पिट] १ वंश-पत्र आदि का बना हुआ पात्र-विशेष। २ कब्जा, अधीनता, 'जा ताव तेणं भणियं रे रे रे वाल मह पिडे पडिओ' (सुपा १७६)।

पिडग देखो पिडय = पिटक (औप, उवा, सुज्ज १६)।

पिडच्छा स्त्री [दे] सखी (दे ६, ४६)।

पिडय न [पिटक] १ वंशमय पात्र-विशेष, 'भोयणपि (? पि) डय करेति' (णाया १, १—पत्र ८६)। २ दो चन्द्र और दो सूर्यो का समूह (सुज्ज १६)।

पिडय वि [दे] आविग्न (षड्)।

पिडव सक [अर्ज्] पैदा करना, उपार्जन करना। पिडवइ (षड्)।

पिडिआ स्त्री [पिटिका] १ वंश-मय भाजन-विशेष (दे ४, ७, ६, १)। २ छोटी मंजूषा पेटी, पिटारी (उप ५८७, ५६७ टी)।

पिड्डु सक [पीडय्] पीडना। पिड्डुइ (प्राचा, (पि २७६)।

पिड्डु अक [भ्रंश्] नीचे गिरना। पिड्डुइ (षड्)।

पिड्डुइअ वि [दे] प्रशान्त (षड्)।

पिढ अ [पृथक्] अलग, जुदा (षड्)।

पिढर पुन [पिठर] १ भाजन-विशेष, स्थाली (पाप्र, प्राचा, कुमा)। २ गृह-विशेष। ३ मुस्ता, मोथा। ४ मन्थान दण्ड, मथनिया (हे १, २०१, षड्)।

पिणद्ध सक [पि + नह्, पिनि + धा] १ ढकना। २ पहिनना। ३ पहिराना। ४ बाँधना। पिणद्धइ, पिणद्धेइ (पि ५५६)। हेकृ. पिणद्धुं, पिणद्धित्तए (अभि १८५, राज)।

पिणद्ध वि [पिनद्ध] १ पहना हुआ (पाप्र, औप, गा ३२८)। २ बद्ध, यन्त्रित (राय)। ३ पहनाया हुआ, 'निगमउडोवि पिणद्धो तस्स सिरे रयणचिंचइओ' (सुपा १२५)।

पिणद्धाविद (शौ) वि [पिनिधापित] पहनाया हुआ (नाट—शकु ६८)।

पिणाइ पु [पिनाकिन्] महादेव, शिव (पाप्र, गउड)।

पिणाई स्त्री [दे] आज्ञा, आदेश (दे ६, ४८)।

पिणाग पुन [पिनाक] १ शिव-धनुष। २ महादेव का शूलास्त्र (धर्मवि ३१)।

पिणागि देखो पिणाइ (धर्मवि ३१)।

पिणाय देखो पिणाग (गउड)।

पिणाय पु [दे] बलात्कार (दे ६, ४६)।

पिणिद्ध वि [पिनद्ध, पिनिहित] देखो पिणद्ध = पिनद्ध, (पण्ह २, ४—पत्र १३०, कप्प, औप)।

पिणिधा सक [पिनि + धा] देखो पिणद्ध = पि + नह्। हेकृ पिणिधत्तए (औप, पि ५७८)।

पिण्णाग देखो पिन्नाग (राज)।

पिण्णिया स्त्री [दे पिण्यिका] गन्ध द्रव्य-विशेष, ध्यामक, गन्ध-तृण (उत्तनि ३)।

पिण्ही स्त्री [दे] क्षामा, कृश स्त्री (दे ६, ४६)।

पित्त पुन [पित्त] शरीर-स्थित धातु-विशेष, तिक्त धातु (भग, उव)। °ज्जर पु [°ज्वर] पित्त से होता बुखार (णाया १, १)। °मुच्छा स्त्री [°मूर्च्छा] पित्त की प्रबलता से होनेवाली बेहोशी (पडि)।

पित्तल न [पित्तल] धातु-विशेष, पीतल (कुप्र १४४)।

पित्तिज्ज, पित्तिय पु [पितृव्य] चाचा, पिता का भाई (कप्प, सम्मत्त १७२, सिरि २६३, धर्मवि १२७, स ४६५, सुपा ३३४)।

पित्तिय वि [पैत्तिक] पित्त का, पित्त-संबन्धी (तंदु १६, णाया १, १, औप)।

पिधं अ [पृथक्] अलग, जुदा (हे १, १८८, कुमा)।

पिधाण देखो पिहाण (नाट—विक्र १०३)।

पिन्नाग, पिन्नाय पु [पिण्याक] खली, तिल आदि का तेल निकाल लेने पर जो उसका

भाग वचता है वह (सूअ २, ६, २६, २, १, १६, २, ६, २८)।

पिपीलिअ पुं [पिपीलक] कीट-विशेष, चोऊँटा (कप्प)।

पिपीलिआ } स्त्री [पिपीलिका] चीटी, पिपीलिका } चीऊँटी (पण्ह १, ६, जी १६, णाया १, १६)।

पिप्पड सक [दे] बडबडाना, जो मन मे आवे सो बकना। पिप्पडइ (दे ६, ५० टी)।

पिप्पडा स्त्री [दे] ऊर्णा-पिपीलिका (दे ६, ४८)।

पिप्पडिअ वि [दे] १ जो बडबडाया हो। २ न बडबडाना, निरर्थक उल्लाप, बकवाद (दे ६, ५०)।

पिप्पय पु [दे] १ मशक (दे ६, ७८)। २ पिशाच, भूत (पाअ)। ३ वि उन्मत्त (दे ६, ७८)।

पिप्पर पु [दे] १ हंस। २ वृषभ (दे ६, ७६)।

पिप्परी स्त्री [पिप्पली] पीपर का गाछ (पण्ण १)।

पिप्पल पुन [पिप्पल] १ पीपल वृक्ष, अश्वत्थ (उप १०३१ टी, पाअ, हि १०)। २ छुरा, क्षुरक (विपा १, ६—पत्र ६६, ओघ ३५६)।

पिप्पलग वि [पैप्पलक] पीपल के पान का बना हुआ (आचा २, २, ३, १४)।

पिप्पलि } स्त्री [पिप्पलि, °ली] ओषधि-पिप्पली } विशेष, पीपर, 'महुपिप्पलिसुठाई अणेगहा साइम होइ' (पचा ५, ३०, पण्ण १७)।

पिप्पिडिअ देखो पिप्पडिअ (षड्)।

पिप्पिया स्त्री [दे] दांत का मैल (णदि)।

पिब देखो पिअ = पा। पिवामो (पि ४८३)। सक्. पिबित्ता (आचा)।

पिब्ब न [दे] जल, पानी (दे ६, ४६)।

पिम्म पुं [प्रेमन्] प्रेम, प्रीति, अनुराग (पाअ, सुर २, १७२, रंभा)।

पियाल पु [प्रियाल] १ वृक्ष-विशेष, खिरनी का पेड। २ न फल-विशेष, खिरनी, खिन्नी (दस ५, २, २४)।

पियास (अप) स्त्री [पिपासा] प्यास (भवि)।

पिरिडी स्त्री [दे] शकुनिका, चिडिया (दे ६, ४७)।

परिपिरिया देखो परिपिरिया (राज)।

पिरिली स्त्री [पिरिली] १ गुच्छ-विशेष, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)। २ वाद्य-विशेष (राज)।

पिल देखो पील। कर्म. पिलिज्जइ (नाट)।

पिलखु } पुं [प्लक्ष] १ वृक्ष-विशेष, पिलक्खु } पिलखन पाकड का पेड (सम १५२, ओघ २६, पि ७४)। २ एक तरह का पीपल वृक्ष, 'पिलक्खू पिप्पलभेदो' (निचू ३)।

पिलण न [दे] पिच्छिल देश, चिकनी जगह (दे ६, ४६)।

पिला देखो पीला (पि २२६)।

पिलाग न [पिटक] फोडा, फुनसी (सूअ १, ३, ४, १०)।

पिलिंखु देखो पिलखु (विचार १४८)।

पिलिहा स्त्री [प्लीहा] अग-विशेष, पिलही, तिल्ली (तदु ३६)।

पिलुअ न [दे] क्षुत, छीक (षड्)।

पिलुक } देखो पिलखु (पि ७४, पण्ण पिलुक्ख } १—पत्र ३१)।

पिलुंखु देखो पिलखु (आचा २, १, ८, ३)।

पिलुट्ठ वि [प्लुष्ट] दग्ध (हे २, १०६)।

पिलोस पु [प्लोष] दाह, दहन (हे २,१०६)।

पिल्ल देखो पेल्ल = क्षिप्। पिल्लइ (भवि)।

पिल्ल सक [प्र + ईरय्] १ प्रेरणा करना। २ प्रवृत्त करना। पिल्लेइ (वव १)।

पिल्लग न [दे] पक्षी का बच्चा।

पिल्लण न [प्रेरण] प्रेरणा (ज ३)।

पिल्लणा स्त्री [प्रेरणा] प्रेरणा (कप्प)।

पिल्लि स्त्री [दे] यान-विशेष (दसा ६)।

पिल्लिअ वि [क्षिप्त] फेंका हुआ (पाअ, भवि; कुमा)।

पिल्लिअ वि [प्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह (सुपा ३८१)।

पिल्लिरी स्त्री [दे] १ तृण-विशेष, गण्डूत तृण। २ चीरी, कीट-विशेष। ३ घर्म, पसीना (दे ६, ७६)।

पिल्लुग (दे) देखो पिलुअ (वव २)।

पिल्हु न [दे] छोटे पक्षी के तुल्य (दे ६, ४६)।

पिव देखो इव (हे २, १८२, कुमा, महा)।

पिव सक [पा] पीना। पिवइ (पिग)। भूका. अपिवित्था (आचा)। कर्म. पिवीअंति (पि ५३६)। सक्. पिविअ, पिविइत्ता, पिवित्ता (नाट, ठा ३, २, महा)। हेकृ. पिविउं, पिवित्तए (माक ४२, औप)।

पिवण देखो पिअण = (दे) (भवि)।

पिवासय वि [पिपासक] पीने की इच्छा-वाला (भग—अत्थ°)।

पिवासा स्त्री [पिपासा] प्यास, पीने की इच्छा (भग, पाअ)।

पिवासिय वि [पिपासित] तृषित (उवा, वे. .)।

पिवीलिआ देखो पिपीलिआ (उव, स ४२०, भा ४६)।

पिव्व देखो पिव्अ (षड्)।

पिस सक [पिष्] पीसना। पिसइ (षड्)।

पिसग पुं [पिशङ्ग] १ पिंगल वर्ण, मटियारा रँग। २ वि पिंगल वर्णवाला (पाअ, कुप्र १०५, ३०६)।

पिसडि [दे] देखो पसढि (सुपा ६०७, कुप्र ६२, १४५)।

पिसल्ल पुं [पिशाच] पिशाच, व्यन्तर-योनिक देवो की एक जाति (हे १, १६३, कुमा, पाअ, उप २६४ टी, ७६८ टी)।

पिसाजि वि [पिशाचिन्] भूताविष्ट (हे १, १७७, कुमा, षड्, चड)।

पिसाय देखो पिसल्ल (हे १, १६३, पण्ह १, ४, महा, इक)।

पिसिअ न [पिशित] मांस (पाअ, महा)।

पिसुअ पुंस्त्री [पिशुक] क्षुद्र कीट-विशेष। स्त्री °या (राज)।

पिसुण सक [कथय्] कहना। पिसुणइ, पिसुणेइ, पिसुणंति, पिसुणेंति, पिसुणसु (हे ४, २, गा ६८१, सुर ६, ११३, गा ५५६, कुमा)।

पिसुण पु [पिशुन] खल, दुर्जन, पर-निन्दक, चुगलखोर (सुर ३, १६, प्रासू १८, गा ३७७, पाअ)।

पिसुणिअ वि [कथित] १ कहा हुआ । २ सूचित (सुपा २३; पाअ, कुप्र २७८) ।
पिसुमअ (पै) पु [विस्मय] आश्चर्य (प्राकृ १२४) ।
पिह सक [स्पृह्] इच्छा करना, चाहना । पिहाइ (भग ३, २—पत्र १७३) । संकृ. पिहाइत्ता (भग ३, २) ।
पिह वि [पृथक्] भिन्न, जुदा, 'पिहप्पिहाए' (विसे ८४८) ।
पिहं अ [पृथक्] अलग (हे १, १३७, षड्) ।
पिहड पु [दे] १ वाद्य-विशेष । २ वि विवर्ण (दे ६, ७९) ।
पिहड देखो पिढर (हे १, २०१; कुमा, उवा) ।
पिहण न [पिधान] १ ढक्कन, पिधान (सुर १६, १६५) । २ ढकना, आच्छादन (पंचा १, ३२; सबोध ४६, सुपा १२१) ।
पिहणया स्त्री [पिधान] आच्छादन, ढकना (स ५१) ।
पिहअ देखो पिह = पृथक् (कुमा) ।
पिहा सक [पि + धा] १ ढकना । २ बंद करना । पिहाइ (भग ३,२) । सकृ पिहाइत्ता, पिहिऊण (भग ३, २, महा) ।
पिहाण देखो पिहण (ठा ४, ४; रत्न २५, कप्प) ।
पिहाणिआ स्त्री [पिधानिका] ढकनी (पाअ) ।
पिहाणी स्त्री [पिधानी] ऊपर देखो (दे) ।
पिहिअ वि [पिहित] १ ढका हुआ । २ बंद किया हुआ (पाअ; कम, ठा २, ४—पत्र ६६; सुपा ६३०) । °सव वि [°स्रव] १ जिसने आस्रव को रोका हो (दम ४) । २ पु एक जैन मुनि का नाम (पउम २०, १८) ।
पिहिण देखो पिहण, 'आणवणे पेसवणे पिहिणे ववएस मच्छरे चेव' (श्रा ३०, पडि) ।
पिहिमि° (अप) स्त्री [पृथिवी] भूमि, धरती । °पाल पुं [°पाल] राजा (भवि) ।
पिहीकय वि [पृथक्कृत] अलग किया हुआ (पिंड ३६१) ।
पिहु वि [पृथु] १ विस्तीर्ण (कुमा) । २ पु. एक राजा का नाम (पउम ९८, ३४) । °रोम पु [°रोम] मीन, मत्स्य (दे ६, ५० टी) ।
पिहु देखो पिह = पृथक् (सुर १३, ३९, सण) ।
पिहु° देखो पिहुय, 'पिहुखज्ज त्ति नो वए' (दस ७, ३४) ।
पिहुंड न [पिहुण्ड] नगर-विशेष (उत्त २१, २) ।
पिहुण [दे] देखो पेहुण (आचा २, १, ७, ६) । °हत्थ पुं [°हस्त] मयूर-पिच्छ का किया हुआ पँखा (आचा २, १, ७, ६) ।
पिहुत्त देखो पुहुत्त (तंदु ४) ।
पिहुय पुन [पृथुक] खाद्य-विशेष, चिउडा (आचा २, १, १, ३, ४) ।
पिहुल वि [पृथुल] विस्तीर्ण (पण्ह १, ४, ओप, दे ६, १४३, कुमा) ।
पिहुल न [दे] मुँह के वायु से बजाया जाता तृण-वाद्य (दे ६, ४७) ।
पिहे देखो पिहा । पिहेइ, पिहे (उत्त २९, ११; सूअ १, २, २, १३) । सकृ पिहेऊण (पि ५८६) ।
पिहो अ [पृथक्] अलग, भिन्न (विसे १०) ।
पिहोअर वि [दे] तनु, कृश, दुर्बल (दे ६, ५०) ।
पी सक [पी] पान करना । वकृ 'तम्मुहम-सककंतिपीऊसपूर पीयमाणी' (रयण ५१) ।
पीअ पु [पीत] १ पीत वर्ण, पीला रँग । २ वि. पीत वर्णवाला, पीला (हे २, १७३, कुमा; प्राप्र) । ३ जिसका पान किया गया हो वह (से १, ४०, दे ६, १४४) । ४ जिसने पान किया हो वह (प्राप्र) ।
पीअ वि [प्रीत] प्रीति युक्त, संतुष्ट (औप) ।
पीअर (अप) नीचे देखो (पिंग) ।
पीअल देखो पीअ = पीत (हे २, १७३, प्राप्र) ।
पीअसी स्त्री [प्रेयसी] प्रेम-पात्र स्त्री (कुमा) ।
पीइ पु [दे] अश्व, घोडा (दे ६, ५१) ।
पीइ } स्त्री [प्रीति] १ प्रेम, अनुराग (कप्प, पीई° } महा) । २ रावण की एक पत्नी का नाम (पउम ७४, ११) । °कर पुन [°कर] एक विमानावास, आठवाँ ग्रैवेयक-विमान (देवेन्द्र १३७, पव १९४) । °गम न [°गम] महाशुक्र देवेन्द्र का एक यान-विमान (इक, औप) । °दाण न [°दान] हर्ष होने के कारण दिया जाता दान, पारितोषिक (औप, सुर ४, ६१) । °धम्मिय न [°धार्मिक] जैन मुनियों का एक कुल (कप्प) । °मण वि [°मनस्] १ प्रीति युक्त चित्तवाला (भग) । २ पु महाशुक्र देवलोक का एक यान विमान (ठा ८—पत्र ४३७) । °वद्धण पु [°वर्धन] कार्तिक मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९, कप्प) ।
पीईय पु [दे] वृक्ष-विशेष, गुल्म का एक भेद, 'पीईयपाणकणइरकुज्जय तह सिन्दुवारे य' (पण्ण १) ।
पीऊस न [पीयूष] अमृत, सुधा (पाअ) ।
पीड सक [पीडय्] १ हेरान करना । २ दबाना । पीडइ, पीडतु (पिंग, हे ४, ३८५) । कर्म पीडिज्जइ (पिंग) । कवकृ पीडिज्जंत, पीडिज्जमाण (से ११, १०२, गा ५४१, सण) ।
पीड° देखो पीडा । °यर वि [°कर] पीडा-कारक (पउम १०३, १४३) ।
पीडरइ स्त्री [दे] चोर की स्त्री (दे ६, ५१) ।
पीडा स्त्री [पीडा] पीडन, हेरानी, वेदना (पाअ) । °कर वि [°कर] पीडा-कारक, 'अलिअं न भासियव्वं अत्थि हु सच्चपि जं न वत्तव्वं । सच्चपि तं न सच्चं जं परपीडाकरं वयणं' (श्रा ११; प्रासू १५०) ।
पीडिअ वि [पीडित] १ पीडा से जो दुःखी हो वह, अभिभूत, पराजित, व्याकुल, दुःखित । २ दबाया गया (हे १, २०३, महा, पाअ) ।
पीढ पुन [पीठ] १ आसन, पीढा, 'पीढ विट्ठर आसणं' (पाअ, रयण ६३) । २ आसन विशेष, व्रती का आसन (चउ, हे १, १०६, उवा, औप) । ३ तल, 'चत्तूण नेडपीढं' (कुमा) । ४ पु एक जैन महर्षि (सट्ठि ८१ टी) । °बध पु [°बन्ध] ग्रंथ की अवतरणिका, भूमिका, 'नय पीढबन्ध-रहियं कहिज्जमाणंपि देइ भावत्थं' (पउम ३, १६) । °मद्द, °मद्दअ पुस्त्री [°मर्दक] काम-पुरुषार्थ में सहायक नायक का समीपवर्ती पुरुष, राजा आदि का वयस्य विशेष (णाया १, १—पत्र १९, कप्प) । स्त्री °मद्दिआ (मा १६) । °सप्पि वि [°सर्पिन्] पंगु-विशेष (आचा) ।

पीढ न [दे] १ ईख पेरने का यन्त्र (दे ६, ५१)। २ समूह, यूथ, 'उट्ठियं वणगइंदपीढ, पणट्ठा दिसो दिसो (?सि) कप्पडिया' (स २३३)। ३ पीठ, शरीर के पीछे का भाग, 'हत्थिपीढसमारूढो' (त्रि ६६)।

पीढग } न [पीठक] देखो पीढ = पीठ
पीढय } (कस, गच्छ १, १०, दस ७, २८)।

पीढरखड न [पीठरखण्ड] नर्मदा-तीर पर स्थित एक प्राचीन जैन तीर्थ (पउम ७७, ६४)।

पीढाणिय न [पीठानीक] अश्व-सेना (ठा ५, १—पत्र ३०२)।

पीढिआ स्त्री [पीठिका] आसन-विशेष, मञ्च, 'आसदी पीढिआ' (पाअ)। देखो पेढिया।

पीढी स्त्री [दे पीठिका] काष्ठ-विशेष, घर का एक आधार-काष्ठ, गुजराती में 'पीढिउं', 'तत्तो नियत्तिऊण सत्तट्ठ पयाइं जाव पहरेइ। ता उवरिपीढिपलग्गे खग्गेण खडक्किय तत्थ' (धर्मवि ५६)।

पीण सक [पीनय्] पुष्ट करना। पीणंति (राय १०१)।

पीण सक [प्रीणय्] खुश करना। कृ देखो पीणणिज्ज।

पीण वि [दे] चतुरस्र, चतुष्कोण (दे ६, ५१)।

पीण वि [पीन] पुष्ट, मांसल, उपचित (हे २, १५४, पाअ, कुमा)।

पीणण न [प्रीणन] खुश करना (धर्मवि १४८)।

पीणणिज्ज वि [प्रीणनीय] प्रीति जनक (औप, कप्प, पराण १७)।

पीणाइय वि [दे पैनायिक] गर्व से निर्वृत्त, गर्व से किया हुआ, 'पीणाइयविरसरडियसद्दण फोडयते व अंबरतलं' (णाया १, १—पत्र ६३)।

पीणाया स्त्री [दे पीनाया] गर्व, अहंकार (णाया १, १)।

पीणिअ वि [प्रीणित] १ तोषित (सण)। २ उपचित, परिवृद्ध (दस ७, २३)। ३ पुं ज्योतिष-प्रसिद्ध योग-विशेष, जो पहले सूर्य या चन्द्र का किसी ग्रह या नक्षत्र के साथ होकर बाद में दूसरे सूर्य आदि के साथ उपचय को प्राप्त हुआ हो वह योग (सुज्ज १२)।

पीणिम पुंस्त्री [पीनता] पुष्टता, मांसलता (हे २, १५४)।

पीयमाण देखो पा = पा।

पीयमाण देखो पी = पी।

पीरिपीरिया स्त्री [दे] वाद्य विशेष (राय ४५)।

पील सक [पीडय्] १ पीलना, पेरना, दबाना। २ पीडा करना, हैरान करना। पीलइ, पीलेइ (धात्वा १४५, पि २४०)। कवकृ. पीलिज्जंत (श्रा ६)।

पीलण न [पीलन] दबाव, पीलन, पेरना, 'माणसिणीए माणो पीलणभीअ व्व हिअआहि' (काप्र १६६), 'जंतपीलणकम्मं' (उवा)।

पीला देखो पीडा (उप ४३६, सुपा ३५८)।

पीलावय वि [पीडक] १ पेरनेवाला। २ पुं. तेली, यंत्र से तेल निकालनेवाला (वज्जा ११०)।

पीलिअ वि [पीडित] पीला या पेरा हुआ (औप, ठा ५, ३, उव)।

पीलिम वि [पीडावत्] दाबवाला, दाबने से बना हुआ (वस्त्र आदि की आकृति) (दसनि २, १७)।

पीलु पु [पीलु] १ वृक्ष-विशेष, पीलु का पेड़ (पराण १, वज्जा ४६)। २ हाथी (पाअ, स ७३५)। ३ न. दूध, 'एगट्ठं बहुनाम दुद्धं पओ पीलु खीरं च' (पिंड १३१)।

पीलुअ पुं [दे. पीलुक] शावक, बच्चा, 'तडसठिअणीडेक्कतपीलुआरक्खणेक्कदिएणम-णा' (गा १०२)।

पीलुट्ठ वि [दे प्लुष्ट] देखो पिलुट्ठ (दे ६, ५१)।

पीवर वि [पीवर] उपचित, पुष्ट (णाया १, १, पाअ, सुपा २६१)। °गब्भा स्त्री [°गर्भा] जो निकृष्ट भविष्य में ही प्रसव करनेवाली हो वह स्त्री (ओघभा ८३)।

पीवल देखो पीअ = पीत (हे १, २१३, २, १७३, कुमा)।

पीस सक [पिष्] पीसना। पीसइ (पि ७६)। वकृ पीसंत (पिंड ५७४, णाया १, ७)। सकृ पीसिऊण (कुप्र ४५)।

पीसण न [पेषण] १ पीसना, दलना (पराह १, १, उप पृ १४०, रयण १८)। २ वि पीसनेवाला (सूअ १, २, १, १२)।

पीसय वि [पेषक] पीसनेवाला (सुपा ६३)।

पीह सक [स्पृह्, प्र + ईह्] अभिलाषा करना, चाहना। पीहति, पीहेज्जा (औप, ठा ३, ३—पत्र १४४)।

पीहग पुं [पीठक] नवजात शिशु को पीलाइ जाती एक वस्तु (उप ३११)।

°पु स्त्री [पुर्] शरीर (विसे २०६५)।

पुअ न [प्लुत] १ तिर्यग् गति। २ झंपना, झम्प-गति, 'जुज्झामो पू (? पु) यघाएहिं' (विसे १४३६ टी)। °जुद्ध न [°युद्ध] अधम युद्ध का एक प्रकार (विसे १४७७)।

पुअड पुं [दे] तरुण, युवा (दे ६, ५३, पाअ)।

पुआइ वि. [दे] १ तरुण, युवा (दे ६, ८०)। २ उन्मत्त (दे ६, ८०, षड्)। ३ पुं पिशाच (दे ६, ८०, पाअ, षड्)।

पुआइणी स्त्री [दे] १ पिशाच-गृहीत स्त्री, भूताविष्ट महिला। २ उन्मत्त स्त्री। ३ कुलटा, व्यभिचारिणी (दे ६, ५४)।

पुआव सक [प्लावय्] ले जाना। सकृ पुयावइत्ता (ठा ३, २)।

पुं° पु [पुंस्] पुरुष, मर्द (पि ४१२, धम्म १२ टी)। देखो पुंगव, पुनाग, पुवउ आदि।

पुंख पु [पुङ्ख] १ बाण का अग्र भाग, 'तस्स य सरस्स पुंख विद्धइ अन्नेण तिक्खबाणेण' (धर्मवि ६७, उप पृ ३६५)। २ न. देव-विमान-विशेष (सम २२)।

पुंखणग न [दे प्रोङ्खणक] चुमाना, विवाह की एक रीति, गुजराती में 'पोंखणुं' (सुपा ६५)।

पुंखिअ वि [पुङ्खित] पुंख-युक्त किया हुआ, 'धणुहे तिक्खो सरो पुंखिओ' (कप्पू)।

पुंगल पुं [दे] श्रेष्ठ, उत्तम (भवि)।

पुंगव वि [पुङ्गव] श्रेष्ठ, उत्तम (सुपा ५, ८०, श्रु ४१, गउड)।

पुंछ सक [प्र + उञ्छ्] पोंछना, सफा करना। पुंछइ (प्राकृ ६७, हे ४, १०५)। कृ. पुंछणीअ (पि १८२)।

पुंछ पुन [पुच्छ] पूँछ, लाङ्गूल (प्राकृ १२, हे १, २६)।

पुंछण न [प्रोञ्छन] १ मार्जन (कप्प, उवा, सुपा २६०)। २ रजोहरण, जैन मुनि का एक उपकरण (बृह १)।

पुंछणी स्त्री [प्रोञ्छनी] पोछने का एक छोटा तृणमय उपकरण (राय)।

पुंछिअ वि [प्रोञ्छित] पोछा हुआ, मृष्ट (पाअ, कुमा, भवि)।

पुंज सक [पुञ्ज्, पुञ्जय्] १ इकट्ठा करना। २ फैलाना, विस्तार करना। पुंजइ (हे ४, १०२, भवि)। कर्म पुंजिज्जइ (कप्पू)। कवकृ पुंजइज्जमाण (से १२, ८६)।

पुंज पुन [पुञ्ज] ढेर, राशि (कप्प, कस, कुमा), 'खारिक्कपुंजयाइ ठावइ' (सिरि ११६६)।

पुंजइअ वि [पुञ्जित] १ एकत्रित (से ६, ६३, पउम ८, २६१)। २ व्याप्त, भरपूर (पउम ८, २६१)।

पुंजइज्जमाण देखो पुंज = पुञ्ज्।

पुंजक } वि [पुञ्जक] १ राशि रूप से
पुंजय } स्थित, 'न उण पुंजकपुंजका' (पिंड ८२)। २ देखो पुंज = पुञ्ज।

पुंजय पुंन [दे] कतवार, गुजराती में 'पूंजो', 'कामोत्ति तहि पुंजयपुंछण-
छउमेण नियपावरय।
अवणितीओ इव
सारंविति जिणमंदिरंगणय'
(सुपा २६०)।

पुंजाय वि [दे] पिण्डाकार किया हुआ, 'पुंजाय पिंडलइय' (पाअ)।

पुंजाविय वि [पुञ्जित] एकत्रित कराया हुआ (माल)।

पुंजिअ वि [पुञ्जित] एकत्रित (से ५, ७२, कुमा, कप्पू)।

पुंड पु [पुण्ड्र] १ देश विशेष, विन्ध्याचल के समीप का भू-भाग (स २२५, भग १५)। २ इक्षु-विशेष (पउम ४२, ११, गा ७४०)। ३ वि. पुण्ड्र-देशीय (पउम ६६, ५५)। ४ धवल, श्वेत, सफेद (णाया १, १७ टी—पत्र २३१)। ५ पुन तिलक (स ६, पिंडभा ४३, कुप्र २६४)। ६ देव-विमान विशेष (सम २२)। °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष (स २२५)। देखो पोंड।

पुंडइअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४)।

पुंडरिक देखो पुंडरीअ (सूअ २, १, १)।

पुंडरिकि वि [पुण्डरीकिन्] पुण्डरीकवाला (सूअ २, १, १)।

पुंडरिगिणी स्त्री [पुण्डरीकिणी] पुष्कलावती विजय की एक नगरी (णाया १, १६, इक, कुप्र २६५)।

पुंडरिय देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक, पौण्डरीक (उव, काल, पि ३५४)।

पुंडरीअ पु [पुण्डरीक] १ ग्यारह रुद्र पुरुषों में सातवाँ रुद्र (विचार ४७३)। २ एक राजा, महापद्म राजा का एक पुत्र (कुप्र २६५, णाया १, १६)। ३ व्याघ्र, शार्दूल (पाअ)। ४ पुन तप-विशेष (पव २७१)। ५ श्वेत पद्म, सफेद कमल (सूअनि १४५)। ६ कमल, पद्म, 'अनुरुह सयवत्तं सरोरुहं पुंडरीअमरविंद' (पाअ, सम १, कप्प)। ६ देव-विमान विशेष (सम ३५)। ७ वि. श्वेत, सफेद (सम १३२)। °गुम्म न [°गुल्म] देव-विमान-विशेष (सम ३५)। °दह, °द्दह पु [°द्रह] शिखरी पर्वत पर का एक महा-ह्रद (ठा २, ३, सम १०४)।

पुंडरीअ वि [पौण्डरीक] १ श्वेत पद्म का, श्वेत-पद्म-सवन्धी (सूअनि १४५)। २ प्रधान, मुख्य। ३ कान्त, श्रेष्ठ, उत्तम (सूअनि १४७, १४८)। ४ न सूत्रकृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का पहला अध्ययन (सूअनि १५७)। देखो पोंडरीग।

पुंडरीया स्त्री [पुण्डरीका] देखो पोंडरी (राज)।

पुंडे अ [दे] जाओ (दे ६, ५२)।

पुंढ देखो पुंड (उप ७६५)।

पुंढ पु [दे] गर्त, गड्ढा, गढा (दे ६, ५२)।

पुंनाग पुं [पुन्नाग] १ वृक्ष-विशेष, पुष्प-प्रधान एक वृक्ष-जाति, पुन्नाग, पुलाक, सुल-तान चम्पक, पाटल का गाछ (उप पृ १८, ७६८ टी, सम्मत्त १७५)। २ श्रेष्ठ पुरुष, उत्तम मर्द (धम्म १२ टी, सम्मत्त १७५)। देखो पुन्नाम।

पुंपुअ पु [दे] सगम (दे ६, ५२)।

पुंभ पुन [दे] नीरस, दाडिम का छिलका (?), 'मग्गइ अलत्तयं जा निपीलिय पुंभ-मप्पए ताव' (धर्मवि ६७), ['अलत्तए मग्गिए नीरस पणामेइ' (महा ५६)]।

पुंवउ पुन [पुंवचस्] व्याकरणोक्त सस्कार-युक्त शब्द-विशेष, पुंलिंग शब्द (पण्ण ११—पत्र ३६३)।

पुंवेय पु [पुंवेद] १ पुरुष को स्त्री-स्पर्श का अभिलाष। २ उसका कारण भूत कर्म (पि ४१२)।

पुंस सक [पुंस्, मृज्] मार्जन करना, पोछना। पुंसइ (हे ४, १०५)।

पुंस° देखो पुं°। °कोइल, °कोइलग पु [°कोकिल] मरदाना कोयल, पिक (ठा १०—पत्र ५६६, पि ४१२)।

पुंसण न [पुंसन] मार्जन (कुमा)।

पुंसद्द पु [पुंशब्द] 'पुरुष' ऐसा नाम (कुमा)।

पुंसली स्त्री [पुंश्चली] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (वज्जा ६८, धर्मवि १३७)।

पुंसिअ वि [पुंसित] पोछा हुआ (दे १, ६६)।

पुक्क } सक [पूत् + कृ] पुकारना, डाँकना,
पुक्कर } आह्वान करना। पुक्करेइ (धम्म ११ टी)। वकृ पुक्कत, पुक्करत (पण्ह १, ३—पत्र ४५, श्रा १२)। देखो पोक्क।

पुक्करिय वि [पूत्कृत] पुकारा हुआ (सुपा ३८१)।

पुक्कल देखो पुक्खल (पण्ह २, ५—पत्र १५१)।

पुक्का स्त्री देखो पुक्कार = पूत्कार (पाअ, सुपा ५१७)।

पुक्कार देखो पुक्कर। पुक्कारेंति (राय)। वकृ. पुक्कारत, पुक्कारित, पुक्कारेमाण (सुपा ४१५, ३८१, २४८, णाया १, १८)।

सिम° देखो सीमा, 'जाव सिमसनिहाण पत्तो नगरस्स बाहिरुज्जाणे' (सुपा १६२)।

सिमसिम } अक [सिमसिमाय्] 'सिम
सिमसिमाय } सिम' आवाज करना। सिमसिमायति (वज्जा ८२)। वकृ सिमसिमंत (गा ५६१ अ)।

सिमिग देखो सुमिण (हे १, ४६, २५६)।

सिमिर (अप) देखो सिविर (भवि)।

सिमिसिम } देखो सिमसिम। वकृ
सिमिसिमाअ } सिमिसिमंत, सिमिसिमाअंत (गा ५६०, पि ५५८)।

सिमिसिमिय वि [सिमिसिमित] 'सिम सिम' आवाज करनेवाला (पउम १०५, ५५)।

सिर सक [सृज्] १ बनाना, निर्माण करना। २ छोड़ना, त्याग करना। सिरइ (पि २३५), सिरामि (विसे ३५७६)।

सिर न [शिरस्] १ मस्तक, माथा, सिर (पाअ, कुमा, गउड)। २ प्रधान, श्रेष्ठ। ३ अग्र भाग (हे १, ३२)। °क्क न [°क] शिरस्त्राण, मस्तक का बख्तर (दे ५, ३१, कुमा, कुप्र २६२)। °ताण, °त्ताण न [°त्राण] वही पूर्वोक्त अर्थ (कुमा, स ३८५)। °वत्थि स्त्री [°बस्ति] चिकित्सा विशेष, सिर मे चर्म-कोश देकर उसमे सस्कृत तैल आदि पूरने का उपचार (विपा १, १—पत्र १४), 'सिरावेढेहि (?सिरवत्थीहि)य' (णाया १, १३—पत्र १८१)। °मणि देखो सिरो मणि (सुपा ५३२)। °य पु [°ज] केश, बाल (भग, कप्प, औप, स ५७८)। °हर न [°गृह] मकान के ऊपर की छत, चन्द्रशाला (दे ३, ४६)। देखो सिरो°।

सिर° देखो सिरा (जी १०)।

°सिरय } देखो सिर = शिरस् (कप्प, पण्ह
°सिरस } १, ४—पत्र ६८, ओप)।

सिरसावत्त वि [शिरसावर्त, शिरस्यावर्त] मस्तक पर प्रदक्षिणा करनेवाला, शिर पर परिभ्रमण करता (णाया १, १—पत्र १३, कप्प, ओप)।

सिरा स्त्री [शिरा, सिरा] १ रग, नस, नाडी (णाया १, १३—पत्र १८१, जी १०, जीव १)। २ धारा, प्रवाह (कुमा, उप पृ ३६६)।

सिरि° देखो सिरी (कुमा, जी ५०, प्रासू ५२, ८०, कम्म १, १, पि ९८)। °उत्त पु [°पुत्र] भारतवर्ष मे होनेवाला एक चक्रवर्त्ती राजा (सम १५४)। °उर न [°पुर] नगर-विशेष (उप ५५०)। °कंठ पु [°कण्ठ] १ शिव, महादेव (कुमा)। २ वानरद्वीप का एक राजा (पउम ६, ३)। °कंत पुन [°कान्त] एक देव-विमान (सम २७)। °कंता स्त्री [°कान्ता] १ एक राज-पत्नी (पउम ८, १८७)। २ एक कुलकर-पत्नी (सम १५०)। ३ एक राज-कन्या (महा)। ४ एक पुष्करिणी (इक)। °कंदलग पुं [°कन्दलक] पशु-विशेष, एक-खुरा जानवर की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४९)। °करण न [°करण] १ न्याया-यालय, न्याय-मन्दिर। २ फैसला (सुपा ३९१)। °करणीय वि [°करणीय] श्री करण सबन्धी (सुपा ३९१)। °कूड पुन [°कूट] हिमवत पर्वत का एक शिखर (राज)। °खड न [°खण्ड] चन्दन (सुर २, ५६, कप्पू)। °गरण देखो °करण (सुपा ५२५)। °गीव पुं [°ग्रीव] राक्षस वश का एक राजा, एक लका-पति (पउम ५, २६१)। °गुत्त पु [°गुप्त] एक जैन महर्षि (कप्प)। °घर न [°गृह] भडार, खजाना (णाया १, १—पत्र ५३, सुअनि ५५)। °घरिअ वि [°गृहिक] भडारी, खजानची (विसे १४२५)। °चद पुं [°चन्द्र] १ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार (पव ४६, सुपा ६५८)। २ ऐरवत क्षेत्र मे होनेवाले एक

जिनदेव (सम १५८, पव ७)। ३ आठवें बलदेव का पूर्वभवीय नाम (पउम २०, १६०)। °चंदा स्त्री [°चन्द्रा] १ एक पुष्करिणी (इक)। २ एक राज-पत्नी (उप ६८६ टी)। °ड्ढ पु [°आढ्य] एक जैन मुनि (कप्प), °णयर न [°नगर] वैताढ्य की दक्षिण-श्रेणी का एक विद्याधरनगर (इक)। देखो °नयर। °णिकेतण न [°निकेतन] वैताढ्य की उत्तर-श्रेणी में स्थित एक विद्याधर नगर (इक)। °णिलय न [°निलय] वैताढ्य पर्वत की दक्षिण-श्रेणि में स्थित एक नगर (इक)। देखो °निलय। °णिलया स्त्री [°निलया] एक पुष्करिणी (इक)। °णिहुवय पु [°कामक] विष्णु, श्रीकृष्ण (कुमा)। °नाली स्त्री [°नाली] वृक्ष-विशेष (कप्पू)। °दत्त पु [°दत्त] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न पाँचवें जिन-देव (पव ७)। °दाम न [°दामन्] १ शोभावाली माला (ज ५)। २ आभरण-विशेष (आवम)। ३ पु एक राजा (विपा १, ६—पत्र ६४)। °दामकंड, °दामगंड पुन [°दामकाण्ड] १ शोभावाली मालाओं का समूह (ज ५)। २ एक देव-विमान (सम ३६)। °दामगंड पुन [°दामगण्ड] १ शोभावाली मालाओं का दण्डाकार समूह (ज ५)। °देवी स्त्री [°देवी] १ देवी-विशेष (राज)। २ लक्ष्मी (धर्मवि १४७)। °देवीनंदण पु [°देवी-नन्दन] कामदेव (धर्मवि १४७)। °नंदण पु [°नन्दन] १ कामदेव। २ वि श्री से समृद्ध (सुपा २२८, धम्म १३ टी)। °नगर न [°नगर] दक्षिण देश का एक शहर (कुमा)। देखो °णयर। °निलय पु [°निलय] वासुदेव (पउम २८, ४०)। देखो °णिलय। °पट्ट पु [°पट्ट] नगर-सेठाई का सूचक एक राज-चिह्न (सुपा २८३)। °पव्वय पु [°पर्वत] पर्वत-विशेष (पउमा ६८)। °पह पु [°प्रभ] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार (धर्मवि १५२)। °पाल देखो °वाल (सिरि ३४)। °फल पु [°फल] बिल्व-वृक्ष (कुमा)। देखो °हल। °भूइ पु [°भूति] भारतवर्ष में होनेवाले छठवें चक्रवर्ती राजा (सम १५४)। °म देखो °मत (उप पृ ३७४)। °मई स्त्री [°मती] १ इन्द्र-नामक विद्याधर-राज की एक पत्नी (पउम ६, ३)। २ एक राज पत्नी (महा)। ३ एक सार्थवाह कन्या (महा)। °मंगल पु [°मङ्गल] दक्षिण भारत का एक देश (उप ७६८ टी)। °मंत वि [°मत्] १ शोभावाला, शोभा युक्त (कुमा)। २ पु. तिलक वृक्ष। ३ अश्वत्थ वृक्ष। ४ विष्णु। ५ शिव, महादेव। ६ श्वान, कुत्ता (हे २, १५६, षड्)। °मलय न [°मलय] वैताढ्य की दक्षिण-श्रेणी में स्थित एक विद्याधर नगर (इक)। °महिअ पुन [°महित] एक देव विमान (सम २७)। °महिआ स्त्री [°महिता] एक पुष्करिणी (इक)। °माल पु [°माल] एक प्रसिद्ध वंश (कुप्र १४३)। °मालपुर न [°मालपुर] एक नगर (ती १५)। °यंठ देखो °कंठ (गउड)। °यन्दल देखो °कन्दलग (पण्ह १, १—पत्र ७)। °वइ पु [°पति] श्रीकृष्ण, वासुदेव (सम्मत्त ७५)। °वच्छ पु [°वत्स] १ जिनदेव आदि महापुरुषों के हृदय का एक ऊँचा अवयवाकार चिह्न (औप, सम १५३, महा)। २ महेन्द्र देवलोक के इन्द्र का एक पारियानिक विमान (ठा ८—पत्र ४३७)। ३ एक देव-विमान (सम ३६, देवेन्द्र १४०, आव)। °वच्छा स्त्री [°वत्सा] भगवान् श्रेयांसनाथजी की शासन-देवी (संति ६)। °वडिंसय न [°अवतंसक] सौधर्म देवलोक का एक विमान (राज)। °वण न [°वन] एक उद्यान (अंत ४)। °वण्णी स्त्री [°पर्णी] वृक्ष विशेष (पण्ण १—पत्र ३१)। °वत्त (अप) देखो °मंत (भवि)। °वद्धण पु [°वर्धन] एक राजा (पउम ५, २६)। °वय पु [°वद] पक्षि विशेष (दे १, ६७, ८, ५२ टी)। °वारिसेण पु [°वारि-षेण] ऐरवत वर्ष में होनेवाले चौबीसवें जिनदेव (पव ७)। °वाल पु [°पाल] १ एक प्रसिद्ध जैन राजा (सिरि ३२०)। २ राजा सिद्धराज के समय का एक जैन महाकवि (कुप्र २१६)। °सउंजा स्त्री [°सञ्ज्ञा] पक्ष की छठवीं रात (सुज्ज १०, १४)। °सिचय पु [°सिचय] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न दूसरे जिनदेव (पव ७)। °सेण पु [°षेण] एक राजा (उप ६८६ टी)। °सेल पुं [°शैल] हनूमान (पउम १७, १२०)। °सोम पु [°सोम] भारतवर्ष में होनेवाला सातवाँ चक्रवर्ती राजा (सम १५४)। °सोमणस पुन [°सोमनस] एक देव-विमान (सम २७)। °हर न [°गृह] भंडार (श्रा २८)। °हर पु [°धर] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक मुनि-गण। २ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर—मुख्य शिष्य (कप्प)। ३ भारतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न सातवें जिनदेव। ४ ऐरवत वर्ष में वर्तमान अवसर्पिणी काल में उत्पन्न बीसवें जिनदेव (पव ७, उप ६८६ टी)। ५ वासुदेव (पउम ४७, ४६, षड्)। °हर वि। [°हर] श्री को हरण करनेवाला (कुमा)। °हल न [°फल] बिल्व फल (पाअ), देखो °फल।

सिरिअ पु [श्रीक, श्रीयक] स्थूलभद्र का छोटा भाई और नन्द राजा का एक मन्त्री (पडि)।

सिरिअ न [स्वैर्य] स्वच्छन्दता (से ७३)।

सिरिंग पु [दे] विट, लम्पट, कामुक (दे ८, ३२)।

सिरिद्दह पुस्त्री [दे] पक्षियों का पान पात्र (पाअ, दे ८, ३२)।

सिरिमुह वि [दे] मद-मुख, जिसके मुँह में मद हो वह (दे ८, ३२)।

सिरिया देखो सिरी (सम १५१)।

सिरिली स्त्री [दे श्रीली] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ६८)।

सिरिवच्छीव पु [दे] गोपाल, ग्वाला (दे ८, ३३)।

सिरिवय पु [दे] हंस पक्षी (दे ८, ३२)।

सिरिवय देखो सिरि-वय।

सिरिस पु [शिरीष] १ वृक्ष-विशेष, सिरसा का पेड़ (सम १५२, हे १, १०१)। २ न. सिरसा का फूल (कुमा)।

सिरी स्त्री [श्री] १ लक्ष्मी, कमला (पाअ, कुमा)। २ संपत्ति, समृद्धि, विभव (पाअ, कुमा)। ३ शोभा (औप, राय, कुमा)। ४

पद्मह्रद की अधिष्ठात्री देवी (ठा २, ३—पत्र ७२)। ५ उत्तर रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। ६ देव प्रतिमा-विशेष (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ७ भगवान् कुन्थुनाथ जी की माता का नाम (पव ११)। ८ एक श्रेष्ठि-कन्या (कुप्र १५२)। ९ एक श्रेष्ठि पत्नी (कुप्र २२०)। १० देव, गुरु आदि के नाम के पूर्व में लगाया जाता आदर-सूचक शब्द (पत्र ७, कुमा, पि ९८)। ११ वाणी। १२ वध-रचना। १३ धर्म आदि पुरुषार्थ। १४ प्रकार, भेद। १५ उपकरण, साधन। १६ वृद्धि, मती। १७ अधिकार। १८ प्रभा, तेज। १९ कीर्ति, यश। २० सिद्धि। २१ वृद्धि। २२ विभूति। २३ लवग, लौंग। २४ सरल वृक्ष। २५ बिल्व-वृक्ष। २६ ओषधि विशेष। २७ कमल, पद्म (हे २, १०४) देखो सिअ, सिरि°, सी = श्री।

सिरीस देखो सिरिस (णाया १, ९—पत्र १६०, ओप, कुमा)।

सिरीसिव पु [सरीसृप] सर्प, साप (सूअ १, ७, १५, पि ८१, १७७)।

सिरो° देखो सिर = शिरस्। °धरा (शौ) देखो °हरा (पि ३४७)। °मणि पु [°मणि] प्रधान, अग्रणी, मुख्य, 'अलससिरोमणी' (गा ९७०, सुपा ३०१, प्रासू २७)। °रुह पु [°रुह] केश, बाल (पाअ)। °विअणा स्त्री [°वदना] सिर की पीडा (हे १, १५६)। °वत्थि देखो सिर-वत्थि (राज)। °हरा स्त्री [°धरा] ग्रीवा, गला, डोक (पाअ, णाया १, ३, स ८, अभि २२४)।

सिल° देखो सिला (कुमा)। °प्पवाल न [°प्रवाल] विद्रुम (ओप)।

सिलअ देखो सिलिअ (पाअ)।

सिलउ पु [दे] उञ्छ, गिरे हुए अन्न-कणो का ग्रहण (दे ८, ३०)।

सिला स्त्री [शिला] १ सिल, चट्टान, पत्थर (पाअ प्राप्र, कप्प, कुमा)। २ ओला (दस ८, ६)। °जउ पु न [°जतु] शिलाजित, पर्वतो से उत्पन्न होनेवाला द्रव्य-विशेष, जो दवा के काम मे आता है, शिला-रस (उप ७२८ टी, धर्मवि १४१)।

सिलाइच्च पु [शिलादित्य] वलभीपुर का एक प्रसिद्ध राजा (ती १५)।

सिलागा देखो सलागा (स ८४)।

सिलाघ (शौ) नीचे देखो। कृ सिलाघणीअ (प्रयौ ९७)।

सिलाह सक [श्लाघ्] प्रशसा करना। कृ. सिलाहणिज्ज (रयण १९)।

सिलाहा स्त्री [श्लाघा] प्रशसा (मै ८८)।

सिलिंद पु [शिलिन्द] धान्य-विशेष (पव १५६, सबोध ४३, श्रा १८, दसनि ६, ८)।

सिलिंध पु न [शिलान्ध्र] १ वृक्ष-विशेष, छत्रक वृक्ष, भूमिस्फोट वृक्ष (णाया १, १—पत्र २५, ९—पत्र १६०, ओप, कुमा)। २ पु पर्वत-विशेष (स २५२)। °निलय पुं [°निलय] पर्वत-विशेष (स ४२४)।

सिलिंब पु [दे] शिशु, बच्चा (दे ८, ३०, सुर ११, २०६, सुपा ३४)।

सिलिट्ठ वि [श्लिष्ट] १ मनोज्ञ, सुन्दर, 'अइरुकंतविमप्पमाणमउयसुकुमालकुम्मसठिय-सिलिट्ठचरणा' (पण्ह १ ४—पत्र ७९)। २ सगत, सुयुक्त (ओप)। ३ आलिङ्गित। ४ सश्लिष्ट। ५ श्लेषालकार-युक्त (हे २, १०६, प्राप्र)।

सिलिपइ देखो सिलिवइ (राज)।

सिलिम्ह पु स्त्री [श्लेष्मन्] श्लेष्मा, कफ (हे २, ५५, १०६, पि १३६)। देखो सेम्ह।

सिलिया स्त्री [शिलिका] १ चिरैता आदि तृण, ओषधि-विशेष। २ पाषाण-विशेष, शस्त्र को तीक्ष्ण करने का पाषाण (णाया १, १३—पत्र १८१)।

सिलिसिअ देखो सिलिट्ठ (कुमा ७, ३४)।

सिलिवइ वि [श्लीपदिन्] श्लीपद नामक रोगवाला, जिससे पैर फुला हुआ और कठिन हो जाता है उस रोग से युक्त (आचा, बृह १)।

सिलीमुह पु [शिलीमुख] १ बाण, तीर (पाअ, सुर ६, १४)। २ रावण का एक योद्धा (पउम ५६, ३६)।

सिलीस देखो सिलेस = श्लिष्। सिलीसइ (भवि)। सिलीसति (सूअ २, २, ५५)।

सिलुच्चय पु [शिलोच्चय] १ मेरु पर्वत (सुज ५)। २ पर्वत, पाहाड (रंभा)।

सिलेच्छिअ पुं [शिलैक्षिक] मत्स्य-विशेष (जीव १ टी पत्र ३६)।

सिलेम्ह देखो सिलिम्ह (षड्)।

सिलेस सक [श्लिष्] आलिङ्गन करना, भेंटना। सिलेसइ (हे ४, १९०)।

सिलेस पु [श्लेष] १ वज्रलेप आदि सधान (सूअनि ७८)। २ आलिङ्गन भेट (सुर १६, २४३)। ३ ससर्ग। ४ दाह (हे २, १०६ षड्)। ५ एक शब्दालकार (सुर १, ३९ १६, २४३)।

सिलेस देखो सिलिम्ह (अनु ५)।

सिलोअ } पु [श्लोक] १ कविता, पद्य, सिलोग } काव्य (मुद्रा १९८, सुपा ५६४, अजि ३, महा)। २ यश, कीर्ति (सूअ १, १३, २२, हे २, १०६)। ३ कला-विशेष, कवित्व, काव्य बनाने की कला (ओप)।

सिलोच्चय देखो सिलुच्चय (पाअ, सुर १, ७, राज)।

सिल्ल पु [दे] १ कुन्त, बरछा, शस्त्र-विशेष (सुपा ३११, कुप्र २८, काल, सिरि ४०३)। २ पोत-विशेष, एक प्रकार का जहाज (सिरि ३८३)।

सिल्ला देखो सिला। °र पुं [°कार] शिला-वट, पत्थर गढनेवाला शिल्पी (ती १५)।

सिल्हग न [सिह्लक] गन्ध-द्रव्य-विशेष (राज)।

सिल्हा स्त्री [दे] शीत, जाडा (से १२, ७)।

सिव न [शिव] १ मङ्गल, कल्याण। २ सुख (पाअ, कुमा, गउड)। ३ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ९९)। ४ पुन मुक्ति, मोक्ष (पाअ, सम्मत्त ७६, सम १, कप्प, ओप, पडि)। ५ वि मङ्गल-युक्त, उपद्रव-रहित (कप्प, ओप, सम १, पडि)। ६ पु. महादेव (णाया १, १—पत्र ३९, पाअ, कुमा, सम्मत्त ७६)। ७ जिनदेव, तीर्थंकर, अर्हन् (पउम १०९, १२)। ८ एक राजर्षि, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (ठा ८—पत्र ४३०, भग ११, ९)। ९ पाँचवें वासुदेव तथा बलदेव का पिता (सम १५२)। १० देव-विशेष (राय, अणु)। ११ पौष मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९)।

१२ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४३)। १३ छन्द-विशेष (पिंग)। °कर न [°कर] १ शैलेशी अवस्था की प्राप्ति। २ मुक्ति-मार्ग (बृप्रनि ११५)। °गइ स्त्री [°गति] १ मुक्ति, मोक्ष। २ वि. मुक्त, मुक्ति-प्राप्त (राज)। ३ पु भारतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न चौदहवें जिन-देव (पव ७)। °तित्थ न [°तीर्थ] काशी, बनारस (ह ४, ४४२)। °नंदा स्त्री [°नन्दा] आनन्द श्रावक की पत्नी (उवा)। °भूइ पु [°भूति] १ एक जैन महर्षि (कप्प)। २ बोटिक मत—दिगम्बर जैन संप्रदाय का स्थापक एक मुनि (विसे २५५१)। °रत्ति स्त्री [°रात्रि] फाल्गुन (गुजराती माघ) मास की कृष्ण चतुर्दशी तिथि (सट्ठि ७८ टी)। °सेण पु [°सेन] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न एक अर्हन् (सम १५३)।

सिवंकर पु [शिवङ्कर] पाँचवें केशव का पिता (पउम २०, १८२)।

सिवक } पु [शिवक] १ घड़ा तैयार होने
सिवय } के पूर्व की एक अवस्था (विसे २३१६)। २ वेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत (इक)।

सिवा स्त्री [शिवा] १ भगवान नेमिनाथ जी की माता का नाम (सम १५१)। २ सौधर्म देवलोक के इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८—पत्र ४२६, णाया २—पत्र २५३)। ३ पनरहवें जिनदेव की प्रवर्तिनी—मुख्य साध्वी (पव ९)। ४ शृगाली, मादा सियार (अणु, वज्जा १४८)। ५ पार्वती (पाअ)।

सिवाणंदा देखो सिव-नंदा (उवा)।

सिवासिव पु [शिवाशिव] भरतक्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न बारहवें जिनदेव (पव ७)।

सिविण देखो सुमिण (हे १, ४६, प्राप्र, रंभा, कुमा, षड्)।

सिविया स्त्री [शिबिका] सुखासन, पालकी, डोली [illegible]।

सिविर न [शिबिर] १ स्कन्धावार, सैन्य-निवास-स्थान, छावनी (कुमा)। २ [illegible], डेरा, तम्बू (कुमा ६)।

सिव्व सक [सीव्] सीना, साँधना। सिव्वइ (षड्, विसे १३६८)। भवि. सिव्विस्सामि (आचा १, ६, ३, १)।

सिव्व देखो सिव = शिव (प्राकृ २६, सक्षि १७)।

सिव्विअ वि [स्यूत] सिया हुआ (पव ६२)।

सिव्विणी } स्त्री [दे] सूची, सूई (दे ८,
सिव्वी } २६)।

सिस देखो सिलेस = श्लिष्। सिसइ (षड्)।

सिसिर न [दे] दधि, दही (दे ८, ३१, पाअ)।

सिसिर पु [शिशिर] १ ऋतु विशेष, माघ तथा फागुन का महिना (उप ७२८ टी, हे ४, ३५७)। २ माघ मास का लोकोत्तर (सुज्ज १०, १९)। ३ फागुन मास, 'सिसिरो फग्गुण-माहो' (पाअ)। ४ वि जड़, ठढा, शीतल (पाअ, उप ७६८ टी)। ५ हलका (उप ७६८ टी)। ६ न. हिम (उप ९८६ टी)। °किरण पु [°किरण] चन्द्रमा (धर्मवि ५)। °महीहर पु [°महीधर] हिमालय पर्वत (उप ९८६ टी)।

सिसिरली देखो सिसिरिली (राज)।

सिसु पुन [शिशु] बालक, बच्चा (सुपा ५८८, सम्मत्त १९२), 'सा खाइ पायसेसं सिसूणि वीय पढमपहरं' (कुप्र १७३)। °आल पु [°काल] बाल्य, बाल-काल (नाट—चैत ३७)। °नाग पु [°नाग] क्षुद्र कीट-विशेष, अलस (उत्त ५, १०)। °पाल पु [°पाल] एक प्रसिद्ध राजा (णाया १, १६—पत्र २०८, सूअ १, ३, १, १, उप ६४८ टी, कुप्र २५६)। °यत्त पुन [°यत्र] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)। °वाल देखो °पाल (सूअ १, ३, १, १ टी)।

सिस्स पुस्त्री [शिष्य] १ चेला, छात्र, विद्यार्थी (णाया १, १—पत्र ६०, सूअनि १२७)। स्त्री. °स्सा, °स्सिणी (मा ६, णाया १, १४—पत्र १८८)।

सिस्स देखो सीस = शीर्ष (सम ५०)।

सिस्सिरिली स्त्री [दे] कन्द विशेष (उत्त ३६, ९८)।

सिह सक [स्पृह्] इच्छा करना, चाहना। सिहइ (ह ४, ३४, प्राकृ ३३)। कृ सिहणिज्ज (दे ८, ३१ टी)।

सिह पु [दे] भुजपरिसर्प की एक जाति (सूअ २, ३, २५)।

सिहंड पु [शिखण्ड] शिखा, चूला, चोटी (पाअ, अभि १११)।

सिहंडइल्ल पु [दे] १ बालक, शिशु। २ दधि-सर, दही की मलाई। मयूर, मोर (दे ८, ५४)।

सिहंडहिल्ल पु [दे] बालक, बच्चा (षड्)।

सिहंडि वि [शिखण्डिन्] १ शिखाधारी (मल्ल १००, ओघ)। २ पु मयूर-पक्षी, मोर (पाअ, उप ७२८ टी)। ३ विष्णु (सुपा १४२)।

सिहण देखो सिहिण (रंभा)।

सिहर न [शिखर] १ पर्वत के ऊपर का भाग, शृङ्ग (पाअ, गउड, सुर ४, ५६, से ६, २८)। २ अग्रभाग (णाया १, ९)। ३ लगातार अठाईस दिनों के उपवास (संबोध ५८)। °अग्ग वि [°चण] शिखरो से प्रसिद्ध (से ६, १८)।

सिहरि पु [शिखरिन्] १ पहाड़, पर्वत (पाअ, सुपा ४९)। २ वर्षधर पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ६९, सम १२, ४३)। ३ पुन कूट-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७०)। °वइ पु [°पति] हिमालय पर्वत (से ८, ६२)।

सिहरिणी } स्त्री [दे शिखरिणी] मार्जिता
सिहरिल्ला } खाद्य-विशेष, दही-चीनी आदि से बनता एक तरह का मिष्ट खाद्य (दे १, १५४, ८, ३३, पण्ह २, ५—पत्र १४८, पव ४, पभा ३३, कस, सण)।

सिहली } स्त्री [शिखा] १ चोटी, मस्तक
सिहा } पर के बालों का गुच्छा (पचा १०, ३२, पव १५३, पाअ, णाया १, ५—पत्र १०८, संबोध ३१)। २ अग्नि की ज्वाला (पाअ, कुमा, गउड)।

सिहाल वि [शिखावत्] शिखावाला, शिखा-युक्त (गउड)।

सिहि पु [शिखिन्] १ अग्नि, आग (गा १०, पाअ, सुपा ५१९)। २ मयूर, मोर (पाअ, हेका ४५, गा ५२, १७३)। ३ रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)। ४ पर्वत। ५ ब्राह्मण। ६ मुर्गा। ७ विनु

ग्रह। ८ वृक्ष। ९ अश्व। १० चित्रक-वृक्ष। ११ मयूरशिखा-वृक्ष। १२ बकरे का रोग। १३ वि. शिखा-युक्त (अणु १४२)।

सिहि पु [दे] कुक्कुट, मुर्गा (दे ८, २८)।

सिहिअ वि [स्पृहित] अभिलषित (कुमा)।

सिहिण पुन [दे] स्तन, थन (दे ८, ३१, सुर १, ९, पाअ, षड्, रंभा, सुपा ३२, भवि, हम्मीर ५०, सम्मत्त १६)।

सिहिणी स्त्री [शिखिनी] छन्द-विशेष (पिंग)।

सिही (अप) स्त्री [शिखी] छन्द-विशेष (पिंग)।

सी (अप) स्त्री [श्री] छन्द-विशेष (पिंग)। देखो सिरी।

सीअ अक [सद्] १ विषाद करना, खेद करना। २ थकना। ३ पीड़ित होना, दुःखी होना। ४ फलना, फल लगना। सीअइ, सीअति (पि ४८२, गा ८७८) जया सोवत्थि सीयइ' (पिंड ८२), 'सीयंति य सव्वअगाइं' (सुर १२, २)। वकृ. सीअंत (पाअ ५०७, सुपा ५१०, कुप्र ११८)।

सीअ न [दे] सिक्थक, मोम (दे ८, ३३)।

सीअ वि [स्वीय] स्वकीय, निज का, 'सीयनेयलेस्सापडिसाहरणट्ठयाए', 'सीओसिणा तेयलेस्सा' (भग १५—पत्र ६६६)।

सीअ देखो सिअ = सित, 'सीआमीअं' (प्राप्र)।

सीअ पुन [शीत] १ स्पर्श-विशेष, ठंढा स्पर्श (ठा १—पत्र २५, पव ८६)। २ हिम, तुहिन (से ३, ४७)। ३ शीत-काल (राज)। ४ ठंढ, जाडा (ठा ८, ८—पत्र २८७, ओघ, गउड, उत्त २, ६)। ५ कर्म-विशेष, शीत स्पर्श का कारण-भूत कर्म (कम्म १, ४१, ४२)। ६ वि शीतल, ठंढा (भग, ओघ, णाया १, १ टी—पत्र ४)। ७ पु प्रथम नरक का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ४)। ८ न तप-विशेष, आयंबिल तप (संबोध ५८)। ९ वि. अनुकूल (सूअ १, २ २, २२)। १० न सुख (आचा)। °घर न [°गृह] चक्रवर्ती का वर्धकि-निर्मित वह घर, जहाँ सर्व ऋतु में स्पर्श की अनुकूलता होती है (वव ३)। °च्छाय वि [°च्छाय] शीतल छायावाला (ओघ, णाया १, १ टी—पत्र ४)। °परीसह पु [°परीषह] शीत को सहना (उत्त २, १)। °फास पु [°स्पर्श] ठंढ, जाडा, सर्दी (आचा)। °सोआ स्त्री [°स्रोता, स्रोता] नदी-विशेष (इक, ठा ३, ४—पत्र १६१)। °ालोअअ पु [°ालोकक] १ चन्द्रमा। २ शीतकाल, हिम-ऋतु (से ३, ४७)।

सीअ° देखो सीआ = शीता। °प्पवाय पु [°प्रपात] द्रह-विशेष, जहाँ शीता नदी पहाड पर से गिरती है (ठा २, ३—पत्र ७२)।

सीअ° देखो सीआ = सीता (कुमा)।

सीअउरय पु [दे शीतारक] गुल्म-विशेष, 'पत्तउरसीयउरए हवइ तह जवासए य बोधव्वे' (पण्ण १—पत्र ३२)।

सीअण न [सदन] हैरानी (सम्मत्त १९६)।

सीअणय न [दे] १ दुग्ध-पारी, दूध दोहने का पात्र। २ श्मशान, मसान (दे ८, ५५)।

सीअर पु [शीकर] १ पवन से क्षिप्त जल, फुहार जल कण (हे १ १८४, गउड, कुमा, सण)। २ वायु, पवन (हे १, १८४, प्राकृ ८४)।

सीअरि वि [शीकरिन्] शीकर-युक्त (गउड)।

सीअल पु [शीतल] १ वर्तमान अवसर्पिणी काल के दसवें जिन-देव (सम ४३, पडि)। २ कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। ३ वि ठंढा (हे ३, १०, कुमा, गउड, रयण ५७)।

सीअलिआ स्त्री [शीतलिका] १ ठंढी, शीतला, 'सीयलिय तेअलेस्सं निसिरामि' (भग १५—पत्र ६६६)। २ लूता-विशेष (राज)।

सीअल्लि पुस्त्री [दे] १ हिमकाल का दुर्दिन। २ वृक्ष-विशेष (दे ८, ५५)।

सीआ स्त्री [शीता] १ एक महा-नदी (सम २७, १०२, इक)। २ ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी, सिद्ध-शिला (इक)। ३ शीताप्रपात द्रह की अधिष्ठात्री देवी (ज ४)। ४ नील पर्वत का एक शिखर। ५ माल्यवत् पर्वत का एक कूट (इक)। ६ पश्चिम रुचक पर रहनेवाली दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६)। °मुह न [°मुख] एक वन (ज ४)।

सीआ स्त्री [सीता] १ जनक-सुता, राम-पत्नी (पउम ३८, ५६)। २ चतुर्थ वासुदेव की माता का नाम (पउम २०, १८४, सम १५२)। ३ लाङ्गल-पद्धति खेत में हल चलाने से होती भूमि-रेखा (दे २, १०४)। ४ ईषत्प्राग्भारा नामक पृथिवी (उत्त ३६, ६२, चेइय ७२५)। ५-६ नील तथा माल्यवत् पर्वतों के शिखर-विशेष (इक)। ७ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

सीआ देखो सिबिआ (कप्प, ओघ, सम १५१)।

सीआण देखो मसाण = श्मशान (हे २, ८६, वव ७)।

सीआर देखो सिक्कार (णाया १, १—पत्र ६३)।

सीआला स्त्री [सप्तचत्वारिंशत्] सैंतालीस ४७, (कम्म ६, २१)।

सीआलीस स्त्रीन ऊपर देखो (पि ४४५, ४४८)। स्त्री. °सा (सुज्ज २, ३—पत्र ५१)।

सीआव सक [सादय्] शिथिल करना, 'सीयावेइ विहारं' (गच्छ १, २३)।

सीइआ स्त्री [दे] झडी, निरन्तर वृष्टि (दे ८, ३४)।

सीइय वि [सन्न] खिन्न, परिश्रान्त (स ८५)।

सीई स्त्री [दे] सीढी, निःश्रेणि (पिंड ९८)।

सीउग्गय वि [दे] सुजात (दे ८, ३४)।

सीउट्ट न [दे] हिम काल का दुर्दिन (षड्)।

सीउण्ह न [शीतोष्ण] १ ठंढा तथा गरम। २ अनुकूल तथा प्रतिकूल (सूअ १, २, २, २२, पि १३३)।

सीउल्ल देखो सीउट्ट (षड्)।

सीओअ° देखो सीओआ। °प्पवाय पु [°प्रपात] कुण्ड-विशेष, जहां शीतोदा नदी पहाड से गिरती है (ज ४—पत्र ३०७)। °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष (ज ४—पत्र ३०७)।

सीओआ स्त्री [शीतोदा] १ एक महा-नदी (ठा २, ३—पत्र ७२, इक, सम २७, १०२)। २ निषध पर्वत का एक कूट (ठा ९—पत्र ४५४)।

सीकोत्तरी स्त्री [दे] नारी, स्त्री, महिला (सिरि ३९०)।

सीत देखो सीअ = शीत (ठा ३, ४—पत्र १६१)।

सीता देखो सीआ = शीता, सीता (ठा ८—पत्र ४३६, ६—पत्र ४४८)।

सीतालीस देखो सीआलीस (सुज्ज १, ३—पत्र ५१)।

सीतोद° देखो सीओअ° (ठा २, ३—पत्र ७२)।

सीतोदा } देखो सीओआ (पण्ह २, ४—
सीतोया } पत्र १३०, सम ८४)।

सीदण न [सदन] शैथिल्य, प्रमत्तता (पचा १२, ४६)।

सीधु देखो सीहु (णाया १, १६—पत्र २०६ उवा)।

सीभर देखो सीअर (प्राप्र, कुमा, हे १, १८४, षड्)।

सीभर वि [दे] समान, तुल्य (अणु १३१)।

सीमआ स्त्री [सीमन्] १ मर्यादा। २ अवधि। ३ स्थिति। ४ क्षेत्र। ५ वेला, समय। ६ अण्डकोष, पोता (षड्)। देखो सीमा।

सीमंकर पु [सीमङ्कर] १ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष का नाम (पउम ३, ५३)। २ ऐरवत क्षेत्र के भावी द्वितीय कुलकर (सम १५३)। ३ वि मर्यादा-कर्ता (सूअ २, १, १३)।

सीमंत पु [सीमन्त] १ बालों में बनाई हुई रेखा विशेष (से ६, २०, गउड, उप ७२८ टी)। २ अपर काय (गउड ८५)। ३ ग्राम से लगी हुई भूमि का अन्त, सीमा, गाँव का पर्यन्त भाग (गउड २७३, २७७, उप ७२८ टी)। ४ सीमा का अन्त, हद्द, 'एसो च्चिय सीमंतो गुणाण दूरं फुरंताण' (गउड)।

सीमंत पु [सीमान्त] १ सीमा का अन्त भाग, गाँव का पर्यंत भाग (गउड ३६७, ४५)। २ हद्द (गउड ८८-)।

सीमंत सक [दे. सीमान्तय्] बेचना। संकृ. सीमंतिऊण (गा)।

सीमंतग } पु [सीमन्तक] प्रथम नरक-भूमि
सीमंतय } का एक नरका-वास, नरक-स्थान (देवि १, ठा ३, १—पत्र १२६, सम ६८)। °प्पभ पु [°प्रभ] सीमन्तक नरकावास को पूर्व तरफ स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २०)। °मज्झिम पु [°मध्यम] सीमन्तक की उत्तर तरफ स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २०)। °वसिट्ठ पु [°विशिष्ट] सीमन्तक की दक्षिण दिशा में स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २१)। °वित्त पु [°वर्त] सीमन्तक की पश्चिम तरफ का एक नरकावास (देवेन्द्र २१)।

सीमंतय न [दे] सीमंत—बालों की रेखा-विशेष में पहना जाता अलंकार-विशेष (दे ८, ३५)।

सीमंतिअ वि [सीमन्तित] खण्डित, छिन्न (पाअ)।

सीमंतिणी स्त्री [सीमन्तिनी] स्त्री, नारी, महिला (पाअ, उप ७२८ टी, सम्मत्त १६१, सुपा ७)।

सीमंधर पु [सीमन्धर] १ भारतवर्ष में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष (पउम ३, ५३)। २ ऐरवत वर्ष का एक भावी कुलकर (सम १५३)। ३ पूर्व-विदेह में वर्तमान एक अर्हन् देव (काल)। ४ एक जैन मुनि, जो भगवान् सुमतिनाथ के पूर्व जन्म में गुरु थे (पउम २०, १७)। ५ भगवान् शीतलनाथ जी का मुख्य श्रावक (विचार ३७८)। ६ वि. मर्यादा को धारण करनेवाला, मर्यादा का पालक (सूअ २, १, १३)।

सीमा स्त्री [सीमा] देखो सीमआ (पाअ, गा १६८, ७५१, काल, गउड)। °गार पु [°कार] जलजन्तु विशेष, ग्राह का एक भेद (पण्ह १, १—पत्र ७)। °धर वि [°धर] मर्यादा धारक (पडि हे ३, १३४)। °ल वि [°ल] सीमा के पास का, सीमा के निकट-वर्ती, 'सीमाला नरवइणो सव्वे ते सेवमावन्ना' (सुपा २२२, ३५२, ४६३, धर्मवि ५६)।

सीर पु न [सीर] हल, जिससे खेत जोतते हैं (पउम ११३, ३२, कुमा, पडि), 'समयवसु-हासीरा' (धर्मवि १६)। °धारि पु [°धारिन्] बलदेव, बलभद्र, राम (पउम २०, १६३)। °पाणि पु [°पाणि] वही (दे २, २३, कुमा)। °सीमंत पु [°सीमन्त] हल से फाड़ी हुई जमीन की रेखा (दे)।

सीरि पु [सीरिन्] बलभद्र, बलदेव (पाअ)।

सीरिअ वि [दे] भिन्न, 'सीरिओ भिन्नो' (पाअ)।

सील सक [शीलय्] १ अभ्यास करना, आदत डालना। २ पालन करना 'सीलेज्जा सीलमुज्जलं' (हित १६), 'सव्वसील सीलह पव्वज्जगहणेण' (श्रा १६)। देखो सं लाव।

सील न [शील] १ चित्त का समाधान, 'सील चित्तसमाहाणलक्खणं भण्णए एयं' (उप ५६७ टी)। २ ब्रह्मचर्य (प्रासू २२, ५१, १५८, १६६, श्रा १६, हित १६)। ३ प्रकृति, स्वभाव, 'सील पयई' (पाअ); 'कलहसील' (कुमा)। ४ सदाचार, चारित्र, उत्तम वर्तन (कुमा, पचा १४, १, पण्ह २, १—पत्र ६६)। ५ चरित्र, वर्तन (हे २, १८४)। ६ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ६६)। °इ पु [°जित्] क्षत्रिय परिव्राजक का एक भेद (ओप)। °ड्ढ वि [°ाढ्य] शील-पूर्ण (ओघ ७८४)। °परिघर पु न [°परिगृह] १ चारित्र-स्थान। २ अहिंसा (पण्ह २ १—पत्र ६६)। °मंत, °व वि [°वत्] शील-युक्त (आचा, ओघ ७७७, श्रा ३६)। °व्वय न [°व्रत] अणुव्रत, जैन श्रावक के पालने योग्य अहिंसा आदि पाँच व्रत (भग)। °सालि वि [°शालिन्] शील से शोभनेवाला (सुपा २४०)।

सीलाव सक [शीलय्] तंदुरुस्त करना। कर्म सीलप्पए (वव १)।

सीलुट्ट न [दे] त्रपुस, खीरा, ककड़ी (दे ८, ३५, पाअ)।

सीव सक [सीव्] सीना, सिलाई करना, साँधना। भवि सीविस्सामि (गाचा)। संकृ. सीविऊण (स ३५०)।

सीवणा स्त्री [सीवना] सीना, सिलाई (उप पृ २६८)।

सीवणी स्त्री [दे] सूची, सूई (गउड)। देखो सिव्विणी।

सीवण्णी } स्त्री [श्रीपर्णी] वृक्ष-विशेष (ओघ
सीवन्नी } ४४६ टी, पिंड ८१, ८२, उप १०३१ टी)।

सीविअ देखो सिव्विअ (से १४, २८, दे ४, ७, ओघभा ३१५)।

सीस सक [शिष्] १ वध करना, हिंसा करना। २ शेष करना, बाकी रखना। ३ विशेष करना। सीसइ (हे ४, २३६, षड्)।

सीस सक [कथय्] कहना। सीसइ (हे ४, २, भवि)।

सीस न [सीस] धातु विशेष, सीसा (दे २, २७)।

सीस देखो सिस्स = शिष्य (हे १, ४३, कुमा, द ४७, गाया १, ५—पत्र १०३)।

सीस पु न [शीर्ष] १ मस्तक, माथा (स्वप्न ६० प्रामू ३)। २ स्तबक, गुच्छा (आचा २, १, ८, ६)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। °अ न [°क] शिरस्त्राण (वेणी ११०)। °घडी स्त्री [°घटी] सिर की हड्डी (तदु ३८)। °पकंपिअ न [°प्रकम्पित] सख्या-विशेष, महालता को चौरासी लाख से गुनने पर जो सख्या लब्ध हो वह (इक)। °पहेलिअ स्त्रीन [°प्रहेलिक] सख्या-विशेष, शीर्षप्रहेलिकाग को चोरासी लाख से गुनने पर जो सख्या लब्ध हो वह (इक)। स्त्री. °आ (ठा २, ४—पत्र ८६, सम ६०, अणु ६६)। °पहेलियग न [प्रहेलिकाङ्ग] सख्या-विशेष, चूलिका को चौरासी लाख से गुनने पर जो सख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४—पत्र ८६, अणु ६६)। °पूरग, °पूरय पु [°पूरक] मस्तक का आभरण (राज, तदु ४१)। °रूपक, °रुअ (अप) । पु न [°रूपक] छद विशेष (पिंग)। °वेढ पु [°वेष्ट] गीले चमडे आदि से मस्तक को लपेटना (सम ५०)।

सीस° देखो सास = शास्।

सीसक्क न [दे. शीर्षक] शिरस्त्राण, मस्तक का कवच (दे ८, ३४, से १५, ३०)।

सीसम पु न [दे] सीसम का गाछ, शिशपा (उप १०३१ टी)।

सीसय वि [दे] प्रवर, श्रेष्ठ (दे ८, ३४)।

सीसय न [सीसक] देखो सीस = सीस (महा)।

सीसवा स्त्री [शिशपा] सीसम का गाछ (पणण १—पत्र ३१)।

सीह देखो सिग्घ = शीघ्र (राज)।

सीह पु [सिंह] १ श्वापद जन्तु-विशेष, केसरी, मृग-राज (पण्ह १, १—पत्र ७, प्रासू ५१, १७१)। २ वृक्ष-विशेष, सहिजने का पेड (हे १, १४४, प्राप्र)। ३ राशि विशेष, मेष से पाचवी राशि (विचार १०६)। ४ एक अनुत्तर देवलोक गामी जैन मुनि (अनु २)। ५ एक जैन मुनि, जो आर्य-धर्म के शिष्य थे (कप्प)। ६ भगवान् महावीर का शिष्य एक मुनि (भग १५—पत्र ६८५)। ७ एक विद्याधर सामन्त राजा (पउम ८, १३२)। ८ एक श्रेष्ठि-पुत्र (सुपा ५०६)। ९ एक देव-विमान (सम ३३, देवेन्द्र १४०)। १० एक जैन आचार्य, जो रवतीनक्षत्र नामक आचार्य के शिष्य थे (णदि ५१)। ११ छन्द-विशेष (पिंग) °उर न [°पुर] नगर-विशेष (सण)। °कंत पु न [°कान्त] एक देव-विमान (सम ३३)। °कडि पु [°कटि] रावण का एक योद्धा (पउम ५६, २७)। °कण्ण पु [°कर्ण] एक अन्तर्द्वीप (इक)। °कण्णी स्त्री [°कर्णी] कन्द-विशेष (उत्त ३६, १००)। °केसर पु [°केसर] १ आस्तरण-विशेष, जटिल कम्बल (णाया १ १—पत्र १३)। २ मोदक-विशेष (श्रत ६, पिंड ४८२)। °गइ पु [°गति] अमितगति तथा अमितवाहन नामक इन्द्र का एक-एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८)। °गिरि पु [°गिरि] एक प्रसिद्ध जैन महर्षि (उव, उप १४२ टी, पडि)। °गुहा स्त्री [°गुहा] एक चोर-पल्ली (णाया १, १८—पत्र २३६)। °चूड पु [°चूड] विद्याधर वश का एक राजा (पउम ५,४६)। °जस पु [°यशस्] भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (पउम ५, ३)। °णाय पु [°नाद] सिंहगर्जन, सिंह की गर्जना के तुल्य आवाज (भग)। °णिक्कीलिय न [°निष्क्रीडित] १ सिंह की गति। २ तप-विशेष (अत २८)। °णिसाइ देखो °निसाइ (राज)। °दुवार न [°द्वार] राज-द्वार, राज-प्रासाद का मुख्य दरवाजा (कुप्र ११६)। °द्धय पु [°ध्वज] १ विद्याधरवश का एक राजा (पउम ५, ४३)। २ हरिषेण चक्रवर्ती के पिता का नाम (पउम ८, १४४)। °नाय देखो °णाय (पण्ह १, ३—पत्र ४५)। °निक्कीलिय, °निक्कीलिय देखो °णिक्कीलिय (पव २७१, अत २८, णाया १, ८—पत्र १२२)। °निसाइ वि [°निषादिन्] सिंह की तरह बैठनेवाला (सुज्ज १०, ८ टी)। °णिसिज्जा स्त्री [°निषद्या] भरत चक्रवर्ती द्वारा अष्टापद पर्वत पर बनवाया हुआ जैन मन्दिर (ती ११)। °पुच्छ न [°पुच्छ] पृष्ठ वर्ध्र, पीठ की चमडी (सूअनि ७७)। °पुच्छण न [°पुच्छन] पुरुष चिह्न का तोडना लिंग-त्रोटन (पण्ह २, ५—पत्र १५१)। °पुच्छिय वि [°पुच्छित] १ जिसका पुरुष-चिह्न तोड दिया गया हो वह। २ जिसका कृकाटिका से लेकर पुत-प्रदेश—नितम्ब तक की चमडी उखाड कर सिंह के पुच्छ के तुल्य की जाय वह (औप)। °पुरा, °पुरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष, विजय-क्षेत्र की एक राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०, इक)। °मुह पु [°मुख] १ अन्तर्द्वीप-विशेष। २ उसमे रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६, इक)। °रव पु [°रव] सिंह-गर्जना, सिंह-नाद, सिंह की तरह आवाज (पउम ४४, ३५)। °रह पु [°रथ] गन्धार देश के पुड्र-वर्धन नगर का एक राजा (महा)। °वाह पु [°वाह] विद्याधर-वश का एक राजा (पउम ५, ४३)। °वाहण पु [°वाहन] राक्षस-वश का एक राजा (पउम ५, २६३)। °वाहणा स्त्री [°वाहना] अम्बिका देवी (राज)। °विक्कमगइ पुं [°विक्रमगति] अमितगति तथा अमितवाहन नामक इन्द्र का एक-एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८, इक)। °वीअ पुंन [°वीत] एक देव-विमान (सम ३३)। °सेण पु [°सेन] चौदहवें जिनदेव का पिता, एक राजा (सम १५१)। २ भगवान् अजितनाथ का एक गणधर (सम १५२)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (अनु २)। ४ राजा महासेन का एक पुत्र (विपा १, ६—पत्र ८६)। ५ ऐरवत क्षेत्र मे उत्पन्न एक जिनदेव (राज)। °सोआ स्त्री [°स्रोता] एक नदी (ठा २, ३—पत्र ८०)। °वलोइय न [°विलोकित] सिंहावलोकन, सिंह की तरह चलते हुए पीछे की तरफ

दसना (महा)। °ासण न [°ासन] आसन-विशेष सिंहाकार आसन, सिंहाङ्कित आसन, राजासन (जंग)। देखो सिंह।

सीह वि [सैंह] सिंह संबन्धी। स्त्री. °हा (णाया १, १—पत्र ३१)।

°सीह पुं [°सिंह] श्रेष्ठ, उत्तम (नाम १, पडि)।

सीहंडय पुं [दे] मत्स्य, मछली (दे ८, २८)।

सीहणही स्त्री [दे] १ वृक्ष विशेष, करौंदी का गाछ। २ करौंदी का फल (दे ८, ३१)।

सीहपुर वि [सैंहपुर] सिंहपुर संबन्धी (पउम ५५, ५३)।

सीहर देखो सीअर (हे १, १८४, कुमा)।

सीहरय पुं [दे] आसार, जोर की वृष्टि (दे ८, १२)।

सीहल देखो सिंहल (पण्ह १, १—पत्र १४, इक, पउम ६६, ५५)।

सीहलय पुं [दे] वस्त्र आदि का धूप देने का यन्त्र (दे ८ ३४)।

सीहलिआ स्त्री [दे] १ शिखा, चोटी। २ नवमालिका, नवारी का गाछ (दे ८, ५५)।

सीहलिपासग पुंन [दे] ऊन का बना हुआ कंकण, जो वेणी बाँधने के काम में आता है (सूअ १, ४, २, ११)।

सीही स्त्री [सिंही] स्त्री-सिंह, सिंह की मादा (नाट)।

सीहु पुंन [सीधु] १ मद्य, दारू। २ मद्य-विशेष (पण्ह २, ५—पत्र १५०, दे १, ४६, पाअ गा ५४५ मा ४३)।

सु अ [सु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रशंसा श्लाघा (विसे ३४४३, सूअनि ८८)। २ अतिशय, अत्यन्तता (श्रु १६)। ३ सम्यक्तता (सट्ठि १६)। ४ अतिशय योग्यता (विसे)। ५ पूजा। ६ कष्ट, मुश्किली। ७ अनुमति। ८ समृद्धि (पउ १२२, १०३, १३४)। ९ अनायास (ठा ४, ४—पत्र २६६)।

सुअ सक [स्वप्] सोना। सुअइ (हे ४, १४६, प्राकृ ६०, पि ४९७, उव), सुयामि (निचू १) 'सामणि मा सुय चोरत्थो' (धात्वादि ६)। ह्रौं सुवर (हे २, १७६)।

वकृ सुयंत, सुयमाण (सुर ५, २१६, सुपा ५०५, महा ३७, १२, पि ४९७)। हेकृ. सोउं (पि ४९७)। कृ. सोअव्वा (अप) (हे ४, ४३८)।

सुअ सक [श्रु] सुनना। वकृ सुअंत (धात्वा १५६)।

सुअ पुं [सुत] पुत्र, लड़का (सुर १, १०, प्रासू ८६, कुमा, उव)।

सुअ पुं [शुक] १ पक्षि-विशेष, तोता (पण्ह १, १—पत्र ८, उत्त ३४, ७, सुपा ३१)। २ रावण का मन्त्री (से १२, ६३)। ३ रावणाधीन एक सामंत राजा (पउम ८, १३३)। ४ एक परिव्राजक (णाया १, ५—पत्र १०५)। ५ एक अनार्य देश (पउम २७, ७)।

सुअ वि [श्रुत] १ सुना हुआ, आकर्णित (हे १, २०९, भग, ठा १—पत्र ६)। २ न ज्ञान-विशेष, शब्द-ज्ञान, शास्त्र ज्ञान (विसे ७६, ८१, ८५, ८६, ९४, १०४, १०५, णदि, अणु)। ३ शब्द, ध्वनि, आवाज। ४ क्षयोपशम, श्रुतज्ञान के आवरक कर्मों का नाश विशेष। ५ आत्मा, जीव, 'तं तेण तओ तम्मि व सुणेइ सो वा सुअं तेण' (विसे ८१)। ६ आगम, शास्त्र, सिद्धान्त (भग, णदि, अणु, से ४, २७, कम्म ४ ११, १४, २१, बृह १, जी ८)। ७ अध्ययन, स्वाध्याय (सम ५१, से ४, २७)। ८ श्रवण (प्राकृ ७०)। °केवलि पुं [°केवलिन्] चौदह पूर्व ग्रंथों का जानकार मुनि (राज)। °क्खंध, °खंध पुं [°स्कन्ध] १ अंग-ग्रन्थ का अध्ययन समूहात्मक महान् अंश—खण्ड (सूअ २, ७, ४०, विपा १, १—पत्र ३)। २ बारह अंग-ग्रंथों का समूह। ३ बारहवाँ अंग-ग्रंथ, दृष्टिवाद (राज)। °णाण देखो °नाण (ठा २, १ टी—पत्र ४१)। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] शास्त्र ज्ञान-संपन्न, शास्त्रों का जानकार (भग)। °णिस्सिय न [°निश्रित] मति ज्ञान का एक भेद (णदि)। °तिहि स्त्री [°तिथि] शुक्ल पंचमी तिथि (रयण २)। °थेर पुं [°स्थविर] तृतीय और चतुर्थ अंग-ग्रंथ का जानकार मुनि (ठा ३, २)। °देवया स्त्री [°देवता] जैन शास्त्रों की अधिष्ठात्री देवी (पडि)। °देवी स्त्री [°देवी] वही (सुपा १, कुमा)। °धम्म पुं [°धर्म] १ जैन अंग-ग्रंथ (ठा २, १—पत्र ५२)। २ शास्त्र ज्ञान (आगम)। ३ आगमों का अध्ययन शास्त्राभ्यास (णदि)। °धर वि [°धर] शास्त्रज्ञ (सुपा ६५२, पण्ह २, १—पत्र ९९)। °नाण पुंन [°ज्ञान] शास्त्रज्ञान (ठा २, १—पत्र ४९, भग)। °नाणि देखो °णाणि (वव १०)। °निस्सिय देखो °णिस्सिय (ठा २, १—पत्र ४९)। °पंचमी स्त्री [°पञ्चमी] कार्तिक मास की शुक्ल पंचमी तिथि (भवि)। °पुव्व वि [°पूर्व] पहले सुना हुआ (उप १४२ टी)। °सागर पुं [°सागर] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (सम १५४)।

सुअ वि [स्मृत] याद किया हुआ (भग)।

सुअंध पुं [सुगन्ध] १ अच्छी गन्ध, खुशबू (गा १४)। २ वि. सुगन्धी (से ८, ६२, सुर १, २८)।

सुअंधि वि [सुगन्धि] सुन्दर गन्धवाला (से १, ६२, दे ८ ८)। देखो सुगंधि।

सुअक्खाय वि [स्वाख्यात] अच्छी तरह कहा हुआ (सूअ २, १, १५, १६, २०, २९)।

सुअच्छ वि [स्वच्छ] निर्मल, विशुद्ध (भवि)।

सुअण पुं [सुजन] सज्जन, भला आदमी (गा २२४, पाअ, प्रासू ८, ४, सुर २, ४६, गउड)।

सुअण न [स्वपन] सोना, शयन (सूक्त ३१)।

सुअणा स्त्री [दे] अतिमुक्तक, वृक्ष विशेष (दे ८, ३८)।

सुअणु वि [सुतनु] १ सुन्दर शरीरवाला। २ स्त्री. नारी, महिला (गा २६६, ३८४, ५६६, पि ३८६, गउड)।

सुअण्ण देखो सुवण्ण (प्राकृ ३०)।

सुअम वि [सुगम] सुबोध (प्राकृ १०)।

सुअर वि [सुकर] जो अनायास से हो सके वह, सरल (अभि ६६)।

सुअर पुं [शूकर] सूअर, वराह (विपा १, ७—पत्र ७५, नाट—मृच्छ २२२)।

सुअरिअ न [सुचरित] सदाचार, सद्वर्तन (अभि २५३)।

सुअलंकिय वि [स्वलङ्कृत] अच्छी तरह विभूषित (णाया १, १—पत्र १६)।

सुआ स्त्री [सुता] पुत्री लडकी (गा ३०२, ८६३ (कुमा)।

सुआ (शौ) अक [शी] शयन करना, सोना। सुआदि (प्राकृ ६८)।

सुआ स्त्री [स्रुच्] यज्ञ का उपकरण-विशेष, घी आदि डालने की कडछी या कलछी (उत्त १२, ४३, ४४)।

सुआइक्ख वि [स्वाख्येय] सुख से—अनायास से कहने योग्य (ठा ५, १—पत्र २६६)।

सुआउत्त वि [स्वायुक्त] अच्छी तरह ख्याल रखनेवाला (उव)।

सुइ पु [शुचि] १ पवित्रता, निर्मलता, 'जिणवम्मठिया मुणिणो व वच्छ दीसंति सुइरहिया' (सुपा १६६)। २ वि श्वेत, सफेद (कुमा)। ३ पवित्र, निर्मल (ओप, कप्प, श्रा १२, महा, कुमा)। ४ स्त्री शक्र की एक अग्र-महिषी (इक)।

सुइ स्त्री [श्रुति] १ श्रवण, आकर्णन, सुनना (उत्त ३, १, वसु, विसे १२५)। २ कर्ण, कान (गा ६४१, सुर ११, १७४, सम्मत्त ८८, सुपा ८६, २८७)। ३ वेद शास्त्र (पाअ, अच्चु ८, कुमा)। ४ शास्त्र, सिद्धान्त (सथा ७, प्रासू ४६)।

सुइ स्त्री [स्मृति] स्मरण (विपा १, २—पत्र ३४)।

सुइअ देखो सूइअ = सूचिक (दे १, ६६)।

सुइण देखो सुमिण (सुर ६, ८२, उप ७२८ टी, हे ४, ४३४)।

सुइंदि स्त्री [सुदन्ति] १ पुण्य। २ मङ्गल, कल्याण। ३ सत्-कर्म (प्राप्र, पि २०४)।

सुइयारिणिया स्त्री [दे सूतिकारिणी] सूति-कर्म करनेवाली स्त्री (सुपा ५७८)।

सुइर न [सुचिर] अत्यन्त दीर्घ काल, बहु काल (गा १३७, ४६०, सुपा १, १२७, महा)।

सुउल देखो सुक्क = शुक्ल (हे २, १०६)।

सुउव्व वि [श्वस्तन] आगामी कल से सबन्ध रखनेवाला, कल होनेवाला (पिंड २४१)।

सुई स्त्री [दे] बुद्धि, मति (दे ८, ३६)।

सुई स्त्री [शुकी] शुक पक्षी की मादा, मैना (सुपा ३६०)।

सुउज्जुयार वि [सुऋजुकार] अतिशय सयम मे रहनेवाला, सुसयमी (सूअ १, १३, ७)।

सुउज्जुयार वि [सुऋजुचार] अतिशय सरल आचरणवाला (सूअ १, १३, ७)।

सुउमार } देखो सुकुमाल (स्वप्न ६०, सुउमाल } कुमा)।

सुउरिस पु [सुपुरुष] सज्जन, भला आदमी (प्राप्र, हे १, ८, कुमा)।

सुए अ [श्वस्] आगामी कल (स ३६, वे ४१)।

सुंक न [शुल्क] १ मूल्य (णाया १, ८—पत्र १३१, विपा १, ६—पत्र ६३)। २ चुगी, विक्रेय वस्तु पर लगता राज-कर (धम्म १२ टी, सुपा ४४७)। ३ वर-पक्ष के पास से कन्या पक्षवालो को लेने योग्य धन (विपा १, ९—पत्र ६४)। °ठाण न [°स्थान] चुगी-घर (धम्म १२ टी)। °पालय वि [°पालक] चुगी पर नियुक्त राज-पुरुष (सुपा ४४७)। देखो सुक्क = शुल्क।

सुंकुअ } पुन [दे] किशारु, धान्य आदि का सुंकल } अग्र भाग (दे ८, ३८)।

सुंकलि पुन [दे] तृण-विशेष (पएण १—पत्र ३३)।

सुंकविय वि [शुल्कित] जिसकी चुगी दी गई हो वह (सुपा ४४७)।

सुंकाणिअ पु [दे] नाव का डाड खेनेवाला व्यक्ति, पतवार चलानेवाला (सिरि ३८५)।

सुंकार पु [सूत्कार] अव्यक्त शब्द विशेष (सुर २, ८, गउड)।

सुंकिअ वि [शौल्किक] शुल्क लेनेवाला, चुगी पर नियुक्त पुरुष (उप पृ १२०)।

सुंख देखो सुक्ख = शुष्क (सक्षि १६)।

सुंग देखो सुक्क = शुल्क (हे २, ११, कुमा)।

सुंगायण न [शौङ्गायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६)।

सुंघ सक [दे] सूँघना। वकृ. सुंघत (सिरि ६२२)।

सुंघिअ वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ (दे ८, ३७)।

सुंचल न [दे] काला नमक, 'सुंठिसुंचलाईयं' (कुप्र ४१४)।

सुंठ पुन [शुण्ठ] पर्वं वनस्पति विशेष (पएण १—पत्र ३३)।

सुंठय पुन [शुण्ठक] भाजन-विशेष, 'मोरासु य सुंठएसु य कट्ठसु य पयडएसु य पयति' (सूअनि ७६)।

सुंठी स्त्री [शुण्ठी] सूँठ या सोंठ (पभा १५; कुप्र ४१४, पचा ५, ३०)।

सुंड वि [शौण्ड] १ मत्त, मद्यप, दारू पीनेवाला (हे १, १६०, प्राकृ १०, सक्षि ६)। २ दक्ष, कुशल (कुमा)। देखो सोंड।

सुंडा देखो सोंडा (आचा २, १, ३, २, आवम)।

सुंडिअ पु [शौण्डिक] कलवार, दारू बेचनेवाला (प्राकृ १०, सक्षि ६)।

सुंडिआ स्त्री [शौण्डिका] मदिरा-पान मे आसक्ति (दस ५, २, ३८)।

सुंडिक्क देखो सुंडिअ (दे ६, ७५)।

सुंडिक्किणी स्त्री [शौण्डिकी] कलवार की स्त्री (प्रयो १०६)।

सुंडीर देखो सोंडीर (भवि)।

सुंद पु [सुन्द] राजा रावण का एक भागिनेय, खरदूषण का पुत्र (पउम ४३, १८)।

सुंदर वि [सुन्दर] १ मनोहर, चारु, शोभन (पएह १, ४, सुपा १२८, २६५, कप्पू, काप्र ४०८)। २ पु. एक सेठ का नाम (सुपा ६४३)। ३ तेरहवें जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५१)। ४ न तप-विशेष, तेला, तीन दिनो का लगातार उपवास (सबोध ५८)। °बाहु पु [°बाहु] सातवें जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५१)।

सुंदरिअ देखो सु[ं]दर (हे २, १०७)।

सुंदरिम पुस्त्री देखो सुंदेर (कुप्र २२१)।

सुंदरी स्त्री [सुन्दरी] १ उत्तम स्त्री (प्रासू ५७, वि १८)। २ भगवान् ऋषभदेव की एक पुत्री (ठा ५, २—पत्र ३२६, सम ६०, पउम

३, १२ वि १८)। ३ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ९)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। ५ मनोहरा शोभना, 'सुंदरी ण देवाणुप्पिया गामालस्स मनलिपुत्तस्स धम्म-पण्णत्ती' (उवा)।

सुंदेर } न [सौन्दर्य] सुन्दरता, शरीर
सुंदेरिम } का मनोहरपन (प्राप्र, हे १, ५७, कुमा सुपा ४, ६२२, धम्म ११ टी)।

सुंब न [शुम्ब] १ तृण विशेष (ठा ४ ४—पत्र २७१, सुत्र १०, १)। २ तृण विशेष की बनी हुई डोरी—रस्सी (जिसे १२४)।

सुंभ पु [शुम्भ] १ एक गृहस्थ जो शुंभा नामक इन्द्राणी का पूर्व-जन्म मे पिता था (णाया २, २—पत्र २५१)। २ दानव-विशेष (पि ३६०, ३६७ ए) °वडेंसय न [°वतंसक] शुम्भा देवी का एक भवन (णाया २, २)। °सिरी स्त्री [°श्री] शुम्भा देवी की पूर्व-जन्मीय माता (णाया २, २)।

सुंभा स्त्री [शुम्भा] बलि नामक इन्द्र की एक पटरानी (णाया २, २—पत्र २५१)।

सुंसुमा स्त्री [सुसुमा] धन सार्थवाह की कन्या का नाम (णाया १, १८—पत्र २३५)।

सुंसुमार पु [सुसुमार, शिशुमार] १ जल-चर प्राणी की एक जाति, सूँस, मोस या सूसर (णाया १,४,पि ११७)। २ द्रह विशेष (भत्त ६६)। ३ पर्वत विशेष। ४ न एक अरण्य (न ८६)। देखो सुसु-मार।

सुक देखो सुअ=शुक (सुपा २३४)। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] भगवान् सुविधिनाथ की दीक्षा-शिबिका (विचार १२६)।

सुकइ पुं [सुकवि] अच्छा कवि (गा ५००, ६००, महा)।

सुकंठ वि [सुकण्ठ] १ सुन्दर कण्ठवाला। २ पु एक वानर-पुत्र (श्रा १६)। ३ एक चार सेनापति (महा)।

सुकच्छ पु [सुकच्छ] विजय-क्षेत्र-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०, इक)। °कूड पुन [°कूट] शिखर विशेष (इक, राज)।

सुकड देखो सु य (पउ ५८)।

सुकण्ह पु [सुकृष्ण] एक राज-पुत्र (निर १, १, पि ५२)।

सुकण्हा स्त्री [सुकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)।

सुकद देखो सुकय (संक्षि ९)।

सुकम्माण वि [सुकर्मन्] अच्छा कर्म करने-वाला (हे ३, ५६, षड्)।

सुकय न [सुकृत] १ पुण्य (पण्ह १, २—पत्र २८, पाअ)। २ उपकार (से १, ४६)। ३ वि अच्छी तरह निर्मित (राज)। °जाणुअ, °ण्णु, °ण्णुअ वि [°ज्ञ] सुकृत का जानकार, उपकार की कदर करनेवाला (प्राकृ १८, उप ७६८ टी)।

सुकयत्थ वि [सुकृतार्थ] अत्यन्त कृतकृत्य (प्रासू १५५)।

सुकर देखो सुयर (आचा १, ६, १, ८)।

सुकाल पु [सुकाल] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, १)।

सुकाली स्त्री [सुकाली] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)।

सुकिअ देखो सुकय (हे ४, ३२९, भवि)।

सुकिट्ठ वि [सुकृष्ट] अच्छी तरह जोता हुआ (पउम ३, ४५)।

सुकिट्ठि पु [सुकृष्टि] एक देव विमान (सम ९)।

सुकिदि वि [सुकृतिन्] १ पुण्य शाली। २ सत्कर्म-कारी (रंभा)।

सुकिल } देखा सुक्क=शुक्ल (हे २, १०६,
सुकिल्ल } पि १३६)।

सुकुमार } वि [सुकुमार] १ अति कोमल।
सुकुमाल } २ सुन्दर कुमार अवस्थावाला (महा, हे १, १७१, पि १२३, १६०)।

सुकुमालिअ वि [दे] सुघटित, सुन्दर बना हुआ (दे ८, ४०)।

सुकुल पुन [सुकुल] उत्तम कुल (भवि)।

सुकुसुम न [सुकुसुम] १ सुन्दर फूल। २ वि सुन्दर फूलवाला (हे १, १७७, कुमा)।

सुकुसुमिय वि [सुकुसुमित] जिसको अच्छी तरह फूल आया हो वह (सुपा ५९८)।

सुकोसल पु [सुकोशल] १ ऐरवत वर्ष के एक भावी जिनदेव (सम १५४, पव ७)। २ एक जैन मुनि (पउम २२, ३९)।

सुकोसला स्त्री [सुकोशला] एक राज-कन्या (उप १०३१ टी)।

सुक्क अक [शुष्] सूखना। सुक्कइ (पिंग २ ३२, पव ७०), सुक्कंति (दे ८, १८ टी)।

सुक्क वि [शुष्क] सूखा हुआ (हे २, ५, णाया १, ६—पत्र ११४, उवा, पिंड २७६, सुर ३, ९५, १०, २२३, धात्वा १५६)।

सुक्क न [शुल्क] १ चुंगी, वेचने की वस्तु पर लगता राज-कर (णाया १, १—पत्र ३७, कुमा, श्रा १४, सम्मत्त १५६)। २ स्त्री धन विशेष। ३ वर पक्ष से कन्या पक्षवालों को लेने योग्य धन। ४ स्त्री को सम्भोग के लिए दिया जाता धन। ५ मूल्य (हे २ ११)। देखो सुक।

सुक्क पु [शुक्र] १ ग्रह विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८, सम ३६, वज्जा १००)। २ पुन. एक देव-विमान (सम ३३, देवेन्द्र ४३)। ३ न वीर्य, शरीरस्थ धातु विशेष (ठा ३, ३—पत्र १४४, धर्मसं ९८४, वज्जा १००)।

सुक्क पु [शुक्ल] १ वर्ण-विशेष, सफेद रँग। २ सफेद वर्णमाला, श्वेत (हे २, १०६, कुमा, सम २९)। ३ न शुभ ध्यान विशेष (औप)। ४ वि. जिसका संसार अर्ध पुद्गल-परावर्त काल से कम रह गया हो वह (पंचा १, २)। °ज्झाण, °झाण न [°ध्यान] शुभ ध्यान-विशेष (सम ९, सुपा ३७, अंत)। °पक्ख पु [°पक्ष] १ जिसमे चन्द्र की कला क्रमश बढ़ती है वह आधा महीना (सम २९, कुमा)। २ हंस पक्षी। ३ काक, कौआ। ४ बगला, बक पक्षी (हे २, १०६)। °पक्खिय वि [°पाक्षिक] वह आत्मा जिसका संसार अर्ध पुद्गल परावर्त से कम रह गया हो (ठा २, २—पत्र ५९)। °लेस देखो °लेस्स (भग)। °लेसा देखो °लेस्सा (सम ११, ठा १—पत्र २८)। °लेस्स वि [°लेश्य] शुक्ल लेश्यावाला (पण्ण १७—पत्र ५११)। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] आत्मा का अध्यव-साय विशेष, शुभतम आत्म-परिणाम (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

सुक्कड } देखो °सुकय (सम १२५, पउम
सुक्कय } १५, १००)।

सुक्कव सक [शोषय] सुखाना। वकृ. सुक्कवेमाण (णाया १, ६—पत्र १ ४)।

सुक्काणग न [दे] जहाज के आगे का ऊँचा काष्ठ, गुजराती मे 'सुकान' (सिरि ४२८)।

सुक्काभ न [शुक्राभ] १ एक लोकान्तिक देव-विमान (पव २६७)। २ वैताढ्य पर्वत की दक्षिण श्रेणि मे स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)।

सुक्किग्र देखो सुकय (भवि)।

सुक्किग्र देखो सुक्कीअ (राज)।

सुकिल } देखो सुक्क = शुक्ल (भग, सुक्किल्ल } ओप, हे २, १०६, पव ५ सुकिल्ल } ३३, अणु १०६), 'मुत्तु सुक्किलवत्थं' (गच्छ २, ४६, कप्प, सम ८१ धर्मसं ८२४)। स्त्री. 'एगो सुकिलियाएं एगो सवलाए वग्गो कओ' (श्राक ७)।

सुक्कीअ वि [सुक्रीत] अच्छी तरह खरीदा हुआ 'सुक्कीअ वा सुविक्कीअ (दस ७, ४५)।

सुक्ख देखो सुक्क = शुष्। वकृ. सुक्खत (गा ४१४, वज्जा १८६)।

सुक्ख देखो सुक्क = शुष्क (हे २, ५, गा २६३, मा ३१, उप ३२० टी)।

सुक्ख न [सौख्य] सुख (कप्प, कुमा, सार्ध ५१, प्रासू २८, १४५)।

सुक्खव देखो सुकव। कर्म सुक्खवीअति (पि ३५६, ५४३)।

सुक्खिय वि [स्वाख्यात] अच्छी तरह कहा हुआ, प्रतिज्ञात, 'तओ सूइवइयराजपणे ज ते सुक्खियमासि वुद्धिलेण अद्धलक्ख, तन्निमित्त-मेसो पेसिओ चालीससाहस्सो हारो त्ति वोत्तु समप्पिउ च हारकरंडिय गओ दासचेडो' (महा)।

सुखम (पे) देखो सण्ह = सूक्ष्म, 'सुखमवरिसो' (प्राकृ १२४)।

सुग देखो सुअ = शुक (उप ९७२, स ८६, उर ५, ७, कुप्र ४३८, कुमा)।

सुगइ स्त्री [सुगति] १ अच्छी गति (ठा ३, ३—पत्र १८६)। २ सन्मार्ग, अच्छा मार्ग (सूअनि ११५)। ३ वि. अच्छी गति को प्राप्त (आवम)।

सुगंध देखो सुअंध (कप्प, कुमा, ओप, सुर २, ५८)।

सुगंधा स्त्री [सुगन्धा] पश्चिम विदेह का एक विजयक्षेत्र (इक)।

सुगंधि देखो सुअंधि (ओप)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि मे स्थित एक विद्या-धर-नगर (इक)।

सुगण वि [सुगण] अच्छी तरह गिननेवाला (पड्)।

सुगम वि [सुगम] १ अल्प परिश्रम से जाया जा सके वैसा सुखगम्य (ओघभा ७५)। २ सुबोध (चेइय ३६३)।

सुगय वि [सुगत] १ अच्छी गतिवाला (ठा ४, १—पत्र २०२, कुप्र १००)। २ सुस्थ। ३ धनी। ४ गुणी (ठा ४, १—पत्र २०२, राज हे १, १७७)। ५ पुं. बुद्धदेव (पाअ, पव ९४)।

सुगय वि [सौगत] बुद्ध-भक्त, बौद्ध (सम्मत्त १२०)।

सुगर वि [सुकर] सुख-साध्य, अल्प परिश्रम से हो सके ऐसा (आचा १, ६, १, ८)।

सुगरिट्ठ वि [सुगरिष्ठ] अति वडा (श्रु १६)।

सुगिज्झ वि [सुग्राह्य] सुख से ग्रहण करने योग्य (पउम ३१, ५८)।

सुगिम्ह पु [सुग्रीष्म] १ चैत्र मास की पूर्णिमा (ठा ४, २—पत्र २१३)। २ फाल्गुन का उत्सव (दे ८, ३६)।

सुगिर वि [सुगिर] अच्छी वाणीवाला (पड्)।

सुगिहिय } वि [सुगृहीत] विख्यात, सुगिहीय } विश्रुत (स ६६, १३)।

सुगी देखो सुई = शुकी (कुमा)।

सुगुत्त पु [सुगुप्त] एक मत्री का नाम (महा)।

सुगुरु पु [सुगुरु] उत्तम गुरु (कुमा)।

सुग्ग न [दे] १ आत्म-कुशल (दे ८, ५६, सण)। २ वि निर्विघ्न, विघ्न-रहित। ३ विसर्जित (दे ८, ५६)।

सुग्गइ देखो सुगइ (सुपा १६१, स ८१)।

सुग्गय देखो सुगय = सुगत (ठा ४, १—पत्र २०२)।

सुग्गाह सक [प्र + ग्राहय्] फेलना। सुग्गाहइ (धात्वा १५६)।

सुग्गीव पु [सुग्रीव] १ नागकुमार देवों के इन्द्र भूतानन्द के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२)। २ भारतवर्ष में होनेवाला नववाँ प्रतिवासुदेव राजा (सम १५४)। ३ राक्षस-वश का एक राजा, एक लङ्का-पति (पउम ५, २६०)। ४ नववे जिनदेव के पिता का नाम (सम १५१)। ५ राजा वालि का छोटा भाई (पउम ६, ६; से १, ४६ १४, ३६)। ६ एक राजा का नाम (सुर २ २१८)। ७ न नगर-विशेष (उत्त १९, १)।

सुघ (अप) देखो सुह = सुख (हे ४ ३९६)।

सुघट्ठ वि [सुघृष्ट] अच्छी तरह घिसा हुआ (राय ८० टी)।

सुघरा स्त्री [सुगृहा] मादा-पक्षी की एक जाति जो अपना घोसला खूब सुन्दर बनाती है (आव ४)।

सुघोस पु [सुघोष] १ एक कुलकर-पुरुष (सम १५०)। २ एक पुरोहित का नाम (उप ७२८ टी)। ३ पुंन सनत्कुमार देवलोक का एक विमान (सम १२)। ४ लान्तक नामक देवलोक का एक विमान (सम १७)। ५ त्रि सुन्दर आवाजवाला (जीव ३, १, भवि)। ६ एक नगर का नाम (विपा २,८)।

सुघोसा स्त्री [सुघोषा] १ गीतरति नामक गन्धर्वेन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। २ गीतयशनामक गन्धर्व की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ सुधर्मेन्द्र की प्रसिद्ध घटा (पण्ह २, ५—पत्र १४६ सुपा ८५)। ४ वाद्य-विशेष (राय ८६)।

सुचंद पु [सुचन्द्र] ऐरवत वर्ष मे उत्पन्न दूसरे जिन देव (सम १५३)।

सुचरिअ न [सुचरित] १ सदाचरण, सदा-चार (कप्प, गउड)। २ वि सदाचरण सपन्न (गउड)। ३ अच्छी तरह आचरित (पउम ७५, १८, गाथा १, १६—पत्र २०५)।

सुचिण्ण } वि [सुचीर्ण] १ सम्यग् आच-सुचिन्न } रित, 'तवसजमो सुचिण्णोवि' (पउम ६, ८८ ६४, ३२, ठा ४, २—पत्र २१०)। २ न पुण्य (ओप, उत्त)।

सुचिर न [सुचिर] अत्यन्त चिर काल, सुदीर्घ काल (सुपा २७, महा, प्रासू ३२)।

सुचोइअ वि [सुचोदित] प्रेरित (उत्त १, ४४)।

सुच्च वि [शोचित] अफसोस करने योग्य, 'सुच्चा ते जियलोए जिणवयणं जे नरा न जाणंति' (संबोध १७)।

सुच्चा देखो सुण = श्रु।

सुजपिअ न [सुजल्पित] आशीर्वाद (णाया १, १—पत्र ३६)।

सुजड पु [सुजट] एक विद्याधर-नरेश (पउम १०, २०)।

सुजस पु [सुयशस्] १ एक जिनदेव का नाम (उत्त १०, १ टी)। २ वि यशस्वी (श्रा १६)।

सुजसा स्त्री [सुयशस्] १ चौदहवें जिन-देव की माता (सम १५१)। २ एक राज-पत्नी (उप ६८६ टी)।

सुजह वि [सुहान] सुख से जिसका त्याग हो सके वह (उत्त ८, ६)।

सुजाइ वि [सुजाति] प्रशस्त जातिवाला, जात्य (महा)।

सुजाण वि [सुज्ञ] सयाना, अच्छा जानकार (सिरि ६१ प्रासू १३ सुपा ५८८)।

सुजाय वि [सुजात] १ सुन्दर जाति में उत्पन्न, कुलीन, खानदानी (उत्त ७२८ टी)। २ अच्छी तरह उत्पन्न, सुन्दर रूप से उत्पन्न (ठा ४, [illegible] २०८ औप, जीव ३, ४, उवा)। ३ न सुन्दर जन्म (औप)। ४ पु एक राजकुमार (विपा २, ३)। ५ पुन एक देव-विमान (देवेन्द्र २७२)।

सुजाया स्त्री [सुजाता] १ कालवाल आदि लोकपालों की अग्रमहिषियों के नाम (ठा ४, १—पत्र २०४, इक)। २ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)।

सुजेट्ठा स्त्री [सुज्येष्ठा] एक महासती राज-कुमारी, राजा चेटक की पुत्री थी (पडि)।

सुजुत्ति स्त्री [सुयुक्ति] सुन्दर युक्ति (सुपा १११)।

सुजेट्ठा [illegible] सुजिट्ठा (राज)।

सुजोसिअ वि [सुजुष्ट] अच्छी तरह सेवित (सूअ [illegible], २, २६)।

सुज्ज [illegible] [सुज [illegible]] [illegible] [illegible] (णाया १, २, २, २६)।

सुज्ज पु [सूर्य] १ सूरज, रवि। २ आक का पेड़। ३ देव-विशेष (हे २, ६४, प्राप्र)। ४ पुन एक देव-विमान (सम १५)। °कंत पुन [°कान्त] एक देव-विमान (सम १५)। °कूड पुन [°कूट] देव-विमान-विशेष (सम १५)। °प्पभ पुन [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १५)। °लेस पुन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १५)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] देव-विमान-विशेष (सम १५)। °सिंग पुन [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १५)। °सिट्ठ पुन [°सृष्ट] एक देव-विमान का नाम (सम १५)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक ब्राह्मण-कन्या (महानि २)। °सिव पु [°शिव] एक ब्राह्मण का नाम (महानि २)। °हास पु [°हास] तलवार की एक उत्तम जाति (पउम ४३ [illegible] ६)। °भ न [°भ] वैताढ्य की उत्तर-श्रेणि में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °वत्त पुन [°वर्त] एक देव-विमान (सम १५)। देखो °सूर, सूरिअ = सूर सूर्य।

सुज्जाण वि [सुज्ञान] सुजान, सयाना, सुज्ञ (षड्, पिंग)।

सुज्जुत्तरवडिंसग पुंन [सूर्योत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम १५)।

सुज्झ अक [शुध्] शुद्ध होना। सुज्झइ (महा)। सङ्कृ सुज्झिऊण (सम्यक्त्वो ८)।

सुज्झंत वि [शुध्यमान] सूझता, दीख पड़ता, मालूम होता 'अन्नंमि य सुज्झंत। भुजंत-एण रत्तिं' (पउम १०३, २५)।

सुज्झणया स्त्री [शोधना] शुद्धि (उप ८२४)।

सुज्झय न [दे] १ रौप्य, चाँदी। २ पु रजक, धोबी (दे ८, ५६)।

सुज्झरय पु [दे] रजक, धोबी (दे ८, ३६)।

सुज्झवण न [शोधन] शुद्धि, प्रक्षालन (उप ६८५)।

